RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 290
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 11 अगस्त, 2022
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर
www.dailypioneer.com




आईसीसी टी-20 रैंकिंग में सूर्यकुमार दूसरे नंबर पर
स्पोर्ट्स-12

# नीतीश ने 2024 की जंग के लिए बजाया बिगुल

- जद(यू) नेता ने 8वीं बार ली मुख्यमंत्री पद की शपथ, आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा को दी चुनौती
- विपक्ष के प्रमुख नेताओं ने दी बधाई, राजग से अलग होने को बताया सकारात्मक कदम
- राजद नेता तेजस्वी यादव ने भी ली शपथ, मंत्रिमंडल का विस्तार बाद में किया जाएगा



शपथ ग्रहण के बाद एक दूसरे से गले मिलते बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और मंत्री तेजस्वी यादव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**बिहार** में 8वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद बुधवार को नीतीश कुमार ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए बिगुल बजा दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ विपक्ष के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में पेश किए जाने की चर्चा के बीच नीतीश ने जोर देकर कहा कि केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली राजग सरकार को अब 2024 में अपनी संभावनाओं को लेकर चिंता करनी चाहिए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अगले विधानसभा चुनाव तक महागठबंधन में बने रहने या एक और यू-टर्न लेने के सवाल पर कहा कि जो 2014 में सत्ता में आए थे, उन्हें अब चिंता करनी चाहिए कि क्या वे 2024 के बाद वहां (सत्ता में) बने रहेंगे।

मुझे लगता है कि अगले लोकसभा चुनाव के बाद वे वहां नहीं रहेंगे। राज्यपाल फागू चौहान द्वारा पद की शपथ दिलाए जाने के तुरंत बाद पत्रकारों से बात करते हुए कुमार ने भाजपा के इस दावे को भी खारिज कर दिया कि नई सरकार अपना कार्यकाल पूरा नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि उनकी पूर्व सहयोगी पार्टी वहीं पहुंचेगी जहां वह वर्ष 2015 के विधानसभा चुनाव के बाद थी। कुमार ने राजद नेता तेजस्वी यादव के साथ ही शपथ ली, जिन्हें उपमुख्यमंत्री बनाए जाने की संभावना है। सात दलों के महागठबंधन वाली सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार बाद में होगा। एक उच्च पदस्थ सूत्र ने कहा कि नीतीश कुमार गृह विभाग समेत सभी महत्वपूर्ण विभाग अपने पास रख सकते हैं और राजद को अधिकांश वे विभाग मिल सकते हैं, जो पहले भाजपा के पास थे। नई कैबिनेट में जद (यू), राजद, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा और कांग्रेस से लगभग 35 मंत्री हो सकते हैं। शपथ ग्रहण समारोह के बाद राजभवन और नीतीश एवं तेजस्वी यादव के आवासों के बाहर समर्थकों ने ढोल पीटकर, पटाखे फोड़कर और मिठाई बांटकर खूब जश्न मनाया। राज्य में 77 विधायकों वाली भाजपा राजभवन के अंदर हुए शपथ ग्रहण समारोह से अनुपस्थित रही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ विपक्ष के संयुक्त उम्मीदवार होने के सवालों को टालते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि वह ऐसी महत्वाकांक्षा नहीं रखते हैं।

हालांकि तमाम विपक्षी नेताओं ने भाजपा के साथ संबंध तोड़ने के उनके फैसले की सराहना की और मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी। यहां तक? कि लोकसभा के नवनिर्वाचित तृणमूल सदस्य शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा कि आगामी 2024 के आम चुनाव में मोदी राज को खत्म करने के लिए विपक्षी खेमे की ओर से नीतीश के साथ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी मोर्चा संभालेंगी। पटना में पत्रकारों से बात करते हुए सिन्हा ने कहा कि जद (यू) नेता ने मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में विपक्षी दलों की सरकारों को उखाड़ फेंकने वाली भाजपा को मजा चखा दिया है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा कि बिहार में महागठबंधन के पुनरुद्धार से देश में धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक ताकतें मजबूत हुई हैं। टीआरएस सुप्रीमो और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव (शेष पेज 4)

## उपराष्ट्रपति नहीं बनाए जाने से नाराज हुए नीतीशः सुशील मोदी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/पटना

**राष्ट्रीय** जनतांत्रिक गठबंधन से अलग होने के एक दिन बाद भाजपा नेता सुशील कुमार मोदी ने नीतीश कुमार पर तगड़ा हमला बोला है। मोदी ने कहा कि नीतीश की पार्टी उन्हें उपराष्ट्रपति बनवाना चाहती थी, लेकिन उनकी यह महत्वाकांक्षा पूरी नहीं हुई। इस कारण वह राजग से खफा हो गए और नाता तोड़ लिया। सुशील के इन आरोपों को जद(यू) ने कोरी बकवास बताया है। नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने से कुछ घंटों पहले भाजपा के राज्यसभा सांसद सुशील मोदी ने कहा कि कुछ जद(यू) नेता कह रहे थे कि नीतीश कुमार उपराष्ट्रपति बनें और भाजपा बिहार में सत्ता संभाले। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री रह चुके मोदी के आरोप को कुमार की पार्टी जद(यू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने खारिज करते हुए उनपर कटाक्ष किया कि नीतीश कुमार के साथ सुशील मोदी के अच्छे संबंध थे, जिस कारण भाजपा ने उन्हें सजा दी और उन्हें रोड पर खड़ा कर दिया। अब कुछ बोलकर यदि उनका पुनर्वास हो जाता है तो उसमें हमें दिक्कत नहीं है, लेकिन जो कुछ उन्होंने कहा है, वह सफेद झूठ है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से मुलाकात की

## सरकारी बसों में 60 से ऊपर की महिलाओं का नहीं लगेगा किराया

- प्रदेश सरकार शीघ्र लागू करेगी व्यवस्था, सीएम योगी आदित्यनाथ ने की घोषणा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने आजादी के अमृत महोत्सव के तहत रक्षाबंधन के एक दिन पूर्व प्रदेशवासियों को डबल उपहार दिया है। उन्होंने परिवहन निगम की 150 नई बसों को हरी झंडी दिखाने से पहले आयोजित कार्यकम में कहा कि आज जैसे हम रक्षाबंधन पर 48 घंटे तक बहन-बेटियों के लिए फ्री में बस सेवा दे रहे हैं, वैसे ही बहुत शीघ्र 60 वर्ष से ऊपर की हर माता-बहन को प्रदेश में फ्री बस सेवा देंगे।

बुधवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित परिवहन निगम के कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि मुझे बताते हुए प्रसन्नता है कि जब यह प्रस्ताव मेरे पास आया तो मैंने कहा कि रक्षाबंधन से अच्छा दिन क्या हो सकता है। हर जिले को दो-दो बसें दीजिए। आज मध्य रात्रि से हम बहन और बेटियों को 48 घंटे तक फ्री में बस सुविधा उपलब्ध कराने जा रहे हैं। तब तक हर जिले में दो-दो बसें पहुंच चुकी होंगी। उन्होंने परिवहन निगम की ड्राइवर (शेष पेज 4)

## धर्मपाल होंगे उप्र भाजपा के संगठन महासचिव

- सुनील बंसल को पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और तेलंगाना के प्रभारी का दायित्व

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारतीय** जनता पार्टी ने सुनील बंसल के स्थान पर झारखंड में भाजपा के संगठन महासचिव का दायित्व संभाल रहे धर्मपाल को उत्तर प्रदेश में संगठन महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी है। उत्तर प्रदेश में अभी तक सह संगठन महासचिव की जिम्मेदारी संभाल रहे कर्मवीर को धर्मपाल के स्थान पर झारखंड में भाजपा का संगठन महासचिव नियुक्त किया गया है।

दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई में लंबे समय से संगठन महामंत्री की जिम्मेदारी संभाल रहे सुनील बंसल को बुधवार को पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया गया। पार्टी की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। भाजपा महासचिव अरुण सिंह के हवाले से जारी इस बयान में कहा गया कि पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा ने सुनील बंसल को राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया है और इसके साथ ही उन्हें पश्चिम बंगाल, ओडिशा और तेलंगाना के प्रभारी की भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व राष्ट्रीय सह-संगठन मंत्री सुनील बंसल को वर्ष 2014 में उत्तर प्रदेश में भाजपा का संगठन महामंत्री नियुक्त किया गया था।

## केशव मौर्य बने विधान परिषद में नेता सदन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भाजपा** के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह ने विधान परिषद में नेता पद से इस्तीफा दे दिया। उनके इस्तीफे के बाद डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को विधान परिषद के नेता के तौर पर जिम्मेदारी दी गई है। मालूम हो कि स्वतंत्र देव सिंह ने इससे पहले जुलाई में भाजापा प्रदेश अध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया था। विधान परिषद के प्रमुख सचिव डॉ. राजेश सिंह की ओर से बुधवार को जारी विज्ञप्ति में जानकारी दी गई कि सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने 10 अगस्त 2022 से डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को उत्तर प्रदेश विधान परिषद में नेता सदन के रूप में मान्यता प्रदान कर दी है। इससे पहले एक अन्य विज्ञप्ति में प्रमुख सचिव की ओर से बताया गया कि जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने नेता सदन विधान परिषद उत्तर प्रदेश के पद से 9 अगस्त 2022 को त्याग पत्र दे दिया है। जिसे सभापति विधान परिषद कुंवर मानवेंद्र (शेष पेज 4)

## नुपुर के खिलाफ सभी मामलों की जांच दिल्ली पुलिस करेगी

- पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ टिप्पणी से उपजे विवाद में उच्चतम न्यायालय ने दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने पैगंबर मोहम्मद पर की गई टिप्पणी को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की निलंबित प्रवक्ता नुपुर शर्मा के खिलाफ देशभर में दर्ज सभी प्राथमिकी को एक साथ जोड़ने और उसे दिल्ली पुलिस को स्थानांतरित करने का बुधवार को निर्देश दिया। नुपुर ने यह टिप्पणी 26 मई को एक टीवी डिबेट शो के दौरान की थी, जिससे बड़ा विवाद खड़ा हो गया था।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने दिल्ली पुलिस के इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रेटेजिक ऑपरेशन (आईएफएसओ) द्वारा जांच पूरी होने तक किसी भी दंडात्मक कार्रवाई से शर्मा को अंतरिम संरक्षण की अवधि भी बढ़ा दी है। पीठ ने कहा कि यह अदालत पहले ही याचिकाकर्ता (शर्मा) के जीवन और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरे का संज्ञान ले चुकी है, इसलिए हम निर्देश देते हैं कि नुपुर शर्मा के खिलाफ सभी प्राथमिकी जांच के लिए दिल्ली पुलिस को स्थानांतरित कर दी जाए।

पीठ ने कहा कि विशेष तथ्यों और परिस्थितियों में, हम स्पष्ट करते हैं और यह उचित समझते हैं कि जांच दिल्ली पुलिस द्वारा की जाए। याचिकाकर्ता को वर्तमान और भविष्य में दर्ज की जाने वाली प्राथमिकी को रद्द करने के अनुरोध को लेकर दिल्ली उच्च न्यायालय का रूख करने की छूट होगी। उच्चतम न्यायालय ने शर्मा को उनकी टिप्पणी (शेष पेज 4)

## काले जादू में भरोसा करने वाले जनता का भरोसा नहीं जीत पाएंगे

- प्रधानमंत्री का कांग्रेस पर तंज

**भाषा।** पानीपत



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने महंगाई के विरोध में पांच अगस्त को काले कपड़े पहनकर प्रदर्शन करने को लेकर बुधवार को कांग्रेस पर निशाना साधा और कटाक्ष करते हुए कहा कि काले जादू में भरोसा करने वाले, कभी फिर से जनता का भरोसा नहीं जीत पाएंगे। प्रधानमंत्री ने यहां 900 करोड़ रुपए की लागत से बना दूसरी पीढ़ी का इथेनॉल संयंत्र राष्ट्र को समर्पित करते हुए यह बात कही।

मोदी ने किसी पार्टी का नाम लिए बिना यह भी कहा कि आत्मनिर्भर बनने के भारत के प्रयास में मुफ्त उपहार एक बाधा है और यह करदाताओं पर बोझ भी है। उन्होंने कांग्रेस का नाम लिए बिना कहा कि कुछ लोगों ने हताशा में पांच अगस्त को काला जादू किया। मोदी ने कहा, पांच अगस्त को हमने देखा कि कैसे कुछ लोगों ने काला जादू फैलाने की कोशिश की। ये लोग सोचते हैं कि काले कपड़े पहनने से उनकी निराशा खत्म हो जाएगी।

लेकिन वे नहीं जानते कि जादू टोना, काला जादू और अंधविश्वास में लिप्त होकर वे फिर से लोगों का विश्वास अर्जित नहीं कर सकते। कांग्रेस नेताओं ने पांच अगस्त को महंगाई के मुद्दे पर संसद परिसर के भीतर और बाहर काले कपड़े पहनकर विरोध प्रदर्शन किया था। मोदी ने कहा, कुछ लोग सोचते हैं कि काले कपड़े पहनने से उनकी निराशा और नकारात्मकता दूर हो सकती है, लेकिन वे नहीं जानते कि चाहे वे ऐसी किसी भी रणनीति का सहारा लें, लेकिन लोगों का विश्वास दोबारा नहीं जीत सकते। कांग्रेस के स्पष्ट संदर्भ में, मोदी ने यह भी कहा कि काला जादू आपके बुरे (शेष पेज 4)

### कांग्रेस ने किया पलटवार

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक टिप्पणी को लेकर उन पर पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री कालाधन वापस लाने के वादे को पूरा करने के लिए कुछ नहीं कर पाए तो अब वह काले कपड़ों को बेमतलब का मुद्दा बना रहे हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट किया, ये काला धन लाने के लिए तो कुछ कर नहीं पाए, अब काले कपड़ों को लेकर बेमतलब का मुद्दा बना रहे हैं। देश चाहता है कि प्रधानमंत्री उनकी समस्याओं पर बात करें (शेष पेज 4)

### अवकाश सूचना



**रक्षाबंधन** के उपलक्ष्य में पायनियर कार्यालय एवं प्रेस में दिनांक 11 अगस्त 2022 को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 13 अगस्त 2022 को प्रकाशित होगा।

### बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,817 | ↓ | 35 | |
| निफ्टी | 17,534 | ↑ | 09 | |
| सोना | 52,811 | ↓ | 60 | /10g |
| चांदी | 58,985 | ↓ | 575 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### राजू श्रीवास्तव एम्स में भर्ती

**नई दिल्ली।** जाने-माने हास्य कलाकार राजू श्रीवास्तव को दिल का दौरा पड़ने के बाद बुधवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया और वह इस समय सीसीयू (कोरोनरी केयर यूनिट) में हैं।

## घरेलू हवाई किराए की सीमा 31 अगस्त से हटेगी

- सरकार ने किया ऐलान, 27 माह बाद हटेगी पाबंदी, एयरलाइनों को मिलेगी राहत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**घरेलू** हवाई किराए पर लगाई गई सीमा लगभग 27 महीने के अंतराल के बाद 31 अगस्त से हटा दी जाएंगी। केंद्रीय उड्डयन मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ट्वीट किया, हवाई किराए की सीमा को हटाने का फैसला दैनिक मांग और विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमतों के सावधानीपूर्वक विश्लेषण के बाद लिया गया है। स्थिरता आने लगी है और हमें भरोसा है कि यह क्षेत्र निकट भविष्य में घरेलू यातायात में वृद्धि के लिए तैयार है। उड्डयन मंत्रालय ने बुधवार को एक आदेश में कहा कि घरेलू परिचालन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करने के बाद किराए की सीमा को 31 अगस्त 2022 से खत्म करने का फैसला किया गया। आदेश में यह भी कहा गया है कि एयरलाइन और एयरपोर्ट आपरेटरों को यह सुनिश्चत करना पड़ेगा कि कोविड-19 की रोकथाम के लिए गाइडलाइन का सख्ती से पालन किया जाए तथा यात्रा के दौरान कोविड से बचाव के नियमों को (शेष पेज 4)

## न्यायमूर्ति यूयू ललित प्रधान न्यायाधीश नियुक्त, 27 को शपथ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने न्यायमूर्ति उदय उमेश ललित को बुधवार को भारत का 49वां प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) नियुक्त किया। राष्ट्रपति ने उनके नियुक्ति आदेश पर हस्ताक्षर किए। वह 27 अगस्त को सीजेआई का पदभार ग्रहण करेंगे। निवर्तमान प्रधान न्यायाधीश एन. वी. रमण एक दिन पहले (26 अगस्त को) सेवानिवृत्त होंगे। न्यायमूर्ति ललित का कार्यकाल संक्षिप्त होगा। वह तीन माह से भी कम समय तक सीजेआई रहने के बाद आठ नवम्बर को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। शीर्ष अदालत के न्यायाधीश 65 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद सेवानिवृत्त होते हैं, जबकि देश के 25 उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की उम्र 62 साल है। न्यायमूर्ति ललित दूसरे सीजेआई होंगे, जो बार से सीधे पदोन्नत होकर (शेष पेज 4)

## स्वतंत्रता दिवसः इस बार स्वदेशी तोपों से दी जाएगी सलामी

- डीआरडीओ में निर्मित होवित्जर का होगा इस्तेमाल, मुर्दाघर कर्मी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता विशेष आमंत्रितों में शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



प्रतीकात्मक चित्र

**स्वतंत्रता** दिवस के मौके पर पहली बार देश में डिजाइन और निर्मित होवित्जर तोपें परंपरागत रूप से 21 तोपों की सलामी देंगी और यह भारतीय रक्षा उद्योग की क्षमताओं का भी एक शानदार प्रदर्शन होगा।

इसके अलावा जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोग जैसे मुर्दाघर कर्मचारी, मुद्रा योजना से कर्ज लेने वाले तथा आंगनवाड़ी कर्मी लाल किले में आयोजित कार्यक्रमों में विशेष आमंत्रितों में शामिल होंगे। इसके अलावा राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेट अपने परंपरागत स्थानीय वेशभूषा में मौजूद रहेंगे। रक्षा सचिव अजय कुमार ने बुधवार को बताया कि इस साल लाल किले पर आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल नए आकर्षणों में देश में निर्मित होवित्जर को परंपरागत 21 तोपों की सलामी के लिए चुना गया है। होवित्जर या एडवांस्ड टोएड आर्टिलरी गन सिस्टम (एडीएजीएस) को सरकार की 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत रक्षा शोध और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने विकसित किया है। कुमार ने कहा कि एडीएजीएस ब्रिटिश तोपों के साथ होवित्जर भी परंपरागत 21 तोपों की सलामी देंगी। इस तोप के इस्तेमाल का मकसद यह है कि इसके जरिए देश में हथियार और गोला बारूद को तैयार करने की भारत की बढ़ती क्षमताओं का झलक दिखाना है। डीआरडीओ के आर्मामेंट रिसर्च एंड डेवलेपमेंट एस्टेबल्शिमेंट (डीआरडीई), पुणे के वैज्ञानिक तथा आर्टिलरी अधिकारियों द्वारा की गई कोशिशों चलते स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए इस तोप को तैयार किया जा सका।

रक्षा सचिव ने यह भी कहा कि देश के सभी जिलों के एनसीसी कैडेटों को लाल किले में मुख्य कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। इन कैडेटों को भारत के मानचित्र के भौगोलिक स्वरूप में लाल किले की प्राचीर के सामने ज्ञान पथ पर बैठाया जाएगा। कुमार ने कहा कि कैडेट एक भारत श्रेष्ठ भारत के संदेश को आगे बढ़ाने के लिए भारत की सांस्कृतिक विविधता के प्रतीक स्थानीय परिधानों का प्रदर्शन करेंगे। कुमार ने कहा कि कुल 26 अधिकारी और पर्यवेक्षक और 14 देशों- अमेरिका, यूके, अर्जेंटीना, (शेष पेज 4)

## सीएम ने 35 एएनएम प्रशिक्षण केन्द्रों के शैक्षणिक सत्र का शुभारम्भ किया

# 68 डायलिसिस केन्द्रों पर निशुल्क सुविधा दे रही सरकार

● हाथरस, चन्दौली, भदोही में निःशुल्क डायलिसिस केन्द्रों का लोकार्पण किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ





**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर स्वास्थ्य विभाग के 35 एएनएम प्रशिक्षण केन्द्रों के शैक्षणिक सत्र, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर ओरल हेल्थ सेवा का शुभारम्भ एवं हाथरसए चन्दौली तथा भदोही में निःशुल्क डायलिसिस केन्द्रों का बटन दबाकर लोकार्पण किया।

इस अवसर पर उन्होंने आगरा, सीतापुर और वाराणसी एएनएम ट्रेनिंग सेन्टर की समस्त व्यवस्थाओं की वर्चुअल माध्यम से जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम के अन्तर्गत हाथरस, चन्दौली तथा भदोही में नवीन डायलिसिस केन्द्रों का लोकार्पण किया जा रहा है। इन डायलिसिस केन्द्रों की स्थापना से प्रदेश में अब कुल 68 डायलिसिस केन्द्र निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा प्रदान कर रहे हैं। शेष 7 जनपदों में डायलिसिस केन्द्रों की स्थापना का कार्य चल रहा है। सीएम ने कहा कि नर्सिंग व पैरामेडिकल स्टाफ स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ का कार्य करते हैं। प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मी के माध्यम से गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सुविधा आम नागरिक तक पहुंचाई जाती है। एएनएम की उपयोगिता इस सदी की सबसे बड़ी महामारी कोविड-19 के दौरान पता चली जब एएनएमए आशा वर्कर्स ने घर-घर जाकर, स्वयं संक्रमित होने की चिन्ता किये बिना पूरी ईमानदारी व प्रतिबद्धता से लोगों की सेवा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उप्र जैसे विशाल आबादी वाले राज्य में विगत 33 वर्षों से एएनएम प्रशिक्षण केन्द्रों में एएनएम के पाठ्यक्रम का कोई नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया था। इस कारण गरीब मेधावी बालिकाओं को निजी संस्थानों के भारी भरकम प्रवेश शुल्क के चलते, प्रवेश से वंचित होना पड़ता था। प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्ता महिला की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक साथ 35 सरकारी एएनएम प्रशिक्षण केन्द्रों को लैब, लाइब्रेरी एवं अन्य अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त कर प्रारम्भ किया जा रहा है। प्रदेश की 1700 से अधिक बालिकाओं के लिए 2 वर्षीय एएनएम पाठ्यक्रम में प्रवेश की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने कहा कि हाइपरटेंशन, खानपान में अनियमितता से व्यक्ति मधुमेह की चपेट में आ जाता है। अनियन्त्रित ब्लड शुगर, किडनी व आंख की रोशनी पर कुप्रभाव डालता है। नियमित दिनचर्या, प्राकृतिक खेती के माध्यम से उत्पादित खाद्य पदार्थों के सेवन से सभी तरह के रोगों से बचा जा सकता है। व्यक्ति को योग व प्राणायाम के माध्यम से अपने मानसिक तनाव को कम करने का प्रयास करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ओरल कैंसर जैसे रोग में उपचार से अधिक महत्वपूर्ण बचाव होता है।



नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति पद के लिए निर्वाचित जगदीप धनखड़ से शिष्टाचार भेंट करते सीएम योगी आदित्यनाथ

## झटपट बिजली योजना में कनेक्शन न देने का मामला

# सभी बिजली कंपनियों के एमडी व चेयरमैन पावर कॉर्पोरेशन से 10 दिन में मांगी रिपोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**झटपट** के माध्यम से भी हजारों बिजली के कनेक्शन घरेलू उपभोक्ताओं को इसलिए नहीं हो पा रहे हैं क्योंकि बिजली कंपनियों के भंडारों में मीटरों की कमी है। ऐसे में मामले की गंभीरता को देखते हुए उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा की याचिका पर विद्युत नियामक आयोग के सचिव संजय कुमार सिंह की तरफ से सभी बिजली कंपनियों के प्रबंध निदेशकों व पावर कारपोरेशन चेयरमैन से विद्युत नियामक आयोग द्वारा पूरे मामले पर जवाब तलब करते हुए 10 दिन में रिपोर्ट तलब की गई है। आयोग द्वारा बिजली कंपनियों से दो टूक शब्दों में कहा गया है कि सभी बिजली कंपनियां इस गंभीर मुद्दे पर तत्काल जवाब दें, अन्यथा आयोग स्टैंडर्ड आफ परफारमेंस का उल्लंघन मानते हुए उल्लंघन का मामला चलाएगा और सख्त कार्रवाई करेगा। पूरे प्रदेश में सभी बिजली कंपनियों में 27 हजार से ऊपर ऐसे किसान, जो निजी नलकूप का कनेक्शन लेने के लिए बिजली विभाग के पास पूर्ण जमा योजना में अपना भुगतान कर चुके हैं। उनमें हजारों किसान ऐसे हैं जो कहीं ना कहीं कर्ज लेकर भी इस रकम का भुगतान किए हैं, जिन्हें भुगतान करने के बावजूद भी बिजली निगमों के भंडारों में उपभोक्ता सामग्री ट्रांसफार्मर पोल मीटर की उपलब्धता ना होने के कारण सामग्री नहीं उपलब्ध कराई गई, जिसके चलते आज तक उन्हें नया कनेक्शन नहीं मिल पाया है, उनके हाथ बड़ी निराशा लगी है। उपभोक्ता परिषद ने कहा कि विद्युत नियामक आयोग का मानना है उपभोक्ताओं का उत्पीड़न किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह बहुत गंभीर मामला है। बिजली कंपनियां प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं का किसानों से पूर्ण जमा योजना में पैसा जमा कराने के बाद भी उन्हें समान नहीं उपलब्ध करा पा रही हैं जो अपने आप में सोचनीय है। पहले उत्तर प्रदेश सरकार सामान्य योजना के तहत किसानों को लगभग 68000 रूपए की सब्सिडी देती थी।

## लखनऊ के समिट बिल्डिंग में पहला एमएसएमई मार्ट बनकर तैयार

# देश भर में खोली जाएंगी 75 दुकानें

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने प्रदेश की सभ्यता और कारीगरी को पूरे देश और विदेशों तक प्रसारित करने का निर्णय लिया है। इसी के तहत, लखनऊ की समिट बिल्डिंग में उत्तर प्रदेश सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग की पहली दुकान 'एमएसएमई मार्ट' बनकर तैयार है। इसका विधिवत शुभारंभ 15 अगस्त को किया जा रहा है। देश भर में इस तरह की 75 दुकानें खोलने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही विदेशों में भी दुकान खोलने का प्रस्ताव है। इस मार्ट की खास बात ये है कि यह कारीगरों की दुकान होगी। इसमें प्रदेश के विभिन्न हिस्सों के प्रशिक्षित कारीगरों के बनाए खास उत्पाद उपलब्ध कराए जाएंगे। इसमें मुरादाबाद के ब्रास से लेकर चित्रकूट के लकड़ी के खिलौने जैसे उत्पाद शामिल होंगे। यूपीकॉन के प्रबंध निदेशक (एमडी) प्रवीण सिंह ने बताया, 'लखनऊ के शहीद पथ के पास स्थित समिट बिल्डंग के सातवें फ्लोर पर यह मार्ट बनकर तैयार हो चुका है और उत्पाद भी बेचे जाने लगे हैं। हालांकि, विधिवत उद्घाटन 15 अगस्त को किया जाएगा। प्रदेश की विभिन्न योजनाओं जैसे ओडीओपी, वीएसएसवाई के जरिए प्रशिक्षण लेने वाले लोगों के बनाए उत्पाद यहां बिकेंगे। इस मार्ट को 'कारीगरों की दुकान' कहा जा सकता है, क्योंकि कारीगर को उत्पाद बनाना तो आता है, लेकिन बेचना नहीं आता, लेकिन वो यहां अपने उत्पाद बेच भी सकता है। उसके बनाए उत्पादों में प्रदेश की सभ्यता की झलक दिखेगी। इसीलिए इसको 'कल्चर आफ उत्तर प्रदेश' भी कहा गया है। लखनऊ में मार्ट की शुरुआत के बाद ऐसे ही मार्ट नोएडा, इलाहाबाद, वाराणसी और आगरा में भी खोले जाएंगे। इसके बाद, बेंगलुरू, मुंबई, दिल्ली और कोलकाता में भी इसकी शुरुआत होगी। विदेशों में भी इसे ले जाने का प्रस्ताव है। उन्होंने बताया कि एमएसएमई मार्ट का फ्रेंचाइजी मॉडल भी बन रहा है। यदि कोई फ्रेंचाइजी लेना चाहे, उद्यमी बनना चाहे तो वो फ्रेंचाइजी लेकर शुरुआत कर सकता है। फ्रेंचाइजी लेने के लिए व्यक्ति के पास समुचित जगह होना जरूरी है, जहां लोग खरीदारी के लिए आ सकें। साथ ही उद्यमिता की कोई ट्रेनिंग ली हो तो उसे प्राथमिकता मिलेगी। सीएम स्वरोजगार योजना से लाभान्वित हो तो वो भी फ्रेंचाइजी ले सकते हैं। प्रवीण सिंह ने बताया कि मार्ट से जो कारीगर जुड़े हैं, यहां सिर्फ उन्हीं के बनाए उत्पाद रखे गए हैं। साथ ही, उन्होंने इस उत्पाद को कैसे बनाया, इसके भी वीडियो बनाए गए हैं। इसमें उनका नाम और नंबर भी लिखा गया है। यह पहली बार होगा जब एक खरीदार को पता होगा कि जो उत्पाद उसने खरीदा है, वो किसने बनाया है। उन्होंने कहा कि यह एक डिस्प्ले सेंटर है, ताकि लोग आनलाइन और आफलाइन दोनों तरह से खरीदारी कर सकें। योहारों के मौसम में यह मार्ट लोगों को उपहार देने का मंच भी मुहैया कराएगा। त्योहारों के मौसम को देखते हुए उत्पादों पर विभिन्न छूट की भी घोषणा की गई है। खासतौर पर रक्षा बंधन के लिए यहां कई तरह के आफर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। लोग यहां से खरीदारी करके अपने प्रियजनों को प्रदेश की नायाब कारीगरी वाले उत्पाद उपहार में दे सकेंगे।

# किसानों का हित सरकार की प्राथमिकता हैः राठौर

● सहकारी बैंकों के माध्यम से किसानों को आसानी से उपलब्ध कराया जा रहा ऋण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सहकारिता** मंत्री जेपीएस राठौर ने बताया कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार कई योजनायें चला रही है। उन्होंने कहा कि किसानों का हित सरकार की प्राथमिकता है। प्रदेश के किसानों को सरकार द्वारा सहकारी बैंको के माध्यम से फसली ऋ ण, दीर्घकालीन ऋ ण उपलब्ध कराया जाता है, जिससे किसान बिना किसी समस्या के अपनी खेती, बाड़ी कर सकें। सहकारिता मंत्री ने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में जिला सहकारी बैंकों के माध्यम से 10 हजार करोड़ रूपये का फसली ऋण वितरित किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें से 1 अप्रैल से 30 जून 2022 तक 4635 करोड़ रूपये का फसली ऋण वितरित भी किया जा चुका है, जिससे 8.5 लाख लघु एवं सीमान्त किसान लाभान्वित हुये हैं। इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक को राज्य सरकार द्वारा 1 हजार करोड़ की बैंक गारन्टी दी गयी है, जिससे किसानों को दीर्घकालीन ऋण सुलभ हो सकेगा। श्री राठौर ने कहा कि किसानो को आसानी से ऋण उपलब्ध हो सके इसके लिए समस्त प्रदेश में सहकारी बैंकों की शाखायें खोलने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में फतेहपुर, मथुरा, गौतमबुद्ध नगर, कानपुर देहात, कन्नौज, संभल, अमरोहा, हापुड़, अम्बेडकर नगर, अमेठी, गोरखपुर, महाराजगंज एवं औरैया में आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं से लैस उत्तर प्रदेश सहकारी बैंक की 13 नयी शाखाओं का संचालन प्रारम्भ किया गया है।

# पात्र कार्मिकों को 30 सितंबर तक मिले प्रमोशन



● 15 अगस्त को किसी भी कार्यालय में अवकाश नहीं रहेगा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने प्रदेश सरकार के 100 दिन की कार्ययोजना तथा 6 माह की कार्ययोजना की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि सभी कार्मिकों का प्रमोशन समय से होना चाहिये। जब अधिकारी अपना प्रमोशन समय से चाहते हैं, तो अपने अधीनस्थ कार्मिकों का भी प्रमोशन समय से कराना चाहिये। विभागों में जो भी कार्मिक प्रमोशन के पात्र हैं, उन सभी कार्मिकों का प्रमोशन 30 सितम्बर तक प्रत्येक दशा में करा दिया जाये। जो भी सेंसटिव पोस्ट हैं, जिन पर पब्लिक डिलिंग का कार्य होता हैं, उन सभी पोस्टों पर किसी भी कार्मिक की तैनाती 3 वर्ष से अधिक नहीं रहनी चाहिये, इसका प्रमाण-पत्र सभी विभागाध्यक्षों से प्राप्त कर लिया जाये। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के 100 दिन की कार्ययोजना के अवशेष कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कराकर पोर्टल पर अपडेट करा दिया जाये। मुख्यमंत्री द्वारा मुख्यमंत्री अनुश्रवण प्रणाली ऑनलाइन पोर्टल पर कार्ययोजना की समीक्षा की जाती है, अतः सभी विभाग निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार कार्यों को समय से पूर्ण कराते हुये पोर्टल पर अपडेट अवश्य करें। वर्तमान प्रदेश सरकार के गठन के 6 माह आगामी 25 सितम्बर को पूर्ण हो रहे हैं। सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव व सचिव 6 माह की कार्ययोजना में चिन्हित किये गये कार्यों की नियमित समीक्षा कर कार्यों को समय से पूर्ण करायें। उन्होंने कहा कि इस वर्ष 15 अगस्त बहुत विशेष है, इस दिन किसी भी कार्यालय में अवकाश नहीं रहेगा। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत वृक्षारोपण सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। सभी कार्मिक अपने-अपने घरों में झण्डा लगाने के साथ-साथ अपनी गली, मोहल्ले के लोगों को भी झण्डा लगाने के लिये प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव व सचिव वी सी के माध्यम से बैठक कर यह सुनिश्चित करायें कि 15 अगस्त को सभी ब्लाक, तहसील, जिला, मण्डल स्तरीय कार्यालय खुले रहें और सभी जगह राष्ट्रीय पर्व को उत्साह, उल्लास एवं उमंग के साथ मनाया जाये।

# भाजपा की साजिशों को जनता अच्छी तरह समझ चुकी है

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि 2024 के लोकसभा चुनावों को लेकर भाजपा तिरंगा भुला देगी और हिन्दू-मुस्लिम पर आ जाएगी। भाजपा ने अंग्रेजों से सीखा है तोड़ो और राज करो की नीति। भाजपा की इन साजिशों से जनता भलीभांति परिचित हो चुकी है। बिहार की तरह उत्तर प्रदेश की जनता भी भाजपा को दूध में मक्खी की तरह निकाल फेंकेगी। श्री यादव ने कहा कि तिरंगा अभियान का सहारा भाजपा आजादी के आंदोलन में अपनी कोई भूमिका न होने की शर्म छुपाने के लिए ले रही है। उसकी मंशा मुद्दों से भटकाने की है। भाजपा का मातृ संगठन आरएसएस ने कभी न तो स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया और न ही नागपुर स्थित अपने मुख्यालय पर भारत का राष्ट्रध्वज फहराया। तिरंगा को वह बस इन दिनों राजनीतिक एजेण्डा बना रही है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा तिरंगा को सम्मान देना भी नहीं जानती है। देश की सम्पत्ति निजी हाथो में बेचने वाली भाजपा सरकार में भाजपाइयों द्वारा मुजफ्फरनगर में शिवचौक पर स्टाल लगाकर तिरंगा बेचना शर्मनाक है। भाजपाई सदैव राष्ट्रभावना, देश की सम्पत्ति, धार्मिक भावनाएं, राष्ट्रवाद को बेचते ही आये हैं। भाजपा आरएसएस यह सब बेचकर ही सत्ता में आये है। अखिलेश ने कहा कि आजादी के लिए संघर्ष करने और बलिदान देने वालों ने स्वतंत्र भारत के सम्बंध में जो सपने देख थे उनको भाजपा सरकार ने धूल धूसरित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। भाजपा सत्ता में आने पर गांव-गरीब की उपेक्षा कर अपने पूंजीपति मित्रों का खजाना भरने पर ही ध्यान केन्द्रित किये हुए है। गरीब, मजदूर, मध्यम वर्ग की भाजपा राज में कोई सुनवाई नहीं है। खाने-पीने की चीजों के अलावा खेती किसानी के उपयोग में आने वाली खाद, बीज, कीटनाशक, कृषि यंत्र आदि सभी उपकरण व घरेलू इस्तेमाल की सभी वस्तुएं और संसाधन बिजली, डीजल, पेट्रोल, महंगा हैं। अखिलेश ने कहा कि भाजपा की सरकार में पूंजीपति बैंकों से कर्ज लेकर विदेश भाग गये है। उनका सारा कर्ज माफ हो गया जबकि किसान कर्जमाफी के लिए दर-दर भटक रहा है।

# भाजपा को अपने गिरेबां में झांककर देखना चाहिए



**लखनऊ।** बिहार राज्य के ताजा घटनाक्रम पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा है कि बीजेपी को शर्म आनी चाहिए कि जब बिहार में नितीश कुमार कांग्रेस और राष्ट्रीय जनतादल के गठबंधन के साथ पूर्ण बहुमत में आए थे तो उस समय बीजेपी ने जेडीयू के साथ मिलकर सरकार बना ली थी। आज जब वही नितीश कुमार आरजेडी और कांग्रेस के साथ मिलकर बिहार में सरकार बना रहे हैं तो भाजपा उनको धोखेबाज कह रही है, ऐसी बयानबाजी करने के पहले बीजेपी को अपने गिरेबाँ में झांककर देखना चाहिए था। आज बिहार में बीजेपी को उसके कर्मो की सजा मिली है जो वह दूसरे राजनैतिक दलों के साथ हमेशा से करती रही है। तिवारी ने कहा कि बीजेपी की स्थिति आज उस राजनैतिक सांप की तरह है जो अपने बच्चे निगल जाती है। उदाहरण के तौर पर पंजाब में अकाली दल, तमिलनाडु में अन्ना डीएमके, कर्नाटक में जनतादल, महाराष्ट्र में स्व. बाला साहब ठाकरे के कारण भारतीय जनतापार्टी का जन्म हुआ। गोवा एवं मणिपुर आदि में भाजपा ने सहयोगियों को धोखा दिया। भारतीय जनतापार्टी ने जहां-जहां वायदा खिलाफी की है और राजनैतिक दलों को धोखा दिया है वहां के राजनैतिक दल बिहार के इस राजनैतिक घटनाक्रम से प्रेरणा लेंगे और भाजपा को उसके किए की सजा देंगे।


पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैंने अपनी पुत्री का नाम सांची से बदलकर सांची खण्डेलवाल कर दिया है भविष्य में इसे इसी नाम से जाना पहचाना जाए, सांची खण्डेलवाल पुत्री संदीप खण्डेलवाल नि0 14/59 फ्लैट नं० 801, संगीता अपार्टमेंट सिविल लाइन्स कानपुर

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम आकाश था अब मैंने बदल कर आकाश वर्धन कर लिया है। अब मुझे आकाश वर्धन के नाम से जाना व पहचाना जाय। आकाश वर्धन पुत्र राज वर्धन निवासी सी-72, सैनिक हाऊसिंग सोसाइटी कालोनी, सरोजनी नगर लखनऊ।


# हर घर नल, हर घर जल योजना का लाभ जल्द मिलेगा

## योगी सरकार ने शुरू की मॉनिटरिंग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मोदी** और योगी सरकार का देश की आधी आबादी पर खासा फोकस है। अगर इनके तमाम ड्रीम प्रोजेक्ट पर ध्यान दिया जाए तो ज्यादातर योजनाएं महिलाओं पर केंद्रित हैं ताकि देश की आधी आबादी खासकर ग्रामीण इलाके की सशक्त हो सके। मोदी सरकार ने एनडीए की 2.0 सरकार बनने से पह ले वर्ष 2016 में ग्रामीण महिलाओं के लिए उज्जवला योजना शुरू की थी। यह योजना एनडीए 2.0 सरकार के लिए वरदान साबित हुई और प्रचंड बहुमत से केंद्र में दोबारा मोदी सरकार बनी। 2024 के लोक सभा चुनाव से पहले यूपी में योगी सरकार ने हर घर नल, हर घर जल योजना को तेज कर दिया है ताकि इसका लाभ आगामी लोक चुनाव में मिल सके।

मोदी और योगी सरकार आधी आबादी को लुभाने के लिए हजारों योजनाएं चला रही है। इसमें महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के साथ उनकी सहूलियतों का भी बखूबी ध्यान रख रही है। मोदी सरकार ने आधी आबादी से जुड़ी जो भी योजनाएं चलाईं योगी सरकार ने सख्ती से उसको लागू कराया। उसका असर प्रदेश में देखने को भी मिल रहा है। इसी क्रम में मोदी सरकार ने खासकर ग्रामीण महिलाओं को पानी को लेकर होने वाली समस्या से निजात दिलाने के लिए बड़ी पहल करते हुए हर घर नल योजना शुरू की। वहीं योगी ने इस योजना को रफ्तार देते हुए अधिकारियों को रोजाना प्रगति रिपोर्ट देने का आदेश दिया है और वह खुद इसकी मॉनिटरिंग अपने स्तर से कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी की मॉनिटरिंग के बाद जल शक्ति मंत्रालय ने जल जीवन मिशन के तहत बुंदेलखंड और विंध्य समेत प्रदेश के 43909 गांवों में हर घर नल, हर घर जल योजना का काम युद्ध स्तर पर तेज कर दिया गया है। सीएम की मॉनिटरिंग का ही असर है कि अब तक प्रदेश में 4086991 फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन एफएचटीसी दिये जा चुके हैं। वहीं इस योजना से ग्रामीण इलाकों की 15387180 जनसंख्या को लाभ होगा। जल शक्ति मंत्रालय के अनुसार हर घर नल योजना के तहत ग्रामीण इलाकों की महिलाओं को बड़ी तादाद में रोजगार भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। योजना के तहत ग्रामीण इलाकों में करीब डेढ़ करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है। 4 अगस्त तक प्रदेश की 1 लाख 85 हजार से अधिक महिलाओं ने पानी की जांच का प्रशिक्षण पूरा कर लिया है। वहीं प्रशिक्षित महिलाओं ने पानी के 10 लाख से अधिक सैंपल की जांच पूरी कर ली है। इसके साथ ही करीब 4 लाख 57 हजार महिलाओं को पानी के सैंपल की जांच का प्रशिक्षण दिया जाना है। इसके साथ ही योजना से प्रदेश में प्रत्यक्ष रूप से 756522 रोजगार सृजित किया जा रहा हैए इसके तहत प्लंबरए फिटरए ऑपरेटरए केयरटेकए सिक्योरिटी गार्ड संविदा के आधार पर रखे जाएंगे। इससे पहले सभी को मुफ्त प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# बुनकरों व हस्तशिल्पियों के लिए संजीवनी बनी सरकार

● कैंप लगाकर बुनकरों को दिया जा रहा लोन और सब्सिडी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ, वाराणसी

**बनारस** के हस्तशिल्पियों और बुनकरों के हुनर की पूरी दुनिया कायल है। योगी सरकार हस्तशिल्पियों और बुनकरों को सुविधाएं देने, उनको लोन दिलाने के साथ उत्पादों को देश के बाजार तक पहुंचा रही है। योगी सरकार बुनकरों को लोन पर सब्सिडी देने के लिए कैंप भी लगा रही है। इतना ही नहीं सरकार की ओर से हस्तशिल्पियों के उत्पादों को राष्ट्रीय बाज़ार देने के लिए फ्लिपकार्ट से एमओयू भी साइन किया गया है। काशी के बुनकरों और हस्तशिल्पियों की कारीगरी का डंका पूरी दुनिया में बजता है। ऐसे में 18 हैंडीक्राफ्ट उत्पादों को जीआई टैग मिल चुका है जबकि कई अन्य उत्पादों को जीआई टैग के लिए आवेदन किया गया है। ओडीओपी योजना में बनारस के तीन उत्पाद शामिल हैं। वाराणसी परिक्षेत्र के हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग के सहायक आयुक्त अरुण कुमार कुरील ने बताया कि हैंडलूम वीवर्स मुद्रा स्किम के तहत सरकार बुनकरों को बैंक से लोन दिला रही है। साथ ही लोन पर नियमानुसार 20 प्रतिशत तक और ब्याज़ पर 7 प्रतिशत तक की सब्सिडी उपलब्ध करा रही है। योगी सरकार की इस पहल से बुनकर साहूकारों के चंगुल से मुक्त हो गए हैं। वार्डों के 68 जगहों पर कैम्प लगाए जा रहे हैं जिसकी समय सीमा को बढ़ाया जाएगा। योगी सरकार का लक्ष्य पचास हज़ार लोगों को लोन दिलाने का है। इसके अलावा हथकरघा बुनकरों को सरकार सोलर लाइट भी उपलब्ध करने जा रही है जिससे उनकी बिजली का खर्च कम हो सके और लाइट जाने पर भी बुनकर के करघे का ताना-बाना चलता रहे। बता दें कि वाराणसी में करीब 8 हज़ार से अधिक हैंडलूम और 1 लाख से अधिक पावरलूम हैं। योगी सरकार ने हस्तशिल्प उत्पाद को राष्ट्रीय पटल पर लाने के लिए 7 अगस्त को ई.कॉमर्स साइट फ्लिपकार्ट से एमओयू साइन किया है। मालूम हो कि फ़्लिपकार्ट पर 40 करोड़ ग्राहक मौजूद है। ऐसे में योगी सरकार का मकसद है कि फ्लिपकार्ट के जरिए हस्तशिल्प उत्पाद को नई ऊँचाई दी जा सके। फ्लिपकार्ट पर हैंडीक्राफ्ट, हैंडलूम उत्पादों के साथ देश के दिव्यांगजनों के उत्पाद भी शामिल होंगे। योगी सरकार की पहल पर फ्लिपकार्ट शिल्पियों को इसके लिए ट्रेनिंग भी दे रहा है। इसके साथ ही फ्लिपकार्ट अगले 6 माह तक इन शिल्पियों से उत्पादों की बिक्री पर कोई कमीशन भी नहीं लेगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित।
स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# हजरतगंज कार्निवल में लगेगी रंगारंग कार्यक्रमों की झड़ी

● वीसी ने व्यापारियों के साथ की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**आजादी** अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य पर आयोजित किये जा रहे हजरतगंज कार्निवल में रंगारंग कार्यक्रमों की झड़ी लगेगी। इसमें म्यूजिकल बैंड, डांस, मैजिक और कॉमेडी शो समेत विभिन्न तरह के आयोजन होंगे। एलडीए उपाध्यक्ष ने अधिकारियों, व्यापार मण्डल व जश्न.ए.आजादी ट्रस्ट के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करके पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा तय की। बुधवार को हजरतगंज में एलडीए द्वारा अमृत महोत्सव कार्निवाल मनाया जाएगा। उपाध्यक्ष डॉ इंद्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि हजरतगंज कार्निवल के अंतर्गत 15, 16 व 17 अगस्त को शाम 6 बजे से रात 11 बजे तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इसके लिए मल्टीलेवल पार्किंग के पास एक बड़ा मंच बनाया जा रहा है। व्यापारियों द्वारा बताया गया कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत मार्केट के पूरे रूट पर तिरंगे लगाने के साथ ही आकर्षक सजावट की जाएगी और स्पीकर पर देशभक्ति गीत बजाये जाएंगे। उपाध्यक्ष की अपील पर व्यापारियों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, सैन्य कर्मियों व 75 वर्ष या उससे अधिक उम्र के वृद्धजनों के लिए आकर्षक ऑफर देने की भी घोषणा की है। इस मौके पर जश्न-ए-आजादी ट्रस्ट के प्रतिनिधि संजय सिंह ने बताया कि कार्निवल में म्यूजिकल बैंड, बॉलीवुड, अवधी व भोजपुरी, क्लासिकल व फ़ोल्क डांस, मैजिक और कॉमेडी शो समेत विभिन्न तरह के आयोजन किये जाएंगे। कि कार्यक्रम के अंतिम दिन पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आजादी अमृत महोत्सव के तहत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली आरडब्ल्यूए, व्यापार मण्डल, संस्थाओं व प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। 13 अगस्त की सुबह 7 बजे प्राधिकरण के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा तिरंगा रैली निकाली जाएगी। व्यापार मण्डल अध्यक्ष विनोद पंजाबी ने बताया कि उपाध्यक्ष द्वारा निरीक्षण के दौरान दिये गए आदेशों का शत प्रतिशत अनुपालन हो रहा है। इसके तहत नाले के पत्थर चेंज हो गए हैं व रेलिंगध्खम्भों आदि की रंगाई.पुताई का काम लगभग पूरा हो गया है और गोलार्ड भी लगाए जा रहे हैं।

## यूपीएमआरसी में 11 से 17 अगस्त तक मनाया जाएगा स्वतंत्रता सप्ताह

**लखनऊ।** मेट्रो प्रशासन द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव को 11 से 17 अगस्त तक मनाने का निर्णय लिया गया है। सुशील कुमार, प्रबंध निदेशक, यूपीएमआरसीएल ने कहा कि स्वतंत्रता सप्ताह को पूरे भव्यता से मनाने के लिए मेट्रो सप्ताह भर आयोजन करेगा। कार्यक्रमों में इंडिपेंडेंस क्विज, सेल्फी विद तिरंगा, वंचित बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता, मेट्रो स्टेशनों पर रंगोली, छात्रों के लिए प्ले और समूह नृत्य प्रतियोगिताएं पर हिंदी संगोष्ठी शामिल हैं। अमृत महोत्सव को भव्य रूप से मनाने के लिए 11 से 17 अगस्त 2022 तक चिह्नित किए गए स्वतंत्रता सप्ताह में लखनऊ मेट्रो भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहा है।

# 75 समूहों के लिए नोडल अधिकारी नामित किये

● 13 अगस्त को कार्यक्रम की रियल टाइम रिहर्सल करने का दिया निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**स्वतंत्रता** दिवस के कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए मण्डलायुक्त द्वारा डीएम और विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर 13 अगस्त को कार्यक्रम की रियल टाइल रिहर्सल करने का निर्देश दिया गया। आयोजन में हिस्सेदारी करने वाले 75 समूहों के लिए 75 नोडल नामित किये गए। समूहों को कार्यक्रम स्थल पर लाने और कार्यक्रम के बाद अपने गंतव्य स्थल पर पहुँचने की जिम्मेदारी नोडल अधिकारियों को दी गयी। समूहों के कर्मियों को आने जाने के लिए रूट चार्ट बनाने के निर्देश दिए गए। बुधवार को कलेक्ट्रेट में मंडलायुक्त डॉ रौशन जैकब और जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने 15 अगस्त को विधानसभा के बाहर होने वाले स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए बैठक की। बैठक में सभी विभागों के साथ स्वतंत्रता दिवस पर होने वाले कार्यक्रम व्यवस्थाओं पर चर्चा किया। मण्डलायुक्त ने आज़ादी की 75वीं वर्षगांठ पर विधान भवन के बाहर भव्य कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विभिन्न कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा और समाज के हर वर्ग को सम्मिलित करते हुए भव्य रूप दिया जाएगा। इसके लिए अलग विभागों के कार्मिकों, ओडीओपी लाभार्थियों, शिक्षकों, नर्स, डॉक्टर्स, पैरामेडिकल स्टाफ, मेडिकल स्टूडेंट्स, आशा, एएनएम, प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों, किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों, पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों, एक्स सर्विस मेन, शहीदों के परिवारों, पोस्ट मेन, टेलर, फ़ॉरेस्ट गार्ड, होमगार्ड्स, महिला कॉन्स्टेबल, सफ़ाई कर्मी, वाहन चालकों, बढ़ाई, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों सहित कुल 75 समूहों को हाथ में तिरंगा लेकर शामिल किया जाएगा। बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि 75 समूहों के कार्यक्रम स्थल पर आवागमन को देखते हुए यातायात सम्बंधित सभी व्यवस्थाओं के लिए पूरी कार्ययोजना बनाना निश्चित किया जाए। आगामी 15 अगस्त को विधानसभा के बाहर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एक भव्य आयोजन किया जाएगा।

## सेंटीनियल स्कूल मामले में पूर्व डीआईओएस निलंबित

**लखनऊ।** राजधानी के सेंटीनियल कॉलेज मामले में बुधवार को शासन स्तर पर फिर बड़ी कार्रवाई की गयी है। लखनऊ के पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ अमरकांत सिंह को निलंबित कर दिया गया है। अमरकांत वर्तमान में लखीमपुर खरी में डीआईओएस पद पर तैनात थे। सेंटीनियल स्कूल मामले में अब तक सात लोगों पर कार्रवाई की जा चुकी है। अपर मुख्य सचिव आराधना शुक्ला की तरफ से जारी आदेश में निलंबन अवधि के दौरान डॉ अमरकांत सिंह को बेसिक शिक्षा निदेशक प्रयागराज कार्यालय से संबद्ध किया गया है। उन पर आरोप है कि सेंटीनियल स्कूल पर शिक्षा माफिया के कब्जे को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक अमरकांत सिंह से शिकायत की गई थी लेकिन उनकी तरफ से इस मामले में कोई फैसला नहीं लिया गया। जिसके चलते सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालय पर शिक्षा माफियाओं ने कब्जा कर लिया था। बता दें कि लखनऊ के सरकारी सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक विद्यालय लालबाग गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रिंसिपल अणिमा रिसाल सिंह ने लखनऊ क्रिश्चियन इंटर कॉलेज और लखनऊ क्रिश्चियन डिग्री कॉलेज की प्रबंध समिति पर कब्जे का षड्यंत्र रचा था। विभागीय जांच इस बात की में पुष्टि हुई है कि फर्जी दस्तावेजों के सहारे अणिमा रिसाल सिंह ने बतौर प्रबंधक अपनी दावेदारी प्रस्तुत की। शासन के आदेश पर जेडी सुरेंद्र कुमार तिवारी की तरफसे की गई जांच में इसका खुलासा भी हुआ।

## पढ़ाने से पहले शिक्षक तय करें क्यों-कब-कैसे पढ़ाना है

**लखनऊ।** एनसीईआरटी के सहयोग से बुधवार को लखनऊ विवि के शिक्षा विभाग के सभागार में स्कूली शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा के विकास के लिए नागरिक समाज समूहों के साथ एक परामर्श कार्यशाला का आयोजन किया गया। परामर्श कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने इस तथ्य पर जोर दिया कि प्रत्येक शिक्षक को पढ़ाने से पहले यह तय करना चाहिए कि क्यों, कैसे और कब पढ़ाया जाए। आरआईई के प्राचार्स प्रोफेसर एस वी शर्मा ने एनसीएफ प्रक्रिया, संरचना और अब तक की प्रगति के अवलोकन पर बात की। केजीएमयू के कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल बी पुरी ने इस तथ्य पर प्रकाश डाला कि शिक्षण और सीखने की पूरी प्रक्रिया में लक्ष्य, उद्देश्य, मील के पत्थर और सपने होने चाहिए। प्रो जेवी वैशम्पायन ने उल्लेख किया कि शिक्षा की गुणवत्ता केवल पाठ्यक्रम पर ही नहीं बल्कि निर्देश और मूल्यांकन की प्रक्रिया पर भी निर्भर करती है जो बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। प्रो शैली अवस्थी केजीएमयूए ने स्वास्थ्य और कल्याण पर बात की। प्रो सरयुग यादव, एनसीईआरटी ने पाठ्यचर्या और शिक्षाशास्त्र पर ध्यान केंद्रित करते हुए स्कूली शिक्षा और उच्च शिक्षा के बीच संबंध पर श्रोताओं को प्रबुद्ध किया।

## महिला कर्मचारी के खाते से उड़ाई नकदी

**लखनऊ।** डा भीम राव अम्बेडकर विवि की पुस्तकालय अधीक्षिका पूर्णिमा सिंह के खाते से बीती 2 जुलाई को 22 हजार रुपये साइबर अपराधियों ने पार कर दिए। वह एक महीने से दो थानो के चक्कर लगा रही हैं। एक महीना गुजर जाने के बाद भी पुलिस मुकदमा दर्ज नहीं कर रही है। पूर्णिमा सिंह विवि के पुस्तकालय में अधीक्षक हैं। सेक्टर एफ-साउथ सिटी मे कोतवाली पीजीआई में किराए पर रहती है। पूर्णिमा सिंह ने बताया कि उनका कैम्पस में स्थित बैंक में सैलरी एकाउंट है। बीती 2जुलाई को ड्यूटी के दौरान मोबाइल पर अज्ञात नम्बर से काल आई हालचाल पूछा सहेली का नाम लेकर बात की और कहा तुम्हें 25 हजार रुपये एक एप से भेजा हूँ ओपेन कर के देखो तुम हमें वही वापस भेज दो। अदान प्रदान न होने से खाता बंद हो जाएगा। पूर्णिमा ने जैसे ही ऐप खोला, खाते 22 हजार रुपये निकल गए मैसेज आने पर जानकारी हुई। थाना आशियाना गई तहरीर दी वहां से साइ बर सेल भेज दिया। वहां फिर साइबर फ्राड की काल आई कि तीन हजार और भेज दो नही तो रुपया फंस जाएगा। उसकी काल आने पर वहां मौजूद पुलिस कर्मियों से कहा कि इसे ट्रेस कर लो लेकिन एक नहीं सुनी वहाँ से थाना पीजीआई भेज दिया। दस अगस्त हो गया। आज फिर उसे आनलाइन एफआईआर की सलाह दे दी गई।

## साइकिल चोर गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार

**लखनऊ।** कैंट पुलिस ने पांच शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से चोरी की चार रेंजर साइकिल व एक स्कूटी बरामद हुई है। पुलिस का कहना है कि शातिर इलाके में घूम घूमकर घर व स्कूल के बाहर खड़ी साइकिलों को चोरी करते थे। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि तीन पांच शातिर चोर इलाके में मौजूद हैं जिनके पास कई साइकिलें हैं। पुलिस को आता देख शातिर भागे लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर भाग रहे पांचों शातिरो को दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में उन्होंने अपना नाम कैंट निवासी शिवम मिश्रा, अनिमेश राई, मयंक बाजपेई व शरद कुमार बताया। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वह घरों व स्कूलों के आस पास चक्कर लगाते हैं और फिर मौका पाते ही साइकिलों व बाइकों पर हाथ साफ कर देते हैं। पूछताछ में उनकी निशानदेही पर चार रेंजर साइकिल व एक स्कूटी बरामद की है।

## दस किलो गांजे के साथ गिरफ्तार

**लखनऊ।** आलमबाग पुलिस ने तीन शातिर तस्करों को गिरफ्तार किया है जो बुलेट मोटरसाइकिल से चलते थे और फिर नये लडकों के हाथ गांजा बेचा करते थे। पुलिस ने उनके कब्जे से करीब दस किलो ग्राम गांजा बरामद कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी ह। पुलिस का कहना है कि पकड़े गये शातिरों पर कई मुकदमें दर्ज हैं। इंस्पेक्टर आलमबाग धनंजय सिंह ने मुखबिर से सूचना मिली कि तीन शातिर तस्कर तस्करी करने के लिए बोरी में गांजा लेकर मौजूद हैं और ग्राहकों के आने का इंतजार कर रहे हैं। पुलिस मौके पर पहुंचकर तीनों तस्कर को दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में उन्होंने अपना नाम गोण्डा निवासी सुधीर, कृष्णानगर निवासी शिव व आलमबाग निवासी सलमान बताया। पुलिस का कहना है कि आरोपियों के पास से करीब दस किलो गांजा बरामद हुआ है। पूछताछ में उन्होंने बताया कि हम लोग बाराबंकी से गांजा लाते थे और फिर आलमबाग लाकर उसे आशियाना कृष्णानगर व सरोजनीनगर इलाकों में बेचा करते थे।

## जलभराव वाले विद्यालयों की सूची बीएसए को दें: बीईओ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में जल भराव की समस्या के निदान के लिए खण्ड शिक्षा अधिकारियों को विद्यालयों की सूची तैयार कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। इस बावत राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय द्वारा आवश्यक निर्देश जारी कर दिये गये हैं। जारी निर्देश के अनुसार खण्ड शिक्षा अधिकारी अपने क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए जल भराव से संबंधित विद्यालयों की सूची तैयार कर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी को अवगत करायें। खण्ड शिक्षा अधिकारी विकास खण्ड के खण्ड विकास अधिकारी से सम्पर्क कर जल भराव की समस्या से निदान हेतु विद्यालय में कराये जाने वाले कार्यों की तकनीकी अधिकारियों के माध्यम से आगणन तैयार कराकर मनरेगा के दिशा.निर्देश में निहित प्राविधानों के अंतर्गत कार्यों को ग्राम सभा की कार्ययोजना में शामिल कराने की कार्यवाही की जाये, जिससे विद्यालय प्रांगण में जल भराव की समस्या का समाधान हो सके। जनपद स्तर पर इन कार्यों को समयबद्ध कराये जाने के संबंध में नियमित समीक्षा भी की जाये। सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि वह स्वयं जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए उपरोक्त कार्यों को समयानुसार पूर्ण कराया जाये।

# आतंकी गतिविधियों के मामले में गिरफ्तार मुल्जिम न्यायिक हिरासत में गया जेल

विधि संवाददाता। लखनऊ

**आतंकी** गतिविधियो के मामले में गिरफ्तार मुल्जिम सबाउद्दीन उर्फ सबाहुद्दीन उर्फ सबाहु उर्फ दिलावर खान उर्फ वैरम खान उर्फ आजर को रिमांड मजिस्ट्रेट ने 22 अगस्त तक के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। बीते मंगलवार को एटीएस ने इसे रिमांड मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया था। विशेष लोक अभियोजक एमके सिंह के मुताबिक यह आजमगढ़ के थाना मुबारकपुर इलाके का रहने वाला है।

यह आतंकी संगठन आईएसआईएस की जिहादी विचारधारा का प्रचार-प्रसार कर रहा था। इस विचारधारा से कई अन्य लोगों को भी जोड़ चुका था। यह व्हाट्सएप पर टेलीग्राम एप के जरिए अरबी भाषा में जिहादी बातें करता था। इसके पास से एक तमंचा व जिंदा कारतूस तथा आईईडी बम बनाने के तमाम उपकरण आदि बरामद हुए हैं। इसका व इसके सहयोगियों का इरादा बम बनाकर देश व प्रदेश के विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर विस्फोट करना था। नौ अगस्त 2022 को इस मामले की एफआईआर निरीक्षक भारत भूषण तिवारी ने थाना एटीएस में दर्ज कराई थी।

## नाबालिग बहनों से छेड़छाड़ में पांच साल की सजा

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** पॉक्सो के विशेष जज मयंक त्रिपाठी ने दो नाबालिग बहनों से छेड़छाड़ करने के मामले मे दोषी करार दिए गए मुल्जिम सोनू को पांच साल की सजा सुनाई है। उन्होंने इस पर दो हजार का जुर्माना भी ठोका है। 27 अप्रैल 2017 को इस मामले की एफआईआर पीड़ित बहनों की मां ने थाना मोहनलालगंज में दर्ज कराई थी। सरकारी वकील अशोक श्रीवास्तव के मुताबिक मुल्जिम रात में इनके घर में घुस गया था और अश्लील हरकत करने लगा। चिल्लाने पर भाग गया था।

## मुकदमे की अर्जी पर रिपोर्ट तलब

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** सूबे के मुख्यमंत्री व अन्य नेताओं के विरुद्ध फेसबुक पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने के कथित मामले में अदालत में मुकदमे की एक अर्जी दाखिल की गई है। इस अर्जी में सौम्या भट्ट को विपक्षी पक्षकार बनाते हुए मुकदमा दर्ज करने का आदेश देने की मांग की गई है। यह अर्जी भाजपा के विधि प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक वकील प्रमोद पांडेय ने दाखिल की है। अदालत ने फिलहाल इस अर्जी पर थाना गोमतीनगर से रिपोर्ट तलब करने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 22 जुलाई हो होगी।

## दहेज हत्या में सास व ससुर को सजा

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** एडीजे अनुरोध मिश्र ने दहेज हत्या के एक मामले में सास पुष्पा देवी व ससुर रमेश चन्द्र कश्यप को 10-10 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इन दोनों पर नौ-नौ हजार का जुर्माना भी ठोका है। उन्होंने साक्ष्य के अभाव में देवर गोलू उर्फमनीष कश्यप को दोषमुक्त कर दिया है। नौ अप्रैल 2015 को इस मामले की एफआईआर मृतका संगीता के पिता धनलाल कश्यप ने थाना अलीगंज में दर्ज कराई थी। सरकारी वकील एमपी तिवारी के मुताबिक मुल्जिमों पर दहेज की खातिर बहू संगीता को मिट्टी का तेल डालकर जलाने का आरोप है। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी।

# आयरन फोलिक एसिड और सेनिटरी नैपकिन का किया गया वितरण

● भारतीय बालिका विद्यालय में स्वास्थ्य मेला सम्पन्न

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**शाहनजफ** रोड स्थित भारतीय बालिका विद्यालय इंटर कॉलेज के तत्वावधान में बुधवार को विद्यालय प्रांगण में बालिका स्वास्थ्य मेला आयोजित किया गया। इसमें स्वास्थ्य विभाग के साथ ही स्वयंसेवी संस्था पॉपुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल द्वारा संचालित द चैलेंज इनिशियेटिव, सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च,अंकुर चेतना शिविर ने सहयोग प्रदान किया। स्वास्थ्य मेले का उदघाटन करते हुए संयुक्त निदेशक. शिक्षा सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव पर विद्यालय द्वारा आयोजित स्वास्थ्य मेला एक अच्छी पहल है। इसके माध्यम से छात्राएं अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होंगी और वह दूसरों को भी जागरूक करेंगी। जो भी बातें स्वास्थ्य मेले में बताई जाएंगी उनको घर जाकर वह अन्य लोगों से साझा करेंगी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के उप महाप्रबंधक डा आनंद कुमार ने बताया कि किशोर किशोरियों के लिए आरकेएसके कार्यक्रम पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत आयरन फोलिक एसिड की गोलियों का वितरण आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों के माध्यम से किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान खेल और पढ़ाई में जिन छात्राओं ने अच्छा प्रदर्शन किया था उन्हें पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत आयरन फोलिक एसिड और कैल्शियम की गोलियों और सेनिटरी नैपकिन का वितरण किया गया।

## जेईई मेन्स परीक्षा में सीएमएस छात्रों का शानदार प्रदर्शन



**लखनऊ।** अभी हाल ही में घोषित हुए जेईई मेन्स परीक्षा परिणाम में सीएमएस छात्र रोहन चतुर्वेदी ने 99.96 परसेन्टाइल अर्जित कर लखनऊ टॉपर का खिताब अपने नाम किया है तो वहीं दूसरी ओर, देवांश बंसल ने 99.94 परसेन्टाइल, नमन मिश्रा ने 99.84 परसेन्टाइल व सूर्यांश ने 99.88 परसेन्टाइल अर्जित कर अपने मेधात्व का परचम लहरया है। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि जेईई मेन्स परीक्षा के द्वितीय चरण में सीएमएस के सर्वाधिक 278 छात्र चयनित हुए हैं, जिनमें 108 छात्रों ने 90 से लेकर 99.96 परसेन्टाइल तक अंक अर्जित किए है जबकि 28 छात्रों ने 99 परसेन्टाइल से अधिक अंक अर्जित कर अपने मेधात्व का परचम लहराया है। सीएमएस संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने सीएमएस छात्रों की शानदार सफलता पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया है। ड

## आईआईए की मांग पर यूपी में उद्योगों के लिए नेट बिलिंग, नेट फीड-इन व्यवस्था लागू

**लखनऊ।** आईआईए 2019 से प्रदेश सरकार एवं उत्तर प्रदेश विद्युत् नियामक आयोग से लगातार आग्रह करता रहा कि प्रदेश के उद्योगों के लिए नेट मीटरिंग अथवा उसके समकक्ष ऐसी व्यवस्था लागू की जाए जिससे उद्योगों में रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाना उद्यमियों के लिए लाभदायक हो सके। आईआईए की मांग को विद्युत् नियामक आयोग में अब मान लिया है और उद्योगों में नेट बिलिंग, नेट फीड-इन व्यवस्था की अधिसूचना जारी कर दी गयी है। यह व्यवस्था पूर्व में घोषित ग्रॉस मीटरिंग व्यवस्था से कहीं अधिक लाभदायक है क्योंकि इस व्यवस्था में उद्योग रूफटॉप सोलर सिस्टम से उत्पादित बिजली का उपयोग पहले अपनी आवश्यकताओं के लिए कर सकेगा और जो अतिरिक्त बिजली उत्पादित होगी उसे विद्युत् वितरण निगमों को एक निर्धारित मूल्य पर निर्यात कर सकेगा। 2019 में घरेलू एवं कृषि क्षेत्र के अतिरिक्त उद्योगों के लिए नेट मीटरिंग व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया था जिसके स्थान पर उद्योगों के लिए ग्रॉस मीटरिंग व्यवस्था लागू की गयी।

## लखनऊ में कोरोना के 140 नये मरीज, प्रदेश में 940 केस मिले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ** में बुधवार को कोरोना के 140 नये मरीज सामने आये हैं। इनमें 82 पुरूष एवं 58 महिला रोगी है। वहीं आज कुल 89 व्यक्ति कोविड संक्रमण से स्वस्थ हुए हैं। जनपद में एक्टिव केसों की संख्या 734 है। एसीएस चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 59140 सैम्पल की जांच की गयी। कोरोना संक्रमण के 940 नये मामले आये हैं। प्रदेश में अब तक कुल 120309165 सैम्पल की जांच की गयी हैं। उन्होंने बताया कि विगत 24 घण्टों 766 लोग तथा अब तक कुल 2081183 लोग कोविड.19 से ठीक हुए हैं। उन्होने बताया कि प्रदेश में कोरोना के कुल 5790 एक्टिव मामले है। प्रसाद ने बताया कि कोविड वैक्सीनेशन का कार्य निरन्तर किया जा रहा है। प्रदेश में कल 9 अगस्त 2022 को एक दिन में 364148 वैक्सीन की डोज दी गयी है। उन्होने बताया कि प्रदेश में कल तक 18 वर्ष से अधिक लोंगों को कुल पहली डोज 153679239 तथा दूसरी डोज 146164428 दी गयी। उन्होंने बताया कि 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग को कल तक कुल पहली डोज 14127702 तथा दूसरी डोज 12975957 दी गयी है। 12 से 14 वर्ष आयु वर्ग को कल तक कुल पहली डोज 8557732 तथा दूसरी डोज 7317445 दी गयी। कल तक 11778009 प्रीकॉशन डोज दी गयी है। उन्होंने बताया कि कल तक कुल मिलाकर 354600512 वैक्सीन की डोज दी गयी है।

## पूर्वोत्तर रेलवे के स्टेशनों पर विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का हुआ आयोजन



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पूर्वोत्तर** रेलवे लखनऊ मण्डल के विभिन्न स्टेशनों पर विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत मण्डल के लखनऊ जं., गोरखपुर जं., बस्ती, गोण्डा जं., सीतापुर जं., बहराईच तथा सिद्वार्थ नगर स्टेशनों के परिसर में रेलवे यात्रियों तथा कर्मचारियों के अवलोकनार्थ 'विभाजन की विभीषिका' पर आधारित पॉच दिवसीय (10-14 अगस्त) फोटो प्रदर्शनी लगायी गयी है। फोटो प्रदर्शनी में संस्कृति मंत्रालय द्वारा उपलब्ध कराए गए भारत के विभाजन संबंधी फोटोग्राफ तथा त्रासदी की विभीषिका को विवरण सहित प्रदर्शित किया गया है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन वयोवृद्ध सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभी स्टेशनों पर राष्ट्रगान गाया गया।

# सूचना प्रसारण मंत्रालय व आईटीबीपी ने निकाली हर घर तिरंगा यात्रा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी का आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर देशवासियों से 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों में तिरंगा फ्हराने के आह्वान के क्रम में भारत सरकार के सूचना प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय, केंद्रीय संचार ब्यूरो और पूर्वी सीमान्त मुख्यालय भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल द्वारा लखनऊ के केंद्रीय भवन से कई किमी लम्बी हर घर तिरंगा यात्रा निकाली गयी। पूर्वी सीमान्त मुख्यालय भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के महानिरीक्षक संजय गुंज्याल, उप महानिरीक्षक मनोज कुमार सिंह, केंद्रीय संचार ब्यूरो के संयुक्त निदेशक मनोज वर्मा और पीआईबी के उपनिदेशक डा एमएस यादव ने हर घर तिरंगा रैली का नेतृत्व किया। संजय गुंज्याल ने कहा कि यह मौका इस देश की आजादी के लिए जिन अमर सपूतों ने अपना बलिदान दिया था उन सबको नमन, स्मरण और उनके आदर्शों से प्रेरणा प्राप्त करने का हमारे लिए अवसर लेकर आया है। मनोज कुमार सिंह ने कहा कि हर घर तिरंगा के बारे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्घोष को आगे बढ़ाने के लिये हम सभी सांसदों और युवा नेताओं को इस अभियान में पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लेना चाहिये। एमएस यादव ने कहा कि इस हर घर तिरंगा अभियान की शानदार सफलता के लिये हम सबको मिलकर काम करना होगा। तिरंगा प्रतीक है जो पूरे देश को एकबद्ध करता है। बाइक रैली से लोगों तक यह संदेश ले जाने में मदद मिलेगी कि वे 75वें स्वतंत्रता दिवस पर अपने घरों में तिरंगा लगायें और हर घर तिरंगा के लक्ष्य को पूरा करें।

## कांग्रेस ने निकाली आजादी की गौरव यात्रा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस ने बुधवार को आजादी की गौरव यात्रा निकाली। यात्रा का शुभारंभ महानगर स्थित गोल मार्के पर राजस्थान सरकार के मंत्री व कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर ने हरी झंडी दिखाकर किया। गुर्जर के नेतृत्व में यह गौरव यात्रा महानगर से शुरू होकर विकास नगर स्थित गुलाचीन मंदिर पर समाप्त हुई। धीरज गुर्जर के नेतृत्व में यात्रा में आजादी के ज्ञात व अज्ञात अमर बलिदानियों के गौरव पूर्ण इतिहास को याद किया गया। यात्रा के समापन पर धीरज गुर्जर ने संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के संघर्ष में अमर बलिदानियों का संघर्ष उनकी गौरवगाथा से देश आज भी प्रेरणा लेता है, देश का संविधान, संवैधानिक संस्थाएं व लोकतंत्र को गहरा खतरा सत्ताधारी दल की नीतियों के कारण उत्पन्न होता जा रहा जिसकी रक्षा के लिये कांग्रेस कटिबद्ध है। गुर्जर ने कहा 9 अगस्त की तारीख भारतीय इतिहास में आजादी कि निर्णायक संघर्ष वह तारीख है जब कांग्रेस के आंदोलन ने आंग्रेजो को देश छोड़ने के लिए विवश किया। उस समय भी देश विरोधी ताकतों ने आंग्रेजो से भारत न छोड़ने की अपील की थी जिनकी विचारधारा राष्ट्रध्वज तिरंगे के नमन की नही थी वह देशवासियों को देशभक्ति मत सिखाए।

## नव निर्मित सेमिनार रूम, लाइब्रेरी, म्यूजियम, स्टोर रूम का शुभारंभ



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**किंग** जार्ज चिकित्सा विवि कुलपति ले जनरल डा बिपिन पुरी द्वारा पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग में नव निर्मित सेमिनार रूम, लाइब्रेरी, म्यूजियम, स्टोर रूम एवं विभागाध्यक्ष रूम का शुभारम्भ किया गया। पीडियाट्रिक विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो जेडी रावत ने बताया की नव निर्मित सेमिनार रूम वाई फाई एवं वातानुकूलित होने के साथ इंटरेक्टिव बोर्ड से युक्त है। जिसमे आचार्य विद्यार्थियों की लाइव क्लास ले सकते है। आने वाले समय में इंटरेक्टिव बोर्ड पर विभाग में किये जाने वाले आपरेशनों को भी दिखाया जायेगा। उन्होंने बताया एमसीआई इंस्पेक्शन एवं 27 अगस्त को पीडियाट्रिक सर्जरी का एक्जामिनेशन को मद्देनजर रखते हुए जल्द से जल्द व सुचारू रूप से यह नव निर्माण पूर्ण कराया गया है।

# महिला विधायकों की संख्या कम हो सकती है पर जिम्मेदारी नहीं: महाना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उप्र** विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि महिला विधायक इस बात का प्रयास करें कि वह बार-बार चुनाव जीत कर आए और जनसेवा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का काम करें। विधान सभा अध्यक्ष ने यह भी कहा कि राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के चलते आपको पीछे करने की कोशिश की जायेगी लेकिन आप निडर होकर समाज को दिशा देने का काम करें। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि महिला विधायकों की संख्या कम हो सकती हैं पर उनकी जिम्मेदारी कम नही हो सकती है।

लखनऊ के एक होटल में आयोजित 18वीं विधान सभा के लिए निर्वाचित महिला सदस्यों के साथ करीब तीन घण्टे से अधिक समय तक चले कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिला सदस्यों ने अपनी बातें रखीं जिसका अध्यक्ष ने जवाब देते हुए विधान सभा की कार्यवाही की तकनीकी बातों से उन्हें अवगत कराया। श्री महाना ने कहा कि विधायकों के बारे में आम राय रहती है कि सदन खत्म होते ही उनका काम खत्म हो जाता है लेकिन ऐसा नही है। जनता के प्रति हमारी बड़ी जिम्मेदारी है। इस बात का आप सबको पूरा ख्याल रखना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि महिला सदस्यों की जिम्मेदारी अधिक होती है क्योंकि उन्हें कई तरह की भूमिकाएं निभानी होती है। कोई काम असंभव नही होता है। इसलिए अपने क्षेत्र के काम के लिए सदन में सवाल उठायें। उन्होंने सुझाव दिया कि महिला सदस्य जनता के हित के लिए मंत्रियों को पत्र लिखें और उसका जवाब न मिलने पर इसे विधानसभा में उठाने का काम करें तभी अधिकारियों पर दबाव बनेगा। जितने अधिक प्रश्न लगाये जायेंगे उतनी ही अधिकारियों के सामने आपकी धमक बनेगी। श्री महाना ने कहा कि सदन में हर महिला सदस्य को बोलना चाहिए। इसके लिए जल्द ही एक दिन ऐसा निर्धारित किया जायेगा जिसमे केवल महिला सदस्यों को ही बोलने का मौका मिलेगा। जो महिला सदस्य नही बोलेंगी उनसे भी बोलने का आग्रह करूंगा। अनुपमा जायसवाल ने विधानसभा में हो रहे बदलाव की सराहना करते हुए कहा कि चाहे वह ई.विधानसभा की बात हो अथवा सदन के सदस्यों के जन्म दिन मनाने की बात हो। एक से एक नए कामों से इस बार विधानसभा सदस्यों में एक नया उत्साह देखने को मिल रहा है। कृष्णा पासवान ने कहा कि यह जो नई परम्परा है इसकी जितनी भी सराहना की जाए वह कम है। प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि जनता के साथ घुल मिलकर काम करते रहे तो वह आपके साथ खड़ी रहेगी। रानी पक्षालिका सिंह ने कहा कि पिछले विधानसभा में तो कुछ ज्यादा नहीं सीख पाई पर इस बार काफी कुछ सीखने को मिल रहा है। डा रागिनी ने कहा कि अध्यक्ष हम लोगों को वह गुणसूत्र दे जिसके कारण आप लगातार एक ही क्षेत्र से आठ बार चुनाव जीत रहे हैं। कार्यक्रम में महिला सदस्यों में अर्चना पाण्डेय, अलका सिंह, आशा मौर्या, केतकी सिंह, सरिता भदौरिया, इन्द्राणी देवी, उषा मौर्य, डॉ पल्लवी पटेल, विजमा यादव, सरोज कुरील, रश्मि आर्या, रेखा वर्मा, सलोना कुशवाहा, सरोज सोनकर, मनीषा अनुरागी, डा मंजू शिवाच, विजय लक्ष्मी गौतम, पूनम शंखवार, महाराजी प्रजापति, गीता शास्त्री आदि ने अपने-अपने विचार साझा किये।

## वांछित 50 हजार का ईनामी डकैत गिरफ्तार



**लखनऊ।** एसटीएफ ने मैनपुरी के करहल थाना क्षेत्र में हुई डकैती के साथ हत्या की सनसनीखेज वारदात में शामिल 50 हजार रुपए के इनामी डकैत दिलकुश को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से अवैध हथियार और कारतूस बरामद हुए हैं। अपराधियों की धरपकड़ के लिए मैनपुरी में घूम रही एसटीएफ नोएडा की टीम को सूचना मिली कि करहल थाना क्षेत्र में हुई डकैती के साथ हत्या की घटना का वांछित अभियुक्त और 50 हजार रुपए का ईनामी अपराधी दिलकुश अपने निजी काम से सैफई बायपास के पास आने वाला है। इस जानकारी पर एसटीएफ की टीम ने स्थानीय करहल पुलिस को साथ लेकर बताए गए स्थान पर घेराबंदी करते हुए दिलकुश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दिलकुश ने बताया कि उसके सगे छोटे भाई का नाम भेदू है तथा यह बंजारा जाति से सम्बन्धित है। यह भेदू के साथ पूर्व में पशु तस्करी, घरों में चोरी एवं डकैती आदि की कई घटनाओं को अंजाम दिया है। भेदू उर्फ उलफान एवं अन्य साथियों के साथ मिलकर माह दिसम्बर 2020 में मैनपुरी थाना करहल क्षेत्र में एक डकैती की घटना को दिया था तथा लोगों के जाग जाने पर गृह स्वामियों पर लाठी-डण्डों से वार करके रामनरेश नामक व्यक्ति की हत्या कर दी थी। इस जघन्य घटना के सम्बन्ध में थाना करहल, मैनपुरी पर मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसमें यह वांछित चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपए का पुरस्कार घोषित था। इसी घटना में शामिल इसके छोटे भाई भेदू की गिरफ्तारी के लिए 25 हजार का ईनाम घोषित था। जिसे एसटीएफ नोएडा द्वारा पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। एसटीएफ के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त दिलकुश की अन्य अपराधिक गतिविधियों के सम्बन्ध में जानकारी की जा रही है।

## प्रसपा की 97 सदस्यीय प्रदेश कार्यकारिणी घोषित

**लखनऊ।** प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया (प्रसपा) अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर अपनी पार्टी को नये सिरे से सजाना संवारना शुरू कर दिया है। इस कड़ी में शिवपाल ने मंगलवार को प्रसपा के प्रदेश अध्यक्ष की बागडोर अपने पुत्र आदित्य यादव को सौंपी हैं। नवनियुक्त प्रसपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य यादव ने भी कार्य में तीव्रता दिखाते हुए बुधवार को पार्टी की नई प्रदेश कार्यकारिणी की घोषण्पा कर दी। आदित्य यादव की यह प्रदेश कार्यकारणी 97 सदस्यीय है जिसमें अलीगढ़ के रक्षपाल सिंह और लखनऊ के फरहत हसन खां को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है जबकि अजय त्रिपाठी को प्रदेश प्रमुख महासचिव नियुक्त किया गया है। इसके अलावा 19 प्रदेश महासचिव बनाए गए हैं। प्रदेश कार्यकारिणी में अल्पसंख्यक समुदाय के अलावा सवर्ण, पिछड़े और दलित वर्ग का विशेष ध्यान रखा गया है। लखनऊ के संदीप मौर्य कोषाध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं हालांकि कार्यकारिणी की लंबी चौड़ी लिस्ट में महिलाओं का प्रतिनिधित्व कम है। आदित्य यादव की इस प्रदेश कार्यकारिणी में 12 सचिव बनाए गए हैं। इसके अलावा 21 सदस्यों को भी मनोनयन किया गय है।

## न्याय पंचायत स्तर पर शिक्षक संकुल का गठन

**लखनऊ।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा जनपदों में न्याय पंचायत स्तर पर शिक्षक संकुल का गठन किया गया है। शिक्षक संकुल का उद्देश्य इसके सदस्यों द्वारा अपने विद्यालयों को आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित करते हुये जनमानस के समक्ष एक उदाहरण के रूप में प्रस्तुत करने की आवश्यकता है, जिससे कि समयबद्ध रूप से निपुण लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित की जा सके। मानकों के अनुसार माह जुलाई 2023 में कराये जाने वाले आकलन के आधार पर ही शिक्षक संकल का नवीनीकरण किया जायेगा। इस संबंध में राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय निशातगंज लखनऊ द्वारा सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों के लिए आवश्यक निर्देश जारी कर दिये गये हैं। जारी निर्देश के अनुसार शिक्षक संकुल सदस्यों द्वारा निपुण लक्ष्य का अभिभावकों एवं समुदाय में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये तथा जुलाई 2023 तक निपुण लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु सुनियोजित कार्ययोजना बनायी जाये। राज्य द्वारा निर्गत दिशानिर्देश के अनुसार विद्यालय की समय सारिणी बनायी जाये तथा अनिवार्यतः कक्षा 1 से 3 हेतु भाषा एवं गणित के लिये 3-3 कालांश का शिक्षण कार्य सुनिश्चित किया जाये। कक्षा 1 से 3 के उपयोगार्थ भाषा एवं गणित की आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका में उल्लिखित साप्ताहिक/दैनिक शिक्षण योजना एवं विभिन्न गतिविधियों का कक्षा-शिक्षण में प्रयोग सुनिश्चित किया जाये।

## सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिए सुझाव को दें बढ़ावा

**लखनऊ।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि में बुधवार को इनोवेशन हब की ओर से बुधवार को इन्क्युबेशन सेंटर के मैनेजर्स के लिए दो दिवसीय कार्यशाला स्ट्रेटजी प्लानिंग कैपेसिटी बिल्डिंग फॉर मैनेजर्स इन्क्युबेशन रोडमैप का उद्घाटन हुआ। इस मौके पर कुलपति प्रो प्रदीप कुमार मिश्र ने कहा कि इन्क्युबेशन सेंटर पर तैनात मैनेजर्स की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है। दूसरों को स्टार्टअप और इनोवेशन के लिए तैयार करने के साथ ही इन्क्युबेशन सेंटर को भी आत्मनिर्भर करने का काम मैनेजर्स को करना पड़ेगा। कुलपति ने कहा कि इन्क्युबेशन सेंटर को स्टार्टअप बनाना होगा। मैनेजर्स के लिए यह जरूरी है कि वो प्लानिंग के साथ उसका क्रियान्वयन भी करें। स्थानीय समस्याओं का समाधान देने वाले आइडिया को आगे बढ़ायें। जिससे कि समाज को लाभ मिल सके। हार्वर्ड विवि अमेरिका के नवीन झा ने मैनेजर्स के विभिन्न टिप्स और सुझाव दिये। उन्होंने कहा कि इनोवेशन और स्टार्टअप को आगे ले जाने में इन्क्युबेशन मैनेजर्स की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

## चार बीएसए बदले

**लखनऊ।** शासन स्तर पर बुधवार को चार जिलों में नए बेसिक शिक्षा अधिकारियों की तैनाती की गयी है। इनमें अमेठी के बीएसए अरविंद पाठक को बीएसए वाराणसी बनाया गया है। डायट प्रवक्ता कानपुर नगर संगीता सिंह को अमेठी, सहायक उप शिक्षा निदेशक एससीईआरटी अव्यक्त राम तिवारी को बहराइच, प्रवक्ता कॉलेज ऑफ टीचिंग एजुकेशन लखनऊ कल्पना देवी को बलरामपुर का बीएसए बनाया गया है।

## सुरेश बने माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष



**लखनऊ।** विधान परिषद में नेता शिक्षक दल के रूप में एमएलसी सुरेश कुमार त्रिपाठी को बुधवार को निर्वाचन अधिकारी अमरनाथ द्वारा उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेशीय मंत्री एवं प्रवक्ता डा आरपी मिश्र ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष पद पर सुरेश कुमार त्रिपाठी एवं ध्रुव कुमार त्रिपाठी दो प्रत्याशी थे। आज नाम वापसी के अन्तिम दिन ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने अपना नाम वापस ले लिया। जिसके पश्चात निर्वाचन अधिकारी अमर नाथ यादव ने नियमानुसार एक मात्र प्रत्याशी सुरेश कुमार त्रिपाठी को निविरोध निर्वाचित घोषित किया।

# रिसाइकिल कर नई सड़क का निर्माण किया जाएगा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गन्ना** विकास विभाग द्वारा बनाई जाने वाली सड़कों के निर्माण हेतु नई टेक्नोलाजी पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण रिटगन इन्डिया प्रा. लिमिटेड ग्रुप के प्रतिनिधि चक्रपाणि शेखावत द्वारा अपर मुख्य सचिव चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग संजय आर. भूसरेड्डी के समक्ष बुधवार को गन्ना आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया।

प्रस्तुतीकरण के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए अपर मुख्य सचिव संजय आर. भूसरेड्डी ने बताया कि इस नवीन तकनीक के प्रयोग से ग्रामीण सम्पर्क मार्गों में पूर्व में प्रयुक्त सामग्री को ही रिसाइकिल कर नई सड़क का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस तकनीक के प्रयोग से सड़कों के पुनर्निर्माण में प्रयुक्त होने वाले पत्थर, मौरंग व अन्य खदानों से आने वाली सामग्री की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे प्राकृतिक खनिजों की बचत होगी फलतः उस पर होने वाले व्यय में भी कमी आयेगी।

श्री भूसरेड्डी ने बताया कि इस प्रक्रिया के माध्यम से पर्यावरण प्रदूषण को भी कम किया जा सकेगा। इस नई तकनीक से बनने वाली सड़कें पराम्परागत सड़कों से अधिक मजबूत होगी एवं उनकी भार वहन भी अधिक होगी। नई तकनीक से बनने वाली सड़कों में निर्माण में समय भी कम लगेगा। इस तकनीक से बनने वाली सड़कों का समस्त कार्य चूँकि मशीनों से होगा इसलिए उनकी गुणवत्ता उच्च कोटि की होगी। इस तकनीक में पहले विशेष प्रकार की हाईटेक मशीनें पुरानी सड़कों को खोदेंगी फिर नये तरीके से खुदाई में प्राप्त सामग्री का प्रयोग कर नई सड़कों का निर्माण कार्य शुरू करेंगी। यह सड़कें परम्परागत सड़कों की अपेक्षा जल प्रतिरोधी भी है।

## सीबीसी के एक मुश्त समाधान योजना अब 31 दिसम्बर तक: सहगल

**लखनऊ।** खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित कन्सोर्सियम बैंक क्रेडिट योजना (सीबीसी) के अंतर्गत लिये गये ऋण की अदायगी के लिए लागू एक मुश्त समाधान योजना की अवधि को 31 दिसम्बर तक के लिए बढ़ा दिया गया है। यह जानकारी अपर मुख्य सचिव, खादी एवं ग्रामोद्योग डा. नवनीत सहगल ने दी। उन्होंने बताया कि कोविड 19 महामारी की द्वितीय लहर के संक्रमण फैलने के कारण उद्यमियों एवं इकाइयों को ऋण राशि की अदायगी में हो रही कठिनाई को दृष्टिगत रखते हुए 1 अप्रैल 2021 से 31 दिसम्बर 2021 तक नौ माह के लिए एक मुश्त समाधान योजना लागू की गई थी। प्रदेश के उद्यमी एवं इकाइयां जो इस योजना का लाभ किन्ही कारणों से नहीं ले पाये थे, उनके द्वारा एकमुश्त समाधान योजना की अवधि आगे बढ़ाये जाने का अनुरोध किया जा रहा था। उद्यमियों की मांग के परिप्रेक्ष्य में यह निर्णय लिया गया है।

# बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए आधुनिक तकनीक का हो प्रयोग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** को 24 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति हो, इसके लिए राज्य की विद्युत व्यवस्था को भावी आवश्यकताओं के अनुरूप सुदृढ़ करने तथा वर्ष 2030 तक जीरो कार्बन उत्सर्जन प्राप्त करने के लिए कोयला आधारित उत्पादन प्लांटों पर निर्भता कम करने तथा ग्रीन एनर्जी के लिए अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए आज गोमती नगर के विभूति खण्ड स्थित विद्युत के एस एल डी सी परिसर में यूपी पावर कॉनक्लेव-2022 का आयोजन किया गया। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए आधुनिक तकनीक का प्रयोग किया जायेगा तथा पूरी पारदर्शिता के साथ इसका लाभ लोगों को दिया जायेगा। देश भर से ऊर्जा क्षेत्र के प्रतिनिधियों का इसमें शामिल होना दर्शाता है कि आने वाला समय प्रदेश की ऊर्जा व्यवस्था में सुधार लाएगा और उसे देश में अग्रणी भूमिका में लाएगा। उन्होंने कहा कि आज बिजली लोगों की बेसिक जरूरत बन गई है। लोगों के जीवन में बिजली से महत्वपूर्ण बदलाव आ रहा है। बिजली के वगैर जीवन चलना अब आसान नहीं, इससे प्रत्येक नागरिक की सुविधा जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ऊर्जा की खपत बढ़ेगी तो पूरे देश व दुनिया में इसका असर होगा। हमारे पड़ोसी राज्यों का ऊर्जा उपभोग हमसे अच्छा है। ऊर्जा राज्यमंत्री डॉ सोमेन्द्र तोमर ने इस अवसर पर कहा कि प्रदेश सरकार ने विगत पांच वर्षों में ऊर्जा के क्षेत्र में काफी कार्य किया है, जिसकी देश-भर में प्रशंसा हुई है। सर्वाधिक आबादी वाले प्रदेश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए आधुनिक तकनीक का प्रयोग करते हुए एक सुदृढ़ व्यवस्था बनानी होगी। एसीएस ऊर्जा अवनीश कुमार अवस्थी ने कहा कि ऊर्जा विभाग की पहली प्राथमिकता उपभोक्ताओं को निर्वाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए आपूर्ति के सापेक्ष राजस्व वसूली को बढ़ाना तथा विद्युत व्यवस्था के ढांचे को सुदृढ़ करना आवश्यक है।

आजादी के अमृत महोत्सव के 75 वर्ष के उपलक्ष्य में

# बीजेपी महानगर ने विभिन्न मंडलों में निकाली तिरंगा यात्रा



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मैथिलीशरण** गुप्त वार्ड में हर घर तिरंगा फहराने के संकल्प के साथ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का वितरण भाजपा पार्षद दिलीप श्रीवास्तव द्वारा 27 जुलाई से कराया जा रहा है। पार्षद द्वारा प्रतिदिन 300 घरों में झंडा का वितरण किया जा रहा है। आशा ज्योति केंद्र मंद बुद्धि विद्यालय सी ब्लॉक इंदिरानगर में मंद बुद्धि बच्चों व शिक्षकों को राष्ट्रीय ध्वज का वितरण भाजपा पार्षद दिलीप श्रीवास्तव द्वारा किया गया। आजादी के अमृत महोत्सव पर स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर 14 अगस्त को सायं 5 बजे सामूहिक वंदेमातरम गान, शहीदों को श्रद्धांजलि व जन गण मन का गान कार्यक्रम भूतनाथ मंदिर इंदिरानगर के सामने एडवोकेट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित होगा।

## भाजपा महिला मोर्चा ने चिनहट में निकाली तिरंगा यात्रा



**लखनऊ।** आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा के तहत चिनहट में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस तिरंगा यात्रा का भाजपा नेता व समाज सेविका अपर्णा यादव ने झंडा दिखाकर शुभारंभ किया। तिरंगा यात्रा का आयोजन भाजपा महिला मोर्चा की चिनहट मंडल अध्यक्ष अनुराधा जायसवाल के नेतृत्व में किया गया। नगर महिला मोर्चा अध्यक्ष सीता नेगी, नगर महामंत्री महिला मोर्चा रीना चौरसिया, मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा ग्रामीण कुसुम वर्मा, जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा सुनीता पांडे, रेनू श्रीवास्तव, अर्चना पांडे, रेनू तिवारी, रमावति यादव, मीरा रावत, सीमा दुबे, रेशमा रावत, नीलू दुबे, सोनी निगम, सुमन गुप्ता, सुमन तिवारी, सुनीता रावत, संगीता तिवारी, सर्वेश जयसवाल, सरवन रावत, पप्पू वर्मा सहित काफी संख्या में लोग शामिल रहे।

## हर घर तिरंगा' यात्रा को विधायक आशुतोष टंडन ने किया रवाना

**लखनऊ।** इस्माईलगंज स्थित अरविंदो पार्क से बुधवार को लखनऊ पूर्व मंडल 4 में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस तिरंगा यात्रा को विधायक आशुतोष टन्डन गोपालजी ने रवाना किया। इस तिरंगा यात्रा में भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेश चतुर्वेदी सोनू, तुहिन चतुर्वेदी, अधिवक्ता मनोज पाठक, दिग्विजय नाथ तिवारी, लक्ष्मी शंकर पांडेय, राणा सिंह, राम मोहन अग्रवाल, महिला मोर्चा, युवामोर्चा के अनेक कार्यकर्ता ने जोर-शोर से शिरकत की। इस 'हर घर तिरंगा' यात्रा का समापन रघुवर मैरिज लॉन पर हुआ।

## भाजयुमो ने निकाली तिरंगा यात्रा



**मोहनलालगंज।** आजादी की 75 वीं सालगिरह पर बुधवार को भाजयुमो ने मोहनलालगंज के कालेबीर बाबा मंदिर से गनेश खेड़ा तक तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा की अगुवाई भाजपा विधायक अमरेश कुमार ने की। इस दौरान लोगों को भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने आमजन को हर घर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर भाजयुमो पदाधिकारी मधुर मिश्रा आकाशदीप अवस्थी सदाशिव लोधी शुभम दीक्षित विनोद कुमार रिकी आयुष शर्मा समेत सैकड़ों कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पेज एक का शेष

## नीतीश ने...

की बेटी के. कविता ने कहा कि बिहार की राजनीति ने जो करवट बदली है, वह पूरे देश के लिए सकारात्मक संदेश है, क्योंकि पिछले दरवाजे की राजनीति के युग का मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा बहुत करारा जवाब दिया गया है।। राकांपा प्रमुख शरद पवार ने भाजपा पर अपने क्षेत्रीय सहयोगियों को धीरे-धीरे खत्म करने का आरोप लगाया और नीतीश कुमार के भाजपा से नाता तोड़ने के फैसले का समर्थन किया। शरद पवार ने कहा कि भाजपा नेता नीतीश कुमार की कितनी भी आलोचना करें, लेकिन उन्होंने एक समझदारी भरा कदम उठाया है।

## सरकारी बसों...

ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश की आवश्यकता के साथ वैश्विक परिदृश्य में कहा कि क्या आवश्यकता है? उसके अनुसार हमें अपने इंस्टीट्यूट को तैयार करना होगा। अपनी वर्कशाप को आईटीआई और पॉलिटेक्निक के साथ जोड़कर अधिक से अधिक अभ्यास कराने का प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती सड़क दुर्घटना से होने वाली मौतें हैं। कोरोना जैसी महामारी ने, जिसने दुनिया को पस्त कर दिया, उस दौरान भी हमें मौतों को न्यूनतम रखने में सफलता मिली लेकिन सड़क दुर्घटना के पीछे क्या कारण हैं? इसे हमने ढूंढने और उसके तह में जाने की आवश्यकता है। अगर हम इसमें सफल हो पाएंगे तो निश्चित ही कहीं न कहीं इसे कंट्रोल करने में मदद मिलेगी। योगी ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले कार्यकाल के दौरान तमाम राज्यों से एमओयू किए थे ताकि हमारी बसें बेधड़क दूसरे राज्यों में जा सकें। इंटर स्टेट कनेक्टिविटी को बेहतर करने के लिए बेहतरीन प्रयास करने की आवश्यकता है। जो बसें जर्जर हैं, अपनी आयु पूरी कर चुकी हैं, उन्हें बेड़े से हटाकर फेज वाइज क्रय किए जाने चाहिए ताकि कंडम हो चुकी बसों को बेड़े से बाहर करके नई बसों को शामिल कर सकें। हमारा प्रयास होना चाहिए कि परिवहन निगम की बसें हों या सड़कों पर चलने वाले कोई भी वाहन हों, ड्राइवर की टेस्टिंग हर साल होनी चाहिए। आनलाइन सुविधा देंए ऐसे सेंटर विकसित करें। सीएम ने कहा कि आम आदमी जब घर से बाहर निकलता है, तो सबसे पहले उसका वास्ता हमारे बसों और बस अड्डों से पड़ता है और फिर वह उन साधनों का प्रयोग करके अपने गंतव्य तक पहुंचता है।

## कैशव मौर्य...

सिंह ने उसी तिथि से स्वीकार कर लिया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के जलशक्ति एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री स्वतंत्र देव सिंह को विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने 22 मई 2022 से नेता सदन के रूप में मान्यता प्रदान की थी। इससे पहले डॉ. दिनेश शर्मा उप मुख्यमंत्री के रूप में विधान परिषद में नेता सदन थे। प्रदेश में दोबारा योगी सरकार बनने के बाद बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह को पार्टी आलाकमान ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी थी। योगी सरकार 2.0 में उन्हें कैबिनेट मंत्री पद की शपथ दिलाई गई और बाद में विभाग बंटवारे में उन्हें जलशक्ति विभाग की जिम्मेदारी दी गई थी। वहीं योगी सरकार के पहले कार्यकाल में उन्हें परिवहन विभाग के मंत्री के रूप में जिम्मेदारी मिली थी फि र बाद में उन्हें यूपी बीजेपी का प्रदेश अध्यक्ष बना दिया गया था। सरकार की तरफ से जवाब देने, सभी प्रस्ताव रखने और यहां तक की उच्च सदन में बजट पेश करने का अधिकार नेता सदन का होता है।

## नुपुर के...

के संबंध में दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने के अनुरोध को लेकर दिल्ली उच्च न्यायालय जाने की अनुमति दी और कहा कि भविष्य में दर्ज की जाने वाली सभी प्राथमिकी भी जांच के लिए दिल्ली पुलिस को स्थानांतरित की जाएं। शर्मा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह ने कहा कि उन्हें शीर्ष अदालत के आदेश के बावजूद पश्चिम बंगाल सरकार से समन मिल रहा है। उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी के उस आवेदन को भी खारिज कर दिया, जिसमें अदालत द्वारा नियुक्त विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने का अनुरोध किया गया था। एक टीवी डिबेट शो के दौरान पैगंबर पर शर्मा की टिप्पणी को लेकर देशभर में विरोध प्रदर्शन हुआ था और कई खाड़ी देशों ने तीखी प्रतिक्रियाएं व्यक्त की थीं। इसके बाद भाजपा ने उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया था। उच्चतम न्यायालय ने 19 जुलाई को शर्मा को उनके खिलाफ दर्ज सभी प्राथमिकी के संबंध में 10 अगस्त तक गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण प्रदान किया था। उच्चतम न्यायालय ने पैगंबर मोहम्मद के बारे में विवादित टिप्पणी को लेकर शर्मा को एक जुलाई को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा था कि उनकी (नुपुर) अनियंत्रित जुबान ने पूरे देश को आग में झोंक दिया।

## काले जादू...

दिनों को समाप्त नहीं कर सकता। मुफ्त उपहार देने की राजनीति में शामिल होने को लेकर कुछ विपक्षी दलों पर हमला बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस तरह की चीजें राष्ट्र को केवल नुकसान ही पहुंचाएंगी क्योंकि इससे नई प्रौद्योगिकी में निवेश बाधित होता है। उन्होंने कहा कि कोई अगर स्वार्थ की राजनीति में लिप्त है तो वह मुफ्त पेट्रोल-डीजल का वादा भी कर सकता है। मोदी ने कहा, इस तरह के कदम हमारे बच्चों को उनके हक से वंचित करने और देश को आत्मनिर्भर बनने से रोकने के समान होंगे। इस तरह की स्वार्थी नीतियां देश के ईमानदार करदाताओं पर अधिक बोझ डालेंगी। उन्होंने कहा कि मुफ्त की सौगातें बांटने का वादा करने वालों को नई प्रौद्योगिकियों में निवेश के लिए संसाधन कभी नहीं मिलेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, यह कोई सही नीति नहीं है, बल्कि भ्रामक है। यह राष्ट्रीय हित में नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र के खिलाफ है। यह राष्ट्र निर्माण नहीं, बल्कि देश को पीछे धकेलने का प्रयास है।

## घरेलू हवाई...

सख्ती से लागू किया जाए। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण रिकॉर्ड स्तर तक पहुंचने के बाद एटीएफ की कीमते पिछले कुछ हफ्तों के दौरान नीचे आई हैं। दिल्ली में एटीएफ की कीमत एक अगस्त को 1.21 लाख रुपए प्रति किलोलीटर थी, जो पिछले महीने की तुलना में करीब 14 फीसदी कम है। कोविड-19 महामारी के कारण दो महीने के लॉकडाउन के बाद 25 मई, 2020 को विमान सेवाएं फिर शुरू होने पर मंत्रालय ने उड़ान की अवधि के आधार पर घरेलू हवाई किराए पर निचली और ऊपरी सीमा लगा दी थी। इसके तहत एयरलाइंस किसी यात्री से 40 मिनट से कम की घरेलू उड़ानों के लिए 2,900 रुपए (जीएसटी को छोड़कर) से कम और 8,800 रुपए (जीएसटी को छोड़कर) से अधिक किराया नहीं ले सकती हैं।

## न्यायमूर्ति यूयू...

उच्चतम न्यायालय पहुंचे हैं। इससे पहले, न्यायमूर्ति एस. एम.सिकरी मार्च 1964 में बार से सीधे शीर्ष अदालत तक पहुंचे थे और 1971 में देश के 13वें सीजेआई नियुक्त हुए थे। कानून मंत्रालय की ओर से जारी एक अधिसूचना में कहा गया है, संविधान के अनुच्छेद 124 के उपबंध-दो के प्रावधानों के तहत प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए राष्ट्रपति उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश उदय उमेश ललित को भारत का प्रधान न्यायाधीश नियुक्त करती हैं। उनकी नियुक्ति 27 अगस्त, 2022 से प्रभावी होगी। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पी.के. मिश्रा के साथ न्याय विभाग के शीर्ष अधिकारियों ने न्यायमूर्ति ललित से मुलाकात की और उन्हें नियुक्ति आदेश सौंपा। न्यायमूर्ति ललित मुसलमानों में तीन तलाक की प्रथा को गैर-कानूनी और असंवैधानिक घोषित करने सहित विभिन्न ऐतिहासिक फैसलों का हिस्सा रहे हैं।

## कांग्रेस ने...

लेकिन जुमला जीवी कुछ भी बोलते रहते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री की एक तस्वीर भी साझा की जिसमें वह काले कपड़े पहने हुए और गंगा में डुबकी लगाते देखे जा सकते हैं। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने ट्वीट किया, नरेंद्र मोदी जी, आप इधर उधर की बात न करें, ये बताएं महंगाई बढ़ाकर क्यों लूटा? जनता को काले कपड़ों से गिला नहीं, आपकी रहबरी पर सवाल है।

## स्वतंत्रता दिवस...

ब्राजील, फिजी, इंडोनेशिया, किर्गिस्तान, मालदीव, मॉरीशस, मोजाम्बिक, नाइजीरिया, सेशेल्स, यूएई और उज्बेकिस्तान के 127 कैडेट स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए पहले से ही भारत में हैं। ये युवा लाल किले में मुख्य कार्यक्रम में शामिल होने के अलावा दिल्ली और आगरा के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व के स्थानों का भी दौरा करेंगे।

# उन्नत प्रौद्योगिकियों संग शोध करेगा आईआईटी बीएचयू

## बिजली के क्षेत्र में स्मार्ट ग्रिड और यातायात के क्षेत्र में स्मार्ट परिवहन प्रणाली को लेकर होंगी केंद्रित

● नेशनल साइंस फाउंडेशन, यूएसए और आईडीएपीटी हब फाउंडेशन ने संस्थान की दो परियोजनाओं का किया चयन

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**आईआईटी ( बीएचयू )** बिजली के क्षेत्र में स्मार्ट ग्रिड प्रणाली एवं यातायात के क्षेत्र में स्मार्ट परिवहन प्रणाली और स्मार्ट शहर यातायात प्रबंधन प्रणाली से संबंधित परियोजना के उन्नत प्रौद्योगिकियों संग शोध करेगा। इसके लिए भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा संचालित आई-डीएपीटी हब फाउंडेशन, वाराणसी और यूएसए स्थित नेशनल साइंस फाउंडेशन (एनएसएफ यूएसए) सहयोग करेंगे जो इन परियोजनाओं में उभरती प्रौद्योगिकियों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस, एज कंप्यूटिंग, ऑगमेंटेड रियलिटी आदि पर केंद्रित होगा।

यह जानकारी देते हुए संस्थान के निदेशक प्रोफेसर प्रमोद कुमार जैन ने बताया कि भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका ने दोनों देशों के अनुसंधान समुदाय को सहयोगात्मक अनुसंधान के लिए प्रोत्साहित करने के लिए हाथ मिलाया, जो पारस्परिक सामाजिक और आर्थिक लाभ के लिए नई प्रौद्योगिकियों, उपकरणों और प्रणालियों के विकास में तेजी लाएगा। इसके अंतर्गत आईडीएपीटी हब फाउंडेशन, आईआईटी (बीएचयू) और नेशनल साइंस फाउंडेशन, यूएसए (एनएसएफ यूएसए) द्वारा बिजली, हेल्थकेयर, सड़क परिवहन, दूरसंचार आदि जैसे क्षेत्रों में डेटा एनालिटिक्स और प्रेडिक्टिव टेक्नोलॉजी की उन्नति के लिए काम कर रहे संभावित शोधकर्ताओं आमंत्रित आवेदनों में से से आवेदन आमंत्रित किए। कड़े प्रयासों के बाद एनएसएफ और आईडीएपीटी हब फाउंडेशन द्वारा प्राप्त आवेदनों की स्क्रीनिंग के दौर में, आईआईटी (बीएचयू) से दो परियोजना प्रस्तावों को अनुदान के लिए स्वीकृत किया गया है। अन्य स्वीकृत परियोजना स्मार्ट परिवहन प्रणाली और स्मार्ट शहर यातायात प्रबंधन प्रणाली से संबंधित है जो शहर की सड़कों पर भीड़भाड़ को कम करेगी और वायु प्रदूषण, कार्बन-फुटप्रिंट को कम करेगी। प्रस्तावित परियोजना में मशीन लर्निंग को आईओटी और 5जीके साथ जोड़ा गया है जिससे मानव जनित दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। स्मार्ट परिवहन भी अत्यधिक लागत प्रभावी होगा।

### प्रो. सुधीर कुमार जैन को मिला आईआईटी रुड़की का विशिष्ट पुरा छात्र सम्मान



**वाराणसी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की ने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन, जो यूनिवर्सिटी ऑफ रुड़की (अब आईआईटी रुड़की) के पुरा छात्र हैं, को विशिष्ट पुरा छात्र सम्मान (डीएए)-2018 से विभूषित किया है। यह सम्मान उन्हें अकादमिक क्षेत्र में उनके नेतृत्व के साथ उनकी उत्कृष्ट भूमिका के लिए दिया गया है। आईआईटी रुड़की के निदेशक प्रोफेसर अजीत के चतुर्वेदी ने 10 अगस्त, 2022 को सीनेट हॉल में प्रोफेसर जैन को पुरस्कार प्रदान किया। इस समारोह में संस्थान के संकाय सदस्यों, छात्रों और कर्मचारियों की उपस्थिति थी। प्रोफेसर जैन 12 साल से अधिक समय तक आईआईटी गांधीनगर के निदेशक रहे। वे वर्तमान में काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी, के कुलपति हैं।

# विवेकानंद और कलाम से सीख लें छात्रः स्वामी निखिलेश्वरानंद

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**आजादी** के अमृत महोत्सव पर रामकृष्ण अद्वैत आश्रम द्वारा विवेकानंद सभागृह में सम्मेलन में बुधवार को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संयुक्त सचिव डॉ0 मयंक नारायण सिंह ने बच्चों के कैरियर उन्मुखीकरण किया। वर्तमान परिपेक्ष में छात्रों को उपलब्ध विभिन्न कैरियर विकल्पों से अवगत कराते हुए उन्होंने उनका मार्गदर्शन किया। छात्रों ने प्रश्नोत्तर के माध्यम से अपनी कैरियर समस्याओं का निदान पाया। विश्व के सुप्रसिद्ध वक्ता व रामकृष्ण मठ, राजकोट के अध्यक्ष स्वामी निखिलेश्वरानंद जी ने जीवन जीने की कला विषय पर अपना वक्तव्य रखा। उन्होंने अपने व पूर्व राष्ट्रपति डॉ0 कलाम की मित्रता का उल्लेख करते हुए स्वतंत्रता संग्राम में परोक्ष से स्वामी विवेकानंद की भूमिका का जिक्र किया। आगत अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह् व अंग वस्त्रम् देकर आश्रम अध्यक्ष स्वामी विश्वात्मानंद ने किया। इससे पूर्व सर्वप्रथम वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य दीप-प्रज्जवलन व राष्ट्र गीत वन्दे मातरम् के साथ प्रारंभ किया। इस कार्यक्रम विभिन्न शिक्षण संस्थाओं से 200 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। भारतीय स्वतंत्रता पर बीएचयू के शोधार्थी तीर्थ गांगुली ने वक्तव्य रखा। कार्यक्रम समीक्षा देवाशीष दास ने तथा धन्यवाद ज्ञापित स्वामी राजेन्द्रानंद ने किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन उत्कर्ष चौबे ने किया। उक्त अवसर पर छात्रों के बीच विवेकानंद साहित्य का वितरण किया गया।

# रिहंद में हर घर तिरंगा अभियान के तहत बांटे गए झंडे



**बीजपुर/सोनभद्र।** एनटीपीसी रिहंद स्थित प्रशासनिक भवन के प्रेक्षागृह में बुधवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत नैगम सामाजिक दायित्व की ओर से स्टेशन के समीपवर्ती ग्राम सभा डोड़हर बीजपुर एवं सिरसोती के ग्राम प्रधानों को झंडे वितरित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित महाप्रबंधक ओ एंड एम ए के चट्टोपाध्याय ने परंपरागत ढंग से किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान बीजपुर को 1000 झंडे ग्राम प्रधान डोड़हर को 800 झंडे एवं ग्राम प्रधान सिरसोती को 500 झंडे दिये गए। इसके अतिरिक्त रिहंद परिसर के सभी विद्यालयों को भी राष्ट्रिय ध्वज दिये गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाप्रबंधकगण अपर महाप्रबंधकगण उप महाप्रबंधकगण वरिष्ठ प्रबंधकगण ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत के सदस्यों के साथ अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कार्यपालक नैगम सामाजिक दायित्व मोक्षदा जोगी नें किया।

### सेनानियों के बलिदान को भूला नही जा सकताः विधायक

**सकलडीहा चन्दौली ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव के निर्देश पर क्रांति दिवस से शुरू हुई तिरंगा यात्रा बुधवार को सेनानी स्मृति स्थल पर समाप्त हुई। इस दौरान सपा विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव ने सकलडीहा डाण् आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करते हुए पैदल तिरंगा झंडा के साथ बरठी सेनानी स्थल पहुंचे। इस दौरान आजादी की लड़ाई में संघर्ष और बलिदान देने वाले सेनानियों के परिवार को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सपा विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव ने कहा देश में क्रांति दिवस के रूप में आजादी का महोत्सव मनाया जा रहा। हमे गर्व है कि हम आजादी के रंण बांकुरों को याद करते हुए उन्हें और उनके परिवार को सम्मान दे सके। तिरंगा यात्रा के दौरान सैकड़ों कार्यकर्ता डाण् आम्बेडकर की प्रतिमा को माल्यापर्ण करते हुए तिरंगा झंडा के साथ पैदल सकलडीहा कस्बा से होते हुए पदुमनाथपुरए तेनुवटए चतुर्भुजपुर और बरठी सेनानी स्मृति स्थल पर समापन हुआ।

# रक्षा बंधन को लेकर बाजारों में दिखा जबरदस्त उत्साह

**संवाददाता।** मऊ



**भाई-बहन** के प्रेम का त्योहार रक्षाबंधन को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह दिखाई दे रहा है। हालांकि रक्षा बंधन पर्व इस बार दो दिन गुरुवार व शुक्रवार को मनाया जाएगा। रक्षा बंधन पर्व को देखते हुए बुधवार को बाजार पूरी तरह से गुलजार रहा। बाजार में राखीए मिठाईए गिफ्ट आदि की दुकानों पर काफी भीड़ दिखाई दिया। बाजार में बहनें विभिन्न प्रकार की रंग.बिरंगी राखी की खरीददारी करती हुई देखी गईं। उधर रक्षा बंधन पर्व को देखते हुए बाजार में सुरक्षा व्यवस्था के भी काफी पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

कोविड काल के दो साल के लम्बे अंतराल के बाद इस बार रक्षा बंधन पर्व को लेकर नगर समेत ग्रामीण अंचलों में जबरदस्त उत्साह दिखाई दे रहा है। हालांकि इस बार रक्षा बंधन पर्व 11 एवं 12 अगस्त को मनाया जाएगा। रक्षा बंधन पर्व को देखते हुए बुधवार को नगर क्षेत्र स्थित मुंशीपुराए आजमगढ़ मोड़ए गाजीपुर तिराहाए मिर्जाहादीपुराए सदर चौकए रौजा बाजार आदि स्थानों पर राखी की रंग.बिरंगी दुकानों पर काफी संख्या में लोग खरीददारी के उमड़े हुए दिखाई दिए। इस बार बाजार में दस रुपए से राखियों की कीमत शुरू है। बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर और खिलौने वाली राखियां भी बाजार में खूब बिक्री किया गया। वहींए चंदन की खुशबू वाली राखियों की भी काफी बिक्री हुआ। दुकानदारों का कहना है कि कोरोना के कारण पिछले दो साल का सीजन ठीक नहीं रहा। इस बार दुकानदारों को अच्छी बिक्री की उम्मीद है।

### बीते वर्ष की अपेक्षा इस बार अच्छा हुआ कारोबार

**मऊ।** दुकानदारों ने बताया कि बीते वर्ष लॉकडाउन के बाद कोरोना कर्फ्यू और संक्रमण को देखते हुए रक्षाबंधन का पर्व फीका रहा थाए लेकिन इस बार बाजारों में रौनक काफी रहा। राखियों के अलावा बहनों ने नए परिधान की खरीददारी किया। सूती सूट व कैटवॉक साड़ी की मांग ज्यादा रहाए जिसकी कीमत 500 से 1500 रुपए हैं। सबसे ज्यादा भीड़ आजमगढ़ मोड़ए गाजीपुर तिराहा आदि स्थानों पर खरीददारी के लिए लोगों में काफी उत्साह दिखाई दिया। दुकानदार रामचंद्रए राजेश गुप्ताए संजय गुप्ता ने बताया कि रक्षा बंधन को लेकर पिछले वर्ष की अपेक्षा इस बार बिक्री अच्छी हुआ है।

### आर्य महिला हितकारिणी महापरिषद ने तिरंगा फहराने को किया जागरूक

**वाराणसी।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर श्री आर्य महिला हितकारिणी महापरिषद द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत पांचों संस्थाओं की शिक्षक शिक्षिकाओं तथा गैर शिक्षण कर्मचारी को झंडा वितरण किया गया। इसकी शुरुआत श्री आर्य महिला हितकारिणी महापरिषद संरक्षक महासभा के ज्वाइंट चीफ सेक्रेट्री श्री अंबरीश अग्रवाल तथा प्राचार्या प्रोफेसर रचना दुबे, प्रधानाचार्य डॉ प्रतिभा यादव, प्रधानाचार्या श्रीमती अंजना दीक्षित, बाल विभाग की प्रधानाचार्या संगीता मिश्रा, आर्य महिला उच्च शिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद विश्वकर्मा को तिरंगा झंडा प्रदान कर की। इस मौके पर महापरिषद संरक्षक व महासभा के ज्वाइंट चीफ सेक्रेट्री अंबरीश अग्रवाल ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान को पूरा करने को सब स्वेच्छा से आगे आएं।

# देश हमारे लिए सर्वोपरिः एन नागेश

● राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत करने को निकाली गई तिरंगा बाइक रैली

**संवाददाता।** सोनभद्र



**हमारा** देश इस साल अपना 75वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। आजादी के अमृत महोत्सव को सफल बनाने के उद्देश्य से रेनुकूट स्थित हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड में भी हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को हिंडाल्को कॉलोनी परिसर में विशाल बाइक रैली का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में बाइक सवार हिण्डाल्को परिवार के सदस्यों ने भाग लिया। हिण्डाल्को के मुखिया क्लस्टर हेड एन नागेश मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह फैब्रिकेशन हेड बीजे एलेक्जेंडर एलुमिना हेड एन एन रॉय रिडक्शन हेड जे पी नायक ने तिरंगा लहरा कर बाइक रैली को प्रारंभ कराया। इसके पूर्व कॉलोनी परिसर में एकत्रित हुए कॉलोनीवासियों ने देशभक्ति के नारे लगाए तथा पूरे जोश के साथ आजादी के अमृत महोत्सव के जश्न मे अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। इस अवसर पर श्री नागेश एवं श्री जसबीर ने कॉलोनी व आस पास के रहवासियों के मध्य तिरंगा झंडा वितरित किया। तत्पश्चात् तिरंगे के रंग के गुब्बारे आकाश में छोड़ कर शांति एवं देशभक्ति का संदेश दिया। इस अवसर पर एन नागेश ने कहा कि लोगों में देश भक्ति और जन सेवा के लक्ष्य के साथ राष्ट्र प्रेम की भावना जगाने के उद्देश्य से तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा, देश हमारे लिए सर्वोपरि है। साथ ही बताया कि केंद्र सरकार के निर्देशानुसार आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत में हर घर तिरंगा अभियान 13 से 15 अगस्त, 2022 तक आयोजित किया जाएगा जिसमें हिण्डाल्को प्रबंधन अपनी भागीदारी को सुनिश्चित करते हुए कॉलोनी से लेकर प्लांट परिसर व कंपनी के प्रत्येक ऑफिस में तिरंगा फहराया जाएगा। हिण्डाल्को प्रबंधन द्वारा हजारों तिरंगे घर-घर वितरित किये गए हैं। देश की शान में हिण्डाल्को परिवार हर घर तिरंगा अभियान में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। गौरतलब है कि तिरंगा बाइक रैली हिण्डाल्को कॉलोनी परिसर में अनुशासित ढंग से निकाली गई जिसे कॉलोनीवासियों ने देशभक्ति के नारे लगाते हुए सलामी दी।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर में निकाली गौरव यात्रा

**चकिया चन्दौली ।** आजादी के 75 वें वर्ष के उपलक्ष्य में आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आज तहसील मुख्यालय के गांधीपार्क से कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने गौरव यात्रा निकाली। बता दें कि विधानसभा क्षेत्र के अलावा जिले से आये कार्यकर्ता दोपहर एक बजे गांधीपार्क में इकट्ठे होकर गांधी जी के मूर्ति पर माल्यार्पण करने के बाद यात्रा को पूरे नगर में घुमाये तथा लौटने पर राष्ट्रगान आयोजित कर यात्रा को समाप्त किए। बता दें कि विधानसभा क्षेत्र के अलावा जिले से आये कार्यकर्ता दोपहर एक बजे गांधीपार्क में इकट्ठे होकर गांधी जी के मूर्ति पर माल्यार्पण करने के बाद यात्रा को पूरे नगर में घुमाये तथा लौटने पर राष्ट्रगान आयोजित कर यात्रा को समाप्त किए.इस मौके पर जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारीएविजय त्रिपाठीएमधु रायएरामजी गुप्ताएसतीश बिंदएराधेश्याम गुप्ताएजगदीश तिवारीएविनोद सिंह गणितएराममूरत गुप्ताएश्री प्रकाश मिश्रा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्वतन्त्रता दिवस के पूर्व जिले को मिला पहला प्रशिक्षण केन्द्र



**मिर्जापुर।** स्वतन्त्रता दिवस के चार दिन पूर्व ही जिले को एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र की सौगात मिली है। इस आशय की जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने दी। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि प्रदेश स्तर से पिछले छ माह पूर्व ही एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मड़िहान के अन्तर्गत बनाया जा रहा था। जो 15 अगस्त के चार दिन पूर्व ही बनकर तैयार हो गया और सेन्टर का उद्घाटन बुधवार को पूर्व उर्जा मंत्री एवं क्षेत्रीय रमाशंकर पटेल ने प्रातः 11 बजे किया। उद्घाटन के समय केन्द्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी समेत तमाम स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। विधायक रमाशंकर पटेल ने कहा कि यह जिले की सबसे बड़ी उपलब्धि है क्योकि इसके पूर्व में जिले में कोई ब्लाक स्तरीय प्रशिक्षण केन्द्र नही था इसके खुल जाने से स्वास्थ्य के क्षेत्र में और मजबूती आयेगी। इस सेन्टर में 50 एएनएम को एक साथ बैठाकर प्रशिक्षण दिया जा सकता है। वर्तमान में 34 एएनएम को प्रशिक्षण देने का कार्य किया जायेगा। 15 अगस्त के बाद प्रशिक्षण मिलना शुरू हो जायेगा।

जिला कार्यक्रम प्रबन्धक अजय सिंह ने बताया कि यह सेन्टर मुख्यालय से 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। सेन्टर में एक प्रशिक्षण हाल के अलावा पांच कमरे है जिसमें रूकने की सम्पूर्ण व्यवस्था है। इस समय 34 एएनएम शासन स्तर से नियुक्ति की गई है। उनके प्रशिक्षण का कार्य जल्द शुरू कर दिया जायेगा इसके साथ ही जिले में कार्यरत आशा के 20 प्रतिशत को प्रोन्नति करते हुए एएनएम बनाया गया है उनको तीन शिफ्ट में इसी केन्द्र पर प्रशिक्षण देने का कार्य किया जायेगा। इस सेन्टर पर दो प्रशिक्षक के अलावा चपरासीए दो क्लर्कए की भी नियुक्ति प्रदेश स्तर से किया गया है। इसके अलावा अन्य ब्लाक पर प्रशिक्षण केन्द्र खोलने का विभाग की ओर से प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।

# हर घर तिरंगा रैली का किया आयोजन, बच्चों को बांटे झंडे



**बीजपुर/सोनभद्र।** भारत की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर भारत सरकार द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव मनाए जाने के निर्देशों के अनुपालन में एवं बल मुख्यालय के आदेश के तहत अमृत महोत्सव को यादगार बनाने के लिए 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सीआईएसफके रिहंद इकाई बल के जवानों द्वारा उप समादेष्टा प्रदीप कुमार के नेतृत्व में बुधवार को लाईन से बीजपुर बाजार व महुआबारी बस्ती होतो हुए सिरसोती पूर्व माध्यमिक विघालय तक हर घर तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। विद्यालय के उपस्थित सभी छात्र छात्रऔ को तिरंगा झंडा वितरण कर तिरंगा झंडा के बारे में अवगत भी कराया रैली के दौरान सीआईएसफ जवानों द्वारा भारत माता की जय वंदे मातरम जय हिंद मेरा देश का शान हर घर तिरंगा अभियान भारत का शान तिरंगा हर घर का पहचान तिरंगा हर घर तिरंगा फहराना है देश का मान बढाना है विजई विश्व तिरंगा प्यारा झण्डा उच्चा रहे हमारा के उद्घोष नारे लगाए गए। इस अवसर पर निरीक्षक एमपी यादव, एसके सिंह, मुकेश चौधरी, अवधेश कुमार व सीआईएसएफइकाई आरएचएसटीपीपी रिहन्द के अन्य अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान मौजूद रहे।

### आईएमए ने किया 'कोरोना हारेगा, देश जीतेगा' पुस्तक का विमोचन

**वाराणसी।** कोरोना हारेगा देश जीतेगा पुस्तक का विमोचन कल इण्डियन मेडिकल एसोसियेशन के आप के स्वास्थ्य कार्यालय में किया गया!जैसा कि हम जानते हैं कोरोना की रिकवरी दर बढी है और पाजीटिवटी दर लगभग नगण्य के बराबर है ,इस समय संक्रमण दर लगभग नगण्य हैं और नो मास्क ज़ोन अब देश हो चुका है केवल कुछ आवश्यक जगह ही मास्क का प्रयोग हो रहा है । कोविड -19 के मरीज़ जब कभी भी वायरल फीवर का समय होगा उस समय यदि आप जाँच करायेंगे तो होने की उम्मीद हो सकती है। चूँकि देश में हर्ड ईम्युनिटि विकसित हो चुकी है और लगभग प्रत्येक व्यक्ति को टीकाकरण हो चुका है तो यह मान के चलिये की कोरोना हार गया है और देश जीत गया है ,प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अथक प्रयास एवम् कुशल प्रशासन के चलते हम कोरोना पर विजय प्राप्त कर चुके है।

# भजन कीर्तन के साथ बरैला महादेव का हुआ श्रृंगार

**संवाददाता।** सोनभद्र



**सावन** के आखिरी बुद्धवार को प्रत्येक वर्ष होने वाला बरैला महादेव का दो दिवसीय श्रृंगार महोत्सव बाबा भोले नाथ श्रृंगार समिति सोनभद्र द्वारा आयोजित किया गया। स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव का ध्यान रखते बाबा भोले नाथ को तिरंगा साफा बाधां गया, तिरंगे और फूल से श्रृंगारित महादेव अपनी अनुपम छंटा बिखेर रहे थे। श्रद्धालु भक्तो का महादेव का दर्शन पूजन का क्रम चलता रहा। इस दौरान भजन कीर्तन कजरी का गायन कार्यक्रम कलाकारो द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसमे गायको ने शिव शम्भू जय जय त्रिपुरारी जटा जूट मे गंगा धारी भक्त लगाते आस तुम्हारी जय-जय काल तथा जय शंकर चन्द्रभाल गंगाधर कन्ठ व्याल कलानाथ आशुतोष काटो भवबन्ध जाल और बरइला बाबा के भईल श्रृंगार बा सावनी फुहार बाना हर-हर शम्भु शम्भु देव महादेवा शम्भु शम्भु जैसे अनेक भजन कीर्तन गाये गये जिससे माहौल आध्यात्मिक बना रहा। देर रात्रि तक श्रद्धालु भक्तो का तांता लगा रहा। इस दौरान बुदियां हलवा पूड़ी चना मालपुआ जलेबी इत्यादि का प्रसाद भक्तों में वितरित होता रहा। 11 अगस्त बृहस्पतिवार को दोपहर बाद भव्य हवन और महाप्रसाद वितरण के साथ बरैला महादेव के दो दिवसीय श्रृंगार महोत्सव का समापन होगा। श्रृंगार कार्यक्रम में पूर्व चेयर मैन विजय कुमार जैन समिति के संयोजक विकास वर्मा राजेन्द्र केशरी संजय जायसवाल श्याम सुन्दर केशरी मुन्नू पहलवान केदार प्रशान्त गुप्ता गिरीश पाण्डेय अशोक विश्वकर्मा अमित वर्मा संदीप चौरसिया अशोक श्रीवास्तव संगम गुप्ता विजय कान्त मिश्रा तिलक सोनी हरिहर केशरी श्रवण कुमार अजय सिंह किशन केशरी संदीप केशरी सोनू प्रद्युम्न तिवारी देवाशीष इत्यादि सहयोगी समाजसेवी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मोबाइल चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल



**डाला/सोनभद्र।** स्थानीय चौकी क्षेत्र के नई बस्ती से बीते दिनों हुई चोरी कि तहरीर मिलते ही मंगलवार को मुकदमा पंजीकृत कर चोरी गई तीन मोबाइल के साथ पुलिस ने बुधवार की सुबह एक आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बताया गया कि चोरी की घटना के पीड़ित बुल्लू यादव पुत्र स्वर्गीय श्रीराम यादव निवासी नई बस्ती के द्वारा दी गई तहरीर में लिखा गया कि खुद की सैमसंग मोबाइल जेटू व पैसा चोरी हो गया था। तहरीर मिलते ही चोपन थाना पर मुकदमा पंजीकृत कर चोर की तलाश पुलिस द्वारा की जा रही थी। उसी दौरान पता चला कि आरोपी कहीं जाने कि फिराक में खदान वाले मोड़ पर खड़ा है। सूचना को सत्य मानकर चोपन थाना निरीक्षक लक्ष्मण पर्वत पुलिस टीम के साथ सुबह आठ बजकर बीस मिनट पर मौके पर जा पहुंचे। जंहा से पुलिस टीम ने चोरी के आरोपी संजीव उर्फ सोनू रावत पुत्र सुखदेव रावत निवासी सेवा सदन हीरो एजेंसी के पास को तीन अदद मोबाइल व 1170 रुपए नगद के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना निरीक्षक के साथ डाला चौकी प्रभारी सुरेश चन्द्र द्विवेदी, हेड कांस्टेबल आलोक पांडेय शामिल रहे।

# बिहार में उलट-फेर

## नीतीश का पालाबदल

**नीतीश** कुमार ने राजद और कांग्रेस से हाथ मिला लिया है, पर यह देखना होगा कि इस घटनाक्रम का क्या राष्ट्रीय प्रभाव होगा। दूसरी बार भारतीय जनता पार्टी से रास्ता अलग करने के फौरन बाद नीतीश कुमार में बिहार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। लेकिन यह इस्तीफा एक हल्का ठहराव था क्योंकि वे जल्द ही उसी पद पर फिर वापस आ गए, भले ही इस बार उनका गठबंधन भाजपा की प्रतिद्वंद्वी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल-राजद से है। दोनों पार्टियों के साथ उनके संबंधों का मूल आधार विशुद्ध राजनीति रही है, हालांकि उन्होंने इसके लिए बहाने तलाशे तथा संवेदनशीलता के साथ एक या दूसरी पार्टी से दोस्ती कायम की। लेकिन वास्तव में इसके पीछे यह मूल बात नहीं बदली कि उनको बिहार का मुख्यमंत्री बनना है। इस बार बहाना नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल युनाईटेड-जदयू के पूर्व नेता आरसीपी सिंह को बनाया गया है जिन पर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का मुहरा बनने का आरोप लगाया गया था। जदयू ने उन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया जिसके चलते उनको पार्टी छोड़नी पड़ी। हालांकि, नीतीश कुमार व भाजपा के बीच पिछले काफी समय से तनाव बन रहा था। इसके पहले प्रख्यात स्वर्गीय दलित नेता राम विलास पासवान के बेटे चिराग पासवान का मामला था। चिराग पासवान की पार्टी ने 2020 विधानसभा चुनाव में में उन सीटों पर उम्मीदवार खड़े किए जहां जदयू चुनाव लड़ रही थी। हालांकि, चिराग पासवान की पार्टी को ज्यादा लाभ नहीं हुआ पर जदयू को भारी नुकसान हुआ और उसकी सीटों की संख्या 70 से घट कर 45 से नीचे चली गई। जदयू अध्यक्ष ने इसे 'चिराग माडल' कहा है। इसके साथ ही जातीय गणना का मुद्दा भी है। भाजपा इसे



हिंदू समाज को बांटने वाला मानती है तथा इसे अत्यधिक नापसंद करती है जो इस पार्टी का मजबूत जनाधार है।

भाजपा के विरोधी मानते हैं कि जदयू में विभाजन उसकी रणनीति का प्रमुख हिस्सा था और इस बारे में उचित समय की प्रतीक्षा थी। वह राज्यों में क्षेत्रीय सहयोगियों को कमजोर करना चाहती है तथा उनमें विघटन के बीज बोना चाहती है। वे इस बारे में पंजाब व महाराष्ट्र की ओर संकेत करते हैं। वे सही हो सकते हैं, लेकिन यह भी एक तथ्य है कि सुशील कुमार मोदी जैसे नेताओं को पिछले कुछ वर्षों में हाशिए पर धकेल दिया गया था जिन्होंने गठबंधन चलाने में केन्द्रीय भूमिका निभाई थी। जो भी हो, नीतीश कुमार का राजद और कांग्रेस से हाथ मिलाना भाजपा के लिए अच्छी खबर नहीं है। एक बड़े राज्य और वह भी भाजपा के मजबूत समझे जाने वाले हिंदी हृदय प्रदेश में महागठबंधन भ्रमित, बिखरे व टुकड़ों में बंटे विपक्ष के लिए बहुप्रतीक्षित संजीवनी की तरह है। वर्तमान समय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के सबसे कद्दावर नेता हैं और कोई उनके करीब भी नहीं है। इसके साथ ही भाजपा की चुनाव मशीनरी मजबूत, गतिशील व प्रभावशाली है। लेकिन ऐसी लाभदायक स्थितियों से सुस्ती आ सकती है। इसलिए अब भाजपा को देखना होगा कि विपक्ष की राजनीति किस करवट बैठती है। क्या नीतीश कुमार 2024 के आम चुनाव में भाजपा को चुनौती देने की स्थिति में होंगे? शायद वे 'सेक्युलर' चुनौती न हों क्योंकि वे बहुत लंबे समय तक भाजपा के सहयोगी रहे हैं। इसके बावजूद उनको अनुभव है और वे मोदी का मुकाबला करने के लिए सही पृष्ठभूमि, यानी ओबीसी समुदाय से आते हैं। इस बारे में संभावना का अनुमान लगाना जल्दबाजी होगी कि तब क्या होगा, लेकिन निश्चित रूप से 2024 का चुनाव दिलचस्प हो जाएगा।

# विश्व ऊर्जा बाजार में अनिश्चितता

भारत को ऊर्जा सुरक्षा के मामले में सतर्कता बरतनी होगी क्योंकि विश्व व्यवस्था में फासिल ईंधनों के बारे में अनिश्चितता व्याप्त है।



**शिवाजी सरकार**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



**विश्व** ऊर्जा बाजार में अस्थिरता, मूल्यों में उतार-चढ़ाव तथा सप्लाई की अनिश्चितता से भारत की ऊर्जा सुरक्षा प्रभावित हो सकती है। इसका पहला प्रभाव गेल पर पड़ा है। इसके बाद रूस ने एलएनजी समझौते में मांग की कि उसे भुगतान यूएई दिरहम में होनो चाहिए जिसका आंकलन डालर के आधार पर होगा। गेल की समस्या का कारण जर्मन ऊर्जा नियामक के कारण है जिसने गैजप्रोम जर्मेनिया का अधिग्रहण कर लिया जो उद्योगों को सप्लाई व गैस भंडारण पर नियंत्रण करता है। यह कदम गैजप्रोम द्वारा सहायक कंपनी के स्तर से अलग हटने पर उठाया गया ताकि वह बिना प्रतिबंधों को आकर्षित किए बिजनेस कर सके। इसके कारण 2012 में 25 साल तक प्रति वर्ष 2.5 मिलियन टन एलएनजी सप्लाई में पांच कार्गो की कमी से प्रभावित होना है। इसके साथ ही अप्रैल में रूसी तेल की सप्लाई पर प्रभाव पड़ा जो भारत की कुल तेल खरीद में 10 प्रतिशत का हिस्सेदार है। रूसी तेल का 40 प्रतिशत निजी रिफाइनरियों के माध्यम से खरीदा जाता है जिसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज़ व रोज़नेफ्ट समर्थित नायरा इनर्जी शामिल हैं। रूसी रोज़नेफ्ट दो भारतीय सरकारी रिफाइनरियों-बीपीसीएल व हिंदुस्तान पेट्रोलियम को ठीक से सप्लाई नहीं कर रहा है क्योंकि उसने दूसरे ग्राहकों को तेल बेचने की प्रतिबद्धता की है। सप्लाई बंद होना गेल के लिए समस्या है जो देश की कुल एलएनजी आवश्यकता की 50 प्रतिशत जरूरतें पूरी करता है। उसे रूस द्वारा गैज़प्रोम मार्केटिंग एंड ट्रेडिंग को सप्लाई बंद करने के कारण समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जो गैज़प्रोम जर्मेनिया व अन्य सहायक कंपनियों को भविष्य में सप्लाई के अनुबंधों से बंधा है। वह यमाल एलएनजी सुविधा से सप्लाई किया करता था। रूस द्वारा सप्लाई बंद करने के बाद गैज़प्रोम जीएमएंडटी ने शुरुआत में अन्य अंतरराष्ट्रीय वितरकों से सप्लाई के माध्यम से काम चलाने का प्रयास किया।

लेकिन दाम 40 डालर प्रति यूनिट तक बढ़ने तथा यूरोप के आकर्षक बनने के बाद उसने गेल की सप्लाई को लटका दिया। वास्तव में दाम इतने अधिक हैं कि गैज़प्रोम जर्मेनिया को टेक-आर-पे प्राविधान के अंतर्गत मुआवजे के भुगतान के बावजूद मुनाफा हो रहा है। ऐसे में गेल के सामने कानूनी रास्ते का विकल्प है, पर इसमें अनेक बाधायें हैं। इसमें सालों लग सकते हैं तथा इससे भारतीय ग्राहकों की समस्या भी हल नहीं होगी। गेल का अमेरिका से आस्ट्रेलिया सप्लाई का दीर्घकालीन द्रव प्राकृतिक गैस-एलएनजी सप्लाई अनुबंध है। इससे घरेलू सप्लाई की जा सकती है लेकिन वर्तमान स्थितियों में इस पर खर्च थोड़ा अधिक होगा। युद्ध के पहले अमेरिकी एलएनजी पर खर्च स्पाट या खुले बाजार में उपलब्ध गैस की कीमत का एक तिहाई होता था।

गेल ने अमेरिकी सप्लायरों से प्रति वर्ष 5.8 मिलियन टन एलएनजी सप्लाई का अनुबंध किया है। ये सभी अमेरिकी गैस बाजार से जुड़े हैं जहां वर्तमान दर 10 डालर प्रति मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट है। इसकी तुलना में एशिया के खुले बाजार में प्रति मिलियन बिटिश थर्मल यूनिट एलएनजी की कीमत 37 से 40 डालर है। गेल तथा पेट्रोलियम मंत्रालय सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए बाजारों की तलाश में हैं। जापान, कोरिया व भारत से मांग में भारी तेजी के कारण आशियान एलएनजी कीमतें बढ़ रही हैं। एशिया एलएनजी बाजार में व्यापारिक गतिविधियां बढ़ रही हैं क्योंकि व्यापारी व अंतिम प्रयोगकर्ता खुले बाजार की ओर आकर्षित हो रहे हैं तथा वैश्विक अनिश्चितता के चलते कार्गो सुनिश्चित कर रहे हैं। गैज़प्रोम द्वारा यूरोप को गैस सप्लाई में कमी से पहले से ही अस्थिर बाजार में समस्यायें और गंभीर हो गई हैं। विश्व ऊर्जा बाजारों में अनेक समस्यायें पैदा हो गई हैं। हालांकि, हाल में घरेलू निर्यात में कमी आई थी, लेकिन रूसी कच्चा तेल निजी रिफाइनरियों को मिलने के बाद इसमें फिर बढ़ोत्तरी हुई है। 1 जुलाई को सरकार ने निर्यात कर पर ड्यूटी लगा दी ताकि निजी रिफाइनरियों के कम से कम 50 प्रतिशत उत्पादन को इससे रोका जा सके। अनेक राज्यों में ईंधन की कमी के बाद लगाई ड्यूटी को पेट्रोल से हटाया तथा डीजल पर एक तिहाई कम किया गया जिससे टैक्स घट कर 27 प्रतिशत रह गया। डीजल पर टैक्स घटा कर 6 रुपये से 4 रुपये किया गया तथा पेट्रोल पर इसे समाप्त कर दिया गया। इसके अलावा रिफाइंड उत्पादों व एसईजेड से बाहर जाने वाले उत्पादों पर ड्यूटी हटा दी गई है। इससे मुख्यत: दो रिफाइनरियों नायरा और रिलायंस को बड़ी राहत मिली है। रिलायंस को प्रमुख रूप से इस कारण भी लाभ मिला क्योंकि उसकी रिफाइनिंग जामनगर के एसईजेड में होती है। कहा जाता है कि ड्यूटी में कमी से ओएनजीसी व आयल इंडिया तथा वेदान्ता को भी लाभ होगा। हाल में इंडियन आयल व भारत पेट्रोलियम के अनुमानों के अनुसार डीजल आयात में तेज वृद्धि की आशंका है जो फरवरी, 2022 से 48,000 बैरल प्रति दिन है। भारत के बढ़े आयात का असर एशियन ईंधन सप्लाई पर पड़ता है क्योंकि चीन से होने वाली पेट्रोलियम सप्लाई घट रही है।

भारत लगभग 5 मिलियन बैरल प्रतिदिन के साथ दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता है। इसमें प्रति वर्ष 3-4 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है और एक दशक में यह मांग बढ़ कर 7 मिलियन बैरल प्रति दिन हो सकती है। पेट्रोलियम प्लानिंग एंड एनालिसिस सेल-पीपीएसी के अनुसार, 2019-20 में भारत की आयात निर्भरता 85 प्रतिशत थी जो 2020-21 में थोड़ा घट कर 84.4 प्रतिशत रह गई। इसके बाद वह 2021-22 में ऊिर बढ़ कर 85.6 प्रतिशत हो गई जिसके अप्रैल 2022 में बढ़ कर 86.6 प्रतिशत होने की आशा है। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष कच्चे तेल के आयात में 212.2 मिलियन टन वृद्धि हुई। खोज के नए लाइसेंसों की घोषणा एक स्वागत योग्य कदम है, लेकिन नया उत्पादन शुरू करने में एक दशक का समय लग सकता है। 2030 तक आयात में 50 प्रतिशत कमी का लक्ष्य है, पर यह अत्यधिक महत्वाकांक्षी है। उत्पादन में लगने वाले लंबे समय के साथ ही पूंजी की आवश्यकता बहुत अधिक है। अनेक विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भारत की रूसी तेल पर निर्भरता बनी हुई है। अप्रैल के बाद से रूस से भारत को कच्चे तेल के आयात में 50 गुना से अधिक वृद्धि हुई है और वह विदेशों से खरीदे जाने वाले सारे कच्चे तेल का 10 प्रतिशत हो गया है। यूक्रेन युद्ध के पहले भारत द्वारा आयातित कुल कच्चे तेल में रूसी तेल का हिस्सा केवल 0.2 प्रतिशत था। रोज़निफ्ट द्वारा तीन भारतीय सरकारी रिफाइनरियों-इंडियन आयल कार्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन व हिंदुस्तान पेट्रोलियम में कच्चा तेल देने की अनिच्छा के कारण भारतीय रिफाइनरों को ज्यादा खर्चीले तेल के लिए खुले बाजार में जाना पड़ रहा है। देश में पेट्रोल व डीजल की कमी का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि अनेक राज्यों में पेट्रोल पंप खाली हैं। इनमें उत्तराखंड, राजस्थान, आंध्र प्रदेश व मध्य प्रदेश तथा पूर्वी व उत्तरपूर्वी राज्यों के कुछ हिस्से शामिल हैं। देश के अनेक भागों में पिछले कुछ दिनों में पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें दिखी हैं। श्रीनगर व राजस्थान के कुछ पेट्रोल पंपों को भी संकट का सामना करना पड़ा है। अमेरिका द्वारा रूस से ऊर्जा-संबंधों पर प्रतिबंध लगाने का विरोध अनेक नाटो सदस्यों ने भी किया है जिनको गैस की आवश्यकता है। इनमें यूरोप की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जर्मनी भी शामिल है। अमेरिका और चीन के बाद दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जापान ने भी कहा है कि वह रूस के साथ तेल व गैस परियोजनाओं पर काम करता रहेगा। उसने इसका कारण देश की ऊर्जा सुरक्षा चिन्ताओं को बताया है। यूरोप और एशिया में जर्मनी और जापान अमेरिका के सर्वाधिक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझीदार हैं। केवल एक सप्ताह पहले जापान के अर्थव्यवस्था, व्यापार एवं उद्योग मंत्री कोइची हगीउडा ने एक जोरदार बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि उनका देश रूस में तेल व द्रव प्राकृतिक गैस परियोजनाओं से 'पीछे हटने' का विचार नहीं कर रहा है क्योंकि उनको ऊर्जा सुरक्षा तथा यूक्रेन युद्ध के कारण रूस पर कठोर प्रतिबंधों के बीच पसंद करना पड़ रहा है। अनेक जापानी व्यापारिक व अन्य फर्मों ने साखालिन-1, साखालिन-2 तथा आर्कटिक एलएनजी-2 परियोजनाओं में निवेश किया है। इन सबको जापान की ऊर्जा सुरक्षा के लिए आवश्यक माना जाता है। ऐसे में तटस्थ भारत को रूस तथा पश्चिम से सप्लाई बनाए रखने के बीच कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है ताकि देश में कीमतें कम रखी जा सकें।

# रक्षाबंधन का आध्यात्मिक पहलू

**गुरुराज प्रभु**
(लेखक, सनातन संस्था से जुड़े हैं)

**र**क्षाबंधन का इतिहास इस कहानी पर आधारित है कि पाताल में रहने वाले बली राजा के हाथ में लक्ष्मी जी ने राखी बांध कर उनको अपना भाई बनाया और नारायण जी को मुक्त किया। वह दिन सावन पूर्णिमा का था। 12 साल इंद्र और दानवों के बीच युद्ध चला। हमारे 12 वर्ष उनके 12 दिन होते हैं। इंद्र थक गए थे और दैत्य शक्तिशाली हो रहे थे। इंद्र उस युद्ध से खुद के प्राण बचाकर भाग जाने की तैयारी में थे। इंद्र की इस व्यथा को सुनकर इंद्राणी गुरु के शरण में गई। गुरु बृहस्पति ने ध्यान लगाकर इंद्राणी को बताया कि यदि आप पतिव्रत बल का प्रयोग करके संकल्प लें कि मेरे पति सुरक्षित रहें और इंद्र के दाहिने कलाई पर एक धागा बांध दें, तो इंद्र युद्ध जीत जाएंगे। इन्द्र विजयी हुए और इंद्राणी का संकल्प साकार हुआ। भविष्य पुराण में बताए अनुसार रक्षाबंधन मूलत: राजाओं के लिए था। राखी की एक नई रीति इतिहास काल से आरंभ हुई ।

इसके बाद रक्षा बंधन का भावनात्मक पहलू भी महत्वपूर्ण है। राखी बहन भाई के हाथ में बांधती है। इसके पीछे भाई की उन्नति हो और भाई बहन का रक्षण करें, यह भूमिका रहती है। बहन द्वारा भाई को राखी बांधने से अधिक महत्वपूर्ण यह होता है कि युवा, युवती से राखी बंधवा लेता उस कारण युवाओं का युवती के प्रति और स्त्रियों की ओर देखने का दृष्टिकोण बदल जाता है।

चावल, सोना और सफेद राई पोटली में एक साथ बांधने पर राखी बनती है, वह रेशमी धागे से बांधी जाती है।

"येन बद्धो बली राजा दानवेन्द्रो महाबल:। तेन त्वामपि बध्नामि रक्षे मा चल मा चल।"

इसका अर्थ है कि, महाबली और दानवीर ऐसे बलि राजा जिस रक्षासूत्र से बांधे गए उस रक्षा सूत्र से मैं आपको भी बांधती हूँ, हे राखी आप रक्षा करें।

चावल के कणों के समूह को राखी कहकर रेशमी धागे से बांधने की पद्धति प्रचलित है, जिसके पीछे कारण यह बताया जाता है कि चावल सर्वसमावेशक का प्रतीक है अर्थात वह अपने में सबको समा लेता है उसी प्रकार वह सभी तरंगों का उत्तम आदान-प्रदान करने वाला होता है। चावल को सफेद कपड़े में बांधकर रेशमी धागे से शिव रूपी जीव के सीधे हाथ में बांधने से एक प्रकार से सात्विक रेशमी बंधन सिद्ध करना होता है। रेशमी धागा सात्विक तरंगों का उत्तम वाहक है। बहन भाई का आपस का लेन-देन हिसाब खत्म होने में सहायता होना भी इसमें निहित है। बहन और भाई का एक दूसरे से सामान्यत: 30 प्रतिशत लेन-देन का हिसाब रहता है। लेन-देन का हिसाब राखी पूर्णिमा जैसे त्यौहार के माध्यम से कम होता है, अर्थात स्थूल (व्यवहारिक ) रूप से तो एक दूसरे के बंधन में बंधते हैं; परंतु सूक्ष्म (आध्यात्मिक ) रूप से एक दूसरे का आपस का लेन-देन का हिसाब खत्म कर रहे होते हैं । प्रत्येक वर्ष बहन और भाई का इसी भाव से लेन-देन का हिसाब कम हो इस प्रतीक के रूप में राखी बांधी जाती है। बहन और भाई को आपस के लेन-देन का हिसाब कम करने की संधि होने के कारण दोनों को इसका लाभ लेना चाहिए ।



श्रावण पूर्णिमा पर आने वाले रक्षाबंधन त्योहार के दिन बहन अपने भाई की आरती उतार कर उसको प्रेम स्वरूप राखी बांधती है। भाई अपनी बहन को भेंट स्वरूप आशीर्वाद देता है। सहस्त्रों वर्षों से चले आ रहे इस रक्षाबंधन के त्योहार के पीछे का इतिहास, शास्त्र, रक्षाबंधन मनाने की पद्धति और इस त्यौहार का महत्व सनातन संस्था के द्वारा संकलित इस लेख में उल्लेख किया गया है।

यह भी बताया गया है कि बहन द्वारा भाई को राखी बांधते समय कैसा भाव रखना चाहिए? श्रीकृष्ण की अंगुली से बहते हुए रक्त को रोकने के लिए उनकी बहन द्रौपदी ने अपनी साड़ी का पल्लू फाड़कर उनकी अंगुली में बांधा था। चूंकि, बहन, भाई को होने वाले कष्ट को कदापि सहन नहीं कर सकती। उस पर आए संकट को दूर करने के लिए वह कुछ भी कर सकती है, राखी पूर्णिमा के दिन प्रत्येक बहन ने भाई को राखी बांधते समय यही भाव रखना चाहिए ।

रक्षाबंधन के दिन बहन द्वारा किसी भी प्रकार की अपेक्षा ना रखते हुए राखी बांधने का महत्व - रक्षाबंधन के दिन बहन ने भाई से वस्तु रूप में किसी भी चीज की अपेक्षा मन में रखने से उस दिन मिलने वालें आध्यात्मिक लाभ से वंचित रहती है। यह दिन आध्यात्मिक दृष्टि से लेन-देन का हिसाब कम करने के लिए होता है। अपेक्षा रखकर वस्तु प्राप्त करने से लेन-देन का हिसाब 3 गुना और बढ़ जाता है। भाई द्वारा सात्विक भेंट देने का महत्व भी रक्षाबंधन से जुड़ा हुआ है। असात्विक भेंट रज और तम प्रधान होती है, इसलिए भाई द्वारा बहन को सात्विक भेंटवस्तु प्रदान की जानी चाहिए। सात्विक भेंटवस्तु में किसी भी प्रकार का धार्मिक ग्रंथ, माला या ऐसी कोई वस्तु जो बहन की साधना करने में सहायक हो।

बहन द्वारा भाई के कल्याण के लिए और भाई द्वारा बहन के रक्षा के लिए प्रार्थना करने के साथ ही साथ दोनों ने राष्ट्र और धर्म की रक्षा के लिए भी हमसे प्रयत्न होने दें इस प्रकार से ईश्वर से प्रार्थना करनी चाहिए।

राखी के माध्यम से होने वाले देवताओं की विडंबना (अनादर) रोकना भी एक मान्यता है। आजकल राखी पर ओम, स्वास्तिक या देवताओं के चित्र होते हैं। राखी का प्रयोग करने के पश्चात वह इधर-उधर गिरी होने के कारण एक प्रकार से देवता और धर्म के प्रति उनका विडंबन (अनादर) ही होता है, इस कारण पाप लगता है, यह रोकने के लिए राखी को पानी में विसर्जित करें।

## आप की बात

### मीडिया की विश्वसनीयता

**आखिर** जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ को ये क्यों कहना पड़ा कि फे़क न्यूज़ और दुष्प्रचार के युग में, हमें ऐसे पत्रकारों की जरूरत पहले से कहीं अधिक है, जो हमारे समाज में अनदेखे को डॉक्यूमेंट करें और समाज की फॉल्ट लाइन्स को उजागर करें। मुझे तो याद नहीं पड़ता 2014 के पहले कभी भी किसी महानुभाव ने मीडिया के विश्वसनीयता पर इतना बड़ा प्रश्नचिन्ह खड़ा किया हो। जस्टिस चंद्रचूड़ ने यह टिप्पणी ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी में 11वें दीक्षांत समारोह और स्थापना दिवस समारोह में दिए अपने भाषण में की। यह टिपण्णी बिलकुल सम सामायिक है। आज का भारत में, मीडिया में जो कुछ हो रहा है, उसका ही चरित्र चित्रण है। आज भी कई पत्रकारों को, निष्पक्ष रिपोर्टिंग के लिए या रिपोर्टिंग के लिए घटास्थल में जाते हुए न सिर्फ उन्हें जेल में डाल दिया गया। बल्कि उनपर देश द्रोह का केस कर दिया गया। उनपर एनआईए एक्ट लगाकार वर्षों तक जेल में रखा जा रहा है। हमने देखा कैसे फेक न्यूज़ एवं वीडियोस का सच उजागर करने वाला ऑल्ट न्यूज़ के सह संस्थापक, मोहम्मद जुबेर को हफ्तों तक जेल में रखा गया और उन्हें परेशान किया गया।

- **जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

### खेलों में भारत की उपलब्धि

**भारत** की उपलब्धि कहीं ज्यादा होती यदि इन कॉमनवेल्थ गेम में शूटिंग प्रतियोगिता को बाहर ना किया होता। 2018 में शूटिंग प्रतियोगिता में भारत ने 16 पदक जीते थे। 2010 के राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा। इन खेलों में 101 पदक जीते थे जिसमें से 34 स्वर्ण पदक थे। 2018 के कॉमनवेल्थ गेम में भारत ने 66 पदक जीते थे। इन खेलों में चमत्कारिक रूप से महिला लॉन बॉल्स में महिलाओं ने स्वर्ण पदक जीतकर भारत का ऐतिहासिक जीत दिलाई। भारतीय महिला हॉकी ने भी 16 वर्ष बाद कांस्य पदक जीता। महिलाओं ने राष्ट्रमंडल खेलों में से बाजी मारी है कुश्ती में अंशु मलिक, दिव्या काकरान, साक्षी मलिक, विनेश फोगाट, पूजा गहलोत, ने पदक जीतकर भारत का नाम रोशन किया है वेटलिफ्टिंग में भारत की मीराबाई चानू निकहत जरीन ने गोल्ड पर कब्जा किया बैडमिंटन में पीवी सिंधु ने स्वर्ण पदक जीता और भारत का नाम रोशन किया। भारतीय राष्ट्रीय खेल हॉकी के पुरुष वर्ग मे चांदी का पदक जीता है हालांकि फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से मिली बड़ी हार से जरूर दुख हुआ दुखी हुआ है।

- **वीरेंद्र कुमार जाटव**, नई दिल्ली

### नीतीश कुमार के हसीन सपने

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार का मुख्यमंत्री बनने के लिए बिहार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देकर मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। कैसा विचित्र संयोग है स्वार्थ और सत्ता की राजनीति का। भविष्य में प्रधान मंत्री बनने के हसीन सपने भी देख रहे हैं .हाल ही में हुए आरसीपी प्रकरण के आलोक में नीतीश कुमार ने भाजपा पर जद(यू) को तोड़ने का आरोप लगाते हुए एनडीए से किनारा कर लिया. मगर इन लोगों के साथ उन्होंने गठबंधन करके नई सरकार में यह वही लोग हैं जिन्हें नीतीश कुमार पानी पी पीकर कोसते थे. वही भ्रष्टाचार और राजनीतिक कुटिलता के सभी हथियारो को आजमाने वाले दलों के साथ उनका गठबंधन क्या गुल खिलाएगा यह तो आगामी चुनावों में ही मालूम पड़ेगा। नीतीश ने डबल इंजन सरकार में से अपना कोयले का इंजन अलग करके इसे नेरोगैज लाइन पर डाल दिया है. अब यह देखना दिलचस्प होगा कि उन्हें यह इंजिन भविष्य में प्रधानमंत्री स्टेशन तक पहुंचाता है यह बीच में ही उनका बंटाधार कर देता है!

- **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**इन** लोगों ने अपने मित्रों के 10 लाख करोड़ के कर्ज माफ कर दिए। क्या इनको गद्दार समझ कर जांच एजेंसियों को कार्रवाई नहीं करनी चाहिए।

- **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री



**जलवायु** परिवर्तन की स्थिति खराब होने से खतरा तेजी से बढ़ेगा। इससे निपटने के लिए हम एक बिलियन डालर से अधिक की परियोजना बना रहे हैं।

- **बोरिस जॉनसन**
ब्रिटिश प्रधानमंत्री



**इस** दिन 'अंग्रेजो भारत छोड़ो' का नारा दिया गया था। अब बिहार से 'भाजपा भगाओ' का नारा सामने आया है।

- **अखिलेश यादव**
समाजवादी पार्टी अध्यक्ष

# योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं: डीएम



हरी झंडी दिखाकर वैन का रवाना करते डीएम और सीडीओ।

## ● जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विकास कार्यो के 37 बिंदुओं की हुई समीक्षा बैठक

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री** की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में विकास प्राथमिकता वाले 37 बिंदुओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियंता सिंचाई नहर प्रखण्ड को रोस्टर के अनुसार निर्धारित समय पर नहरों में टेल तक पानी पहुंचाये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है।जिलाधिकारी ने मनरेगा के द्वारा बनाये जा रहे चैकडैमों की जांच लघु सिंचाई विभाग के अभियंता द्वारा निरंतर किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने सिंचाई की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी लेते हुए सिंचाई के लिए पानी की स्थिति की जानकारी ली। विद्युत विभाग की समीक्षा में जिलाधिकारी ने विभागों पर बिजली के बिल बकाया की धनराशि के भुगतान किए जाने हेतु सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने नई सड़कों की निर्माण की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया है कि गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्धता के साथ कार्यों को पूर्ण किया जाये। जिलाधिकारी ने कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए पीएम किसान सम्मान निधि सोलर पम्पों की आपूर्ति की स्थिति प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की प्रगति के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने निराश्रित गोवंशों को संरक्षित करना तथा उनके लिए चारा भूसा की व्यवस्था की जानकारी लेते हुए कहा कि प्रत्येक गोवंश आश्रय स्थलों पर चारे की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित रहे। उन्होंने वृहद गोशाला एवं मॉडल गोशाला का डीपीआर तैयार किए जाने के लिए मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को निर्देशित किया है।

जिलाधिकारी ने कहा कि बरसात के दिनों में बीमारियां ज्यादा फैलती है। इसलिए निराश्रित गो आश्रय स्थलों में निराश्रित गोवंशों के टीकाकरण का कार्य शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने का निर्देश मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को दिया है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को मॉडल गोशाला का निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलो में संरक्षित गोवंशों की ईयर टैगिंग का कार्य शत.प्रतिशत पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने सामुदायिक शौचालय के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए शेष बचे हुए सामुदायिक शौचालयों के निर्माण कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है।

डीएम ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत निर्माणाधीन आवासों को शीघ्रता से पूर्ण किए जाने की कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। बैठक में डीएम ने पाइप पेयजल योजनाओं खाद्य सुरक्षा सामूहिक विवाह कन्या सुमंगला योजना पेंशन योजनाओं की समीक्षा करते हुए सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शी ढंग से लक्ष्य के सापेक्ष कराये जाने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर सीडीओ शिपू गिरि जिला विकास अधिकारी जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी जितेन्द्र कुमार सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### डीएम ने एलईडी वैन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर से हर घर तिरंगा अभियान के प्रचार प्रसार हेतु सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग से आयीं हुई एलईडी वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। एलईडी वैन जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगो को हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने हेतु जागरूक करेंगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि जिला पंचायतराज अधिकारी जिला सूचना अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# तिरंगा यात्राएं देश के एकजुट होने का संदेश दे रही हैः नितिन अग्रवाल

## ● भाजपा की तिरंगा यात्रा बाइक रैली को आबकारी मंत्री ने किया रवाना

**अयोध्या।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत भाजपा महानगर के द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें नाका गांधी आश्रम से हजारों मोटरसाईकिल को समूह को आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने रवाना किया। तिरंगा यात्रा महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने किया। बाईक रैली मकबरा, फतेहगंज, चौक, रिकाबगंज होते हुए गांधी पार्क पर जाकर समाप्त हुई।

आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि पूरा देश आजादी के अमृत महोत्सव में अपनी सहभागिता प्रस्तुत कर रहा है। जनता में जागरण हो चुका है। हर घर तिरंगा लगाने के लिए आतुर है। अपार जनसमूह तिरंगा यात्रा व प्रभात फेरी निकाल रहा है। ये तिरंगा यात्राएं देश के एकजुट होने का संदेश दे रही है। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि आजादी के अमृत महोसव के अवसर पर हमें आजादी के अमर शहीदों को याद करना चाहिए। यह आपसी मतभेद भुलाकर राष्ट्र के प्रति खुद को समर्पित करने का समय है। घर घर तिरंगा अभियान ने सम्पूर्ण भारत को एकजुट कर दिया है। महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि राष्ट्र व समाज के प्रति प्रत्येक व्यक्ति के अपनी जिम्मेदारियों का निवार्हन करना चाहिए। सभी के सामूहिक प्रयासों के बाद भारत पुन: विश्वगुरु बनने की राह पर अग्रसर होगा। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि आज भारत आत्मनिर्भरता की राह पर तेजी से अग्रसर है। आतंक के खिलाफभारत के प्रयासों की सराहना वैश्विक स्तर पर हो रही है। महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि तिरंगा यात्रा में उमड़ा अपार जनसमूह हमारी सामूहिक शक्ति का परिचायक है। इसी सामूहिक शक्ति के कारण जहां कोविड काल में विकसित देश तक परेशान हो गये।

# मण्डलायुक्त व जिलाधिकारी ने रवाना की घर-घर झंडा अभियान रैली

संवाददाता। अयोध्या



**आजादी** के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत दिनांक 11 अगस्त से 17 अगस्तए 2022 तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम किया जाना हैए जिसके अन्तर्गत जनपद अयोध्या में आज मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा द्वारा स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाये गये तिरंगा स्टालों का उद्घाटन किया गया एवं समूह की महिलाओं द्वारा बनाये गये तिरंगे की गुणवत्ता की तारीफ करते हुए समूह की महिलाओं को प्रोत्साहित किया गया।

डीएम नितीश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अनिता यादव, नगर आयुक्त विशाल सिंह व मण्डल, जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ कमीशनरी अयोध्या से भारत माता की जय उद्घोष के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गयी। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से जेडीसी अरविन्द जैन, मुख्य चिकित्साधिकारी, राजा, परियोजना निदेशक आरपी सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी शीतला प्रसाद सिंह, उपनिदेशक सूचना डा मुरलीधर सिंह, अर्थ एवं संख्याधिकारी धीरेन्द्र यादव, डीसी दीपक कुमार सेन, डीसी राकेश सिंह, डीसी अविरल पाठक, प्रदीप वर्मा व सरिता डीएमएम एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ साथ स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने प्रतिभाग किया। मण्डलायुक्त द्वारा अपने सभी मण्डल स्तरीय अधिकारियों को इसी प्रकार रैली निकाल कर जनता को हर घर तिरंगा कार्यक्रम के महत्व के विषय में जागरूक करने के निर्देश दिये गये एवं अनिवार्य रूप से सभी को झण्डा संहिता का अनुपालन करते हुए राष्ट्र ध्वज का सम्मान बनाये रखने के निर्देश दिये। आयुक्त कार्यालय अधिकारीगण, जनपद कार्यालय के अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

# अमृत महोत्सवः भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा



**अम्बेडकरनगर।** भाजपा टाण्डा नगर मण्डल द्वारा झारखण्डी मन्दिर से सैकड़ो की सँख्या में कार्यकर्ताओं ने जिला पंचायत अध्यक्ष साधु वर्मा टाण्डा विधान सभा क्षेत्र के पूर्व विधायक संजु देवी भाजपा नगर अध्यक्ष अनुराग जायसवाल की अगुवाई एव पूर्व विधायक प्रतिनिधि श्याम बाबू के कुशल संचालन में आज़ादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी के आवाहन आज़ादी का अमृत महोत्सव को तिरंगा यात्रा निकाल कर देश हमे देता है सब कुछ हम भी तो देना सीखें के भाव जन जन के मन मे हो। इस निमित्त सभी अपने घरों पर आने वाली 15 अगस्त के पहले तिरंगा फहरायें ऐसा नगर वासियों से आग्रह किया गया तिरगा यात्रा के दौरान भाजपा जिला पंचायत अध्यक्ष साधु वर्मा ने कहा कि हम सब देश के प्रधान मन्त्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर यह तिरंगा यात्रा में शामिल होकर खुद को गौरवान्वित हो रहे है। संजूदेवी ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा उन स्वत्रंतता संग्राम सेनानियों को समर्पित है जिन्होंने अपने प्राणों की चिंता नही की क्योंकि उनके मन मे बस एक चाह थी कि कैसे हम इस गुलामी की जंजीरों से अपनी भारत माता को मुक्त कराएं और इसके लिए उन्होंने वह सब कुछ जो एक बेटे का फर्ज अपनी माँ के प्रति बनता है तिरगा यात्रा के दौरान डीजे पर बैठकर यात्रा का संचालन कर रहे श्याम बाबू ने कहा कि जब जब देश व समाज पर संकट आता है तब तब कोई न कोई आगे आकर उस संकट को दूर करता है पूर्व में विषम परिस्थिति से देश गुजर रहा ऐसे में भारत माता को पुन: विश्व गुरु के पद पर प्रतिष्ठित करने का जो चाह मोदी जी के। मन मे है आज वह साकार होते दिख रहा है वास्तव में आज देश जाति पार्टी मत सम्प्रदाय से ऊपर उठकर जिस प्रकार तिरंगे के नीचे खड़ा है वह एक इतिहास रचेगी और हम सब इसके साक्षी बनेंगे। इस तिरगा यात्रा में प्रमुख रूप से राकेश गौड़ श्रीप्रकाश सिंह राजेश सलूजा दिनेश मौर्य घिसियावन मौर्या दीपक कसौधन मनोज साहू रमेश गुप्ता राम सूरत मौर्य मैकू पांडे प्रमोद पांडे विशु सलूजा छोटू सरदार अंकित अग्रवाल पंकज सिंह ज्ञान आर्य गोलू श्रीवास्तव सहित सैकड़ों भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एव पदाधिकारीगण बडी संख्या मे मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### बोलेरो मैक्स पिकप नये अवतार में लांच

**अम्बेडकरनगर।** अमित मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड अम्बेडकर नगर में मार्केट में धूम मचाने वाली महिंद्रा की लोकप्रिय लोडिंग वाहन बोलेरो मैक्स पिकप का नए अवतार में और फीचर्स के साथ लॉन्चिंग कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि विपिन कुमार आरआई व विनय कुमार पांडेय (डी वी ए) के द्वारा गाड़ी का अनावरण किया गया। इस अवसर पर कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर संजय घई एवं अमित घई भी उपस्थित रहे कंपनी के ब्रांच सीईओ अमित सिंह जी ने अतिथियों का स्वागत किया , कंपनी के सीनियर जनरल मैनेजर दिलीप सिंह द्वारा गाड़ी के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई गयी, नयी बोलेरो मैक्स पिकप को लेकर बाजार में एक नया रिकॉर्ड बनाये जाने की उम्मीद जताई जा रही है , यह गाड़ी 3 वैरिएंट में उपलब्ध की गयी है। सेल्स मैनेजर सौरभ सिंह ने नयी बोलेरो मैक्स पिकप से आने वाले फेस्टिव सीजन में गाड़ी की बिक्री बढ़ने की भारी उम्मीद जताई है।



आरआई और डीबीए ने किया ने किया अनावरण

### जेईई मेन परीक्षा में फिट्जी के छात्रों ने मारी बाजी

**प्रयागराज।** नेशनल टेस्टिंग एजेन्सी ने जेईई मेन परीक्षा के परिणाम में फिट्जी प्रयागराज के टू ईयर क्लासरूम प्रोग्राम के राहुल सिंह ने 99.89 पर्सेंटाइल प्राप्त कर प्रयागराज जनपद में शीर्ष स्थान हासिल किया। प्रयागराज जनपद से शीर्ष बीस सर्वश्रेष्ठ पर्सेंटाइल वाले छात्रों में कम से कम पंद्रह फिट्जी प्रयागराज के विद्यार्थी हैं। इसमें राहुल सिंह 99.89 यशवर्धन वर्मा 99.46 मानस देवरा 99.32 नकुल सक्सेना 99.28 पलाश कोहली 99.28 देवांश सिंह 99.11 श्रेयांस श्रीवास्तव 98.24 सहर्ष कुमार 97.82 लक्ष्य कुमार 98.06 प्रखर श्रीवास्तव 97.92 शान कपूर 97.88 आदित्य सिंह 97.82 निखिल कुमार शर्मा 97.50 शशांक शेखर मिश्रा 97.35 सफल हुए। अब तक प्राप्त परिणामों में छह छात्रों ने 99 से ऊपर पर्सेंटाली निकाली और 56 छात्रों ने जेईई एडवांस्ड परीक्षा के लिये निर्धारित कट ऑफपर्सेंटाली से ऊपर अंक प्राप्त किये। फिट्जी प्रयागराज के सेंटर हेड अनूप श्रीवास्तव ने बताया कि लगातार नौ सालों से फिट्जी प्रयागराज प्रत्येक प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रयागराज जनपद में सर्वाधिक सफल छात्र साल दर साल देता चाला आ रहा है।

### ग्राम प्रधान हीरालाल ने किया पौधरोपण

**प्रयागराज।** मछली शहर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत ताजउदीनपुर के दूसरी बार निर्वाचित ग्राम प्रधान हीरा लाल यादव ने पर्यावरण के संरक्षण के लिए अपने समर्थकों के साथ पौधरोपण कर उसे सुरक्षित रखने का संकल्य दिलाया। इस मौके पर प्रधान हीरा लाल ने कहा कि बिना पर्यावरण के जीवन सुरक्षित नहीं है। हर व्यक्ति को एक पौधा रोपित करना चहिए और उसकी देखभाल अपने पुत्र की तरह से करना चाहिए।



पौधा लगाते ग्राम प्रधान।


### रक्षा बंधनः भाई-बहन के अटूट प्यार का पवित्र बंधन

**अम्बेडकरनगर।** रक्षाबंधन बहन भाई के प्यार को एक पर्व के रूप में मनाया जाता है। यह पर्व भाई और बहन का सबसे बड़ा पर्व होता है। इस पर्व पर सरकारी विभागों में भी छुट्टी रहती है। महिलाओं के लिए एक स्थान से दूसरे स्थान जाने के लिए बस यात्रा मुफ्त कर दी जाती है। जिससे बहन अपने भाई को जाकर राखी बांधकर पर्व को मना सके इस त्यौहार में बहनें अपने भाई की कलाई पर राखी बांधती है। उनका मुंह मीठा कराती है और लंबी उम्र की कामना करती हैं। भाई भी बहन को उपहार देते हुए उनकी रक्षा का वचन देते हैं। भाई और बहन के पवित्र बंधन को जोड़ने वाला रेशम का एक धागा बहुत महत्व रखता है लेकिन जो भाई बहन दूर रहते हैं और रक्षाबंधन के मौके पर मिल नहीं सकते, उनके लिए रक्षाबंधन का पर्व अधूरा अधूरा लगता है। भाई को ऑफिस से छुट्टी नहीं मिल पाई है, बहन ससुराल से रक्षाबंधन के मौके पर किन्हीं कारणों से आ नहीं पाएंगी। ऐसे में रक्षाबंधन पर भाई की कलाई राखी के बिना सूनी रह सकती है। लेकिन आधुनिकता और टेक्नोलॉजी के विकास से साथ अब हमें कई ऐसी सुविधाएं मिल चुकी हैं जो दूर दराज बैठे भाई बहन को रक्षाबंधन के मौके पर एक दूसरे से दूर होने का एहसास भी नहीं होने देंगे।

# छात्राओं के सशक्तीकरण एवं समावेशन के लिए बड़ी पहल शुरू

**प्रयागराज।** भारत सरकार की आजादी का अमृत महोत्सव पहल के मौके पर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले अग्रणी संस्थान आकाश बायजूस ने एजुकेशन फॉर ऑल के माध्यम से उच्च शिक्षा के लिए निजी कोचिंग में छात्राओं के सशक्तीकरण एवं समावेशन के लिए बड़ी पहल का एलान किया है। इसके तहत वंचित परिवारों के 7वीं से 12वीं कक्षा के करीब दो हजार छात्रों विशेष रूप से लड़कियों को नीट एवं जेईई की निशुल्क कोचिंग एवं स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। दिल्ली के एयरोसिटी में जेडब्ल्यू मैरिएट होटल में मुख्य कार्यक्रम के साथ साथ देश में 45 स्थानों पर एक साथ इस पहल की लॉन्चिंग की गई। दिल्ली में मुख्य कार्यक्रम में आकाश बायजूस के चेयरमैन जे सी चौधरी मैनेजिंग डायरेक्टर आकाश चौधरी और सीईओ अभिषेक माहेश्वरी और कंपनी के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# झलनोत्सव की धूम, पूर्णिमा महोत्सव आज



भगवान को झूला झुलाते श्रीमद जगद्गुरु अनंताचार्य महाराज

**अयोध्या।** श्रीराम नगरी में झुलनोत्सव पर उमंग और आनंद की हिलोरे ले रहा है। जैसे.जैसे श्रावण मास की पूर्णिमा रक्षाबंधन का दिन नजदीक आ रहा है झूला महोत्सव अपने शबाब पर पहुंचता जा रहा है। अयोध्या के सभी मंदिरों में झूले पड़ गए हैं रामलला विराजमान हो गए हैं और उनके विविध स्वरूपों का दर्शन करके श्रद्धालु गण आनंद ले रहे हैं। प्रतिष्ठित पीठ उत्तर तोताद्रिमठ, विभीषणकुंड में इन दिनों गीत संगीत की वैतरणी बह रही है, जिससे पूरा मंदिर परिसर सराबोर है। श्रावण शुक्ल पक्ष की एकादशी से झूलनोत्सव का शुभारम्भ हो गया। पीठ के पीठाधिपति श्रीमज्जगद्गुरू रामानुजाचार्य स्वामी अनंताचार्य महाराज के कुशल में संयोजन महोत्सव मनाया जा रहा है। सायंकाल मंदिर में गीत संगीत की महफिल सज रही है। अयोध्या और बिहार के नामचीन कलाकार अनेकानेक झूलन के पद्य गाकर उत्सव में चार चांद लगा रहे हैं। युगल सरकार के झूलनोत्सव में श्रद्धालुओं के खुशी का कोई ठिकाना नही है। वह अपनी सुध बुध खोकर आह्लादित नजर आ रहे हैं। इस मौके पर तोताद्रिमठ पीठाधीश्वर स्वामी अनंताचार्य महाराज ने बताया मंदिर में झूलन की परम्परा काफी वर्षों पुरानी है। जो पूर्वाचार्यों के समय से होते हुए चली आ रही है। जिसे अब मैं परम्परागत रूप मना रहा हूं। श्रावण शुक्ल पक्ष की एकादशी से झूलनोत्सव का शुभारम्भ होता है। जो श्रावण पूर्णिमा तक अपने चरमोत्कर्ष पर रहता है। पांच दिनों तक संत और भक्त भक्तिमय माहौल में रमे रहते हैं। श्रावण माह बहुत ही पवित्र महीना हैए जिसमें भगवान का झूलन महोत्सव मनाया जाता है। युगल सरकार के झूलन झांकी का दर्शन जो भी मनुष्य करता है। उसका जीवन सार्थक हो जाता है। झूलनोत्सव पर पधारे संतों का स्वागत बालदेशिक सोपान ट्रस्ट के मैनेजर केशव प्रपन्नाचार्य ने किया।

# पीपलगांव और खुल्दाबाद में निकाली गई तिरंगा यात्रा

## ● पूर्व काबीना मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह और महापौर अभिलाषा गुप्ता ने की अगुवाई

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



तिरंगा यात्रा में पूर्व काबीना मंत्री और महापौर।

**आजादी** के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर देश भर में चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान को लेकर आज उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह की अगुवाई में तिरंगा यात्रा निकाली गई। पूर्व मंत्री के साथ महापौर अभिलाषा गुप्ता चिकित्सक डा कीर्तिका अग्रवाल के साथ पीपलगांव से झलवा और खुल्दाबाद क्षेत्र में तिरंगा यात्रा निकली। जिसमें आम लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। इस दौरान फूलों की वर्षा भी की गई। पूर्व कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता से अपील किया है कि देश की आजादी के 75 वर्ष पर अमृत महोत्सव में 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा लहराया जाए और जनजागरण किया जाए।

तिरंगा अभियान ने भारत को एक बंधन के सूत्र में बांध दिया है। जहाँ न जाति है न धर्म है केवल भारतवासी हैं। इसमें सभी मिलकर सहभागिता दे रहे हैं। मीडिया से बातचीत में सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा जनता लोकतंत्र में सबसे ऊपर होती है समझदार होती है। उनका मानना है बिहार की जनता ने लालू यादव के भ्रष्टाचार माफियाराज गुंडाराज को समाप्त करने के उद्देश्य से भाजपा और जेडीयू को वोट दिया था। पांच साल पूरे नहीं हुए। नीतीश कुमार एवं जेडीयू ने सही चलती नाव को छोड़ा है। उसका सबक जनता जरूर सिखाएगी।

# हर घर तिरंगा अभियान व अमृत महोत्सव कार्यक्रम को लेकर एडीएम प्रशासन बने नोडल अधिकारी

**अयोध्या।** आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाने के सम्बंध में मुख्य सचिव द्वारा दिशा निर्देश जारी कर दिया गया है। स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर पूरे वर्ष भर आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम पूरे देश में गरिमामय ढंग से मनाया जा रहा है। 11 से 17 अगस्त 2022 तक स्वतंत्रता सप्ताह एवं दिनांक 13 से 15 अगस्त 2022 तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया है। उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करना तथा स्वतंत्रता के प्रतीको के प्रति सम्मान का भाव जगाना है। इस कार्यक्रम का आयोजन पूर्व में जारी निर्देशों के अनुसार गरिमामय ढंग से आयोजित किया जाय। स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त को प्रात: 8 बजे सरकारी तथा गैर.सरकारी इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाय तथा झण्डा.अभिवादन के साथ ही राष्ट्रगान का भावपूर्ण गायन हो। जिलाधिकारी नितीश कुमार के निर्देशन में हर घर तिरंगा अभियान एवं आजादी का अमृत महोत्सव सम्बंधी कार्यक्रम निर्धारित किये गये है जिसमें 11 से 15 अगस्त 2022 तक कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम के सफलता के लिए एडीएम प्रशासन अमित सिंह को नोडल अधिकारी बनाया गया तथा अपर जिलाधिकारी नगर सलिल कुमार पटेलए नगर मजिस्ट्रेट सत्येन्द्र सिंह, उपनिदेशक सूचना डा मुरलीधर सिंह, उपनिदेशक संस्कृति, विकास विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी के अलावा शिक्षा विभाग के अधिकारी को भी लगाया गया है, जिसमें कार्यक्रम दिनांक 11 अगस्त को सायं 6:30 से 8:30 बजे राजकीय इंटर कालेज मैदान अयोध्या में कक्षा 9 से 12 तक के छात्र छात्राओं का सांस्कृतिक कार्यक्रम विशेष आकर्षण राकेश उपाध्याय लोक गायक, 12 अगस्त को सायं 06:30 से 8:30 बजे राजकीय इंटर कालेज मैदान अयोध्या में कक्षा 6 से 8 तक के छात्र छात्राओं का सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभाकर मौर्या व सचिन गिरी लोक गायक, 13 अगस्त को अपरान्ह 2 से 4:30 बजे संत कबीर प्रेक्षागृह डा राम मनोहर लोहिया अवध विवि अयोध्या में विवि संकायों के छात्र छात्रों का सांस्कृतिक कार्यक्रम रत्नेश द्विवेदी व संगीता आहूजा लोक गायक नृत्य, 14 अगस्त को सायं 6:30 से 8:30 बजे कलेक्ट्रेट प्रांगण, निकट निर्वाचन कार्यालय अयोध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रम मिथिलेश लोक गायक व 15 अगस्त 2022 को प्रात: 8:30 से 10:30 बजे कलेक्ट्रेट प्रांगण, निकट निर्वाचन कार्यालय अयोध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रम समापन प्रेमचन्द्र तिवारी व आराध्या गौतम लोक गायक नृत्य के द्वारा आयोजित किया जायेगा।

# एसबीआई अधिकारियों ने डीएम को एक हजार तिरंगे सौप अभियान में दिखाई सहभागिता

**अम्बेडकरनगर।** घर-घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक आलोक यादव और कृषि स्टेट बैंक शाखा प्रबन्धक मनोज कुमार सिंह ने डीएम व प्रभारी सीडीओ वीरेन्द्र सिंह को एक हजार तिरंगा सौंपा। 15 अगस्त को जनपद के 902 ग्राम पंचायत व नगरीय क्षेत्र में घर –घर व दुकानों पर 3 लाख 40 हजार तिरंगा फहराने का लछ्य है। जिसको पूरा करने के लिए विभागीय लोगों ने पूरी तरह से तैयारियां पूर्ण कर कमर कस ली है। हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रशासन के सामने 3 लाख 40 हजार घरों तक झंडा पहुंचाने की चुनौती है। इसका वितरण शुरू है लेकिन 11अगस्त से वृहद तौर पर अभियान चलाया जाएगा। जिला पंचायती राज, नगर निगम समेत अन्य विभागों की भूमिका तय की गई है। लेखपाल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा संग शिक्षकों को भी इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है।



वहीं आजादी के 75 वी वर्षगांठ पर खास रूअबकी बार आजादी के 75 वी वर्षगाँठ कुछ खास तरीके से मनाया जाएगा । पूरे देश मे जन –जन के प्रति राष्ट्र प्रेम की भावना जगाने के लिए विभागीय लोगों के साथ समाजसेवियों ने कमर कस ली है। तिरंगे के लगने व जागरूकता का असर भी ग्राम पंचायतों में दिखना शुरू हो गया है।

# एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र दर्शननगर में किया गया सीएम के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं को जन समुदाय तक गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध रूप से पहुंचाने के दृष्टिगत प्रदेश में 35 एएनएम प्रशिक्षण केन्द्रों, तीन जनपदों में डायलिसिस केन्द्रों एवं हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर मुख एवं दन्त रोग सेवाओं के शुभारम्भ कार्यक्रम का एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र दर्शननगर अयोध्या में सजीव प्रसारण किया गया। विधायक अयोध्या वेद प्रकाश गुप्ता, डीएम नितीश कुमार, सीएमओ डा अजय राजा सहित एएनएम के प्रशिक्षणार्थी व अन्य चिकित्सको द्वारा मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री के उद्बोधन को सुना गया। डीएम ने कार्यक्रम के उपरान्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी को समस्त एएनएम प्रशिक्षणार्थियों को सरकार की अपेक्षा के अनुरूप बेहतर एवं गुणवत्तापरक प्रशिक्षण सुनिश्चित करने व प्रशिक्षणार्थियों को समुचित सुविधायें सुचार रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने आश्वस्त किया कि प्रशिक्षणार्थियों को बेहतर से बेहतर प्रशिक्षण प्रदान किये जायेंगे।

डीएम ने बताया कि जनपद अयोध्या के एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र पर प्रशिक्षण हेतु राज्य स्तर से चयनित सूची के अनुरूप 50 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 48 अभ्यर्थियों ने अब तक प्रवेश लिया हैए शेष को 11 अगस्त तक का अवसर प्रदान किया गया है। एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र पर 50 प्रशिक्षणार्थियों को नि:शुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा तथा उन्हें आवासीय सुविधा भी उपलब्ध होगी। प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु 06 पीएचएन ट्यूटर की नियुक्ति की जा चुकी है। 16 अगस्त से इन 50 प्रशिक्षणार्थियों के प्रशिक्षण का प्रथम वैच प्रारम्भ होगा। प्रशिक्षण केन्द्र पर कम्प्यूटर लैब, स्किल्ड लैब, लाइब्रेरी, प्रशिक्षणार्थियों के बच्चों हेतु प्ले कक्ष आदि सुविधायें उपलब्ध है।

तदोपरांत आजादी के अमृत महोत्सव के दृष्टिगत जिलाधिकारी व विधायक द्वारा घर.घर तिरंगा जागरूकता हेतु समस्त चिकित्सको, एएनएम प्रशिक्षणार्थियों, प्राथमिक हेल्थ इन्स्ट्रेक्टरों आदि की रैली को भी रवाना किया गया। तदोपरांत जिलाधिकारी व विधायक अयोध्या द्वारा एएनएम छात्रावास भवन में मरम्मत कराये गये कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रावास के समस्त कमरों को नियमानुसार शीघ्रातिशीघ्र ही प्रशिक्षणार्थियों को आवंटित करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर डीएम ने सीएमओ कार्यालय परिसर में स्थित अन्य भवनों में चल रहे मरम्मत के कार्यो में गुणवत्ता व समयबद्वता का विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। उन्होंने भवनों छतों की रंगाई, पुताई, साफ सफाई एवं आवश्यकतानुसार समय पर मरम्मत का कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिये।

# एएनएम अब और दक्ष होकर कर सकेंगी काम

●सीएम ने एएनएम ट्रेनिंग सेंटर का किया वर्चुअल शुभारंभ

●सीएम ने सीएमओ से जानी जिले की हकीकत

संवाददाता। सीतापुर



**प्रदेश के** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को सूबे के 17 मंडलों के 35 जिलों में ए.एन.एम. ट्रेनिंग सेंटरों का शुभारंभ किया। जिनमें सीतापुर जिला भी शामिल है। वर्चुअल हुए इस शुभारंभ का सजीव प्रसारण सभी जिलों में दिखाया गया। इसके लिए ए.एन.एम. ट्रेनिंग सेंटरों पर खास व्यवस्थाएं की गई थीं। ए.एन.एम. ट्रेनिंग सेंटर में सभी प्रशिक्षणार्थियों को यह सजीव प्रसारण दिखाया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने सीएमओ डॉ. मधु गैरोला से बातचीत कर ए.एन.एम. ट्रेनिंग सेंटर की व्यवस्थाओं की भी जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने सीएमओ से जानना चाहा कि क्या सीतापुर में ए.एन.एम. टीसी का शुभारंभ हो गया है और वहां क्लास रूम, लैब और लाइब्रेरी की क्या व्यवस्था है, जिस पर सीएमओ ने बताया कि प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ हो गया है और यहां पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त क्लास रूम, लैब और लाइब्रेरी की भी व्यवस्था कर ली गई है। मुख्यमंत्री ने यह भी जानना चाहा कि सीतापुर के ए0एन0एम0 टीसी में कितनी सीटें हैं और कितने प्रवेश हो चुके हैं, जिस पर सीएमओ ने बताया कि यहां पर 50 सीटें हैं, जिसमें से 38 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रवेश भी ले लिया है, शेष के प्रवेश होने हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी जानना चाहा कि फैकल्टी की क्या व्यवस्था है, जिस पर सीएमओ ने बताया कि पांच ट्यूटर ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। सजीव प्रसारण के बाद जिलाधिकारी अनुज सिंह ने क्लास रूम, लैब, लाइब्रेरी, रसोई घर, डायनिंग हाल और हॉस्टल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने साफ-सफाई, इंटरलाकिंग, पानी की टंकी के पास मैट लगाने तथा खराब फर्नीचर का दुरूस्तीकरण कराने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। ए0एन0एम0 ट्रेनिंग सेंटर के प्रभारी और ए0सी0एम0ओ0 डॉ0 एस0के0 शाही ने बताया कि जिले का ए0एन0एम0 टीसी कई दशक पुराना है। पिछले कई सालों से इस केंद्र पर ए0एन0एम0 का कोई भी बैच प्रशिक्षण के लिए नहीं आया। लेकिन इस साल बैच आने के बाद इस केंद्र का एक बार फिर से संचालन शुरू किया गया है। अब इस केंद्र पर इसी सत्र से दो वर्षीय ए0एन0एम0 प्रशिक्षण शुरू होगा। इस केंद्र पर एक सौ प्रशिक्षणार्थियों के प्रशिक्षण की व्यवस्था है। इस प्रशिक्षण केंद्र पर प्रशिक्षणार्थियों को रहने के साथ ही अन्य कई तरह की नि:शुल्क सुविधाएं मिलेगी। प्रशिक्षणार्थियों को यहां पर मेस में भोजन की भी व्यवस्था है, लेकिन इसका उन्हें भुगतान करना होगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम समन्वयक सुजीत वर्मा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं व बच्चों की देखभाल के साथ टीकाकरण, जांच, संस्थागत प्रसव व अन्य सहायता के लिए ए0एन0एम0 (आक्सीलिएरी नर्स मिडवाइफ) की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हैं। ए0एन0एम0 ट्रेनिंग सेंटर के पुन: शुरू होने से स्वास्थ्य विभाग को लाभ होगा। साथ ही ए0एन0एम0 दक्ष होकर स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतरीन काम कर सकेंगी। इस मौके पर ए.एन.एम. ट्रेनिंग सेंटर के प्रभारी और ए.सी.एम.ओ. डॉ. एस.के. शाही, एसीएमओ डॉ. पी.के. सिंह, डॉ. राजीव गिरी, डॉ. उदय प्रताप, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम समन्वयक सुजीत वर्मा, डी.सी.पी.एम. रिजवान मलिक, ए.एन.एम. टी.सी. की प्रभारी प्राचार्य नमिता सिंह सहित बड़ी संख्या में प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे।

### एएनएम का यह है कार्य

**ए.एन.एम.** प्रत्येक बुधवार-शनिवार को सब सेंटरों पर पहुंचकर गर्भवतियों व शिशुओं को स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न तरह की सेवाओं का लाभ देती हैं। स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्रों पर पहुंचकर गर्भवतियों व बच्चों की जांच भी करती हैं। डोर टू डोर अभियान के साथ सार्वजनिक स्थलों पर शिविर करती हैं। ए.एन.एम. को 49 प्रकार की सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। इसमें बीपी मशीन, स्टेथोस्कोप (आला), दो वजन मशीन (बच्चों-बड़ों के लिए), हब कटर, स्टेडियो मीटर, पेट जांचने के लिए टेबल-तख्त, एनाफायलेक्सिस किट, ईसीपी पैकेट, मूत्र परीक्षण स्ट्रिप्स व संग्रह कप, एचआइवी किट, सिफलिस किट, फेटोस्कोप एंड डापलर, एचबी परीक्षण स्ट्रिप, आयरन, कैल्शियम, जिंक समेत कई प्रकार की सामान्य दवा, गर्भनिरोधक सामग्री व स्टेशनरी शामिल है।

## क्विक न्यूज

### हरिशंकरी वाटिका में लगाए गए पौधे

**सीतापुर ।** हरिशंकरी वाटिका सप्ताह के अन्तर्गत वन छेत्राधिकारी सिधौली महेंद्र प्रताप सिंह ने ब्लाक कसमण्डा की ग्रामपंचायत दाउदपुर की वन पौधशाला दाउदपुर के समीप स्थित अतिप्राचीन सुप्रसिद्ध कुलीगंज बाबा मन्दिर व ब्लाक कसमण्डा की ग्रामपंचायत पीरनगर मे शिव जी के शिवाला दोनो स्थानो पर हरिशंकरी पीपल, पाकर बरगद, का पौधरोपण किया गया तथा पीरनगर मे पूर्व मे शिवजी के शिवाला पर लगवाई गयी नवग्रह वाटिका, नछत्र वाटिका व पारिजात के ब्रच्छ का निरीक्षण वन छेत्राधिकारी सिधौली महेंद्र प्रताप सिंह ने अपनी टीम के साथ किया इस मौकेपर उप वन छेत्राधिकारी सिधौली रामसेवक यादव, वन दरोगा मोहनलाल, वन दरोगा रामसेवक वर्मा,प्रधान ग्रामपंचायत दाउदपुर कौसल कुमार, प्रधान ग्रामपंचायत पीरनगर अरविंद अवस्थी, वनरच्छक प्रेमकुमार पाल,जैविंद यादव, सुभम ,मनोज, रामनरेश , प्रदीप कुमार शुक्ला,मुरारी दिछित, सुनील दिछित, सफाई कर्मी राकेश यादव, लूटन चन्द आदि लोगो ने पौधरोपण रोपण किया।

### रसूलपुर मुख्य मार्ग पड़ा जर्जर, राहगीर परेशान

**कसमंडा सीतापुर।** सदर विधायक शहरी बिकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरू के विधान सभा क्षेत्र के ब्लाक खैराबाद की ग्राम पंचायत दहेलिया श्रीरंग के मजरा रसूलपुर का मुख्य मार्ग बेहद खराब होने के कारण गाव के बच्चे, बूढे सभी को आने.जाने मे.काफी दिक्कते उठानी पड़ती है जरा सी बरसात होने पर गाव के मुख्यमार्ग पर जलभराव हो जाता है जिससे.गाव के सभी लोगो को मजबूरन इसी गन्दे पानी से होकर गुजरना पड़ता है गांव वालो ने इस समस्या से निजात दिलाऐ जाने के लिए कयी बार प्रधान प्रतिनिध विनोद त्रिपाठी को औगत कराया लेकीन प्रधान प्रतिनिध ने हरबार एक ही बात कहकर बात को टाल दिया की.अभी गाव के नाली खणजा की मरम्मत के लिए बजट नही आया है जब बजेट आएगा तो बनवा दिया जाएगा इस भासासैली से.आहत होकर ग्रामीणो ने प्रधान व प्रसासन का सहारा छोड कर अपर हाथो से अपने मार्ग.की मरम्मत करने मे जुट गए इसके विषय मे जब प्रधान प्रतिनिध विनोद त्रिपाठी से टेलीफोन के माध्यम से जानकारी ली गयी तो उन्होने बताया इस समय हमारे पास पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय, कायाकल्प, अमृत सरोवर के अतिरिक्त कोई बजेट नही है बजेट उपलब्ध होने पर मार्ग की मरम्मत करा दी जाएगी।

### तिरंगा प्रतियोगिता के प्रतिभागी पुरस्कृत



**संडीला(हरदोई)।** एक संस्था द्वारा तिरंगा प्रतियोगिता का आयोजन कर सुंदर तिरंगा बनाने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया। स्थानीय एएल मेमोरियल स्कूल में आयोजित इस प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में आकांक्षा प्रजापति प्रथम, यश कन्नौजिया द्वितीय तथा पल्लवी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम में कॉलेज के प्रबंधक प्रभात अस्थाना तथा कॉलेज का स्टाफमौजूद रहा।

### आईआर इंटर कॉलेज ने जिला ताइक्वांडो प्रतियोगिता जीती



**संडीला(हरदोई)।** जिला स्तरीय टाइक्वांडो प्रतियोगिता में आईआर इंटर कॉलेज ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए यह प्रतियोगिता जीत ली। आईआर इंटर कॉलेज में आयोजित जिला टाइक्वांडों प्रतियोगिता में आर्यकन्या बालिका इंटर कॉलेज हरदोई, श्री बेड़ीमाधव इंटर कॉलेज हरदोई, भगवान बुद्ध इंटर कॉलेज संडीला, जेपी वर्मा इंटर कॉलेज गौसगंज तथा पं0 दीनदयाल उपाध्याय इंटर कॉलेज खसरौल के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में आईआर इंटर कॉलेज प्रथम तथा भगवान बुद्ध इंटर कॉलेज द्वितय स्थान पर रहा। इस प्रतियोगिता से बालिका वर्ग में पूर्णिमा वर्मा, अंजली देवी, वर्तिका शर्मा, दिव्यांशी श्रीवास्तव का बालिका वर्ग में तथा राजू कश्यप, सक्षम, आयुषमान दीक्षित, प्रज्जवल गुप्ता, हिमांशू सिंह तथा मो0 हारून का बालक वर्ग में मण्डल टीम के लिए चयन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन डॉ0 विभा सिंह, अध्यक्ष टाइक्वांडो संघ हरदोई द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ0 ओम प्रकाश, शारिरिक शिक्षा प्रवक्ता राम दयाल, चंन्द्रेश शर्मा, शिक्षक राजाराम, अमित कुमार, सम्राट अशोक, अवधेश प्रताप आदि मौजूद रहे।

लहरपुर कोतवाली इलाके के जोशी टोला मोड़ की घटना

# बदमाशों के हमले से बाइक सवार गंभीर रूप से जख्मी

● हमले के बाद बाइक सवार के गिरने पर की लूट

●पीड़ित को रात करीब दो बजे जब होश आया तो घर पहुंचा और घरवालों को आपबीती सुनाई

संवाददाता। लहरपुर सीतापुर

**सीतापुर के** लहरपुर कोतवाली इलाके में बाइक सवार शख्स से लूटपाट का सनसनी खेज मामला सामने आया है। बेखौफ बदमाशों ने पहले घात लगाकर बाइक सवार के सर पर डंडे से प्रहार किया, हमले में जब बाइक सवार गिर पड़ा तो नगदी लूटकर उसे लहूलुहाल हालत में छोड़कर चले गए।

होश आने पर पीड़ित घर पहुंचा और अपने साथ अंजाम दी गई लूटपाट की वारदात से घरवालों को अवगत कराया। पुलिस को खबर दी गई, पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी है। दरअसल, लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के मातनपुरवा निवासी हंसराज पुत्र गया प्रसाद मंगलवार की देर शाम करीब नौ बजे बाइक से नगर के बदायूं टोला निवासी अपने रिश्तेदार दिनेश पुत्र श्री राम के घर गया था। वहां से रात लगभग दस बजे के बाद वापस अपने घर जा रहा था। आरोप है कि लहरपुर-बिसवां मार्ग पर जोशी टोला मोड़ के निकट लूट की नियत से पहले से ही घात लगाए बैठे बदमाशों ने हंसराज के सर पर लाठी से प्रहार कर दिया। हमले में हंसराज गंभीर रूप से घायल होकर बाइक समेत सड़क के किनारे जा गिरा। इसके बाद उसकी जेब से बदमाशों ने दो हजार रुपये लूट लिए। पीड़ित को रात करीब दो बजे जब होश आया तोघर पहुंचा और घरवालों को आपबीती सुनाई। बुधवार सुबह घटना की खबर पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पड़ताल की तो हंसराज के कपड़े पड़े हुए मिले, वहीं कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर पीड़ित को डॉक्टरी परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजकर जांच शुरू कर दी है। लूटपाट का शिकार हुए हंसराज और उसके रिश्तेदार सतीश ने घटना की जानकारी दी।

# पीडब्लूडी विभाग डीएम के आदेश को भी दिखा रहा ठेंगा

● कैप्टन मनोज के गांव जाने वाले मार्ग को दुरुस्त कराने के दिए डीएम ने दिए थे निर्देश

संवाददाता। कसमंडा सीतापुर

**मा भारती** का शौर्य बरकरार रखने के लिए अपने प्राणो की आहूति देने वाले कारगिल युद्ध के महानायक परमवीर चक्र विजेता कैप्टन मनोज कुमार पांडेय के पैतृक गांव ब्लाक कसमण्डा की ग्रामपंचायत छरासी के मजरा रूढा को हाइवे एनएच-24 से जाने वाला मुख्य मार्ग बहुत कम चौड़ा है जिससे बाहन को क्रास करने मे काफी दिक्कत होती है और मार्ग मे तीव्र मोड़ के साथ साथ मार्ग के किनारे कई गहरे तालाब भी है जिससे आऐ दिन हादसे भी होते रहते है गांव वालो ने कई बार रोड़ चौड़ीकरण रोड के किनारे दोनो तरफ रेलिंग व मर्करी लाइट लगवाए जाने की प्रशासन से माग की लेकिन किसी भी प्रशासनिक अधिकारी ने देश के लिए मर मिटने वाले वीर सपूत के जन्मभूमि व सहीद स्मारक स्थल पर जानेवाले मुख्य मार्ग का चौणी करण, रेंलिग, व लाइट लगवाना मुनासिब नही समझा पिछले दिनो कैप्टन मनोज पांडेय के गांव की तरह से आ रहे दो बाइक सवार ट्रैक्टर को वोवर टेक करते समय रोड कम चौणी होने व रोड के किनारे रेलिंग न होने के कारण गहरे तालाब मे बाइक समेत चले गए तालाब मे कम पानी होने के कारण बड़ा हादसा टल गया यदि तालाब मे पर्याप्त पानी होता तो बड़ा हादसा हो सकता था काफी जद्दोजहद के बाद स्थानीय लोगो की मदद से बाइक व दोनो बाइक सवारो को तालाब से बाहर निकाला गया जिलाधिकारी सीतापुर अनुज सिंह कारगिल विजय दिवस के अवसर पर परमवीर चक्र विजेता शहीद कैप्टन मनोज कुमार पांडेय के शहीद स्थल पर श्रंदाजली देने रूढा पहुचे तो वहा की व्यवस्थाए देख विभागीय अधिकारियो के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए 15 अगस्त तक शहीद स्थल, जन्म स्थली, मनरेगा पार्क, कैप्टन मनोज कुमार पांडेय के नाम से बने पुराने पार्क का जीर्णोद्धार, कैप्टन मनोज कुमार पांडेय वन की स्थापना, अमृत सरोवर, आदि विकास कार्यो को पूरा कराने के निर्देश खण्ड विकास अधिकारी कसमण्डा अजीत यादव को दिए। इन सभी विकास कार्यो पर युद्ध स्तर पर काम चल रहा है, वहीं पी . डब्लू .डी. विभाग को एन एच 24 से कैप्टन मनोज कुमार पांडेय के गांव रूढा तक रोड सही करने के निर्देश दिए लेकिन पीडब्लूडी .विभाग के मनबढ अधिकारियो ने उसी कमचौणी रोड पर.लीपापोती करके अपने कार्य से इतश्री कर लीया।

## गौरी बाबा मंदिर से निकली कांवड़ यात्रा



**सिंगाही-खीरी।** कस्बे में महिलाओं ने बुधवार को वार्ड नं चार के गौरी बाबा मंदिर से कांवड़ यात्रा निकाली। महिलाओं ने सरजू नदी से जल भरकर सिद्ध बाबा मंदिर में जलाभिषेक किया। श्रावण मास में कावड़ यात्रा निकाल कर भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक का सिलसिला लगातार जारी है। बुधवार को महिलाओं ने कावड़ यात्रा निकाल कर सरजू नदी के जल से सिद्ध बाबा मंदिर पर भगवान शिव का अभिषेक और पूजन किया। कांवड़ उठाकर चल रही महिलाओं रास्ते भर बम-बोले के नारे लगाती हुईं आगे बढ़ रही थीं। कांवड़ यात्रा में युवतियां भी शामिल हुईं थीं। कई महिलाएं और युवितयां अपने हाथों में भगवा ध्वज लेकर चल रही थीं। इस दौरान चेयरमैन उत्तम कुमार मिश्रा, भाजपा नेता सुनील बत्रा, पूर्व चेयरमैन प्रदीप पुरवार, श्री राम सिंह, सभासद उमाकांत कटियार, सभासद प्रतिनिधि जोगेंद्र शाक्य, समाजसेवी राहुल गुप्ता, राजेश गुप्ता, विमल तिवारी व कमल जायसवाल सहित कस्बे के सम्भ्रान्त लोगों ने कांवर यात्रा में भाग लिया।

## अभाविप का जिला अभ्यास वर्ग संपन्न

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ खीरी



**अखिल भारतीय** विद्यार्थी परिषद गोला जिले का जिला अभ्यास वर्ग नगर के सरस्वती विद्या निकेतन स्कूल के हाल में संपन्न हुआ। अभ्यास वर्ग का शुभारंभ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अवध प्रांत के प्रांत प्रमुख इंद्रेश, गोला जिले के जिला प्रमुख संजीव दीक्षित, जिला संयोजक अभय बाजपेई द्वारा माता सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया।

जिला अभ्यास वर्ग के प्रथम सत्र में कार्य पद्धति विषय पर बोलते हुए प्रांत एसएफडी प्रमुख ने बताया कि परिषद अपने कार्य पद्धति की वजह से ही विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन के रूप में जाना जाता है विद्यार्थी परिषद की कार्य पद्धति राष्ट्रहित एवं समाज हित तथा छात्रहित के लिए कार्य करती है। द्वितीय सत्र सैद्धांतिक भूमिका पर अपने विचार व्यक्त करते हुए गोला जिले के जिला प्रमुख ने बताया कि विद्यार्थी कल का नहीं अपितु आज का नागरिक है जब हमारा आज ठीक रहेगा तब कल स्वयं ही ठीक रहेगा। श्री गुप्ता ने बताया कि विद्यार्थी परिषद का कार्यकर्ता एक सैनिक के समान है जो देश के अंदर राष्ट्र की सेवा के लिए दिन-रात कार्य करता है। जिला अभ्यास वर्ग के मंच का संचालन अशुतोष मिश्रा तहसील सह संयोजक ने किया। जिला अभ्यास वर्ग में विभाग सगठन मंत्री अंकुर गुप्ता, विभाग संयोजक शिवम अवस्थी, जिला प्रमुख संजीव दीक्षित, जिला संयोजक अभय बाजपेई, जिला सह संयोजक आर्यन गुप्ता, नगर मंत्री उदय मिश्रा, नगर सह मंत्री अमन वर्मा, रजत गुप्ता, अजय वर्मा, मयंक रस्तोगी, राज जायसवाल, आकाश वर्मा, सचिन, प्रांजल, दीपांशु, ऋतिक व दीपक आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## व्यापारियों के मसीहा हैं जितिन अग्रवाल:सौरभ

**पलियाकलां-खीरी।** आबकारी एवं मद्य निषेध राज्य मंत्री स्वतन्त्र प्राभार एवं प्रदेश अध्यक्ष उप्र उद्योग व्यापार संगठन नितिन अग्रवाल का 41वां जन्मदिन संगठन के कार्यकताओं ने बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया। नितिन अग्रवाल की सर्वस्व कुशलता व सदैव सफलता की कामना के साथ नगर अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं सहित मंदिर में प्रसाद चढ़ाकर ईश्वर से बहुविधि कल्याण व दीर्घायु होने प्रार्थना की गई। गरीबों व जरूरतमंदों को केले व सेब वितरित करने के बाद अपराह्न बाईपास रोड स्थित प्रतिष्ठान पर दर्जनों कार्यकताओं के साथ केक काटकर अपने नेता नितिन अग्रवाल को शुभकामनाएं प्रेषित की गयी। उपस्थित व्यापारियों को संबोधित करते हुये सौरभ ने कहा कि सुमधुर वाणीए व्यक्तित्व व कार्यशैली के धनी नितिन अग्रवाल वास्तव में व्यापारियों के सच्चे मसीहा है उनके नेतृत्व में व्यापारी निर्भय होकर व्यापार करते हैं।

## तिरंगा बाइक रैली हुई रवाना



**बेहजम खीरी।** मितौली तहसील क्षेत्र के बेहजम 11 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान के तहत मुख्य अतिथि विधायक कस्ता सौरभ सिंह सोनू, वशिष्ठ अतिथि जिला उपाध्यक्ष विजय शुक्ला, उपाध्यक्ष संतोष कुमारी और बेहजम मंडल अध्यक्ष संजय दीक्षित ने गौरीशंकर मंदिर प्रांगण से तिरंगा यात्रा मोटरसाइकिल पर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने बेहजम कस्बे से लखनापुर तक 'हर घर तिरंगा' बाइक रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। राष्ट्रीय स्वाभिमान और राष्ट्र भक्ति का प्रतीक राष्ट्र ध्वज तिरंगा यात्रा निकालकर देश की खुशहाली और आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है स्वतंत्रता दिवस के महा अमृत उत्सव का संदेश देते हुए हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत के हर घर हर दुकान व सरकारी संस्थाओं पर तिरंगा फहराने का दृढ़ संकल्प लिया गया है। बेहजम से लखनापुर तक हर घर तिरंगा बाइक रैली निकाली गई। इसमें आदर्श मिश्रा, धर्मेंद्र राठौर, अजय वर्मा, आदित्य कुमार शुक्ला, दीपू पूर्व प्रधान, जसकरन लाल, सुरेश गौतम, नीरज त्रिवेदी व राम सिंह राठौर सहित सैकड़ों लोग तिरंगा यात्रा में शामिल रहे। रैली में देश आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर खुशी जाहिर करते हुए युवा भारत माता की जय कारे लगाते हुए मेरा रग दे बसंती चोला पर थिरकते हुए बाइक रैली का अभियान चलाया गया।

# एएनएम प्रशिक्षण का चेयरमैन ने किया शुभारंभ

● चयनित 50 में 39 प्रशिक्षु एएनएम की ट्रेनिंग शुरू



**लखीमपुर-खीरी।** एएनएम प्रशिक्षण के लिए चयनित 50 में से 39 प्रशिक्षु एएनएम की ट्रेनिंग बुधवार को एएनएम ट्रेनिंग सेंटर में विधिवत शुरू करा दी गई है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका चेयरमैन निरुपमा मौनी बाजपेयी ने किया। इस दौरान उनके साथ मुख्य रूप से सीएमओ डा. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी और एसीएमओ डा. अनिल कुमार गुप्ता, एसीएमओ डा. बीसी पंत व प्रशिक्षण के नोडल डा. लाल जी पासी उपस्थित रहे।

अच्छा कार्यक्रम शुभारंभ अवसर पर चेयरमैन नगर पालिका लखीमपुर खीरी निरुपमा मोनी बाजपेई ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर काफी संवेदनशील है। स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। आज ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के 38 एएनएम ट्रेनिंग सेंटरों का शुभारंभ किया था। उनमें से एक ट्रेनिंग सेंटर लखीमपुर खीरी का भी है। जहां आज से एएनएम का दो वर्षीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एसीएमओ डा. लालजी पासी ने बताया कि अभी 50 में से 39 एएनएम पद के चयनित प्रशिक्षु ट्रेनिंग के लिए आ गई हैं। उनका प्रशिक्षण प्रमाण पत्र सत्यापन के बाद शुरू करा दिया गया है। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आवासीय है। प्रशिक्षुओं को रहनेए खाने सहित कई सुविधाएं सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही हैं। इन प्रशिक्षुओं को वर्णिता मिश्रा व महिमा सिंह ट्रेनिंग दी जाएगी। समय.समय पर विशेषज्ञ प्रशिक्षक भी प्रशिक्षण देने के लिए आएंगे। प्रशिक्षण के लिए लाइब्रेरी, कंप्यूटर कक्ष, आईटी लैब सहित कई सुविधाएं बेहतर प्रशिक्षण के लिए उपलब्ध कराई गई है। प्रशिक्षु एएनएम के प्रशिक्षण की मानिटरिंग एसीएमओ आरसीएच अश्विनी कुमार और डीपीएम अनिल कुमार यादव करेंगे। साथ ही प्रशिक्षण की गुणवत्ता की जिम्मेदारी भी निभाएंगे। दो साल के प्रशिक्षण के बाद इन इन सभी को प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र वितरित किया जाएगा।इस दौरान सीएमओ डॉ अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी ने कहा कि प्रशिक्षण की समय अवधि के दौरान सभी प्रशिक्षु एएनएम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और वीएचएनडी सरसों का भी भ्रमण कराया जाएगा जिससे वह सभी क्षेत्र की बारीकियों को समझ सकें। साथ ही उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण में आशा और संगिनी को भी वरीयता देकर शासन द्वारा सम्मिलित किया गया है पहले दिन आठ आशा और संगिनी भी इन प्रशिक्षकों में शामिल हैं। जिनका क्षेत्र में काम करने का पहले से ही अनुभव है यह सभी प्रशिक्षण के उपरांत एक बेहतर स्वास्थ्य कर्मी के रूप में उभर कर सामने आएंगेए ऐसा उनका मानना है। उन्होंने सभी के उज्जवल भविष्य को लेकर शुभकामना दी। इस दौरान एसीएमओ डा. अनिल कुमार गुप्ता और एसीएमओ डा. बीसी पंत, डा. उज्जवल व अवधेश वर्मा, कार्तिकेय मिश्रा, परमानंद वर्मा, सौरभ शुक्ला, डैम सतपाल सिंह, देवनंदन श्रीवास्तव व चेयरमर पीए शोभितम सहित आदि कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।

## राहुल गुप्ता ने बच्चों को वितरित किए तिरंगा झंडा

**सिंगाही-खीरी।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा फहराने के लिए बुधवार को सभासद प्रतिनिधि राहूल गुप्ता ने राजा प्रताप विक्रम शाह इंटर कॉलेज के बच्चों के बीच तिरंगा झंडे का वितरण किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों के बीच तिरंगे झंडे का वितरण करते हुए राष्ट्र निर्माण की बातें बताई गई। देश की आजादी के 75 वें साल पूरे होने के उपलक्ष्य में देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। इस अभियान के माध्यम से देश के नागरिकों के दिलों में देशभक्ति की भावना को बढ़ाना और देश की एकता अखंडता और राष्ट्रीयता के प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज को एक नई पहचान और सम्मान देना है।इसी के तहत भारत सरकार ने हर घर तिरंगा अभियान का ऐलान किया है। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए सभासद प्रतिनिधि राहुल गुप्ता ने राजा प्रताप विक्रम शाह इंटर कालेज के बच्चों को तिरंगा झंडा वितरण करके हर घर पर तिरंगा लगाने की अपील की। इस दौरान कॉलेज के प्रबंधक डॉ एनयू खान, प्रधानाचार्य मदन गोपाल, भूपेंद्र सिंह, मयंक रस्तोगी व नईम अंसारी सहित समस्त स्टॉप उपस्थित रहा।

# कांग्रेस ने भारत जोड़ो तिरंगा यात्रा रैली का किया शुभारंभ



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** कांग्रेस व युवा कॉग्रेस के तत्वावधान में भारत जोड़ो यात्रा के अंतर्गत तिरंगा यात्रा प्रियंका गांधी वाड्रा के निर्देशानुसार गोला गोकर्ण नाथ में सादर चौराहे से शुरू हो कर मोहम्मदी रोड से भ्रम बाबा स्थान, ममरी व महेशपुर तक निकाली गई। यात्रा में मुख्य अतिथि लखीमपुर खीरी पूर्व सांसद व मंत्री जफर अली नकवी मौजूद रहे। जफर अली नकवी ने अपने संदेश में कहा कि देश में इस समय जो देश की संप्रभुता को तोड़ने वाले शक्तियां काम कर रही हैं।

उनसे सभी देशवासियों को मिलकर लड़ना है और देश की एकता और अखण्डता को कायम रखते हुए एक साथ आगे बढ़ना है। भारतीय युवा कॉग्रेस के जिलाध्यक्ष शुभम अग्निहोत्री ने कहा कि इस समय देश में एक ऐसा डर का माहौल बनाया जा रहा है। जिसके अधीन हो कर आम आदमी पिस रहा है। जो महंगाई व बेरोज़गारी की मार आम आदमी झेल रहा है वह बहुत दिन तक नहीं झेल पाएगा। ऐसे समय में सभी को मिलकर एकसाथ अपनी आवाज उठानी चाहिए जिससे ये गूंगी बहरी सरकार तक आम आदमी की आवाज पहुंच सके। यात्रा में लखीमपुर खीरी जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल, रामकुमार मिश्रा, शिव सहाय सिंह, पंकज शुक्ला, यतीश शुक्ला, मनीष वर्मा, मतीन शाह, राकेश विश्वकर्मा, मुश्ताक इदरीसी व मकबूल खान आदि सैकड़ों कांग्रेस जन मौजूद रहे।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवती की मौत

**बरेली।** संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खाने से एक युवती की मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी। शाही थाने के गांव दुनका निवासी जफरुल इस्लाम की 18 वर्षीय बेटी नजमा कि बीती रात इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में मौत हो गई उसे कुछ देर पहले ही बेहोशी की हालत में भर्ती कराया गया था बताया जाता है कि नजमा का कल शाम को अपने घर में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया जिसके बाद उसने घर में ही जहरीला पदार्थ खा लिया उसकी हालत बिगड़ गई पता चलने पर घरवालों ने उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया जहां उसकी कुछ देर बाद ही मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के परिजनों ने कुछ भी बताने से इनकार किया।

# राष्ट्र सेवा के अधूरे सफर को फिर शुरू करूंगा: वेंकैया

भाषा। नई दिल्ली

**उपराष्ट्रपति** एम वेंकैया नायडू ने बुधवार को कहा कि वह अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद राष्ट्र सेवा की अपनी अधूरी यात्रा फिर से शुरू करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वह आने वाले समय में लोगों से संवाद जारी रखेंगे और उनका ध्यान युवाओं तथा किसानों पर रहेगा। नायडू ने मजाकिया लहजे में कहा कि वह प्रेजिडेंट या डिसिडेंट, अन्यथा रेजिडेंट की अवधारणा में विश्वास नहीं करते और वह लोगों के साथ जुड़ाव जारी रखेंगे। उन्होंने अपने आवास पर मीडिया से कहा, मैं राष्ट्र की सेवा में अपनी अधूरी यात्रा परसों से फिर शुरू करूंगा। उन्होंने कहा, मीडिया द्वारा दिए गए समर्थन के कारण मैं आप सभी को दिल की गहराइयों से धन्यवाद देना चाहता हूं।

नायडू ने कहा कि किसी ने उन्हें एक बार लिखा था कि वेंकैया नायडू समाचार का विषय बन जाते हैं चाहे वह पद पर हों, विपक्ष में हों या किसी पद पर न हों। उपराष्ट्रपति ने कहा, बाद में उन्होंने मुझे फोन किया और कहा कि इसके पीछे क्या राज है? नायडू ने कहा कि उन्होंने व्यक्ति को समझाया कि वह जो कहते हैं उसमें हमेशा एक संदेश और सार होता है, तथा मीडिया इसे इस तरह कवर करता है। उन्होंने कहा, कल से मैं फिर से आगे बढ़ूंगा। जैसा कि मैंने पहले कहा था, मैं प्रेजिडेंट या डिसिडेंट, या रेजिडेंट की अवधारणा में विश्वास नहीं करता। मैं लोगों के साथ संवाद जारी रखूंगा क्योंकि मुझे इससे काफी खुशी मिलती है। मेरा ध्यान युवाओं और किसानों पर रहेगा क्योंकि उन पर सरकार और व्यवस्था को अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।

नायडू ने कहा कि उनके पास कुछ अन्य कार्यक्रम हैं और इस तथ्य के बावजूद कि वह 10 अगस्त के बाद उपराष्ट्रपति नहीं रहेंगे, उन्हें पहले ही कुछ आमंत्रण मिल चुके हैं। उन्होंने कहा, मैंने उनसे कहा कि 10 तारीख के बाद मैं अब उपराष्ट्रपति नहीं रहूंगा, लेकिन उन्होंने कहा कि इसका उपराष्ट्रपति पद से कोई लेना-देना नहीं है, यह वेंकैया नायडू के लिए है। अपने आवास पर दोपहर के भोजन के दौरान, निवर्तमान उपराष्ट्रपति ने मीडिया के साथ अपनी बातचीत को याद किया और 1993 का भी जिक्र किया जब वह भाजपा महासचिव के रूप में दिल्ली आए थे। बाद में वह पार्टी के अध्यक्ष भी बने। नायडू अपनी जीवन यात्रा में केंद्रीय मंत्री भी रहे और उनके पास ग्रामीण विकास, शहरी विकास, सूचना और प्रसारण तथा संसदीय मामलों जैसे कई महत्वपूर्ण विभाग रहे। उनका यह सफर देश के दूसरे सर्वोच्च संवैधानिक पद तक पहुंचा। उपराष्ट्रपति के रूप में नायडू का कार्यकाल 10 अगस्त को समाप्त हो रहा है और बृहस्पतिवार को नए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के शपथ ग्रहण करने के बाद वह अपने परिवार के साथ हैदराबाद के लिए रवाना होंगे। नायडू को दिल्ली में, त्यागराज मार्ग पर आधिकारिक बंगला आवंटित किया गया है। इससे पहले सुबह उन्होंने राज्यसभा के सभापति के रूप में अपने पांच साल पूरे होने पर संसद भवन परिसर में एक पौधा लगाया। इस अवसर पर नायडू ने कहा कि एक पौधा 100 पुत्रों के बराबर होता है जैसा कि पुराणों में बताया गया है। उन्होंने सभी से पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने में मदद करने के लिए वृक्षारोपण करने, इसकी रक्षा करने, इसे बढ़ाने और इसका प्रसार करने की अपील की। लगाया गया पौधा सीता अशोक है, जो एक सदाबहार वृक्ष है। यह अपने सजावटी सुगंधित फूलों तथा औषधीय मूल्यों के लिए जाना जाता है। पेड़ फैब्रेसी परिवार से संबंधित है और इसे पौराणिक तथा पवित्र पेड़ों में से एक माना जाता है। इसे अशोक, करकेली (संस्कृत), असोगम (तमिल), ओशोक (बंगाली), वंजुलम (तेलुगु), अशोकम (मलयालम) और अशोकदमारा (कन्नड) आदि के नाम से भी जाना जाता है। अशोक का शाब्दिक अर्थ है बिना शोक वाला।

## दोहरी नागरिकता के आरोप में नौशाद उर्फ शमशाद गिरिडीह से गिरफ्तार

**गिरिडीह।** झारखंड के गिरिडीह जिले की गांवा थाना पुलिस ने नौशाद उर्फ शमशाद नामक एक व्यक्ति को बीती रात गिरफ्तार कर लिया। गांवा थाना प्रभारी पिन्टू कुमार ने बताया कि नौशाद उर्फ शमशाद ने बांग्लादेश और भारत दोनों का पासपोर्ट बनवा रखा था। वह मूल रूप से गांवा थाने के चटनियांटांड़ गांव का रहने वाला है। उसका स्कूल का नाम भी दो है और वह बांग्लादेश में कुक का काम करता है। पुलिस ने इस फर्जीवाड़े के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

## जम्मू में सैनिक ने खुद को गोली मारी, मौत

**जम्मू।** जम्मू में सेना के शिविर के अंदर एक जवान ने अपनी सर्विस राइफल से खुद को कथित तौर पर गोली मार ली जिससे उसकी मौत हो गई। सैनिक योगेश कुमार मीरन साहिब इलाके में कुलियां शिविर में गार्ड ड्यूटी पर थे तभी उन्होंने खुद को सिर में गोली मार ली।



जम्मू में स्कूली छात्राएं रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर आर्मी कैम्प में जवानों को राखी बांधती हुई।



पटना में राजभवन में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार। साथ में उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव व अन्य नेता शपथ लेने के बाद बैठे हुए।

## बंगाल नगर निगम ने वैश्विक नेताओं को जलकुंभी से निर्मित राखियां भेजी

**कोलकाता।** बंगाल के एक नगर निगम ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के अलावा कई वैश्विक नेताओं को जलकुंभी से बनी राखियां भेजी हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह पौधा रुके हुए पानी में पैदा होता है और पानी से ऑक्सीजन को खींच लेता है। यह एक बहुत तेजी से फैलने वाला खरपतवार है, जिसे स्थानीय रूप से कोचुरिपाना कहते हैं। यह राखियां स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की ओर से तैयार की गई थीं। नेताओं को भाईचारे का संदेश फैलाने और महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक उत्थान के लिए जैव निम्नीकरणीय अपशिष्ट सामग्री का उपयोग करने के राज्य के प्रयास को दर्शाने के लिए इन्हें भेजा गया। बोंगांव नगर पालिका के अध्यक्ष गोपाल सेठ ने कहा, जलकुंभी का इस्तेमाल करने से स्थानीय लोगों के लिए रोजगार पैदा करने में भी मदद मिलेगी क्योंकि जलकुंभी से बने हस्तशिल्प कई देशों में बहुत मांग में हैं।

# कर्नाटक में नहीं बदला जाएगा मुख्यमंत्री: बीएस एदियुरप्पा

**बेंगलुरु।** भाजपा के वरिष्ठ नेता बी. एस. एदियुरप्पा ने कर्नाटक में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई को हटाए जाने की अटकलों को बुधवार को खारिज कर दिया और कहा कि वह अपना कार्यकाल पूरा करेंगे। एदियुरप्पा ने कहा कि मुख्यमंत्री को बदलने के बारे में पार्टी में कोई चर्चा नहीं हो रही है। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एदियुरप्पा ने यह भी कहा कि भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष नलिन कुमार कतील का कार्यकाल खत्म होने के बाद अगले अध्यक्ष के बारे में पार्टी नेतृत्व फैसला लेगा। कतील का कार्यकाल 20 अगस्त को समाप्त होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि वह और कर्नाटक के अन्य नेता 2023 के विधानसभा चुनाव में पार्टी को सत्ता में बरकरार रखने के मकसद से राज्य की यात्रा करेंगे।

बोम्मई को हटाए जाने से संबंधित कांग्रेस के ट्वीट के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, इसमें कोई सच्चाई नहीं है। चुनाव में सात से आठ महीने बचे हैं, ऐसे में बदलाव का कोई सवाल ही नहीं है। बसवराज बोम्मई मुख्यमंत्री के तौर पर अपना कार्यकाल पूरा करेंगे। मीडिया में आई इस तरह की गैर-जरूरी खबरें ठीक नहीं हैं। मैं आपसे इन पर लगाम लगाने की अपील करता हूं। एदियुरप्पा ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पार्टी में मुख्यमंत्री को बदलने पर कोई चर्चा नहीं हो रही और इसकी कोई आवश्यकता नहीं है। एदियुरप्पा के बाद मुख्यमंत्री बने बोम्मई के कार्यकाल को 28 जुलाई को एक साल पूरा हो गया था। वह कोरोना वायरस से संक्रमित होने के बाद फिलहाल पृथकवास में हैं। कांग्रेस ने मंगलवार को दावा किया कि चुनाव के लिए कोई चेहरा नहीं होने की वजह से भाजपा सत्ता की कुर्सी पर कठपुतली मुख्यमंत्री को स्थापित करने की कोशिश कर रही है।

कर्नाटक कांग्रेस ने ट्वीट किया, राज्य की जनता परेशान है लेकिन भाजपा सत्ता के खेल में मशगूल है। बाढ़ का सामना कर रहे लोगों को राहत पहुंचाने के बजाय भाजपा कर्नाटक में तीसरे मुख्यमंत्री को स्थापित करने पर विचार कर रही है। जब भी राज्य पर कोई आफत आती है, तो भाजपा सत्ता का खेल शुरू कर देती है। कांग्रेस ने कहा कि ऐसा लगता है कि बोम्मई की कुर्सी कुछ ही घंटे की रह गई है।

## सैन्य अधिकारियों के लिए शिक्षण व प्रशिक्षण प्रारूप को उन्नत बनाने की जरूरतः वायु सेना प्रमुख

**गांधीनगर।** वायु सेना प्रमुख वी. आर. चौधरी ने बुधवार को कहा कि चुनौतीपूर्ण सुरक्षा परिदृश्यों में सैन्य अधिकारियों के शिक्षण और प्रशिक्षण प्रारूप को अद्यतन और उन्नत करने की जरूरत है। एयर चीफ मार्शल चौधरी वायु सेना और राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के बीच एक सहमति-पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने के लिए गांधीनगर में थे। एमओयू पर हस्ताक्षर के बाद उन्होंने कहा, संघर्ष के पारंपरिक क्षेत्र लगातार विकसित हो रहे हैं, वहीं युद्ध के नए गैर-गतिज और गैर-घातक साधनों का भी उपयोग किया जा रहा है। जब किसी राष्ट्र को प्रत्यक्ष सैन्य कार्वाइयों के अलावा अन्य माध्यमों (दुष्प्रचार अभियान, साइबर हमले और आर्थिक जासूसी आदि) से परेशान किया जाता है तो इसे गैर-गतिज (नॉन काइनेटिक) युद्ध के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि सूचना के इस युग में ज्ञान एक केंद्रीय संसाधन बन रहा है और रणनीति तथा भू-राजनीति पर सूचना का असर तेजी से पड़ रहा है। एयर चीफ मार्शल चौधरी ने कहा, हमें प्रशिक्षण कार्यक्रमों और अनुसंधान को मजबूत करने, नवाचार को प्रोत्साहित करने और उभरती प्रौद्योगिकियों को आकार देने का समर्थन करने के लिए एक रूपरेखा बनाने की आवश्यकता है, जो सैन्य, शिक्षा और उद्योग – राष्ट्रीय सुरक्षा के तीन महत्वपूर्ण स्तंभ – को साझा मंच पर लाने का आह्वान करती हो।

# पवार ने भाजपा पर क्षेत्रीय सहयोगियों को खत्म करने का आरोप लगाया, नीतीश का समर्थन किया

**पुणे।** राकांपा प्रमुख शरद पवार ने बुधवार को भाजपा पर अपने क्षेत्रीय सहयोगियों को धीरे-धीरे खत्म करने का आरोप लगाया और भाजपा से नाता तोड़ने के बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के फैसले का समर्थन किया। महाराष्ट्र में पुणे जिले के बारामती में पत्रकारों से बातचीत में पवार ने दावा किया कि भाजपा यह योजना बना रही थी कि शिवसेना को कैसे कमजोर किया जाए और उसमें फूट डाली जाए। दरअसल, शिवसेना के दो गुट पार्टी के चुनाव चिह्न पर दावा कर रहे हैं। पवार ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट की आलोचना करते हुए कहा कि धनुष और तीर चिह्न बाल ठाकरे द्वारा स्थापित शिवसेना का है और उससे यह चिह्न छीनना ठीक नहीं है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को भाजपा के नेतृत्व वाले राजग से नाता तोड़ लिया। नीतीश कुमार ने महागठबंधन के विधायकों के समर्थन से बनी नई सरकार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। गौरतलब है कि हाल में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कहा था कि भविष्य में विचारधारा से प्रेरित भाजपा जैसी पार्टियों का अस्तित्व ही बचा रहेगा जबकि परिवार द्वारा संचालित सभी पार्टियां समाप्त हो जाएंगी। शिवसेना के विधायक एकनाथ शिंदे ने महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत कर दी थी और पार्टी के कई विधायक उनके पाले में आ गए थे। इसके परिणामस्वरूप एमवीए सरकार गिर गई थी। एमवीए गठबंधन में राकांपा और कांग्रेस भी शामिल थे।

पवार ने बुधवार को दावा किया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने हाल में अपने संबोधन में कहा था कि क्षेत्रीय दलों का कोई भविष्य नहीं है और उनका अस्तित्व नहीं रहेगा। देश में केवल उनकी पार्टी रहेगी। राकांपा अध्यक्ष ने कहा, इस बयान से एक बात तो स्पष्ट है कि भाजपा अपने सहयोगियों को धीरे-धीरे खत्म कर रही है, जो नीतीश कुमार की भी शिकायत है। एक उदाहरण देते हुए पवार ने कहा कि अकाली दल जैसी पार्टी उनके (भाजपा) साथ थी। उन्होंने कहा, उसके नेता प्रकाश सिंह बादल भाजपा के साथ थे लेकिन आज पार्टी पंजाब में लगभग खत्म हो गई है। महाराष्ट्र में शिवसेना और भाजपा कई वर्षों तक साथ रहीं। आज भाजपा यह योजना बना रही है कि शिवसेना में फूट डालकर उसे कैसे कमजोर किया जा सकता है और (महाराष्ट्र के मौजूदा मुख्यमंत्री) एकनाथ शिंदे व अन्य ने इसमें मदद की है।

राकांपा नेता ने कहा कि ऐसा करने में शिवसेना पर उस पार्टी ने वार किया जो कभी उसकी सहयोगी थी। बिहार में भी ऐसी स्थिति बनती दिख रही थी। नीतीश कुमार की जदयू और भाजपा ने पिछला विस चुनाव एकसाथ मिलकर लड़ा था। पवार ने दावा किया, भाजपा की एक और खासियत यह है कि वह चुनावों के वक्त क्षेत्रीय दल से हाथ मिलाती है लेकिन यह सुनिश्चित करती है कि सहयोगी दल कम सीटें जीते। महाराष्ट्र में भी ऐसा ही हुआ। जब बिहार में भी ऐसी ही तस्वीर बनती दिखी तो राज्य के मुख्यमंत्री पहले ही सतर्क हो गए और उन्होंने भाजपा से संबंध तोड़ने का फैसला ले लिया। पवार ने कहा, चाहे भाजपा नेता नीतीश कुमार की कितनी भी आलोचना करें लेकिन उन्होंने विवेकपूर्ण फैसला किया है। भाजपा द्वारा पैदा किए जा रहे संकट को भांपते हुए यह फैसला लिया। मुझे लगता है कि अपने राज्य तथा पार्टी के लिए बुद्धिमानी भरा निर्णय लिया।

पार्टी के चुनाव चिह्न को लेकर शिवसेना के दो गुटों के बीच खींचतान को लेकर पवार ने कहा कि धनुष और तीर शिवसेना का चुनाव चिह्न है। पवार ने कहा, किसी राजनीतिक दल का चुनाव चिह्न ले लेना या उस पर बहस करना ठीक नहीं है क्योंकि दिवंगत बालासाहेब ठाकरे ने शिवसेना की स्थापना के समय से ही इसे (चिह्न) अपनाया था और जिसकी जड़ें महाराष्ट्र के लोगों के मस्तिष्क में हैं। उन्होंने कहा कि अगर एकनाथ शिंदे या अन्य कोई अलग रुख अपनाना चाहते हैं तो वे निश्चित रूप से अपनी पार्टी बना सकते हैं और उनका अपना चुनाव चिह्न हो सकता है। पवार ने कहा, जब कांग्रेस के साथ मेरे मतभेद थे, तो हमने एक अलग पार्टी- राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी बनाई- और घड़ी को इसके चिह्न के रूप में चुना। हमने उनका चिह्न नहीं लिया और कोई विवाद नहीं खड़ा किया।

श्रीलंका में आर्थिक संकट और बांग्लादेश में इसी तरह की स्थिति के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि श्रीलंका में सत्ता कई वर्षों तक एक ही परिवार के हाथों में रही और देश का नेतृत्व लोगों की चिंताओं का समाधान करने में विफल रहा और इस वजह से उस देश में असंतोष बढ़ने लगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, आज बांग्लादेश में भी यही स्थिति देखी जा रही है और पाकिस्तान में भी ऐसा होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। हमारे देश में सत्ता में बैठे लोगों, विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सरकार के सभी घटकों को हमारे आस-पास की स्थिति पर ध्यान देने की जरूरत है। पवार ने कहा कि लोगों के मन में इस बात को लेकर संदेह पैदा हो रहा है कि क्या भारत में राष्ट्रीय स्तर पर सत्ता का केंद्रीकरण होगा। उन्होंने कहा, हालांकि आज ऐसी कोई तस्वीर नहीं है, लेकिन हमें सतर्क रहने और ध्यान रखने की जरूरत है। राकांपा प्रमुख ने कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि संसद का मानसून सत्र 12 अगस्त तक चलेगा। उन्होंने कहा, पिछले कुछ वर्षों में हमें नहीं लगा कि केंद्र सरकार की संसद चलाने में दिलचस्पी है। जब भी उन्हें मौका मिलता है, वे सत्र को रोक देते हैं और चर्चा का रास्ता बंद कर देते हैं।

## कुछ और ऐसी बात है जो शरद पवार को अधिक आहत करती हैः फड़णवीस

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फड़णवीस ने शरद पवार को निशाने पर लिया कि कुछ और ऐसी बात है जो राकांपा के प्रमुख को अधिक आहत कर रही है। फड़णवीस ने पवार द्वारा भाजपा की आलोचना किए जाने के बाद यह टिप्पणी की है। पवार ने भाजपा पर अपने क्षेत्रीय सहयोगी दलों को धीरे धीरे मटियामेट करने का आरोप लगाया था। भाजपा शिवसेना को कमजोर करने एवं उसे विभाजित करने की साजिश रच रही थी। फड़णवीस ने ठाणे में कहा, कुछ और ऐसी बात है जो पवार को अधिक आहत करती है। उस बात को सभी जानते हैं। पवार की पार्टी पिछली शिवसेना नीत महा विकास आघाड़ी सरकार की घटक थी जो शिवसेना विधायक एकनाथ शिंदे एवं 39 अन्य विधायकों की बगावत के बाद इस साल जून में गिर गई थी।

# महर्षि सांदीपनी राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड को नियमित स्कूल बोर्ड के रूप में मान्यता

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्रालय ने महर्षि सान्दीपनी राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड (एमएसआरवीएसएसबी) को नियमित स्कूल बोर्ड के रूप मान्यता प्रदान कर दी है। शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग के प्रपत्र से यह जानकारी मिली है। शिक्षा मंत्रालय के तहत उज्जैन स्थित महर्षि सान्दीपनी राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान ने राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के साथ विचार विमर्श करके नियम 14 (4) (एफ) के तहत महर्षि सान्दीपनी राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड का गठन किया है। भारत में स्कूल बोर्डो को समतुल्यता प्रदान करने वाले निकाय एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू) ने तीन अगस्त 2022 के पत्र के माध्यम से महर्षि सान्दीपनी वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड को 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा पात्रता के अनुरूप समतुल्यता प्रदान कर दी है। सभी राज्यों के मुख्य सचिवों, रक्षा एवं रेल मंत्रालय, संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों, राज्य विश्वविद्यालयों को भेजे प्रपत्र में कहा गया है कि, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने महर्षि सान्दीपनी राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड को नियमित स्कूल बोर्ड के रूप में मान्यता प्रदान कर दी है।

इसके अनुरूप महर्षि सान्दीपनी राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड द्वारा प्रदान किए गए प्रमाणपत्र उच्च शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश और केंद्र एवं राज्य सरकार के संगठनों में रोजगार के लिए भारत के अन्य केंद्रीय एवं राज्य स्कूल बोर्ड द्वारा जारी प्रमाणपत्र के समतुल्य होंगे। महर्षि सान्दीपनी राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड के तहत प्रदत्त प्रमाण पत्र वेद भूषण 10वीं कक्षा के समकक्ष जबकि वेद विभूषण प्रमाणपत्र, 12वीं कक्षा के समकक्ष होगा। महर्षि सान्दीपनी वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड के वेद पाठ्यक्रमों एवं अन्य संस्कृत कोर्स की परीक्षा महर्षि सान्दीपनी राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान द्वारा शैक्षणिक सत्र 2022-23 से ली जाएगी।

# बड़गाम में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में लश्कर के तीन आतंकवादियों को मार गिराया

भाषा। श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में बुधवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के तीन आतंकवादी मारे गए। मारे गए इन आतंकवादियों में लतीफ राठेर भी शामिल है जो गत मई में कश्मीरी पंडित कर्मचारी राहुल भट की हत्या में शामिल था। पुलिस ने यह जानकारी दी।

कश्मीर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कश्मीर मंडल) विजय कुमार ने ट्वीट किया, लश्कर-ए-तैयबा के छिपे हुए तीनों आतंकियों को ढेर कर दिया गया है। घटना स्थल से शव निकाले जा रहे हैं, जिनकी पहचान किया जाना अभी बाकी है। आपत्तिजनक सामग्री, हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए। यह हमारे लिए एक बड़ी सफलता है। कुमार ने बाद में कहा कि मारे गए आतंकवादियों में लतीफ राठेर भी शामिल है, जो इस साल मई में कश्मीरी पंडित कर्मचारी राहुल भट और टीवी अभिनेत्री अमरीन भट की हत्या में शामिल था। कुमार ने कहा, मारे गए तीन आतंकवादियों में आतंकवादी लतीफ राठेर भी शामिल है जो राहुल भट और अमरीन भट का हत्यारा था। वह कई आतंकवादी मामलों में शामिल था जिनमें कई नागरिकों की हत्या और अत्याचार शामिल हैं। आतंकवादियों ने राहुल भट की चदूरा में उनके कार्यालय के अंदर गोली मारकर हत्या कर दी थी, जबकि अमरीन भट को बडगाम जिले के हुशरू इलाके स्थित उनके घर के बाहर आतंकवादियों ने मार दिया था। इससे पहले पुलिस ने कहा था कि मुठभेड़ स्थल पर लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादी मौजूद हैं। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि सुरक्षा बलों ने जिले में खानसाहिब इलाके के वाटरहेल में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद वहां घेराबंदी की और तलाशी अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि तलाशी अभियान उस समय मुठभेड़ में तब्दील हो गया, जब आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। इससे पहले विजय कुमार ने बताया था कि वांछित आतंकवादी लतीफ राठेर समेत लश्कर के तीन आतंकवादियों को मुठभेड़ स्थल पर घेर लिया गया है। कुमार ने ट्वीट किया, मुठभेड़ में आतंकवादी लतीफ राठेर समेत आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादियों को घेर लिया गया है। आतंकवादी लतीफ, राहुल भट और अमरीन भट समेत कई नागरिकों की हत्या में शामिल है।

**● इनमें से एक लतीफ कश्मीर हिन्दू राहुल भट की हत्या में था शामिल**

## अतिक्रमण-रोधी कार्रवाई के खिलाफ मुस्लिम संगठन, अन्य की याचिकाओं पर सात सितंबर को सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि वह मुस्लिम संगठन जमीयत उलमा-ए-हिंद और अन्य की उन याचिकाओं पर सात सितंबर को सुनवाई करेगा, जिसमें दंगा मामलों के कथित आरोपियों की संपत्ति को भविष्य में नहीं ढहाने का विभिन्न राज्य सरकारों को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा की पीठ ने कहा कि वह माकपा नेता वृंदा करात द्वारा दायर याचिका सहित पांच याचिकाओं पर सात सितंबर को सुनवाई करेगी। इससे पहले शीर्ष अदालत ने 13 जुलाई को विभिन्न राज्यों में हिंसक विरोध प्रदर्शनों में शामिल आरोपियों की संपत्तियों को गिराने पर कोई अंतरिम निर्देश पारित करने से इनकार कर दिया था। शीर्ष अदालत ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा था कि अगर कोई अवैध निर्माण है और निगम या (नगरपालिका) परिषद कार्वाई करने के लिए अधिकृत है तो वह अतिक्रमण-रोधी कार्वाई पर एक सर्वव्यापी आदेश कैसे पारित कर सकती है। इस बीच, पीठ ने पक्षकारों से मामले में अपनी दलीलें पूरी करने को भी कहा था। शीर्ष अदालत ने 16 जून को कहा था, सब कुछ निष्पक्ष होना चाहिए। न्यायालय ने यह भी कहा था कि अधिकारियों को कानून के तहत उचित प्रक्रिया का सख्ती से पालन करना चाहिए, जबकि उत्तर प्रदेश सरकार और उसके अधिकारियों को उन याचिकाओं का जवाब देने के लिए तीन दिन का समय दिया जाना चाहिए।

# गिरिराज का लालू पर कटाक्ष : सांप आपके घर में घुस गया है

भाषा। पटना, नई दिल्ली

**भारतीय जनता पार्टी** के नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बुधवार को कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का यह आखिरी कार्यकाल है तथा अब उन्हें मुख्यमंत्री की कुर्सी कभी नहीं मिलेगी। उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद की एक पुरानी टिप्पणी का हवाला देते हुए नीतीश कुमार को सांप की संज्ञा दे डाली। दरअसल, नीतीश कुमार ने 2017 में जब महागठबंधन से अलग होकर फिर से भाजपा से हाथ मिलाया था तो लालू प्रसाद ने ट्वीट कर कहा था, नीतीश सांप है जैसे सांप केंचुल छोड़ता है वैसे ही नीतीश भी केंचुल छोड़ता है और हर 2 साल में सांप की तरह नया चमड़ा धारण कर लेता है। किसी को शक?

उनके इसी ट्वीट का स्क्रीन शॉट साझा करते हुए गिरिराज सिंह ने कहा, सांप आपके घर घुस गया है। बाद में सिंह ने पीटीआई-भाषा से कहा, बिहार में राजद के पास असली सत्ता होगी। नीतीश ने प्रधानमंत्री बनने की अपनी महत्वाकांक्षा के चलते राजद से हाथ मिलाया। उन्होंने यह भी कहा, नीतीश कुमार मुख्यमंत्री के तौर पर अपने आखिरी कार्यकाल में हैं। उन्हें ये कुर्सी फिर कभी नहीं मिलेगी।

भाजपा नेता ने कहा कि नीतीश खुद को प्रधानमंत्री पद के लिए उपयुक्त मानते हैं और अपनी इसी महत्वाकांक्षा के चलते उन्होंने जनादेश को त्याग दिया और दूसरे पाले में चले गए। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, जो अपने दम पर मुख्यमंत्री नहीं बन सकते, वह प्रधानमंत्री बनने का सपना कैसे देख सकते हैं। उन्होंने जद (यू) के शीर्ष नेता को चुनौती दी कि वह बिहार में नया जनादेश हासिल करें। नीतीश कुमार ने बुधवार को आठवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के तौर पर पद और गोपनीयता की शपथ ली और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा को 2024 के लोकसभा चुनाव में अपनी संभावनाओं के बारे में चिंता करने की जरूरत है। उन्होंने मंगलवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से अलग होने का एलान किया था और मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया था।

## हरिवंश, नीतीश के साथ हैं और आगे भी रहेंगेः जदयू अध्यक्ष

**पटना।** जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन से अलग होने के बाद राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश के आगे के राजनीतिक रुख को लेकर चल रही अटकलों के बीच जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने बुधवार को कहा कि हरिवंश ने कहा है कि वह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ हैं और आगे भी रहेंगे। हरिवंश जदयू के राज्यसभा सदस्य हैं। पार्टी के भाजपा से अलग होने के बाद यह कायस लगाए जा रहे हैं कि वह इस पद पर बने रहेंगे या फिर इस्तीफा देंगे। हरिवंश ने इस संदर्भ में अभी तक कोई बयान नहीं दिया है। ललन सिंह ने यह संवाददाताओं से बातचीत में दावा किया कि 2017 में महागठबंधन छोड़कर भाजपा के साथ जाने की सलाह जिन चार लोगों ने नीतीश कुमार को दी थी उनमें जदयू के पूर्व अध्यक्ष आरसीपी सिंह और हरिवंश भी थे। उन्होंने कहा, वह (हरिवंश) एकमात्र सांसद थे जो मंगलवार को पार्टी की बैठक में नहीं आए थे। हमने उनसे फोन पर बात की। उन्होंने कहा कि नीतीश जी उन्हें सार्वजनिक जीवन में लाए है, ऐसे में वह नीतीश जी के साथ हैं और उनके साथ रहेंगे।

# खूंखार आतंकियों को काली सूची में डालने के प्रस्तावों को रोकना बेहद खेदजनक : भारत

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**भारत** ने चीन की अध्यक्षता में हुई संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में चीन पर ही निशाना साधते हुए कहा कि यह बेहद खेदजनक है कि दुनिया के कुछ सबसे खूंखार आतंकवादियों को काली सूची में डालने के वास्तविक व साक्ष्य आधारित प्रस्तावों को ठंडे बस्ते में डाला जा रहा है। भारत ने कहा कि इस तरह के दोहरे मानदंड ने सुरक्षा परिषद की प्रतिबंध व्यवस्था की विश्वसनीयता को सर्वकालिक निम्न स्तर पर पहुंचा दिया है। उल्लेखनीय है कि इस साल जून में सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्य और पाकिस्तान के करीबी सहयोगी चीन ने पाकिस्तान में स्थित आतंकवादी अब्दुल रहमान मक्की को सुरक्षा परिषद की 1267 अलकायदा प्रतिबंध समिति के तहत सूचीबद्ध करने के भारत और अमेरिका के प्रस्ताव को बाधित किया था। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने मंगलवार को कहा कि आतंकवादियों को सूचीबद्ध करने के अनुरोध को बिना स्पष्टीकरण दिए लंबित रखने या बाधित करने की प्रवृत्ति खत्म होनी चाहिए।

उन्होंने कहा, प्रतिबंध समितियों के प्रभावी कामकाज के लिए उन्हें अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और निष्पक्ष बनाने की आवश्यकता है। बिना किसी औचित्य के सूचीबद्ध अनुरोधों पर रोक लगाने और उन्हें बाधित करने की प्रवृत्ति समाप्त होनी चाहिए। कंबोज ने कहा, यह बेहद खेदजनक है कि दुनिया के कुछ सबसे खूंखार आतंकवादियों को काली सूची में डालने के वास्तविक व साक्ष्य आधारित प्रस्तावों को ठंडे बस्ते में डाला जा रहा है। इस तरह के दोहरे मानदंड ने सुरक्षा परिषद की प्रतिबंध व्यवस्था की विश्वसनीयता को सर्वकालिक निम्न स्तर पर पहुंचा दिया है। हम उम्मीद करते हैं कि जब अतंरराष्ट्रीय आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई की बात आएगी तब सुरक्षा परिषद के सभी देश एक सुर में बोलेंगे। अमेरिका ने मक्की को प्रतिबंधित आतंकवादियों की सूची में डाल रखा है। वह लश्कर-ए-तैयबा प्रमुख और 26।11 मुंबई आतंकी हमले के सरगना हाफिज सईद का संबंधी है।

## भारत को प्रतिबंधित आतंकवादियों को पड़ोसी देश में सरकारी अतिथि सत्कार मिलने का अनुभव है : कम्बोज

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र में भारत की राजदूत रुचिरा कम्बोज ने कहा कि भारत को आपराधिक गिरोहों के आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने और संयुक्त राष्ट्र द्वारा काली सूची में डाले जाने के बावजूद अपराधियों को पड़ोसी देश में सरकारी अतिथि सत्कार मिलने का अनुभव है। उनका इशारा डी कंपनी के प्रमुख दाऊद इब्राहिम की ओर था, ऐसा माना जाता है कि दाऊद इब्राहिम पाकिस्तान में है। वह कई अवैध धंधों में लिप्त है तथा 1993 में मुंबई बम धमाकों के बाद वह भारत का सबसे वांछित आतंकवादी बन गया है। चीन की अध्यक्षता में आतंकवादी कृत्यों द्वारा अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा को खतरे विषय पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मंगलवार को हुई बैठक में कम्बोज ने कहा कि आतंकवाद और संगठित अपराध के बीच जो संबंध है उससे निपटने की आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि कम्बोज ने कहा, आतंकवाद और संगठित अपराध के बीच संबंधों से निपटने की जरूरत है। भारत में, हमें आपराधिक गिरोहों के आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने तथा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 प्रतिबंध समिति के तहत काली सूची में आने के बावजूद पड़ोसी देश में सरकारी आतिथ्य पाने का प्रत्यक्ष अनुभव है। उन्होंने कहा, जब आतंकवाद का खतरा प्रत्एक देश पर मंडरा रहा है तब ऐसे पाखंड से मिलकर लड़ने की आवश्यकता है। पाकिस्तान ने अगस्त 2020 में पहली बार अपने देश में दाऊद की मौजूदगी की बात स्वीकार की थी। अमेरिका ने 2003 में दाऊद को वैश्विक आतंकवादियों की सूची में शामिल किया था। भारत लगातार पाकिस्तान सरकार से दाऊद को उसे सौंपने के लिए कहता रहा है ताकि उस पर मुकदमा चलाया जा सके। ऐसी खबर हैं कि वह पाकिस्तान के कराची शहर में है।

### भारत ने आतंकवाद रोधी समिति की बैठक के लिए यूएनएससी सदस्यों को आमंत्रित किया

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने अक्टूबर में नई दिल्ली और मुंबई में होने वाली आतंकवाद-रोधी समिति की विशेष उच्चस्तरीय बैठक के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सभी सदस्यों को आमंत्रित किया है। इस बैठक का उद्देश्य आतंकवादियों द्वारा नई तकनीकों का इस्तेमाल किए जाने पर प्रकाश डालना और इस खतरे से प्रभावी ढंग से निपटने के रास्ते तलाशना है। भारत फिलहाल सुरक्षा परिषद की आतंकवाद-रोधी समिति का अध्यक्ष है और वह अक्टूबर में समिति की विशेष बैठक की मेजबानी करेगा, जिसमें अमेरिका, चीन और रूस सहित संयुक्त राष्ट्र के 15 देशों के राजनयिक शामिल होंगे।

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने मंगलवार को कहा, आतंकवादी और हिंसक चरमपंथी प्रचार करने के लिए इंटरनेट व सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के बढ़ते उपयोग ने सरकारों और तकनीक जगत को समान रूप से चुनौती दी है। उन्होंने परिषद को बताया कि भारत आतंकवाद रोधी समिति (सीटीसी) के अध्यक्ष के रूप में 28-29 अक्टूबर को मुंबई और नई दिल्ली में एक विशेष बैठक की मेजबानी करेगा। कंबोज ने कहा कि उच्च स्तरीय बैठक में राजनयिक व्यक्तिगत रूप से शरीक होंगे। उन्होंने परिषद के सभी सदस्यों को बैठक में भाग लेने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि इस महीने के अंत में सीटीसी अध्यक्ष की तरफ से औपचारिक निमंत्रण जारी किया जाएगा।

### इस्लामिक स्टेट का अगला गढ़ हो सकता है अफ्रीका, सुरक्षा विशेषज्ञ ने संरा को किया आगाह

**संयुक्त राष्ट्र।** अफ्रीका के सुरक्षा विशेषज्ञ मार्टिन एवी ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को आगाह किया कि अफ्रीका में इस्लामिक स्टेट आतंकवादी संगठन का खतरा हर दिन बढ़ रहा है और यह महाद्वीप उसकी खिलाफत का भविष्य हो सकता है।

एवी ने कहा कि इस्लामिक स्टेट ने अफ्रीका में अपना दबदबा बढ़ाया है और कम से कम 20 देश आतंकवादी संगठन की गतिविधियों का प्रत्यक्ष तौर पर अनुभव कर रहे हैं तथा 20 से अधिक अन्य देशों का इस्तेमाल धन तथा अन्य संसाधन जुटाने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा, ए अब क्षेत्रीय गढ़ हैं, जो अफ्रीका में अस्थिरता लाने का जरिया बन गए हैं। एवी ने कहा कि चाड, नाइजीरिया, नाइजर और कैमरून की सीमा से लगता लेक चाड बेसिन आतंकवादी संगठन की गतिविधियों का सबसे बड़ा अड्डा है, साहेल के कई इलाके अब अनियंत्रित हैं और सोमालिया अफ्रीका में आईएस का गढ़ बना हुआ है।एवी ने अफ्रीका में आईएस के सफल होने के कई कराण बताए, जिनमें प्राकृतिक संसाधनों की मौजूदगी भी शामिल है, जिससे दाएश जैसे संगठनों को खुद के लिए धन एकत्रित करने में मदद मिलती है। इसके अलावा गरीबी और फलस्तीन के मुद्दे से निपटने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी कई अफ्रीकी युवाओं के कट्टर बनने की मुख्य वजह हैं।

संयुक्त राष्ट्र के आतंकवाद रोधी प्रमुख व्लादिमीर वोरोंकोव ने भी सुरक्षा परिषद को आगाह किया कि 2020 की शुरुआत में कोविड-19 वैश्विक महामारी फैलने के बाद से ही इस्लामिक स्टेट का खतरा बढ़ रहा है।

## यूनान में प्रवासियों को लेजा रही नाव डूबने से 24 से अधिक लोग लापता

**एथेंस।** यूनान के अधिकारियों ने कहा कि प्रवासियों को ले जा रही एक नाव के डूब जाने के बाद कारपाथोस द्वीप के पूर्व में तलाश एवं बचाव अभियान शुरू किया गया है। तटरक्षक बल ने बुधवार को बताया कि 29 लोगों को रोड्स और क्रेते के मध्य स्थित द्वीप कारपाथोस के पूर्व में 33 समुद्री मील में बचाया गया। तटरक्षक ने कहा कि बचाए गए सभी पुरुष अफगानिस्तान, इराक और ईरान के रहने वाले थे। बचाए गए लोगों ने अधिकारियों को बताया कि नाव में लगभग 60 से 80 लोग सवार थे। उन्होंने कहा कि बचाए गए लोगों ने बताया कि नाव अंताल्या क्षेत्र से इटली के लिए रवाना हुई थी।तटरक्षक बल ने कहा, दो तट रक्षक गश्ती नौकाएं, नौसेना का एक जहाज, वायु सेना के एक हेलीकॉप्टर और कम से कम तीन छोटी नावों को खोज और बचाव अभियान में लगाया गया है।

## ऑस्ट्रेलिया ताइवान को लेकर सावधानी बरते: चीनी राजदूत

एपी। कैनबरा

**चीन** के एक राजदूत ने बुधवार को कहा कि ऑस्ट्रेलिया में हाल में हुआ सत्ता परिवर्तन चीन के साथ खराब रिश्तों में पुन:निर्धारित करने का एक मौका था, लेकिन नए प्रशासन को ताइवान के मसले पर सावधानी बरतनी चाहिए। ऑस्ट्रेलिया में चीन के राजदूत शियाओ कियान ने कहा कि उन्हें इस बात पर हैरत हुई कि ऑस्ट्रेलिया ने अमेरिका और जापान के साथ मिलकर एक बयान पर हस्ताक्षर किए जिसमें अमेरिकी प्रतिनिधिसभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी की पिछले हफ्ते ताइवान की यात्रा की प्रतिक्रिया में चीन की ओर से जापान के जल क्षेत्र में मिसाइलें दागने की निंदा की गई है।

शियाओ ने नेशनल प्रेस क्लब से कहा, हमें उम्मीद है कि ऑस्ट्रेलियाई पक्ष चीन-ऑस्ट्रेलिया संबंधों को गंभीरता से ले सकता है। एक चीन सिद्धांत को गंभीरता से ले और ताइवान मसले पर सावधानी बरते। उन्होंने यह नहीं बताया कि ताइवान के पास चीन का सैन्य अभ्यास कब खत्म होगा, मगर कहा कि इस बाबत घोषणा उचित समय पर की जाएगी। चीन ताइवान का शांतिपूर्ण तरीके से एकीकरण करना चाहता है लेकिन शियाओ ने ताकत के इस्तेमाल से भी इनकार नहीं किया।

राजदूत ने कहा, हम कभी भी अन्य साधनों के इस्तेमाल को खारिज नहीं कर सकते हैं। जब जरूरी होगा और जब मजबूरी होगी, तो हम सभी जरूरी साधन इस्तेमाल करने के लिए तैयार हैं। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने इस हफ्ते कहा था कि ऑस्ट्रेलिया ने चीन द्वारा अपनी संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने वाले कानूनी, न्यायोचित और वैध उपायों की अकारण आलोचना की है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया से चीन के अंदरूनी मामलों में हस्तक्षेप नहीं करने का भी आग्रह किया था।

## पुतिन के खिलाफ प्रदर्शन करने वाली पत्रकार के घर रूसी अधिकारियों का छापा

**मॉस्को।** रूस के अधिकारियों ने बुधवार को सरकारी टेलीविजन चैनल की एक पूर्व पत्रकार के घर पर छापा मारा जिसने यूक्रेन में रूस के युद्ध के खिलाफ चैनल पर प्रदर्शन करने के बाद इस्तीफा दे दिया था। महिला पत्रकार के वकील ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी देते हुए बताया कि अधिकारियों ने उसके खिलाफ रूसी सशस्त्र बलों के बारे में झूठी जानकारी फैलाने के आरोप में आपराधिक मामला भी दर्ज किया है। पत्रकार मारिना ओवस्यानिकोवा के खिलाफ मामला उस कानून के तहत दायर किया गया है जिसे 24 फरवरी को यूक्रेन पर हमले के बाद लागू किया गया था। वकील दमित्री जाखवातोव ने यह बात कही। इस मामले में दोषी ठहराए जाने पर 15 साल तक के कारावास की सजा सुनाई जा सकती है। जाखवातोव ने स्वतंत्र समाचार वेबसाइट मेदुजा से कहा कि मामला महिला पत्रकार द्वारा पिछले महीने किए गए प्रदर्शन से जुड़ा हो सकता है।



क्यूबा में लगी भीषण आग के बाद निकलता धुंआ

## पेट्रोलियम कंपनियों का मुनाफा प्रभावित होगा

**नई दिल्ली।** कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के बावजूद पेट्रोल, डीजल और एलपीजी मूल्य में संशोधन पर रोक का असर पेट्रोलियम कंपनियों पर दिखने लगा है। रेटिंग एजेंसी फिच ने बुधवार को कहा कि इस वजह से चालू वित्त वर्ष में सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) का मुनाफा प्रभावित होगा। सार्वजनिक क्षेत्र के खुदरा ईंधन विक्रेताओं ने चार महीने से अधिक समय से पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। उच्च मुद्रास्फीति को काबू में करने के लिए सरकार की कोशिशों में मदद के लिए ऐसा किया गया। फिच ने एक टिप्पणी में कहा, गैसोलीन (पेट्रोल), गैसोइल (डीजल) और तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की कीमतों को बढ़ाने पर लगी रोक के कारण भारतीय पेट्रोलियम विपणन कंपनियों के मुनाफे पर असर पड़ सकता है।

# सेंसेक्स 36 अंक टूटा, निफ्टी में 9.65 अंक की मामूली बढ़त

भाषा। मुंबई

**उतार-चढ़ाव** भरे कारोबार में घरेलू शेयर बाजार बुधवार को लगभग स्थिर बंद हुए। आईटी और रियल्टी कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली ने धातु और तेल एवं गैस शेयरों में लाभ को बेअसर किया।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 35.78 अंक यानी 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 58,817.29 अंक पर बंद हुआ।वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 9.65 अंक यानी 0.06 प्रतिशत की हल्की बढ़त के साथ 17,534.75 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान ज्यादातर समय बाजार सीमित दायरे में रहा। वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच निवेशकों ने अपने निवेश को सीमित स्तर पर रखा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, अमेरिका के मुद्रास्फीति आंकड़े जारी होने से पहले निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। महंगाई के आंकड़ों से फेडरल रिजर्व (अमेरिकी केंद्रीय बैंक) के रुख का पता चलेगा।

नायर ने कहा, अमेरिका में महंगाई दर जुलाई में ऊंची रहने का अनुमान है। यह जून के आंकड़े के समान होगा। इसके साथ रोजगार के बेहतर आंकड़े से फेडरल रिजर्व महंगाई को काबू में लाने के लिए कड़ा रुख अपनाने को बाध्य होगा।

सेंसेक्स के शेयरों में बजाज फाइनेंस सबसे अधिक 2.66 प्रतिशत के नुकसान में रहा। इसके अलावा एनटीपीसी, एचसीएल टेक, विप्रो, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट और भारतीय स्टेट बैंक भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा स्टील, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, एलएंडटी और इंडसइंड बैंक शामिल हैं।

शेयर बाजार मंगलवार को मुहर्म के कारण बंद था।एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने कहा कि क्षेत्रवार सूचकांकों में धातु और पूंजीगत सामान क्षेत्र सर्वाधिक लाभ में, जबकि आईटी तथा रियल्टी क्षेत्र सबसे अधिक नुकसान में रहे। मिडकैप और स्मॉलकैप का प्रदर्शन हल्का रहा...। एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कंपोजिट, हांगकांग का हैंगसेंग, जापान का निक्की और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी उल्लेखनीय रूप से नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में हल्की तेजी थी। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 95.30 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पूंजी बाजार में शुद्ध लिवाल रहे।

## श्रीलंका में सरकार विरोधी प्रदर्शन खत्म

**कोलंबो।** श्रीलंका में गंभीर आर्थिक संकट को लेकर सरकार विरोधी अभूतपूर्व प्रदर्शन 123 दिनों के बाद मंगलवार को औपचारिक रूप से खत्म हो गए। इन प्रदर्शनों के चलते राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे को सत्ता गंवानी पड़ी थी। वहीं, प्रदर्शनकारियों ने कहा कि व्यवस्था में बदलाव के लिए उनका अभियान जारी रहेगा। प्रदर्शनकारियों ने सरकार विरोधी प्रदर्शनों का केंद्र रहे गॉल फेस इलाके को खाली कर दिया है, जहां वे नौ अप्रैल से डेरा डाले हुए थे। प्रदर्शनकारियों के एक समूह के प्रवक्ता मनोज ननयक्कारा ने कहा, हमने आज सामूहिक रूप से गॉल फेस इलाके को खाली करने का फैसला लिया है। इसका यह मतलब नहीं है कि हमारा संघर्ष खत्म हो गया है। युवा बौद्ध भिक्षु कोसवट्टे महामना ने कहा, हम आपातकाल हटाने, नए सिरे से संसदीय चुनाव कराने और राष्ट्रपति के द्वारा शासन की प्रणाली को खत्म करने के लिए जोर देते रहेंगे।

# आरबीआई ने डिजिटल ऋण देने के लिए सख्त मानदंड जारी किए

भाषा। मुंबई

**भारतीय** रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को डिजिटल ऋण देने के लिए सख्त मानदंड जारी किए। इसके तहत केंद्रीय बैंक ने कहा कि डिजिटल ऋण सीधे कर्ज लेने वालों के बैंक खातों में जमा किया जाना चाहिए, न कि किसी तीसरे पक्ष के माध्यम से। आरबीआई ने डिजिटल कर्ज के क्षेत्र में बढ़ती गड़बड़ी को रोकने के लिए ए सख्त मानदंड तैयार किए हैं। इसके अलावा आरबीआई ने कहा कि क्रेडिट मध्यस्थता प्रक्रिया में ऋण सेवा प्रदाताओं (एलएसपी) को देय शुल्क का भुगतान कर्ज लेने वालों को नहीं, बल्कि डिजिटल ऋण देने वाली संस्थाओं को करना चाहिए। आरबीआई ने डिजिटल उधार के लिए विस्तृत दिशानिर्देश जारी करते हुए मुख्य रूप से तीसरे पक्ष के बेलगाम जुड़ाव, गलत बिक्री, डेटा गोपनीयता का उल्लंघन, अनुचित व्यावसायिक आचरण, अत्यधिक ब्याज दरों और अनैतिक वसूली प्रथाओं से संबंधित चिंताओं का उल्लेख किया। आरबीआई ने 13 जनवरी 2021 को ऑनलाइन मंच और मोबाइल ऐप्लिकेशन के जरिए ऋण देने सहित डिजिटल उधार (डब्ल्यूजीडीएल) पर एक कार्य समूह का गठन किया था। केंद्रीय बैंक ने आगे कहा कि नियामक चिंताओं को कम करते हुए डिजिटल ऋण विधियों के जरिए कर्ज देने के व्यवस्थित वृद्धि का समर्थन करने के लिए नियामक ढांचे को मजबूत किया गया है। यह नियामक ढांचा इस सिद्धांत पर आधारित है कि उधार देने का व्यवसाय सिर्फ ऐसी संस्थाओं द्वारा किया जाए, जो या तो रिजर्व बैंक द्वारा विनियमित हैं या जिन्हें किसी अन्य कानून के तहत ऐसा करने की अनुमति मिली है।

## फाइजर के प्रबंध निदेशक ने इस्तीफा दिया

**नई दिल्ली।** दवा कंपनी फाइजर ने बुधवार को बताया कि उसके प्रबंध निदेशक एस श्रीधर ने इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने शेयर बाजारों को बताया कि श्रीधर ने समयपूर्व सेवानिवृत्ति की इच्छा जताई थी और फिर उन्होंने इस्तीफा दे दिया। इसमें बताया गया कि जब तक कि नए नेतृत्व का चयन नहीं हो जाता तब तक वह पद पर बने रहेंगे। दवा कंपनी ने कहा कि श्रीधर ने बीते 14 वर्षों में फाइजर में कई अहम पदों पर काम किया है। बीते छह वर्ष से अधिक समय से वह प्रबंध निदेशक के तौर पर काम कर रहे हैं। वह भारत के दवा उत्पादकों के संगठन के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

# देश में अगले साल अप्रैल से मिलेगा 20 प्रतिशत एथनॉल मिला पेट्रोल

भाषा। पानीपत (हरियाणा)

**पेट्रोलियम** मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को कहा कि देश में अगले साल अप्रैल से चुनिंदा पेट्रोल पंपों पर 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण के साथ पेट्रोल की आपूर्ति शुरू हो जाएगी। आयात पर निर्भरता कम करने और पर्यावरण मुद्दों के समाधान के लिए इसकी आपूर्ति आगे बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि 2025 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल होगा। पुरी ने कहा, ई-20 पेट्रोल (पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण) कुछ जगहों पर अप्रैल, 2023 से उपलब्ध होगा। बाकी जगहों को 2025 तक इसमें शामिल किया जाएगा। सरकार ने राष्ट्रीय जैव-ईंधन नीति के तहत संशोधित लक्ष्य के अंतर्गत 2025-26 तक 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का लक्ष्य रखा है। पेट्रोल में 10 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का लक्ष्य तय समय से पहले ही प्राप्त किया जा चुका है। यह लक्ष्य नवंबर, 2022 तक पूरा होना था, लेकिन इसे पांच महीने पहले जून में पूरा कर लिया गया है। विश्व जैव-ईंधन दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दूसरी पीढ़ी के एथनॉल संयंत्र देश को समर्पित किया। आईओसी की पानीपत रिफाइनरी के पास स्थित इस एथनॉल संयंत्र पर 900 करोड़ रुपए की लागत आई है। आईओसी की स्वदेशी प्रौद्योगिकी पर आधारित इस परियोजना में एक साल में करीब दो लाख टन धान की भूसी (पराली) को इस्तेमाल में लाया जाएगा। इसकी मदद से सालाना करीब तीन करोड़ लीटर एथनॉल का उत्पादन होगा। इससे हरित गैस उत्सर्जन में भी कमी आएगी।परियोजना से पराली जलाए जाने में कमी आएगी। इससे सालाना तीन लाख टन कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन में कमी आएगी। यह हर साल 63,000 कारों को देश की सड़कों से हटाने के बराबर है। पुरी ने कहा कि पेट्रोल में 10 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण से 41,500 करोड़ रुपए से अधिक विदेशी मुद्रा की बचत हुई है। साथ ही हरित गैस उत्सर्जन में 27 लाख टन की कमी आई है तथा किसानों को 40,600 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। अमेरिका, ब्राजील, यूरोपीय संघ और चीन के बाद भारत दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा एथनॉल उत्पादक है। दुनियाभर में एथनॉल का उपयोग बड़े पैमाने पर दूसरे कार्यों में किया जाता है लेकिन ब्राजील और भारत जैसे देश इसे पेट्रोल में मिला रहे हैं। बीस फीसदी एथेनॉल मिश्रण के साथ पेट्रोल की आपूर्ति से सालाना चार अरब डॉलर की बचत होने का अनुमान है।अधिकारियों ने कहा कि फिलहाल 10.17 प्रतिशत एथनॉल पेट्रोल में मिलाया जा रहा है जो 2020-21 में 8.10 प्रतिशत और 2019-20 में पांच प्रतिशत था।

## बैंक ऑफ बड़ौदा एमसीएलआर दर में वृद्धि करेगा

**नई दिल्ली।** बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) ने विभिन्न अवधि वाले कर्ज के लिए कोष की सीमान्त लागत (एमसीएलआर) आधारित ऋण दर में 0.20 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा की है। नई दरें 12 अगस्त से लागू होंगी। बैंक ने बुधवार को शेयर बाजार को भेजी जानकारी में कहा कि उसने एमसीएलआर दर में वृद्धि को मंजूरी दे दी है। यह 12 अगस्त से प्रभावी होगी। एक साल की अवधि की बेंचमार्क एमसीएलआर को 7.65 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.70 प्रतिशत किया गया है। ज्यादातर उपभोक्ता कर्ज की ब्याज दरें इसी के आधार पर तय होती हैं। एक महीने की अवधि के कर्ज के लिए एमसीएलआर को 0.20 प्रतिशत बढ़ाकर 7.40 प्रतिशत कर दिया गया है। वहीं, तीन महीने और छह महीने वाली अवधि के ऋण के लिए एमसीएलआर को 0.10 प्रतिशत बढ़ाकर क्रमश: 7.45 और 7.55 प्रतिशत करने का फैसला किया गया है।आरबीआई ने पिछले सप्ताह प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 0.50 प्रतिशत बढ़ा दिया था।

# मेरा उत्तराधिकारी महंगाई से निपटने में अधिक काम करने में सक्षम होगा: बोरिस जॉनसन

भाषा। लंदन

**ब्रिटेन** के निवर्तमान प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने महंगाई और जीवन यापन की बढ़ती लागत जैसे मुद्दों से निपटने का दायित्व नए प्रधानमंत्री के लिए छोड़ने का बचाव करते हुए कहा कि उनका उत्तराधिकारी संबंधित मुद्दे पर लोगों के लिए अधिक काम करने में सक्षम होगा।

जॉनसन के उत्तराधिकारी के रूप में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद के लिए पूर्व वित्त मंत्री ऋषि सुनक और विदेश मंत्री लिज ट्रस के बीच मुकाबला है।मंगलवार शाम डाउनिंग स्ट्रीट में एक स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए जॉनसन ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि उनका उत्तराधिकारी ईंधन की बढ़ती कीमतों से निपटने में लोगों के लिए अधिक काम करेगा। जॉनसन ने कहा, "वह स्त्री या पुरुष कोई भी हो, मुझे पूरा विश्वास है कि वे सितंबर, अक्टूबर में इस बारे में कुछ और घोषणाएं करना चाहेंगे कि हम अगली अवधि में दिसंबर, जनवरी में क्या करने जा रहे हैं।" ट्रस ने जहां यह वादा किया है कि प्रधानमंत्री बनने पर वह देश में महंगाई से परेशान लोगों को राहत देने के लिए तत्काल कर कटौती का कदम उठाएंगी, वहीं उनके प्रतिद्वंद्वी सुनक ने खुद के प्रधानमंत्री के रूप में चुने जाने की स्थिति में कमजोर परिवारों को अधिक धन प्रदान करने के लिए लक्षित समर्थन का संकल्प व्यक्त किया है। आईटीवी चैनल के साथ एक साक्षात्कार में, सुनक ने कहा कि वह अभी तक मदद के स्तर पर एक आंकड़ा नहीं रख सकते क्योंकि वह नहीं जानते कि वास्तव में ईंधन की कीमतों में और क्या वृद्धि होने वाली है। भारतीय मूल के सुनक ने कहा, मेरे मन में कोई संदेह नहीं है कि अधिक मदद की आवश्यकता होगी। जैसे ही हमें पता चलेगा कि कितने दाम बढ़ेंगे, मैं कार्वाई करूंगा। ट्रस ने इसके बजाय करों को कम करने के अपने संकल्प पर ध्यान केंद्रित किया है। उनका कहना है कि इससे परिवारों की जेब में अधिक पैसा डालने और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। बैंक ऑफ इंग्लैंड ने कहा है कि यदि कीमतें लगातार बढ़ती रहीं तो इस साल के अंत में ब्रिटेन मंदी की ओर जा सकता है।विपक्षी लेबर पार्टी ने कंजर्वेटिव सरकार पर "राजनीतिक खालीपन" छोड़ने का आरोप लगाया है और जॉनसन तथा प्रधानमंत्री पद के दावेदारों से इंतजार करने की जगह तुरंत कार्वाई करने का आह्वान किया है।

## दीवानी मामले में जांच के लिए न्यूयॉर्क के अटॉर्नी जनरल कार्यालय पहुंचे ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से न्यूयॉर्क के अटॉर्नी जनरल द्वारा रियल एस्टेट दिग्गज के रूप में उनके सौदों की लंबे समय से चल रही दीवानी जांच के तहत बुधवार को पूछताछ की जाएगी।ट्रंप ने अपने सोशल अकाउंट ट्रुथ पर एक पोस्ट में इसकी पुष्टि की। वह आज सुबह नौ बजे से कुछ देर पहले एक काफिले में न्यूयॉर्क के अटॉर्नी जनरल कार्यालय पहुंचे। न्यूयॉर्क शहर स्थित ट्रंप टॉवर से रवाना होते समय उन्होंने बाहर एकत्र पत्रकारों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया लेकिन कोई टिप्पणी नहीं की। अटॉर्नी जनरल लेटिटिया जेम्स के नेतृत्व में की जा रही दीवानी जांच इस आरोप से संबंधित है कि ट्रंप की कंपनी ट्रंप ऑर्गेनाइजेशन ने गोल्फ कोर्स और गगनचुंबी इमारतों जैसी बेशकीमती संपत्तियों का मूल्य गलत बताया तथा उधारदाताओं एवं कर अधिकारियों को गुमराह किया। ट्रंप ने अपने सोशल अकाउंट पर लिखा, मेरी महान कंपनी और खुद मुझे, हर ओर से निशाना बनाया जा रहा है। बनाना रिपब्लिक।

# मैं अब स्वतंत्र हूं, मेरी पार्टी कर रही अगले लोकसभा चुनाव की तैयारी

भाषा। प्रतापगढ़

**प्रगतिशील समाजवादी** पार्टी-लोहिया (प्रसपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने बुधवार को कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उन्हें स्वतंत्र कर दिया है और अब उनकी पार्टी 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी कर रही है। बहरहाल, शिवपाल सिंह यादव ने लोकसभा चुनाव में गठबंधन के सवाल पर संवाददाताओं से कहा कि गठबंधन किससे होगा, यह तो समय ही बताएगा। उन्होंने कहा कि फिलहाल उनकी पार्टी 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी कर रही है। गौरतलब है कि सपा के संस्थापकों में शामिल शिवपाल ने अपने भतीजे अखिलेश यादव के पार्टी अध्यक्ष बनने के बाद उनसे तनातनी के चलते अगस्त 2018 में प्रगतिशील समाजवादी पार्टी-लोहिया का गठन किया था। यादव ने 2019 का



लोकसभा चुनाव फिरोजाबाद सीट से लड़ा था। हालांकि वह जीत नहीं सके थे, लेकिन इससे सपा उम्मीदवार अक्षय यादव को नुकसान हुआ था और उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा था। बहरहाल, इस साल के शुरू में हुए उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले वे सपा के साथ आए और उन्होंने जसवंतनगर सीट से प्रसपा के बजाय सपा के ही टिकट पर चुनाव जीता। हालांकि चुनाव के बाद सपा नेतृत्व द्वारा अपनी पराजय की समीक्षा के लिए बुलाई गई पार्टी विधायकों की बैठक में आमंत्रित नहीं किए जाने से यादव फिर नाराज हो गए थे। इस पर सपा नेतृत्व ने उन्हें पत्र जारी कर कहा था कि उन्हें जहां ज्यादा सम्मान मिलता दिख रहा हो, वहां जाने के लिए वह स्वतंत्र हैं। सराय इंद्रावत गांव में एक तेरहवीं कार्यक्रम में शिरकत करने आए शिवपाल ने बिहार में जनता दल (यूनाइटेड) द्वारा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से गठबंधन तोड़कर राष्ट्रीय जनता दल के साथ मिलकर सरकार बनाने को लेकर कहा कि बिहार की जनता आने वाले चुनाव में फैसला करेगी कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का फैसला सही है या गलत। भाजपा से गठबधन के सवाल पर उन्होंने कहा, हमने अखिलेश यादव से गठबंधन किया था, मगर वह हमें रख नहीं पाए, हमें स्वतंत्र कर दिया। समय आने पर फैसला लिया जाएगा।

# ...जब नगर पालिका पहुंच ईओ बने बाबू

## कार्यालय पहुंच खुद कम्प्यूटर पर फीड करने लगे कार्य

संवाददाता। सीतापुर

**नगर पालिका परिषद** के अधिशासी अधिकारी बुधवार को खुद बाबू बन गए, उन्होंने सबसे पहले अपने कार्यालय के कर विभाग आफिस पहुच 2013 से जो फाइलें पेंडिंग थी उसकी जांच



की और फाइलों पर हस्ताक्षर कर आगे बढ़ाया। उसके बाद हर घर तिरंगा अभियान के बारे में जानकारी ली, 11 अगस्त से 17 अगस्त तक की हर घर तिरंगा की कार्ययोजना को खुद कम्प्यूटर पर टाइप करने लगे। उन्होंने कंप्यूटर ऑपरेटर की जगह बैठकर कार्ययोजना को टाइप किया और हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए सभी को निर्देशित किया। इस मौके पर कार्यालय अधीक्षक महेश गुप्ता, कर अधिकारी हरीश चंद्र, राजस्व निरीक्षक व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। दरअसल शासन से अंग्रेजी में हर घर तिरंगा के कार्यक्रम की सूचना मांगी गई लेकिन नगरपालिका में इस सूचना को सही से टाइप करने के लिए टाइपिस्ट नही था फिर क्या अचानक खुद ईओ वैभव त्रिपाठी टाइपिस्ट की कुर्सी पर बैठ गए और खुद इंग्लिश की टाइपिंग करने लगे।

# 28 साल बाद बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार

भाषा। शाहजहांपुर

**उत्तर प्रदेश** के शाहजहांपुर में नाबालिग लड़की के साथ कथित तौर पर बलात्कार करने के 28 साल बाद एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इसी मामले में आरोपी के भाई को गिरफ्तार किए जाने के एक हफ्ते बाद यह गिरफ्तारी हुई है। पुलिस अधीक्षक एस आनंद ने बुधवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि 28 वर्ष पूर्व 12 वर्षीय किशोरी के साथ हुए कथित दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने इसी साल एक अगस्त को आरोपी गुड्डू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। उन्होंने बताया कि इसी मामले में शामिल गुड्डू के सगे भाई और दूसरे आरोपी नकी हसन को भी रेलवे स्टेशन के बाहर से बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि थाना सदर बाजार के अंतर्गत रहने वाली 12 वर्ष की किशोरी अपनी बहन के घर में रहती थी, बहनोई वन विभाग में नौकरी करते थे तथा बहन प्राइवेट स्कूल में पढ़ाने जाती थी। उन्होंने बताया कि ऐसे में घर में पीड़िता अकेली रह जाती थी, 1994 में मामूडी मोहल्ले में रहने वाला दबंग नकी हसन उसके घर में घुस गया और पीड़िता को डरा धमका कर उसके साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि घटना के दूसरे दिन नकी हसन का भाई गुड्डू भी पीड़िता के घर में घुस आया और उसने भी पीड़िता के साथ कथित बलात्कार किया। पीड़िता का आरोप है कि दोनों भाई दूसरे-तीसरे दिन उसके घर में आ जाते और उसके साथ दुष्कर्म करते और यह क्रम काफी दिनों तक चलता रहा। इसी बीच पीड़िता गर्भवती हो गई तो उसने जब यह बात अपने बहनोई को बताई और बहनोई आरोपियों के यहां शिकायत करने गए तो दबंग किस्म के आरोपियों ने उन्हें पूरे परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने आरोपी नकी हसन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## हमले में युवक की मौत, पिता घायल

**सहारनपुर ( भाषा )।** सहारनपुर जिले में थाना सरसावा के गदरहेड़ी गांव में कथित तौर पर कुछ लोगों ने एक युवक पर हमला कर दिया ,जिसमें युवक की मौत हो गई जबकि उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। सहारनपुर (देहात) के पुलिस अधीक्षक सूरज राय ने बताया कि गदरहेडी निवासी मोनू व वरूण के बीच मंगलवार दोपहर को किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई,तब आसपास के लोगों ने समझा बुझा कर दोनों को शांत करा दिया। राय ने बताया कि मंगलवार देर शाम वरूण अपने साथियों के साथ मोनू के घर पहुंचा और उसपर हमला कर दिया जिसमें मोनू गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी दौरान गोली लगने से मोनू के पिता सेठपाल घायल हो गए। राय ने बताया कि दोनों का अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने मोनू को मृत घोषित कर दिया। उसके पिता का अस्पताल में उपचार चल रहा है।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**बरेली ।** रात के समय बड़े भाई के घर जा रहे एक युवक को रास्ते में ही किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी उसकी मौके पर ही मौत हो गई सुबह होने पर शब को अज्ञात के रूप में जिला अस्पताल भेजा गया जहां घरवालों ने शिनाख्त कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।किला थाना क्षेत्र के रेती मोहल्ला निवासी 30 वर्षीय जीशान पुत्र खलील अहमद की लाश आज सुबह किला रेलवे फाटक के पास सड़क किनारे पड़ी हुई पाई गई मृतक के शरीर पर चोट के निशान थे उसे रात में किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी थी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि जीशान पेंटर का काम करता था वह कल रात किला छावनी निवासी अपने बड़े भाई काशिफके घर जाने के लिए पैदल ही चला था लेकिन वह वहां नहीं पहुंचा रास्ते में ही किला फाटक के पास किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से उसकी मौत हो गई सुबह तड़के लोगों ने उसकी लाश को देखा और पुलिस को सूचना दी ।

# एसपी ने फरियादियों की सुनी शिकायतें



संवाददाता। गोंडा

**पुलिस अधीक्षक** कार्यालय में बुधवार को एसपी आकाश तोमर ने जनता दर्शन के दौरान फरियादियों की शिकायतें गंभीरता पूर्वक सुनते हुए उसके निस्तारण हेतु संबंधित थानाध्यक्ष को निर्देशित किया। वहीं जनता दर्शन में फरियादियों की भीड़ देखकर एसपी ने संबंधित थानाध्यक्ष को फटकार भी लगाई। पुलिस अधीक्षक श्री तोमर ने पुलिस अधिकारियों से सख्त लहजे में कहा कि प्रत्येक दशा में फरियादियों की शिकायतें थाने स्तर पर ही निस्तारित किया जाना सुनिश्चित हो। अन्यथा की दशा में संबंधित थानाध्यक्ष पर कार्रवाई अवश्य होगी। एसपी ने यह भी कहा कि महिला उत्पीड़न/अपराधों में थानाध्यक्ष स्वयं मौके पर जाकर सरलता एवं सौम्यतापूर्वक उनकी समस्याओं का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, प्रशिक्षणाधीन क्षेत्राधिकारी शिल्पी वर्मा, पीआरओ आरके सिंह व वैभव सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# वृन्दावन में रहने वाली विधवाओं ने प्रधानमंत्री को भेजीं 501 राखियां

**मथुरा ( भाषा )।** मथुरा जि़ले के वृन्दावन में रहने वाली विधवाओं ने रक्षाबंधन के पर्व पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 501 राखियां तथा 75 राष्ट्रीय ध्वज भेजे हैं। सुलभ इंटरनेशनल के मीडिया सलाहकार मदन झा ने बुधवार को बताया कि सुलभ इंटरनेशनल के संस्थापक बिंदेश्वर पाठक ने मंगलवार को यहां मां शारदा आश्रम में विधवाओं के लिए राखी बनाने का कार्यक्रम आयोजित किया। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम प्रति वर्ष आयोजित किया जाता है। झा ने बताया कि इन राखियों को संस्था के एक प्रतिनिधि द्वारा प्रधानमंत्री कार्यालय में पहुंचाया जाएगा। उन्होंने बताया कि कुछ साल पहले तक कुछ विधवाएं रक्षाबंधन के दिन राखी बांधने के लिए प्रधानमंत्री के आवास पर जाती थीं। लेकिन पिछले दो वर्षों से वे कोविड के कारण प्रधानमंत्री को राखी बांधने नहीं जा सकीं। उन्होंने बताया कि इस बार प्रधानमंत्री कार्यालय से सम्पर्क किया गया है और अनुमति मिलने पर कुछ महिलाएं प्रधानमंत्री क़ो राखी बांधने जा सकती हैं। उन्होंने बताया कि वृन्दावन के अलग-अलग आश्रमों में रहने वाली विधवाओं एवं परित्यक्त महिलाओं ने प्रधानमंत्री की तस्वीरों वाली विशेष राखियां तैयार की हैं। प्रधानमंत्री की रंगीन तस्वीरों वाली यह राखियां मां शारदा और राधाटीला आश्रम में रहने वाली वृद्ध विधवाओं के द्वारा तैयार की गई हैं।

# आग से झुलसे युवक ने दम तोड़ा

संवाददाता। बरेली

**पारिवारिक कलह** के चलते एक युवक ने खुद को आग लगा ली । इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी ।सीबी गंज थाने के गांव बिधौलिया निवासी शाकिर पुत्र जागीर की बीती रात इलाज के लिए जिला अस्पताल से एक निजी अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई उसे 2 दिन पूर्व रात के समय जिला अस्पताल में झुलसी हुई व्यवस्था में भर्ती कराया गया था पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के परिजनों ने बताया कि शाकिर कारचोवी का काम करता था और उसकी बहन का कुछ दिनों बाद ही विवाह होने वाला था साकिर के माता-पिता बहन के विवाह के लिए शाकिर की पत्नी तबस्सुम से जेवर और साकिर से रकम की मांग कर रहे थे क्योंकि उन्होंने साकिर की पत्नी जो जेवर दिए थे उसी जगह को वापस मांग रहे थे लेकिन अब साकिर की पत्नी तबस्सुम नंद के विवाह में जेवर वापस नहीं करना चाहती जिसको लेकर साकिर और उसकी मां बहन के बीच झगड़ा होता था और उसकी पत्नी तबस्सुम से भी झगड़ा होता था लेकिन तबस्सुम जेवर देने के लिए तैयार नहीं थी जिसके कारण साकिर मानसिक रूप से परेशान था और 2 दिन पहले रात में उसने पिता के कमरे में जाकर खुद पर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा पास के कमरे में मौजूद पत्नी ने उसके चीखने की आवाज सुनी तक मौके पर पहुंचकर घरवालों की मदद से आग पर काबू पा लिया और उसे झुलसी अवस्था में इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां से कल शाम निजी अस्पताल ले जाते समय साकिर की मौत हो गई और अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया वह एक बच्चे का पिता था पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी ।

## सड़क दुर्घटना में किसान की मौत

**बरेली ।** खेत से वापस लौट रहे साइकिल सवार किसान को एक मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया ।क्योंलड़िया थाने के गांव जावेदा जवेदी निवासी 55 वर्षीय शंकर लाल पुत्र गोकुल प्रसाद कि कल शाम गांव के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई उसके घर वालों ने बताया कि शंकरलाल कल दिन में रोजाना की तरह अपने खेत पर साइकिल से गए थे जहां से शाम को वह घर वापस लौट रहे थे लेकिन गांव के पास ही सड़क पार करते समय तेजी से आ रही एक मोटरसाइकिल में उनकी साइकिल में टक्कर मार दी इससे शंकरलाल गंभीर रूप से घायल हुए और बाइक सवार को मामूली चोट आई मौके पर मौजूद लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल शंकरलाल के घरवालों को सूचना दी जो मौके पर पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले गये बाइक सवार को मामूली चोटें आई पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया इधर इलाज के दौरान रात में शंकरलाल ने दम तोड़ दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर बाइक सवार के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी मृतक की पत्नी का नाम नेमवती है वह 6 बच्चों का पिता था।

# विशाल तिरंगा यात्रा में एक साथ लहराए हजारों तिरंगे

**कोंच( जालौन )।** देश की स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण हो जाने पर केन्द्र सरकार के आह्वान पर मनाये जा रहे आजादी का अमृत महोत्सव के तहत शहर घर तिरंगा-घर घर तिरंगा अभियान को लेकर वुधवार को नगर में विशाल तिरंगा यात्रा निकालकर अपने अपने घरों में तिरंगा फहराने के लिए आम जनमानस को जागरूक किया गया। स्थानीय गल्ला मंडी परिसर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलिज से प्रारंभ हुई यात्रा क्षेत्रीय भाजपा विधायक मूलचंद्र निरंजन ने तिरंगा फहराकर रवाना की। यात्रा में कतारबद्ध रूप से शामिल स्कूली बच्चों समेत शिक्षक अभिभावक, गणमान्य नागरिक हांथों में तिरंगा झंडा लहराकर भारत माता की जय, वंदे मातरम,हमारा तिरंगा जान से न्यारा तिरंगा जैसे गगनभेदी उद्घोष करते हुए चल रहे थे। साथ चल रहे डीजे पर बज रहे देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों पर लोग झूमते हुए नजर आये।

# खीरों में झोलाछाप के गलत इलाज से एक बच्चे की मौत

संवाददाता। खीरों रायबरेली

● **सीएचसी अधीक्षक ने मृतक के घर पहुंचकर घटना की जांच की, साथ ही दोषी झोलाछाप डॉक्टर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने का आश्वासन दिया**

**थाना क्षेत्र के** गांव नुनैरा में तेज बुखार के चलते झोलाछाप डाक्टर के इलाज से मंगलवार को एक नौनिहाल की मौत हो गई। बुधवार को सीएचसी अधीक्षक डॉ इफ्तिखार अहमद ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ मृतक के घर पहुंचकर घटना की जांच की। साथ ही मृतक के परिजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर दवा का वितरण कराया। साथ ही दोषी झोलाछाप डॉक्टर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने का आश्वासन दिया। परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्यवाही के शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

नुनैरा गांव निवासी सनी 11वर्ष पुत्र अमरपाल उर्फकल्लू लोधी पास के ही एक निजी स्कूल का कक्षा चार का छात्र था । शनिवार से उसे तेज बुखार आ रहा था। उसकी मां नीलम लोधी ने उसे पास के किसी झोलाछाप डॉक्टर से उसका इलाज कराना शुरू किया। लगातार चार दिन झोलाछाप डॉक्टर सनी का इलाज करता रहा। मंगलवार को मरणासन्न हालत में सनी के परिजन उसे लेकर सीएचसी खीरों पहुंचे। जहां से डॉक्टरों ने गम्भीर हालत में उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन हालत ज्यादा नाजुक होने के कारण उसे जिला अस्पताल से लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया। सनी के परिजन उसे इलाज के लिए लखनऊ ले जा रहे थे। लेकिन मोहनलालगंज के पास पहुंचते ही सनी की मौत हो गई। इस घटना से मृतक सनी के पिता अमरपाल ,मां नीलम लोधी, बड़े भाई सान, दादा छेदीलाल, दादी प्रेमा देवी सहित परिजनों का रो.रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई के बुधवार को शव का अंतिम संस्कार कर दिया। मामले की सूचना पर सीएचसी अधीक्षक डॉ इफ्तिखार अहमद स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ बुधवार को मृतक सनी के घर पहुंचे और घटना की जांच की। साथ ही मृतक के परिजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया और दवाएं भी वितरित की। डॉ इफ्तिखार अहमद ने बताया कि मृतक के परिजन झोलाछाप डॉक्टर का नाम बताने से इंकार कर रहे हैं। लेकिन मामले की जांच की जा रही है। दोषी झोलाछाप डॉक्टर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। लगभग एक सप्ताह पहले नुनौरा गांव में अवैध क्लीनिक का संचालन कर रही और उसी गांव की रहने वाली महिला के यहां स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापेमारी की थी।

# आतंकवाद के विरुद्ध पहली जंग हुई थी कर्बला में: मोहम्मद आफाक

**संडीला( हरदोई )।** मशहूर इस्लामिक विद्वान मौलाना मो. आफाक ने कहा कि कर्बला की जंग वह पहली जंग थी जो आंतकवाद के विरुद्ध लड़ी गई और जिसमें हज़रत इमाम हुसैन ने अपना सब कुछ लुटा दिया। गौरी खालसा में आयोजित अलविदाई मजलिस से खिताब करते हुए मौ आफाक आलम ने कहा कि पैगंबर हज़रत मोहम्मद साहब के नवासे हज़रत इमाम हुसैन को दुनिया के सबसे बड़े और पहले आतंकवादी यजीद इब्ने माविया ने शहीद किया। उन्होंनें कहा कि हज़रत इमाम हुसैन की यह कुर्बानी बेकार नहीं गई और आज तक सारी दुनिया को आतंक के विरुद्ध ना झुकने और आतताईयों का प्रतिरोध करने की शक्ति देती है। उन्होंनें कहा कि हजरत इमाम हुसैन ने सारी मानवता को यह संदेश दिया है। उनका पैगाम किसी एक धर्म के अनियाइयों के लिए ही नहीं है।



''किसी शायर ने कहा है कि कत्ल ए हुसैन अस्ल में मरगे यजीद है, इस्लाम जिंदा होता है हर कर्बला के बाद।'' इसी मौके पर मो अली ने कहा कि यजीद ने कर्बला में बरबरता की तमाम सीमाएं पार कर दीं। वह मानवता का भी दुश्मन था और उसका अंजाम भी इसी प्रकार का हुआ। आज उसका कोई नाम लेवा नहीं है। जबकि हजरत इमाम हुसैन के अनुयाई असंख्य हैं। इसी मौके पर अंजुमनों अब्बासिया, हैदरी, मासूमिया, शामे गरीबां, असगरिया, पंजतनी ने नोहा ख्वानी और सीना जनी की। इसके बाद अंजुमन मजलूमिया ने दरगाह हजरत अब्बार से कमा और जंजीर का जुलूस निकाला। इस दौरान मुबारक हुसैन, अजीम हैदर, मौ अमीर अब्बास, मौ मकसद, मौ गुलाम अब्बास, शायर अहल ए बैत, जफर मेंहदी, इल्तिात हुसैन आदि मौजूद रहे।

# क्विक न्यूज

## एसपी ने बदले कार्यक्षेत्र

**गोंडा।** पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने जनहित व प्रशासनिकहित में एक निरीक्षक व चार उपनिरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में फेरबदल करते हुए उन्हें नई तैनाती दी है। इसक्रम में निरीक्षक संतोष कुमार सिंह को प्रभारी साइबर/सर्विलांस सेल से प्रभारी साइबर सेल, उपनिरीक्षकों में अमित यादव को पुलिस लाइन से प्रभारी एसओजी, अशोक कुमार राय को पुलिस लाइन से प्रभारी सर्विलांस सेल, मनोज कुमार सिंह को थाना मनकापुर से थाना करनैलगंज की चौकी भभुआ का प्रभारी व राजेश प्रसाद कनौजिया को थाना परसपुर से उमरी बेगमगंज थाने की चौकी मांगुरा बाजार का प्रभारी बनाया है। उन्होंने सभी से तत्काल प्रभाव से अपने नए कार्य स्थल पर पदभार ग्रहण करने के निर्देश जारी किए हैं।

## अपनों से मिलकर बच्ची के चेहरे पर लौटी मुस्कान

**गोंडा।** पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत अभियान चलाकर गुमशुदा लड़के/लड़कियों की शीघ्र बरामदगी करने के निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को दिए थे। इसीक्रम में गुमशुदा बच्ची को प्रशिक्षणाधीन क्षेत्राधिकारी शिल्पी वर्मा के गनर कांस्टेबल रवि पाण्डेय द्वारा सकुशल उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया। बताते चलें कि मंगलवार को मोहर्रम जुलूस के अवसर पर कर्बला मैदान के पास एक 5 वर्षीय बच्ची रोती बिलखती मिली थी, जो अपने माता-पिता से मिलने की बात कह रही थी। प्रशिक्षणाधीन क्षेत्राधिकारी शिल्पी वर्मा के नेतृत्व में उनके गनर द्वारा बच्ची को सकुशल उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया। अपनो से मिलकर बच्ची के चेहरे पर मुस्कान लौटी तथा परिजनो ने गोण्डा पुलिस का आभार व्यक्त किया। वहीं पुलिस के इस सराहनीय कार्य की आम जनमानस में भी काफी सराहना हो रही है।

## शहीद के परिवार को सम्मानित कर डीएम ने किया पौधरोपण

**गोंडा।** जिलाधिकारी डॉ0 उज्वल कुमार ने बुधवार को विकास खण्ड इटियाथोक के अंतर्गत ग्राम पंचायत संझवल में अमर शहीद विश्वनाथ तिवारी को याद करते हुए उनके परिवारजन के साथ अमृत सरोवर तालाब पर हरिशंकरी पौध रोपण कर उनके परिवार को सम्मानित किया गया तथा वहां उपस्थित संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यहां पर ओपेन जिम सहित और अन्य व्यवस्थायें कराया जाय। इसके साथ ही वहां पर उपस्थित सभी ग्रामवासी व अन्य जन मानस को आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा का कार्यक्रम मनाने के लिए बताया गया। उन्होंने वहां पर उपस्थित लोगों से कहा कि अपने-अपने बच्चों को टीकाकरण जरूर कराया जाय। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी आर.के. त्रिपाठी, उपायुक्त स्वतः रोजगार नरेश बाबू सविता, डीसी मनरेगा संत कुमार, खंड विकास अधिकारी इटियाथोक, संबंधित ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान, वन विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## आयुक्त ने किया राजस्व अभिलेखागार का औचक निरीक्षण

**गोंडा।** बुधवार को मंडलायुक्त एम.पी. अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित राजस्व अभिलेखागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों की नकल लेने के लिए प्रतिदिन आने वाले आवेदन वाले बाक्स को चेक किया तथा संबंधित बाबू पूराने अभिलेखों के रख-रखाव के बावत विस्तृत जानकारी लेते हुए उन्हें सख्त निर्देश दिये। आयुक्त ने कहा कि अभिलेखों के रख-रखाव व आवेदकों को नकल जारी करने में किसी भी प्रकार की कोई गड़बड़ी न होने पाये, अन्यथा संबंधित के खिलाफकड़ी कार्रवाई की जायेगी। अभिलेखों के रख-रखाव पर विशेष ध्यान ध्यान रखा जाय। ताकि पुराने अभिलेख खराब न होने पाये। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ0 उज्वल कुमार, मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी जयनाथ यादव, नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता सहित विभाग से संबंधित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## लड़की भगाने व दुष्कर्म मामले का वांछित गिरफ्तार

**गोंडा।** थाना इटियाथोक पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान नाबालिक लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के वांछित अभियुक्त सलमान निवासी जगदीशपुर संपत थाना इटियाथोक, गोंडा को गिरफ्तार कर लिया है। यह जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने बताया कि उक्त अभियुक्त थाना इटियाथोक क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिक लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था तथा उसके साथ दुष्कर्म किया था। जिसके सम्बन्ध में लड़की के भाई द्वारा थाना इटियाथोक में धारा 363, 366, 376 के तहत अभियोग पंजीकृत कराया गया था।

## निर्माणाधीन टंकी का लेंटर गिरने से 19 मजदूर मलबे में दबे

**बरेली (भाषा) ।** बरेली जिले के इज्जतनगर इलाके में पानी की टंकी के निर्माण के दौरान लेंटर गिरने से 19 मजदूर मलबे में दब गए। अधिकतर मजदूरों को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुटटी दे दे गई। दो मजदूरों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक घटना मंगलवार रात की है। उन्होंने बताया कि मजदूरों के अनुसार ज्यादा रोशनी नही थी जिसके कारण यह पता नही चल सका कि एक छोर पर निर्माण सामग्री ज्यादा डाल दी गई है। उन्होंने बताया कि वजन अधिक होने से लेंटर गिर गया। जिलके मलबे में 19 मजदूर दब गए। सभी की उम्र 25 से 40 साल के बीच है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने लोगों की सहायता से मजदूरों को निकालना शुरू किया और सभी को अस्पताल पहुंचाया। जिलाधिकारी शिवाकांत द्विवेदी ने बुधवार को कहा कि इस घटना की जांच कराई जाएगी।

## बेटे की हत्या के आरोप में मां और एक अन्य व्यक्ति गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर (भाषा)।** मुजफ्फरनगर जिले की पुलिस ने एक किशोर की हत्या के आरोप में उसकी मां और एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि महिला मुनेश और उसके पुरुष मित्र को नाबालिग की हत्या के आरोप में मंगलवार शाम को गिरफ्तार किया गया। किशोर का शव सोमवार को एक ट्यूबवेल से बरामद किया गया था। उन्होंने कहा कि पूछताछ मे महिला ने बताया कि उसके पति की मृत्यु हो चुकी है और उसका एक अन्य व्यक्ति के साथ संबंध है और उसका बेटा इस संबंध के खिलाफ था,जिसके चलते दोनों ने किशोर की हत्या कर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## तेंदुआ गांव में आया, ग्रामीणों में दहशत

**सुलतानपुर (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले के जयसिंहपुर थाना क्षेत्र के छेदवारी गांव मे मंगलवार को एक तेंदुआ घुस गया जिससे ग्रामीणो मे दहशत फैल गई है। गांव मे तेंदुए के आने की जानकारी ग्रामीणों ने प्रशासन और वन विभाग को दी है। ग्रामीणों के अनुसार, तेंदुआ पड़ोस के करौंदी गांव में एक भैस के पाड़े को अपना शिकार बना चुका है। छेदवारी के ग्राम प्रधान बबलू वर्मा ने प्रशासन और वन विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए और तेंदुए को शीघ्र पकड़ा जाए। जिला वन अधिकारी आनंदेश्वर प्रसाद ने मंगलवार की रात बताया कि जयसिंहपुर थाना क्षेत्र के छेदवारी गांव मे तेंदुआ दिखाई देने की जानकारी प्राप्त हुई है। उन्होने कहा तेंदुए की तलाश की जा रही है।

## छुट्टी पर आए सिपाही ने की खुदकुशी

**बुलंदशहर (भाषा)।** दिल्ली पुलिस मे तैनात एक सिपाही ने बुलंदशहर के ककोड़ थाना इलाके मे स्थित अपने घर मे कथित रूप से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। वह एक दिन पहले ही छुट्टी पर घर आया था। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। सिकंदराबाद के पुलिस क्षेत्राधिकारी सतेंद्र सिंह ने बुधवार को यहां बताया कि ककोड़ थाना इलाके के अमीपुर बांगर गांव मे सिपाही अमित (39) ने मंगलवार देर रात अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। उन्होंने बताया कि अमित दिल्ली पुलिस मे तैनात था और एक दिन पहले छुट्टी लेकर घर आया था। उन्होने बताया कि ऐसा संदेह है कि सिपाही ने घरेलू कलह के कारण आत्महत्या की है। उन्होंने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

## 25 लाख की हेरोइन के साथ दो गिरफ्तार

**सोनभद्र (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले मे नशीले पदार्थो के दो तस्करों को करीब 25 लाख रुपए की हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरती देवी और अजय पासवान को मंगलवार रात उस समय गिरफ्तार किया गया जब पुलिस की एक टीम ने उनकी कार को जांच करने के लिए रोका और उनके पास से करीब दो लाख रुपए की 250 ग्राम हेरोइन बरामद की। अपर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपियो ने बताया कि उन्हे चंदौली के मुगलसराय से नशीला पदार्थ मिलता था और वे रॉबर्ट्सगंज मे इसे बेचते थे। पुलिस इस गिरोह के बारे में जांच कर रही है।

## सड़क दुर्घटना में बुजुर्ग की मौत

**बरेली।** वृद्धावस्था पेंशन निकालने के लिए रिक्शा चलाकर बैंक जा रहे एक बुजुर्गो को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा भमोरा थाने के गांव मकरंदपुर निवासी 62 वर्षीय ठाकुर दास पुत्र ईश्वरी प्रसाद की बीती रात इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई उसे 7 अगस्त को पुलिस ने घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया था अस्पताल में मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि ठाकुरदास पिछले कुछ सालों से सुभाष नगर थाने के गांव करेली में किराए के मकान में रहते थे और रिक्शा चला कर गुजारा करते थे लेकिन वृद्धावस्था पेंशन को बैंक ऑफबड़ौदा की देवचरा शाखा से निकालने के लिए जाते थे 7 अगस्त को भी वह वही जाने के लिए घर से निकले थे लेकिन चौबारी गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनके रिक्शा को टक्कर मार दी वह गंभीर रूप से घायल हो गए ।

# सूर्यकुमार दूसरे नंबर पर

**आईसीसी टी-20 रैंकिंग**

## ● अय्यर ऊपर बढ़े, बिश्नोई और कुलदीप को भी फायदा

**भाषा।** दुबई




**भारतीय** बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव बुधवार को जारी ताजा आईसीसी टी20 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर बरकरार हैं जबकि हमवतन श्रेयस अय्यर दो पायदान के फायदे से 19वें स्थान पर पहुंच गए।

पाकिस्तान के बाबर आजम बल्लेबाजी सूची में शीर्ष पर काबिज हैं और सूर्यकुमार यादव भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ स्थान पर बने हुए हैं जिनके 805 अंक हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ हाल में समाप्त हुई श्रृंखला के अंतिम टी20 मुकाबले में 40 गेंद में 64 रन की पारी खेलने वाले अय्यर पहले चार मैचों में बड़ी पारी नहीं खेल सके थे। गेंदबाजों में स्पिनर रवि बिश्नोई और कुलदीप यादव को रैंकिंग में बड़ा फायदा हुआ है। बिश्नोई (21 वर्ष) ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के दो मैचों में छह विकेट झटके थे जिससे वह 50 पायदान की छलांग से 44वें स्थान पर पहुंच गए। वहीं कुलदीप ने अंतिम मैच में तीन विकेट चटकाए थे, उन्होंने 58 पायदान की छलांग लगाई जिससे वह 87वें नंबर पर काबिज होने में सफल रहे। हालांकि सीनियर तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार वेस्टइंडीज के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन के बावजूद एक पायदान नीचे नौवें स्थान पर खिसक गए। दक्षिण अफ्रीका के रीजा हेंड्रिक्स को टी20 में काफी लाभ हुआ है, वह आयरलैंड पर श्रृंखला में 2–0 की जीत के दौरान 74 और 42 रन की पारी की बदौलत 13वें स्थान पर पहुंच गए। दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज 10 पायदान के फायदे से गेंदबाजों की सूची में 18वें स्थान पर पहुंच गए जबकि दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी (23वें नंबर) और न्यूजीलैंड के लॉकी फर्ग्यूसन (31वें नंबर) ने भी रैंकिंग में अपने स्थान में सुधार किया है। पाकिस्तानी कप्तान आजम टी20 में नंबर एक रैंकिंग के बल्लेबाज बने हुए हैं जबकि आस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड और अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी क्रमश: गेंदबाजों और आल राउंडर की सूची में पहले स्थान पर काबिज हैं।

## क्रिकेट से अनिश्चितकाल के लिए ब्रेक लेंगी लानिंग

**भाषा।** सिडनी

**विश्व** कप विजेता कप्तान मेग लानिंग इस साल के आखिर में भारत दौरे पर आस्ट्रेलिया की कप्तानी नहीं करेंगी क्योंकि खुद पर फोकस करने के लिए वह खेल से अनिश्चितकाल के लिए विश्राम ले रही है।

आस्ट्रेलिया को दिसंबर में पांच टी20 मैचों के लिए भारत का दौरा करना है। इसके बाद पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू श्रृंखला और अगले साल दक्षिण अफ्रीका में टी20 विश्व कप खेलना है। लानिंग ने एक बयान में कहा , कुछ साल अति व्यस्त रहने के बाद मैने कुछ समय खुद पर फोकस करने के लिए ब्रेक लेने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, मैं क्रिकेट आस्ट्रेलिया और अपनी साथी खिलाड़ियों की शुक्रगुजार हूं। मैं अपनी निजता का सम्मान किए जाने की उम्मीद करती हूं। इससे पहले लानिंग की कप्तानी में आस्ट्रेलिया ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता। लानिंग ने 2010 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया और 2014 में कप्तान बनीं। उन्होंने 171 मैचों में आस्ट्रेलिया की कप्तानी की। उनकी कप्तानी में आस्ट्रेलिया ने टी20 और 50 ओवरों के विश्व कप जीते।

# बांग्लादेश ने अंतिम एकदिवसीय मैच में जिंबाब्वे को 105 रन से हराया




**एपी।** हरारे

**बांग्लादेश** ने बुधवार को यहां तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में जिंबाब्वे को 105 रन से हराकर सांत्वना भरी जीत दर्ज की। शुरुआती दो मैच जीतकर श्रृंखला पहले ही अपने नाम कर चुकी जिंबाब्वे की टीम बांग्लादेश के नौ विकेट पर 256 रन के जवाब में हरारे स्पोर्ट्स क्लब पर 32.2 ओवर में 151 रन पर ढेर हो गई। बांग्लादेश की ओर से सलामी बल्लेबाज अनामुल हक ने 71 गेंद में 76 रन बनाए जबकि अफीफ हुसैन ने 81 गेंद में नाबाद 85 रन की पारी खेली।

बल्लेबाजी की अनुकूल पिच पर यह बड़ा स्कोर नहीं था लेकिन मेजबान जिंबाब्वे की टीम फायदा नहीं उठा सकी। जिंबाब्वे ने पहले और दूसरे ओवर में एक-एक विकेट गंवाने के बाद छठे ओवर में दो विकेट खोए जिससे टीम का स्कोर चार विकेट पर 18 रन हो गया। जिंबाब्वे ने इसके बाद भी नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और 23वें ओवर में उसका स्कोर नौ विकेट पर 83 रन हो गया था जिसके बाद अंतिम दो बल्लेबाजों रिचर्ड नगारवा (नाबाद 34) और विक्टर नयाउची (26) ने अंतिम विकेट के लिए मैच की दूसरी सर्वश्रेष्ठ 68 रन की साझेदारी करके हार के अंतर को काम किया। इन दोनों के बाद टीम के स्कोर में सबसे अधिक योगदान 25 अतिरिक्त रन का रहा।

नए कोच डेव हॉटन के मार्गदर्शन में जिंबाब्वे ने 2017 से किसी शीर्ष देश के खिलाफ पहली एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीती। जिंबाब्वे ने टी20 श्रृंखला भी 2–

## आयरलैंड ने पहले टी-20 में अफगानिस्तान को सात विकेट से हराया

**बेलफास्ट (एपी)।** आयरलैंड ने पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अफगानिस्तान को सात विकेट से हराया। यह इस सत्र में घरेलू धरती पर उसकी सबसे छोटे प्रारूप में पहली जीत है। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 168 रन बनाए थे। जॉर्ज डॉकरेल ने 20वें ओवर की पांचवीं गेंद पर विजई चौका लगाया जिससे आयरलैंड तीन विकेट पर 171 रन पर पहुंचा। अफगानिस्तान ने अंतिम दो ओवरों में 30 रन बनाए जिसमें इब्राहिम जादरान के 18 गेंदों पर बनाए गए नाबाद 29 रन शामिल है। लेकिन आयरलैंड के सलामी बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग (29 गेंदों में 31 रन) और कप्तान एंड्रयू बालबिर्नी (38 गेंदों पर 51 रन) ने पहले विकेट के लिए 7.3 ओवर में 61 रन जोड़कर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। विकेटकीपर बल्लेबाज लोरकान टकर ने 32 गेंदों पर 50 रन बनाकर आयरलैंड को अच्छी स्थिति में बनाए रखा। हैरी टकर (नाबाद 25) और डॉकरेल (नाबाद 10) ने टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। इससे पहले डॉकरेल ने सात रन देकर दो जबकि बैरी मैकार्थी ने 34 रन देकर तीन विकेट लिए। अफगानिस्तान की तरफ से उस्मान गनी ने 42 गेंदों पर 59 रन बनाए जिसमें दो छक्के और छह चौके शामिल हैं। पांच मैचों की इस श्रृंखला का दूसरा मैच गुरुवार को खेला जाएगा।

## क्विक न्यूज

### ओसाका कमर की चोट के कारण पहले मैच से बाहर



**टोरंटो।** चार बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नाओमी ओसाका कमर की चोट के कारण नेशनल बैंक ओपन के पहले ही दौर से बाहर हो गई। उस समय वह एस्तोनिया की केइया कानेपी से 6-7, 0-3 से पीछे चल रही थी। इससे पहले पिछले तीन टूर्नामेंटों में वह पहले या दूसरे दौर में ही बाहर हो गई थी। फ्रेंच ओपन के बाद यह उनका पहला टूर्नामेंट था। कानेपी का सामना अब स्पेन की गार्बाइन मुगुरूजा से होगा। अन्य मैचों में कोको गॉ ने अमेरिका की ही मेडिसन ब्रेंगलेम को 6-1, 6-3 से हराया। वही चीन की झेंग किनवेन ने कनाडा की रेबेका मारिनो को 3-6, 7-6, 6-4 से मात दी। इटली की कामिला जियोर्जी ने नौवीं वरीयता प्राप्त इंग्लैंड की एम्मा राडूकानू को 7- 6, 6-2 से हराया।

### किर्गियोस मांट्रियल ओपन के दूसरे दौर में

**मांट्रियल।** आस्ट्रेलिया के निक किर्गियोस ने अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बाएज को 6-4, 6-4 से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। अब उनका सामना रूस के दानिल मेदवेदेव से होगा। पिछले चैम्पियन मेदवेदेव को पहले दौर में बाय मिला। वही ब्रिटेन के वाइल्ड कार्डधारी एंडी मर्रे को दसवी वरीयता प्राप्त अमेरिका के टेलर फ्रिट्स ने 6-1, 6-3 से मात दी।

मारिन सिलिच ने क्रोएशिया के बोरना कोरिच को 6-3 , 6-2 से हराया। आस्ट्रेलिया के एलेक्स डि मिनौर ने कनाडा के डेनिस शापोवालोव को 7-5, 7-6 से मात दी। अमेरिका के टॉमी पॉल ने कनाडा के वासेक पोस्पिसिल को 6-4, 6-4 से हराया। वही बुल्गारिया के ग्रिगोर दिमित्रोव ने कनाडा के एलेक्सिस जी को 6-4, 7-5 से हराया।

### लंका प्रीमियर लीग छह से 23 दिसंबर तक

**कोलंबो।** पूर्व मे स्थगित की गई लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) अब छह से 23 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी। आयोजकों ने यह घोषणा की। इस टी20 लीग का आयोजन पहले एक अगस्त से 21 अगस्त तक होना था लेकिन श्रीलंका मे वित्तीय संकट के कारण इसको पिछले महीने स्थगित कर दिया गया था। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार एलपीएल टूर्नामेंट के आयोजक समांता डोडनवेला ने कहा, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि लंका प्रीमियर लीग का आयोजन छह से 23 दिसंबर के बीच किया जाएगा। लीग के प्रमोटर आईपीजी ने भी ट्विटर पर इस खबर की पुष्टि की। श्रीलंका ने आर्थिक संकट और राजनीतिक अस्थिरता के बावजूद जुलाई मे आस्ट्रेलिया की सफल मेजबानी की थी। उसे एशिया कप की मेजबानी भी करनी थी लेकिन अब इसे 27 अगस्त से 11 सितंबर तक संयुक्त अरब अमीरात मे आयोजित किया जाएगा।

### डूरंड कप 16 अगस्त से, स्पोर्ट्स 18 करेगा सीधा प्रसारण

**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे पुरानी फुटबॉल प्रतियोगिताओ मे से एक डूरंड कप 16 अगस्त से तीन शहरों मे खेला जाएगा जिसका स्पोर्ट्स 18 पर सीधा प्रसारण होगा। डूरंड कप का 131वां संस्करण 16 अगस्त से 18 सितंबर के बीच कोलकाता, गुवाहाटी और इंफाल मे खेला जाएगा। इसमें कुल 20 टीमें भाग लेंगी जिसमें इंडियन सुपर लीग की 11 टीम, आई लीग की पांच टीम और सेना की चार टीम शामिल है। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार इस टूर्नामेंट का स्पोर्ट्स 18 एसडी एवं एचडी और स्पोर्ट्स 18 खेल पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। डूरंड कप से भारतीय फुटबॉल का नया सत्र भी शुरू होगा। इसका पहला मैच मोहम्मडन स्पोर्टिंग और एफसी गोवा के बीच 16 अगस्त को खेला जाएगा।

## कोहली खराब दौर से उबरने में सक्षम: जयवर्धने

**दुबई (भाषा)।** श्रीलंका के पूर्व कप्तान माहेला जयवर्धने ने कहा कि भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली बेहतरीन खिलाड़ी हैं और वह लंबे समय से चली आ रही अपनी खराब फॉर्म से उबरने में सक्षम हैं। कोहली और पूर्ण फिटनेस हासिल करने वाले केएल राहुल ने एशिया कप के लिए भारत की 15 सदस्य टीम में वापसी की है। एशिया कप दुबई और शारजाह में 27 अगस्त से 11 सितंबर के बीच खेला जाएगा। कोहली पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। उन्होंने नवंबर 2019 के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कोई शतक नहीं लगाया है। यह स्टार बल्लेबाज इंग्लैंड दौरे में सभी प्रारूपों की छह पारियों में केवल 76 रन बना पाया था। उन्होंने इस बीच पिछले साल स्थगित किए गए पांचवें टेस्ट मैच, दो एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच और इतने ही टी20 में भाग लिया था। इस पूर्व कप्तान को वेस्टइंडीज दौरे और जिंबाब्वे के खिलाफ होने वाली वनडे श्रृंखला के लिए विश्राम दिया गया था। जयवर्धने ने आईसीसी रिव्यू के कार्यक्रम में कहा, विराट अभी जिस दौर से गुजर रहा है वह दुर्भाग्यपूर्ण है लेकिन वह बेहतरीन खिलाड़ी है। मेरा मानना है कि विराट के पास इस दौर से बाहर निकलने के लिए सभी साधन हैं। उन्होंने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि वह इस खराब दौर से उबरने में सफल रहेगा। फॉर्म अस्थाई होती है जबकि आपका कौशल स्थाई। राहुल कोविड–19 के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे। उनकी एशिया कप के लिए उप कप्तान के रूप में वापसी हुई है। जयवर्धने का मानना है कि लंबे समय से मैच नहीं खेलने के कारण राहुल को परेशानी हो सकती है। उन्होंने कहा, यह (राहुल का कम क्रिकेट खेलना) भारत के लिए चिंता का विषय हो सकता है। वह इंडियन प्रीमियर लीग के बाद बाहर थे। ऐसे में उनके लिए क्रीज पर समय बिताना महत्वपूर्ण होगा।

## कतर में एक दिन पहले विश्व कप शुरू करने की योजना बना रहा है फीफा


**जिनेवा (एपी)।** कतर में विश्व कप निर्धारित कार्यक्रम से एक दिन पहले शुरू हो सकता है क्योंकि फुटबॉल की वैश्विक संचालन संस्था फीफा मेजबान देश को 20 नवंबर को इक्वाडोर के खिलाफ मैच खेलने की स्वीकृति देने की योजना पर विचार कर रही है।

इस मामले की जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति ने बुधवार को एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि फीफा अध्यक्ष और छह महाद्वीपीय फुटबॉल संस्थाओं के प्रमुखों की समिति कुछ दिनों के भीतर इस पर फैसला कर सकती है। व्यक्ति ने बताया कि इस प्रस्ताव को कतर के अधिकारियों और दक्षिण अमेरिकी फुटबॉल संस्था कोनमेबोल का समर्थन हासिल है और इस चर्चा से कतर और इक्वाडोर फुटबॉल महासंघ भी जुड़े हैं। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विश्व कप सोमवार 21 नवंबर को नीदरलैंड और सेनेगल के बीच दोहा में स्थानीय समयानुसार दोपहर एक बजे होने वाले मुकाबले के साथ शुरू होना है। कतर और इक्वाडोर भी ग्रुप ए में ही हैं लेकिन यह मैच उसी दिन छह घंटे बाद शुरू होना है। फीफा जब 28 टीम के टूर्नामेंट के कार्यक्रम पर राजी हुआ था तो कई साल पहले रविवार को टूर्नामेंट की शुरुआत नहीं करने पर सहमति बनी थी क्योंकि यूरोप की लीग के क्लब मैच 13 नवंबर तक चलते हैं।

## प्रफुल्ल पटेल के खिलाफ अवमानना याचिका दायर

### ● फुटबॉल से जुड़ी गतिविधियों से रोकने का आग्रह

**भाषा।** नई दिल्ली




**देश** में वर्तमान समय में फुटबॉल का संचालन कर रही प्रशासकों की समिति (सीओए) ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अपदस्थ अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल के खिलाफ उच्चतम न्यायालय की कार्यवाही में दखल देने के लिए अवमानना याचिका दायर की है। न्यायालय ने पिछले सप्ताह इस राष्ट्रीय महासंघ के चुनाव कराने का आदेश दिया था। सीओए ने अपनी याचिका में कहा है की पटेल ने इस माननीय न्यायालय की कार्यवाही में हस्तक्षेप करने के उद्देश्य से 35 सदस्य संघों (एआईएफएफ के राज्य संघों) की एक बैठक बुलाई थी। याचिका के साथ उक्त बैठक की प्रतिलिपि भी संलग्न है। यह बैठक आठ अगस्त को जूम पर सुबह 11 बजे आयोजित की गई थी। इसमें कहा गया है कि इन लोगों ने शीर्ष अदालत के आदेशों की घोर अवमानना कर न्याय प्रशासन में हस्तक्षेप किया है। याचिका में पटेल को फुटबॉल से जुड़ी किसी भी तरह की गतिविधियों में भाग लेने या पद संभालने से रोकने का आग्रह किया गया है। इनमें विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा और एशियाई फुटबाल परिसंघ (एएफसी) भी शामिल हैं। याचिका में शीर्ष अदालत से न्याय के प्रशासन में हस्तक्षेप करने और जानबूझकर खुलेआम आदेशों की अवहेलना करने के लिए कथित अवमानना करने वालों के खिलाफ अदालत की अवमानना के लिए कार्वाई शुरू करने और कानून के अनुसार अधिकतम दंड देने का आग्रह भी किया गया है। इस वर्चुअल बैठक में आईएफए (बंगाल फुटबॉल निकाय) के अध्यक्ष सुब्रत दत्ता, दिल्ली फुटबॉल प्रमुख शाजी प्रभाकरन और पांच अन्य लोगों ने भाग लिया था। इस बैठक में नए संविधान को तैयार करने में बातचीत के लिए एआईएफएफ के राज्य संघों के प्रतिनिधियों की सात सदस्ईय समिति गठित की गई थी। पटेल के अलावा इन सातों को भी अवमानना का दोषी बताया गया है। शीर्ष अदालत में जमा की गई प्रतिलिपि से पता चलता है कि भारतीय फुटबॉल के अंदर कैसा खेल खेला जा रहा है। तीन सदस्ईय सीओए की ओर से पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एस वाई कुरैशी ने अवमानना याचिका दायर की है। इसमें कहा गया है, उक्त बैठक में उन्होंने स्वीकार किया है कि उन्होंने फीफा–एएफसी से पांच अगस्त के पत्र की व्यवस्था करवाई थी।

**शतरंज ओलंपियाड**

## स्टालिन ने भारतीय टीमों को एक एक करोड़ रुपए का दिया पुरस्कार

**चेन्नई (भाषा)।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने बुधवार को भारत बी और भारत ए महिला टीमों को फिडे 44वें शतरंज ओलंपियाड में कांस्य पदक जीतने पर एक एक करोड़ रूपए का चेक प्रदान किया। स्टालिन ने भारत बी (ओपन वर्ग) और भारत ए महिला टीम को यहां कलाईवानार अरांगम में यह चेक दिया। इस मौके पर तमिलनाडु के मुख्य सचिव वी इराई अंबु, राज्य खेल मंत्री शिवा वी मेयानाथन और शीर्ष अधिकारी भी मौजूद थे। फिडे शतरंज ओलंपियाड का आयोजन यहां मामल्लापुरम में किया गया था जो 28 जुलाई से नौ अगस्त तक चला। भारत बी टीम को ओपन वर्ग में कांस्य मिला जबकि भारत ए महिला टीम ने भी कांस्य पदक जीता। मुख्यमंत्री स्टालिन ने एक बयान में कहा कि इन दोनों टीमों ने देश का गौरव बढाया है।



चेन्नई के पास मामल्लापुरम में 44वें शतरंज ओलंपियाड के समापन समारोह के दौरान भारतीय टीम के सदस्य।

## जनरल पांडे ने राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेने वाले सेना के खिलाड़ियों को सम्मानित किया

**नई दिल्ली (भाषा)।** जनरल मनोज पांडे ने बुधवार को भारतीय सेना के उन खिलाड़ियों को सम्मानित किया जिन्होंने ब्रिटेन में 28 जुलाई से आठ अगस्त तक आयोजित हुए राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा लिया था। बयान के अनुसार भारतीय सेना के खिलाड़ियों ने राष्ट्रमंडल खेलों 2022 में शानदार प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदक जीते। सेना के बयान के अनुसार, यह वास्तव में शानदार उपलब्धि है कि राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय सेना के 18 प्रतिभागियों में से आठ खिलाड़ियों ने भारत के लिए पदक जीते। इसमें कहा गया कि ए पदक 2001 से भारतीय सेना द्वारा शुरू किए गए मिशन ओलंपिक कार्यक्रम का नतीजा हैं। बयान के अनुसार टीम के भारत लौटने पर जनरल पांडे और सेना के मुख्य अधिकारियों ने यहां आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में खिलाड़ियों को बधाई दी और उनसे बातचीत की।



## हार पचाना मुश्किल लेकिन आगे बढ़ना होगा: हरमनप्रीत

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय** हॉकी टीम के स्टार ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में आस्ट्रेलिया से मिली हार को पचाना मुश्किल है लेकिन टीम को आगे बढना होगा। आस्ट्रेलिया ने भारत को 7–0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। भारतीय उपकप्तान ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा, इतने बड़े अंतर से मिली हार को पचाना मुश्किल है। उन्होंने कहा, पूरी टीम इस प्रदर्शन से निराश है लेकिन इस कड़वी हार को भुलाकर आगे बढना जरूरी है। जैसे मुख्य कोच ने कहा है कि हम आस्ट्रेलिया जैसी टीम का ऊर्जा और लय में मुकाबला नहीं कर सके। हरमनप्रीत ने कहा, इन खेलों से हमने कई सबक लिए हैं जिन पर काम करना होगा। हम दो सप्ताह बाद शिविर में लौटने पर हर मैच का आकलन करेंगे और नए सिरे से शुरूआत करेंगे। हरमनप्रीत ने टूर्नामेंट में नौ गोल दागे और सर्वाधिक गोल करने वालों की सूची में वेल्स के जेरेथ फर्लोंग के बाद दूसरे स्थान पर रहे। उन्होंने कहा, निजी तौर पर मेरे लिए ए खेल अच्छे रहे। कोरोना महामारी के बाद पहली बार हम इतने दर्शकों के सामने खेल रहे थे और काफी भारतीय भी मैच देखने आए थे।

## राष्ट्रमंडल खेलों के बाद बर्मिंघम में दो पाकिस्तानी मुक्केबाज लापता

**कराची (भाषा)।** राष्ट्रमंडल खेलों की समाप्ति के बाद से बर्मिंघम में दो पाकिस्तानी मुक्केबाज लापता हो गए हैं। राष्ट्रीय महासंघ ने बुधवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तानी मुक्केबाजी महासंघ (पीबीएफ) के सचिव नासिर तांग ने इस खबर की पुष्टि की कि मुक्केबाज सुलेमान बलूच और नजीरुल्लाह टीम के इस्लामाबाद रवाना होने से कुछ घंटे पहले गायब हो गए। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों का समापन सोमवार को हुआ। तांग ने कहा, उनके पासपोर्ट सहित यात्रा दस्तावेज अभी भी महासंघ के उन अधिकारियों के पास हैं जो मुक्केबाजी टीम के साथ खेलों में गए थे। उन्होंने कहा कि टीम प्रबंधन ने ब्रिटेन में पाकिस्तान उच्चायोग और लंदन में संबंधित अधिकारियों को सुलेमान और नजीरुल्लाह के लापता होने के बारे में सूचित कर दिया है। तांग ने कहा कि लापता मुक्केबाजों के दस्तावेज पाकिस्तान से आने वाले सभी खिलाड़ियों के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार रखे गए थे। पाकिस्तान ओलंपिक संघ (पीओए) ने लापता मुक्केबाजों के मामले की जांच के लिए चार सदस्ईय समिति का गठन किया है।



इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आगमन पर राष्ट्रमंडल खेल के रजत पदक विजेता भारतीय पुरुष हॉकी टीम का स्वागत किया गया



नई दिल्ली में इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनके आगमन पर भारत के राष्ट्रमंडल खेल पैरा टेबल टेनिस दल के पदक विजेताओं का स्वागत किया गया



रांची में राष्ट्रमंडल खेल 2022 कांस्य पदक विजेता हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे, निक्की प्रधान और संगीता कुमारी का रांची आगमन पर हुआ स्वागत

# लगातार दूसरे दिन युवा मोर्चा ने आठ मंडलों में निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

## ● हर घर तिरंगा अभियान में युवाओं की महती भूमिकाः साध्वी

संवाददाता। फतेहपुर

**आजादी के** 75 में अमृत महोत्सव को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान को गति देने के लिए निकाली जा रही तिरंगा यात्राओं के क्रम में लगातार दूसरे दिन जनपद के 8 मंडलों में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।



बिंदकी कस्बे में आयोजित विशाल तिरंगा यात्रा को जिले के सांसद महामंडलेश्वर केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ में भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह, बिंदकी विधायक जय कुमार जैकी, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा भी रहे। यात्रा की अगुवाई युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा ने की। बिंदकी के बस स्टॉप से प्रारंभ हुई यात्रा समूचे नगर में भ्रमण करते हुए पुनः बस स्टॉप में ही समाप्त हुई। युवाओं के गगनभेदी नारों ने जहां समूची बिंदकी को काट दिया था। वही कार्यकर्ताओं के जोश एवं उत्साह को बिंदकी वासियों ने पुष्प वर्षा कर और बल दिया। तिरंगा यात्रा का स्वागत करते हुए नगर वासियों ने प्रत्येक घर में 15 अगस्त तक तिरंगा लगाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रुद्र मिश्रा, जिला महामंत्री प्रसून तिवारी, जिला उपाध्यक्ष कोमल सिंह, मंडल अध्यक्ष सत्यम अग्रवाल, अनिल सोनकर, अमन विश्वकर्मा, शशांक ओमर, अतुल द्विवेदी, वीरेन्द्र दुबे, पंकज शुक्ला, जितेंद्र सिंह गौतम आदि मौजूद रहें। वही खजुआ मंडल में अनुराग सिंह की अगुवाई में निकाली गई तिरंगा यात्रा का शुभारंभ राजेंद्र पटेल ने किया इस अवसर पर अंकित पाल अनुराग सोनी, रोहित कश्यप आदि सैकड़ों युवा साथी रहे। इसके अलावा बहुआ मंडल की यात्रा की अगुवाई मंडल अध्यक्ष गौरव गुप्ता, कोमल भदोरिया एवं प्रियांशु पटेल ने की। यात्रा का शुभारंभ विधायक विकास गुप्ता ने किया। यात्रा चक गाजीपुर से मां मॉलक रानी मंदिर शाह से अशोक वाटिका गेस्ट हाउस तक निकाली गई। इसके अलावा धाता मंडल में बाईपास से सोनौली रोड होते हुए दीप नारायण चौराहे में यात्रा का समापन किया गया। यात्रा की अगुवाई देवेश त्रिपाठी, चतुर सिंह, हर्ष पांडेय, जिला उपाध्यक्ष विमलेश पांडेय ने की।

हसवा मंडल में आयोजित तिरंगा यात्रा रानी तालाब से हंसवा बाजार होते हुए हाईवे से बिलंदा तक निकाली गई। यात्रा की अगुवाई मंडल अध्यक्ष अभिषेक सिंह, रोहित मौर्य, विकास तिवारी ने की। इसके अलावा हथगाम मंडल में चौकी चौराहा से भाजपा कार्यालय छिवलाहा तक विशाल यात्रा निकाली गई। जिसमें पूर्व मंत्री रणवेंद्र प्रताप सिंह ने भव्यता प्रदान की। रैली की अगुवाई हिमांशु सिंह, नीरज सिंह, प्रदीप श्रीवास्तव, सौरभ अवस्थी ने की। छिवलहा मंडल में जगन्नाथ धाम से अहिंदा गांव तक की यात्रा की अगुवाई मंडल अध्यक्ष संजीव मोदनवाल, सोनू गुप्ता, देवेंद्र सोनी ने की। इसके अलावा मलवा मंडल में केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने शिरकत की तथा युवाओं का उत्साहवर्धन भी किया। यात्रा की अगुवाई शिवम पांडेय, जे पी तिवारी, उपेंद्र कुमार, कुलदीप मौर्य ने की।

## वैश्य एकता परिषद ने मनाया झंडा गीत के रचयिता का निर्वाण दिवस

संवाददाता। फतेहपुर

**झंडा गीत** के रचयिता पदम श्याम लाल गुप्ता पार्षद का निर्वाण दिवस अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद द्वारा पार्षद चौक में मनाया गया। उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प दोहराते हुए मूर्ति पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के तत्वाधान में झंडा गीत रचयिता पदम श्री श्याम लाल गुप्ता का निर्वाण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए परिषद के जिलाध्यक्ष अरुण जायसवाल ने कहा कि पार्षद जी ने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्रहित में समर्पित कर रखा था। उन्होंने कहा कि पार्षद जी ने झंडा गीत की रचना कर वीरों को अंग्रेजों से भारत मुक्त कराने में जोश भरने का कार्य किया था। परिषद के संरक्षक राम विशाल गुप्ता ने कहा कि पार्षद जी का जन्म कानपुर के नरवर



ग्राम में हुआ था लेकिन उन्होंने अपनी कर्मभूमि फतेहपुर को चुना। गणेश शंकर विद्यार्थी के संपर्क में आकर उन्होंने क्रांतिकारियों संपर्क में आकर देश की आजादी में अपना योगदान किया। राष्ट्रीय महासचिव विनोद कुमार गुप्ता ने कहा कि देश की गुलामी से से दुखी होकर उन्होंने संकल्प लिया था कि जब तक देश को आजादी नहीं मिलती है तब तक वह पैर में चप्पल कंधे में अंगोछा तथा छाता का प्रयोग नहीं करेंगे। युवा जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शरन सिंपल ने कहा कि महापुरुषों की जयंती के अवसर पर हम सभी को उनके कार्यों को आगे बढ़ाते हुए आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान को लेकर संगठन के माध्यम से हर घर में झंडा लगाना होगा। इस अवसर पर रामस्वरूप गुप्त, रज्जन केसरवानी, राधेश्याम हयारण, संजय गुप्ता, नरेंद्र गुप्ता, संजीव गुप्ता, अयोध्या प्रसाद, सुनील गुप्ता, विमल गुप्ता, नारायण गुप्ता, मनीष गुप्ता, संतोष गुप्ता, मिस्टर गुप्त, रामसेवक गुप्त, विवेक रस्तोगी, मनोज सोनी, सुरेंद्र कुमार, आशीष अग्रहरी, सत्येंद्र गुप्ता, राकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## कालेज में हर घर तिरंगा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

संवाददाता। कानपुर देहात

**आजादी के** अमृत महोत्सव के तहत महिला शक्ति केन्द्र के द्वारा जसवंत सिंह महाविद्यालय माती में विशेष अभियान चलाया गया। उक्त कार्यक्रम शासन के निर्देशों के तहत जिलाधिकारी नेहा जैन एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण के मार्गदर्शन पर महिला शक्ति केन्द्र कानपुर देहात के द्वारा आज दिनांक 10.8.2022 को आजादी के अमृत महोत्सव के 75 वर्षगांठ मनाने के उपलक्ष्य में महिला कल्याण विभाग से महिला शक्ति केंद्र महिला कल्याण अधिकारी के द्वारा जसवंत इंटर कॉलेज हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में बालिकाओं द्वारा हर घर तिरंगा पर मेहंदी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## बकाया मानदेय न मिलने से नाराज रोजगार सेवकों ने किया हंगामा

**हुसैनगंज ( फतेहपुर )।** भिटौरा ब्लॉक परिसर में रोजगार सेवकों बकाया मानदेय न मिलने को लेकर बैठक हुई। बैठक से पूर्व रोजगार सेवकों ने सही समय पर मानदेय न मिलने से नाराज रोजगार सेवकों ने हंगामा काटा। ब्लॉक कर्मचारियों पर आरोप लगाया कि शासन से धन आने के बावजूद रोजगार सेवकों का मानदेय नहीं दिया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष आदित्य सिंह चौहान ने कहा कि रक्षाबंधन पर्व के पूर्व शासन द्वारा मानदेय भुगतान हेतु जारी की गई 50 करोड़ की धनराशि के उपरांत भी विकासखंड के कर्मचारियों की मनमानी के कारण रोजगार सेवकों का भुगतान न होने से रोष उत्पन्न है। रोजगार सेवकों का कई माह का मानदेय बकाया है जबकि 01 दिन बाद रक्षाबंधन त्यौहार भी है, ऐसे में रोजगार सेवकों का त्यौहार कैसे होगा। आरोप लगाया कि ब्लाक कर्मचारियों ने अपना वेतन व अन्य कार्य के लिए धन तो निकाल लिया, जबकि ब्लॉक के रोजगार सेवकों का मानदेय नहीं दिया गया। जिससे आज आधा सैकड़ा से अधिक रोजगार सेवको ने भिटौरा ब्लॉक परिसर में जमकर हंगामा काटा। नाराज रोजगार सेवकों ने कहा कि इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की जाएगी। जबकि शासन का स्पष्ट आदेश है कि किसी भी दशा में कर्मचारियों का मानदेय भुगतान हो जाना चाहिए। इसके उपरांत भी रोजगार सेवकों का मानदेय भुगतान नहीं किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मानदेय भुगतान न होने तक विकासखंड के समस्त रोजगार सेवक कार्य से बहिष्कार करेंगे।

## जिलाधिकारी ने तिरंगा स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



डीएम नेहा जैन स्कूटी चलाकर हर घर तिरंगा अभियान में प्रतिभाग करती हुयीं

### ● स्कूटी चलाकर हर घर तिरंगा अभियान में किया प्रतिभाग

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी नेहा जैन ने आजादी के अमृत महोत्सव के दृष्टिगत हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम के तहत कलेक्ट्रेट सभाकक्ष से तिरंगा स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया एवं स्कूटी चलाकर हर घर तिरंगा अभियान में प्रतिभाग किया। उक्त रैली कलेक्ट्रेट प्रांगण से प्रारंभ होकर अकबरपुर ओवरब्रिज होते हुए कलेक्ट्रेट प्रांगण में सम्पन्न हुई। इस मौके पर जिलाधिकारी ने संदेश दिया कि आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान में सभी लोग बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करें, इस रैली के माध्यम से नारी सशक्तीकरण पर भी बल दिया गया है। इस रैली में विभिन्न विद्यालयों की अध्यापिकाओं ने प्रतिभाग किया। उन्होंने कहा कि महिलाऐं किसी से भी कम नही है, वह हर क्षेत्र में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग कर रहीं है। इस मौके पर बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण आदि उपस्थित रहे।

## छज्जा ढहने से महिलाएं, पुरुष व बच्चों समेत 19 घायल

### ● मोहर्रम की 10वीं के दौरान हुआ हादसा, मौके में पहुंचे आलाधिकारी

संवाददाता। फतेहपुर

**शहर क्षेत्र** के मुराइनटोला मोहल्ले में मोहर्रम की 10 तारीख की रात छज्जा गिर जाने से छज्जे व नीचे बैठी महिलाएं बच्चों समेंत डेढ दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये। जिन्हें तत्काल उपचार के लिये जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां तीन की हालत चिंताजनक देखते हुये कानपुर के लिये रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार मोहर्रम की 10 तारीख को तकिया तले स्थित चॉदूमियां का ताजिया निकाला जाता है जो लाला बाजार, सैय्यद बाडा, मुराईन टोला गंदा नाला होते हुये दूसरे दिन चांदूमियां में ताजिया अपनी जगह में आकर रख दिया जाता है। बताया जा रहा है कि रात लगभग 12:30 बजे जब चॉदूमियां का ताजिया मुराई मोहल्ले के इमामबाड़े में रखा गया। जिसे देखने के लिये हजारों की भीड़ इकट्ठा होती है। बताया जा रहा है कि मोहल्ले के ही राम संजीवन के मकान के छज्जे में महिलाए बच्चों के साथ खड़ी थी। उसी छज्जे के नीचे कई महिलाए व बच्चे खड़े थे। तभी अचानक छज्जा ढह गया। जिसके चलते छज्जे में खडी व छज्जे के नीचे बैठे डेढ दर्जन से अधिक महिलाए व बच्चे घायल हो गये। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम सदर नन्दप्रकाश मौर्या, क्षेत्राधिकारी दिनेश चन्द्र मिश्रा, कोतवाली प्रभारी अमित मिश्रा सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। घटना के बाद अफरा तफरी मच गई। तत्काल घायलों को उपचार के लिये जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहॉ मौके में पहुंचे मुख्य चिकित्सा अधीक्षक आरएम गुप्ता ने तत्काल 08 डाक्टरों की टीम मौके में बुलाकर घायलों को इलाज शुरू करवाया। घायलों में शिफा 22 वर्ष, रोमी 25 वर्ष, मोना 04 वर्ष, साजिया बेगम 52 वर्ष, निशा 39 वर्ष, शिवा 38 वर्ष, उमरा 14 वर्ष, इंशा 11 वर्ष, नामिश 35 वर्ष, महताब जहॉ 35 वर्ष, सरवरी 26 वर्ष, तामीर 04 वर्ष, ऐरम फातमा 16 वर्ष, मो0 शाहिद 17 वर्ष, खुशबू 15 वर्ष, जोया 08 वर्ष, मो0 नदीम उर्फशैफ18 वर्ष व जैन 17 वर्ष घायल हो गये। वही इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने शिफा, रोमी व मोना की हालत चिंताजनक देखते हुये कानपुर मेडिकल कॉलेज के लिये रेफर कर दिया। जबकि खुशबू, महताब जहॉ, ताकिर, जोया, सरवरी व जैन का सदर अस्पलात में इलाज चल रहा है। वही मामली तौर पर घायलों का चिकित्सीय उपचार के बाद घर वापस भेज दिया।

## मत्स्य पालन को तालाबों का 10 वर्षीय पट्टा आवंटन शिविर 12 सितंबर को

संवाददाता। कानपुर देहात

**उपजिलाधिकारी रसूलाबाद** द्वारा सर्व साधारण हेतु अवगत कराया गया है कि आगामी दिनांक 12 सितंबर 2022 को मत्स्य पालन हेतु तालाबों का 10 वर्षीय पटटा / आवंटन शिविर तहसील रसूलाबाद के सभाकक्ष में दिनांक 12.09.2022 को 11 बजे आयोजित किया जायेगा। आवंटन उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006 की धारा 61 एवं उ0प्र0 राजस्व सहिता नियमावली 2016 के नियम 57 व 58 में निहित प्रविधानों के अन्तर्गत किया जायेगा। तालाबों के आवंटन हेतु नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति नीलामी सम्बन्धी शर्तों व नियमों की जानकारी करने हेतु नायब तहसीलदार रसूलाबाद / नीलाम अधिकारी से संम्पर्क कर सकते है। जिन तालाबों का क्षेत्रफल 2 हेक्टेयर से अधिक है उनकी नीलामी पंजीकृत मछुआ समुदाय से सम्बन्धित समिति के हक में की जायेगी।

## घर-घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली गईं भव्य बाइक रैलियां



आरएसजीयू इंटर कॉलेज से रैली निकालते नेकद्वार के कार्यकर्ता



मूसानगर में बाइक रैली को संबोधित करते मंत्री राकेश सचान

संवाददाता। पुखरायां, कानपुर देहात

**आजादी के** अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान में बुधवार को पुखरायां, अमरौधा एवं मूसानगर में रैलियां निकाली गईं। जिसमें कैबिनेट मंत्री राकेश सचान भी शामिल हुए और लोगों को घर-घर तिरंगा लगाने की अपील की।

पुखरायां के श्री राम स्वरूप ग्राम उद्योग इंटर कॉलेज में नेक द्वार संस्था के द्वारा तिरंगे झंडों का वितरण करके रैली निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में छात्र, छात्राएं शामिल हुए। इस दौरान वंदे मातरम, भारत माता की जय, झंडा ऊंचा रहे हमारा आदि गीतों की धुन सुनाई दी। नेक द्वार समिति के अध्यक्ष संदीप बंसल, महासचिव डॉ धीरेंद्र सचान, विद्यालय के प्रबंधक श्री प्रकाश द्विवेदी, प्रधानाचार्य अखिलेश द्विवेदी, पूर्व प्रधानाचार्य ब्रज किशोर अग्रवाल, डॉ. बृजपाल सिंह, महेंद्र कुमार, विनोद मिश्र, ओम प्रकाश द्विवेदी, रामप्रकाश मिश्र, प्रदीप यादव आदि मौजूद रहे। वहीं नगर पंचायत आमरौधा क्षेत्र में तिरंगा यात्रा रैली निकाली गई। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने हरी झंडी दिखाकर रैली को प्रस्थान कराया। पंडित कालूराम शास्त्री स्मारक समिति एवं सांस्कृतिक कला केंद्र परिसर से टंडनबाजार, जुलैठी, गढ़ीदरवाजा, मिश्राना, पातेपुर होते हुए कुंजरैठी में रैली संपन्न हुई। कार्यक्रम के सयोंजक सौरभ मिश्र, विकाश मिश्र, कमल मेहरोत्रा, रोहित दुबे, रवि यादव, आशीष राठौर, ओम नारायण गुप्ता एवं संजय कुमार शंखवार ने कैबिनेट मंत्री का स्वागत किया। वहीं नगर पंचायत क्षेत्र मूसानगर में भव्य तिरंगा यात्रा रैली निकाली गई। इसमें विद्या सागर त्रिपाठी, नीरज पांडेय, राजेंद्र अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## जनपदीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी-2022 व किसान मेला का आयोजन 13 को

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी नेहा जैन के निर्देशन में उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव ने अवगत कराया कि जनपद स्तरीय खरीफउत्पादकता गोष्ठी-2022 /किसान मेला का आयोजन जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति एवं जिलाधिकारी की अध्यक्षता में दिनांक 13.08.2022 को प्रातः 10:00 बजे से ईको-पार्क माती, कानपुर देहात में किया जा रहा है। आयोजित कार्यक्रम में कृषि विभाग, बाल विकास विभाग, उद्यान विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग, सहकारिता विभाग, सिंचाई विभाग, विद्युत विभाग, नलकूप विभाग आदि विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगा कर, प्रतिभागी कृषकों को विभागों द्वारा संचालित योजनाओं तथा कार्यक्रमों के सम्बन्ध में जानकारी एवं खरीफ फसलोत्पादन कार्यक्रम से सम्बन्धित तकनीकी जानकारी प्रदान की जायेगी तथा गोष्ठी के अन्त में प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करने तथा स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव जगाने के उद्देश्य से तिरंगा रैली का आयोजन किया जायेगा। उपरोक्त के अतिरिक्त कृषि विभाग द्वारा संचालित आत्मा एवं कृषि सूचना तंत्र योजनान्तर्गत विकासखण्ड स्तरीय गोष्ठियों का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत दिनांक 14.08.2022 को विकासखड झीझक स्थान उप सम्भाग परिसर, दिनांक 15.08.2022 को कृषि विज्ञान केन्द्र, दलीप नगर पर, दिनांक 16.08.2022 को विकास खण्ड राजपुर एवं संदलपुर में विकासखण्ड मुख्यालयों पर, दिनांक 17.08.2022 को विकासखण्ड डेरापुर एवं सरवनखेडा में विकासखण्ड मुख्यालयो पर तथा विकासखण्ड अमरौधा में उप सम्भाग परिसर पर तथा दिनांक 18.08.2022 को विकासखण्ड मलासा में राजकीय कृषि बीज भण्डार डींघ एवं विकासखण्ड रसूलाबाद में उप सम्भाग परिसर में गोष्ठियों का आयोजन किया जा रहा है। समस्त सम्मानित कृषकों से अनुरोध कि आयोजित गोष्ठी में प्रतिभाग कर लाभान्वित होने का कष्ट करें।

## क्विक न्यूज

### मिलावट खोरों के विरुद्ध एफएसडीए ने जिले में चलाया छापेमारी अभियान

**फर्रुखाबाद।** मिलावट खोरों के विरुद्ध आज एफएसडीए द्वारा जिले में छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी विजेन्द्र कुमार एंव अरुण मिश्रा एंव आशीष कुमार वर्मा ने 6 प्रतिष्ठानो पर छापेमारी कर करीबन 30 हजार 400 रुपये का 190 किलो सरसों का तेल सीज किया। आपको बतादें कि आज खाद्य सुरक्षा अधिकारी विजेन्द्र कुमार एंव अरुण मिश्रा एंव आशीष कुमार वर्मा ने छापेमारी अभियान चलाया। जिसमें जरारी स्थित अली अकबर के प्रतिष्ठान पर करीबन 30 हजार 400 रुपये का 190 किलो सरसों का तेल सीज किया। इसके अलावा आवास विकास स्थित राहुल गंगवार के प्रतिष्ठान नीलकण्ठ स्वीट्स एंव नमकीन से स्पंज रसगुल्ला का नमूना लिया ,लोको रोड मसेनी स्थित संजीव कुमार के प्रतिष्ठान न्यू कान्हा स्वीट्स से बर्फी का नमूना लियाएमेन बाजार पालीवाल मार्केट कमालगंज स्थित नितिन चौरसिया के प्रतिष्ठान से बासी भंडारित 6 किलोग्राम खाद्य पदार्थ गुजिया व समोना अनुमानित मूल्य 1200 को नष्ट कराया गया। मेन चौराह रजीपुर स्थित शिव प्रसाद के प्रतिष्ठान से पेड़ा का नमूना लिया।

### बाइक की टक्कर से मीटर रीडर की मौत

**नवाबगज फर्रुखाबाद।** नवाबगज बाइकों की भिड़ंत में मीटर रीडर की दर्दनाक मौत हो गई पुलिस ने मौके पर जांच पड़ताल की परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। थाना क्षेत्र के ग्राम रावतपुर पट्टी निवासी 32 वर्षीय रमन कुमार पुत्र श्री कृष्ण श्रीवास्तव नीमकरोरी विद्युत उपकेंद्र पर मीटर रीडर के पद पर कार्यरत था। वह अपने किसी काम से जा रहा थाए उसी दौरान ग्राम करणपुर पटरी मार्ग पर सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से रमन की बाइक की भिड़ंत हो गई। रमन कुमार ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक की पत्नी पूजा व मां सावित्री देवी आदि का रो.रो कर बुरा हाल हो गया।

### आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन



**फर्रुखाबाद।** कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती द्वारा नगर के विभिन्न विद्यालयों में आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । बुधवार को संस्था अध्यक्ष दीपक रंजन सक्सेना के निर्देशन में चलाए गए चित्रकला प्रतियोगिता में सचिव अरविंद दीक्षित कोषाध्यक्ष अनुभव सारस्वत ने शहर के मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कालेज,एनएकेपी इंटर कालेज ,रामानन्द बालिका इंटर कालेज व सरस्वती शिशु मंदिर के आदि के प्रधानाचार्या एवं प्रशिक्षको के सहयोग से सैकड़ों की संख्या में छात्राओं द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया साथ ही देश भक्ति से सराबोर आकृतियों को बच्चों ने पेपर पर बनाया । अभी 15 अगस्त से पहले अन्य कई विद्यालयों में यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है । इस दौरान संस्था अध्यक्ष दीपक रंजन सक्सेना ने छात्राओं की सराहना की । सभी सदस्यों ने सहयोग किया।

### गंगापार में निकली तिरंगा यात्रा में दिखी अखण्ड भारत की तस्वीर



**फर्रुखाबाद।** पाञ्चाल नगरी में इस बार राष्ट्रभक्ति का जज्बा सिर चढक़र बोल रहा है। स्वाधीनता दिवस में अभी पाँच दिन शेष हैं लेकिन बच्चे से लेकर बुजुर्गों में राष्ट्रभक्ति की लौ जल रही है। ऐसे में गंगापार कहाँ पीछे रह सकता है। अमृतपुर क्षेत्र में निकली तिरंगा यात्रा में अखण्ड भारत की तस्वीर दिखाई दी। चाहे सपाई हो या भाजपाई, बसपाई हो या फिर कांग्रेसी, हिन्दु हो फिर मुसलमान अमृतपुर क्षेत्र में सभी ने तिरंगा थाम रखा है। प्रधानमंत्री मोदी ने 13 अगस्त से तिरंगा लगाने का आह्वान किया है लेकिन क्षेत्र के अधिकांश भवनों की छतों पर अभी से तिरंगा पूरी शान के साथ लहरा रहा है। निकली तिरंगा यात्रा ने तो देशभक्ति के माहौल को और प्रगाढ़ कर दिया। भाजपा नेताओं की अगुवाई मे राजपुर बाजार से अलीगढ़ चौराहे तक बड़ी संख्या में लोगों ने हाथों में तिरंगा यात्रा निकाल कर देश भक्ति का संदेश दिया। लोगों के चेहरों पर खुशी थी और उत्साह दमक रहा था। भाजपा जिला अध्यक्ष रुपेश गुप्ताए विधायक सुशील शाक्य, प्रभाकर त्रिवेदी, सुनील तिवारी, सौरभ मिश्रा सहित बड़ी संख्या मे क्षेत्रीय ग्रामीण मौजूद रहे।,,अमृतपुर उपजिलाधिकारी ने भी ग्रामीणों से हर घर तिरंगा फहराने की अपील की है। इस सम्बन्ध में उन्होंने कई बैठकें कीं और तहसील कर्मचारियों को जिम्मेदारी भी सौंपी।

### अध्यापिका ने चार युवकों पर लगाया सामूहिक दुष्कर्म का आरोप

**पुखरायां, कानपुर देहात।** पुखरायां कस्बे की एक अध्यापिका ने चार लोगों पर सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाया है। वह सबेरे बुधवार को अपने तैनाती प्राथमिक विद्यालय में पढ़ाने जा रही थी। अध्यापिका ने नामदर्ज तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। पुलिस का कहना है मामला संदिग्ध है जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। आरोपी तीन युवकों को गिरफ्तार करके पूछतांछ की जा रही है। पुखराया कस्बा निवासी अध्यापिका ने बताया कि वह सबेरे बुधवार को करीब आठ बजे अपने घर से विकास खंड अमरौधा एक प्राथमिक विद्यालय पढ़ाने जा रही थी। तभी पुखराया-अस्तिया रोड के बीच पहले से घात लगाये बैठे दो बाइकों से चार युवकों ने उनका पीछा करके ओवरटेक किया और बाइकें स्कूटी के आगे लगा दीं। चारों युवकों ने अध्यापिका को स्कूटी से नीचे गिरा दिया। मुंह में कपड़ा ठूंसकर अध्यापिका को ज्वार के खेत में खींचकर ले गए और बारी बारी से चारों दुष्कर्म किया। अध्यापिका ने पुलिस को नामदर्ज तहरीर दी है। बताया कि उसने सभी युवकों को पहचान लिया है। अध्यापिका ने पुखरायां निवासी संजय पाल, हरदुआ निवासी दीपक, देवेंद्र और सोनियापुर निवासी अनीश को आरोपी बताया है। अध्यापिका ने बताया कि घटना के 35 मिनट बाद उसने पति को फोन से घटना की जानकारी दी। उन्होंने 112 नंबर डायल करके पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने खून से लथपथ अध्यापिका को भोगनीपुर थाने में लाई। उधर सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई। दबिश देकर तीन युवकों को गिरफ्तार कर पूछतांछ कर रही है। कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि कि मामला संदेहस्पद लग रहा है। बड़ी ही गंभीरता से जांच की जा रही है। घटना सत्य पाये जाने पर आरोपियों पर सख्त धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रक चालक की पिटाई प्रकरण में एडीजे जोन ने दो दारोगाओं को किया लाइन हाजिर



**घाटमपुर।** बीत दिनों कोतवाली क्षेत्र के गांव इटर्रा में पुलिस की यातना के शिकार ट्रक चालक की पिटाई के मामले में एडीजी जोन ने आरोपी दो दरोगाओं को लाइन हाजिर कर दिया है तथा मामले की जॉच अपर पुलिस अधीक्षक को सौंपी है। घटना की शिकायत परिजनों ने आनलाइन शिकायत की थी। मालुम हो कि बीते माह की 29 तारीख को कोतवाली पुलिस ने गांव निवासी मनीष 28 वर्ष पुत्र जगमोहन को गांव से पकड़ कर लायी थी, परिजनों ने आनलाइन शिकायत की थी कि कोतवाली के दो ररोगा व सिपाही मनीष को पकड़ कर पहले नौरंगा ले गये और वहॉ पर एक होटल में बैठकर मनीष की बेरहमी से पिटाई की तथा बवद में कोतवाली में दो दिनो तक बन्द रखने के साथ लाठियों से पीटा बाद में गांव के एक दलाल किस्म के ब्यक्ति के जरिये किसी से शिकायत न करने तथा 15 हजार रुपये लेकर रिस्वत में लेकर उसे छोड़ा, उधर पुलिस की पिटाई से घायल मनीष की मंगलवार को हालत बिगडड़ने पर परिजन उसे सीएचसी में भर्ती कराया जहॉ डौटरों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद हैलट रिफर कर दिया था। घटना को लेकर प्रिन्ट और इलाक्ट्रानिक मीडिया में खबर आने के बाद एडीजी जोन भानू भाष्कर ने आरोगी दोनों दरोगा धर्मेन्द्र कुमार व इरफान खान को लाइन हाजिर कर दिया तथा घटना की जॉच अपर पुलिस अधीक्षक आदित्य कुमार को सौप दी, जो जॉच रिपोर्ट एडीजे जोन को देंगे। बीते वर्ष माह दिसम्बर में इटर्रा गांव के सतेंन्द्र कुमार का शव कल्यानपुर गांव के किनारे एक तालाब में मिला था और पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की थी जबकि सतेंन्द्र कुमार के परिवार जनों को आरोप था कि कल्यानपुर का एक ब्यक्ति जो बदमाश किस्म का था उसे मजदूरी के लिये ट्रैक्टर में बैठा कर लिवा ले गया है। इसी को लेकर पुलिस व ग्रामीणों से बिवाद हो गया था जिसमें हलके दरोगा सुनीता यादव की ओर से कोतवाली में पुलिस पर पथराव करने के साथ कई संगीन घाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया था और इसी मामले में पुलिस बीते 15-20 दिनों से धरपकड़ और वसूली का अभियान चला रही थी।

# स्वास्थ्य राज्य मंत्री के नेतृत्व मे निकली तिरंगा यात्रा रैली

## ● भारत माता की जय और वन्देमातरम के जय घोष से गूंजा तिलोई

**संवाददाता।** तिलोई,अमेठी

**देश आजादी** का अमृत महोत्सव मना रहा हैं इसी परिपेक्ष मे क्षेत्र मे जगह जगह पर तिरंगा यात्रायें निकाल कर देश के अमर शहीदों एवं बलिदानी वीरों को याद किया गया।

प्रदेश सरकार मे स्वास्थ्य राज्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक मयंकेश्वर शरण सिंह ने शंकरगंज कस्बे मे तिरंगा यात्रा का शुभारम्भ करवाया साथ ही यात्रा मे सम्मलित भी हुए। राज्यमंत्री ने कहा की आजादी की ल?ाई मे शामिल उन सभी जाने अनजाने वीरों को नमन हैं जिनके बलिदान से देश स्वंत्रत हुआ हैं। शंकरगंज मे राज्यमंत्री के साथ बड़ी संख्या मे भाजपा नेता कार्यकर्त्ता और स्थानीय लोग तिरंगा की पद यात्रा मे सम्मलित हुए। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मुन्ना सिंह, जिपस प्रतिनिधि दिनेश जायसवाल, आदि शामिल हुए। तिलोई बस स्टेशन प्रांगण से भी तिरंगा यात्रा निकाली गयी। राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह के पुत्र कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह ने हरी झंडी दिखा कर यात्रा को रवाना किया साथ ही उस यात्रा का प्रतिनिधित्व भी किया। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह मुन्ना, तिलोई मंडल अध्यक्ष श्याममूर्ति, रामकृष्ण भारती, पंकज अवस्थी, सोनू सिंह समेत बड़ी संख्या मे भाजपा कार्यकर्ता इस यात्रा मे सम्मलित हुए।

तिलोई मे स्थित कस्तूरबा गांधी विद्यालय के बच्चों ने भी तिरंगा निकाली रैली। विद्यालय प्रांगण से निकल कर रैली नरायणगंज तिराहे तक जाकर पुनः वापस विद्यालय प्रांगण लौट आयी। तिलोई बार एसोसिएशन मे भी तहसील प्रांगण मे तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। बार अध्यक्ष अरविन्द शुक्ला के नेतृत्व मे तहसील परिसर और आस पास मे तिरंगा यात्रा निकाल कर वन्दे मातरम और भारत माता का जय घोष किया गया।



शंकरगंज कस्बे में राज्यमंत्री के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा



राज्यमंत्री के पुत्र मृगांकेश्वर शरण सिंह के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा

## क्विक न्यूज

### रोजगार मेले का आयोजन 16 अगस्त को

**अमेठी।** सहायक जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय अमेठी में 16 अगस्त 2022 को प्रातः 10:30 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा, जिसमें निजी क्षेत्र की कम्पनियों के माध्यम से बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया जाना है। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि डिजिटल इण्डिया प्रा0लि0 कम्पनी द्वारा 150 रिक्त पदों के लिये हेल्पर, सुपरवाइजर, डिप्लोमा, टेलीकॉलर, रिसेप्शन, कम्प्यूटर ऑपरेटर, आई0टी0आई0 व मैनेजर के लिए प्रतिमाह वेतन रू0 10000 है। इसी क्रम में उन्होंने बताया कि मेले में 18 से 40 वर्ष तक आयु के 10वीं/12वीं स्नातक एवं आई0टी0आई0 उत्तीर्ण अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है, रोजगार मेले में आवेदन हेतु सेवायोजन वेब पोर्टल ह्यद्द2इ4श्रद्धद्दट्.ह्रश्च.ट्वद्ग.द्धट्ट मेला आई0डी0-6175 के माध्यम से अभ्यर्थी अपनी योग्यता के अनुरूप 15 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि कम्पनी का विवरण सेवायोजन पोर्टल पर उपलब्ध है, इच्छुक अभ्यर्थी पंजीकरण एवं रोजगार मेले की जानकारी के लिये किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय आ सकते है तथा इस कार्य हेतु उन्हें कोई मार्ग व्यय देय नही होगा।

### देवघर से लौटे कांवड़ियों का जत्था पहुंचा देवी हिंगलाज धाम

**मुसाफिरखाना अमेठी।** देवघर से लौटे क्षेत्र के सैक?ो कांवरियो का जत्था गाजे बाजे के साथ नगर से पैदल मार्च करते हुए देवी हिंगलाज धाम पहुँचा द्व वहां से पूजा अर्चना के बाद यात्रा दुवरिया गांव होते हुए दुष्यंत सिंह भाले सुल्तान इंटर कॉलेज सादीपुर पहुचीं जहां प्रबन्धक अभिषेक प्रताप सिंह के द्वारा कांव?यो के ऊपर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया साथ ही जलपान की व्यवस्था कराकर उन्हें जलपान कराया गया।अभिषेक प्रताप सिंह ने कांवरियो पर पुष्प वर्षा करते हुए कहा कि काव?या किसी देव दूत से कम नही हर भक्तो की सेवा करना हमारा सबका कर्तब्य है।यात्रा आगे के लिए पुनः रवाना हुई अढनपुर पहुचते ही कांवरियो पर पुष्प वर्षा की गई।इसी तरह जगह जगह स्वागत व प्रसाद वितरण चलता रहा।कोछित के दण्डेश्वर धाम पहुच कांवड़ियो के जत्थे ने बाबा भोलेनाथ पर जलाभिषेक किया।इस दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद रहा।इस मौके पर डॉ अभय प्रताप सिंह अंकित सिंह सोम सिंह उमाकांत पांडेय अतुल सिंह विवेक सर्वेश सिंह प्रशांत रमेश मौर्या सहित आदि रहे।

### अमृत महोत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने के उद्देश्य से हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित

**सलोन।**आजादी के अमृत महोत्सव को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने के उद्देश्य से हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन प्राथमिक विद्यालय फरीद गढ़ में किया गया । कार्यक्रम में नायब तहसीलदार अभिजीत गौरव बतौर मुख्य अतिथि एवं खंड शिक्षा अधिकारी सुधा वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरविंद मौर्या द्वारा की गई । कार्यक्रम का आयोजन रमेश कुमार गौड़ एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक एस.एस पाण्डेय द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। नायब तहसीलदार अभिजीत गौरव ने कहा कि जिला प्रशासन की मंशा अनुसार गांव के प्रत्येक घर में 13 अगस्त से 15 अगस्त के मध्य हर घर में तिरंगा फहराया जाए जिससे आम जनमानस में राष्ट्रप्रेम को बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि आज के कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य की कार्यक्रम में शामिल सभी दिव्यांगजन एवं आम नागरिक अपने अपने घर में तिरंगा जरूर फहराए। खंड शिक्षा अधिकारी सुधा वर्मा ने कहा कि प्राथमिक विद्यालय फरीद गढ़ में हमेशा राष्ट्रीय कार्यक्रम एवं जिला प्रशासन के सभी अभियान बहुत ही मजबूती एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से मनाया जाता रहा है सभी बच्चे देश को आजाद कराने वाले महापुरुषों के बारे में परिचित हो सके कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है।

### बीएमपीएस में पीटी मीट संपन्न

**लालगंज रायबरेली।**नगर की बहुप्रतिष्ठित शिक्षण संस्था बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज में अभिभावक-अध्यापक संगोष्ठी का आयोजन संपन्न हुआ ।उल्लेखनीय है कि बीएमपीएस प्रबंधन अभिभावकों व अध्यापकों के बीच बेहतर तालमेल के उद्देश्य से पी.टी.मीट का आयोजन करता आ रहा है ।अभिभावकों ने अपने पाल्यों के अध्यापकों से मुलाकात कर पाल्यों की अच्छाइयों को जाना और कमियों को दूर करने के लिए विचार विमर्श भी किया ।साथ ही उत्तर पुस्तिकाओं का भी अवलोकन किया।अधिकांश अभिभावक विद्यालय की शैक्षिक प्रणाली व व्यवस्था से संतुष्ट नजर आए ।प्रशासनिक सचिव सिद्धार्थ सिंह ने अभिभावकों के पाल्यों की शिक्षा संबंधी शिकायतों का तुरंत निस्तारण किया।इस अवसर पर अभिभावकों से बातचीत करते हुए विद्यालय के प्रबंधक शान्तनु सिंह ने कहा कि आपने जिस उद्देश्य की पूर्ति के लिए अपने पाल्य का प्रवेश इस संस्था में कराया है विद्यालय हर कसौटी पर खरा उतरा है और भविष्य में भी निरंतरता बनी रहेगी ।प्रबंध-निदेशक सुनील सिंह ने अभिभावकों को भरोसा दिलाया कि बीएमपीएस प्रबंधन सदैव आपकी सेवा के लिए तत्पर है ।भविष्य में और प्रभावी शिक्षण व्यवस्था मेरी प्राथमिकता है।प्रधानाचार्य अभिषेक रंजन ने आए सभी अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर विद्यालय के समस्त अध्यापकों सहित भारी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे ।

# भाजपाइयों ने निकाली तिरंगा यात्रा



तिरंगा यात्रा निकालते हुए भाजपाई

**मुसाफिरखाना, अमेठी ।** बुधवार को स्थानीय कस्बे में मंडल अध्यक्ष महेंद्र कुमार मिश्र की नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई । तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों के साथ स्कूली बच्चों ने हिस्सा लिया।

बुधवार को स्थानीय कस्बा स्थित राम लीला मैदान से मण्डल अध्यक्ष महेंद्र कुमार मिश्रा जिला मंत्री अतुल सिंह के नेतृत्व में शुरू तिरंगा यात्रा नगर पंचायत कार्यालय से स्टेट बैंक होते हुए सब्जी मंडी बस स्टॉप गांधी पार्क होते हुए जोगी बीरन पहुंची ।तिरंगा यात्रा में मंडल के प्रभारी राजीव शुक्ला हरिशंकर दुबे, राकेश शुक्ला जिला मंत्री अतुल सिंह जिला मंत्री प्रभात शुक्ला रामगोपाल कौशल मंडल जयविंद सिंह, जीत बहादुर सिंह शैलेंद्र सिंह देव नारायण यादव केसरी सिंह ध्रुव राज यादव राधेश्याम शुक्ला धनवंत सिंह ओम प्रकाश पांडेय सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता व स्थानीय लोग तिरंगा यात्रा में शामिल रहे ।

# गाजे बाजे के साथ निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा

## ● तिरंगा यात्रा को लेकर जगह-जगह पुलिस प्रशासन रहा पूरी तरह मुस्तैद

**संवाददाता।** जगदीशपुर ,अमेठी

**आजादी के** अमृत महोत्सव के दौरान हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भाजपा नेत्री डॉक्टर प्रज्ञा बाजपेयी के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई और वही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस मुस्तैद रही ।

जगदीशपुर सहित रानीगंज बाजार में आजादी की 75वीं वर्ष गांठ पर अमृत महोत्सव के मौके पर हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भाजपा महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमेठी डॉक्टर प्रज्ञा बाजपेयी व राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य दया शंकर यादव के कुशल नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई।इस दौरान यात्रा में शामिल लोग देश भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए जहां गगनभेदी नारों से रानीगंज गूंज उठा और तिरंगा यात्रा के दौरान डॉक्टर प्रज्ञा बाजपेयी ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य हर घर तिरंगा स्थापित करना है तभी तो सही मायने में उत्सव मनाया जा सकेगा और सभी लोगों को चाहिए कि अपने अपने घर पर तिरंगा फहरा कर वीर सपूतों को याद करें और वहीं जगदीशपुर में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राजेश विक्रम सिंह व विधायक सुरेश पासी के नेतृत्व में हजारों की संख्या में लोगों ने तिरंगा यात्रा निकाल कर देश भक्ति का संदेश दिया ।इस मौके पर राकेश विक्रम सिंह डीडीसी विशाल विक्रम सिंह सुरेश यज्ञसैनी मुन्ना त्रिवेदी सोनू यज्ञसैनी दीपचंद्र कौशल प्रधान अभय सिंह मटियारी एमपी सिंह रोहित यादव विनय सिंह, मान सिंह राठौर व विक्की सिंह कैमा फौजी अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष मोहम्मद तौसीफ भवानी प्रसाद निषाद सुनील सेठ थौरी अमित सोनी सचिन श्रीवास्तव पंकज सिंह सत्थिन सुमन सिंह पूनम कुमारी अंजुम खान रूबी सीमा पाण्डेय सहित तमाम महिला व पुरुष तिरंगा यात्रा में मौजूद रहे और वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर इस्पेक्टर राहुल कुमार उपनिरीक्षक संजय सिंह मोहम्मद जावेद सुरेश मिश्रा दीपचंद्र यादव प्रवीण कुमार जावेद राइन सहित तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे ।



तिरंगा यात्रा में शामिल पूर्व मंत्री

# कांग्रेसियों ने निकाली महंगाई हटाओ आजादी गौरव पदयात्रा

**संवाददाता।** शिवगढ़,रायबरेली

**देश की** स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं रायबरेली के लोकप्रिय सांसद सोनिया गांधी व राहुल गांधी के आवाहन पर 9 अगस्त से 15 अगस्त तक कांग्रेस द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर श्महंगाई हटाओ आजादी गौरव पदयात्राश् का आयोजन किया जा रहा है। जिसके क्रम में आज 9 अगस्त को दिन मंगलवार को कांग्रेस पार्टी के शिवगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट गौरव मिश्रा के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने शिवगढ़ क्षेत्र के कुम्भी बॉर्डर से राष्ट्रध्वज के साथ महंगाई हटाओ आजादी गौरव पदयात्रा का शुभारम्भ किया। पदयात्रा से पूर्व कांग्रेसियों ने एक लय, एक सुर में राष्ट्रगान गाकर भारत माता के जयकारे लगाए। पदयात्रा के दौरान कांग्रेसियों द्वारा लगाए जा रहे इंदिरा गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के नारों से समूचा क्षेत्र गूंज उठा। उमस भरी गर्मी एवं भीषण धूप में भी कांग्रेसियों में गजब का उत्साह दिखाई दे रहा था। ब्लॉक अध्यक्ष गौरव मिश्रा ने कहा कि इस बढ़ती हुई महंगाई और भ्रष्टाचार, बेरोजगारी एवं भुखमरी की ओर केंद्र और प्रदेश एवं केन्द्र सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए महंगाई हटाओ आजादी गौरव पदयात्रा निकाली गई है जो आज पिपरी ग्राम पंचायत के पूरे पांडेय में समाप्त होगी। जिसके बाद 10 अगस्त को पूरे पांडेय से शुरू होकर शिवगढ़, दामोदर खेड़ा होते हुए भवानीगढ़ थी कांग्रेस पार्टी के ब्लॉक कार्यालय में समाप्त होगी। पदयात्रा में शामिल कांग्रेसियों ने जमकर सरकार विरोधी नारे लगाए। इस मौके पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य पराग प्रसाद रावत, अमर सिंह, कृपाशंकर, गणेश शंकर मिश्रा,गिरिजेश श्रीवास्तव, जिला सचिव दिनेश यादव, गोविंद नारायण शुक्ला, रामकिशोर मोर्या, बृजेन्द्र कुमार द्विवेदी, चंद्र मोहन दीक्षित, रामू रावत, मोहम्मद रईस, हरिशंकर तिवारी, अशोक यादव, आशीष त्रिवेदी सहित भारी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे। सबसे बड़ी विडम्बना रही थी कांग्रेस कितनी बड़ी पदयात्रा होने के बावजूद सुरक्षा व्यवस्था शून्य रही। सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर मौके पर सिपाही तो छोड़ दीजिए एक होमगार्ड तक मौजूद नहीं था। करीब 4 किलोमीटर तक बांदा- बहराइच हाईवे से होकर गुजरी कांग्रेस की पदयात्रा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के कोई इंतजाम न होने से स्थानीय पुलिस प्रशासन पर सवालिया निशान उठ रहे हैं। हालांकि कांग्रेसियों ने गांधीजी के पद चिन्हों पर चलते हुए शांतिपूर्ण तरीके से अपनी पदयात्रा पूरी की।

### कसरावां ग्राम सभा में तिरंगा यात्रा का किया गया आयोजन

**बछरावां रायबरेली।** आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर पूरा देश जश्न मना रहा है। वहीं सरकार भी हर घर तिरंगा अभियान चलाकर हर घर तक तिरंगा पहुंचाने की योजना बना रही है। वही बछरावां विकास खंड की कसरावां ग्राम सभा में आज सरकार की मंशा के अनुरूप आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रवेश वर्मा के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा ओवरब्रिज के नीचे कसरावां ग्राम सभा के मुख्य गेट से प्रारंभ होकर ग्राम सभा के मुख्य मार्गों से होकर पुन: कसरावां गेट तक आयोजित की गई। तिरंगा यात्रा के दौरान तिरंगा के मान सम्मान का पूरा ध्यान रखा गया। इस मौके पर यातायात व्यवस्था के नियंत्रण कीजिए पुलिस प्रशासन भी उत्साही युवकों के साथ तिरंगा यात्रा के दौरान मौजूद रहे।

# कर-करेत्तर, राजस्व वसूली व राजस्व कार्यों की डीएम ने की समीक्षा

## ● राजस्व कार्यों व राजस्व वसूली की प्रगति में सुधार लाएं संबंधित अधिकारीः डीएम

**संवाददाता।** अमेठी

**जिलाधिकारी** राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में आज कर-करेत्तर, राजस्व वसूली व राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में परिवहन, आबकारी, विद्युत, व्यापार कर, खनन, स्टाम्प, नगर निकाय सहित अन्य विभागों के राजस्व वसूली की समीक्षा किया तथा कम वसूली वाले विभागों को प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने भू-राजस्व, विविध देय में कम वसूली करने पर नाराजगी जाहिर की, इसके साथ ही वसूली की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व वसूली में कई विभागों की स्थिति ठीक नहीं है और उनकी क्रमिक उपलब्धि भी मासिक वसूली के सापेक्ष पीछे हैं। उन्होंने कहा कि इस माह विशेष प्रयास कर वसूली में सुधार लाए। डीएम ने सभी एसडीएम को निर्देश दिया कि अपनी-अपनी तहसील अंतर्गत सबसे कम वसूली करने वाले रेगुलर व सीजनल अमीनो को चिन्हित कर उन पर कार्यवाही करें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आडिट आपत्तियों का समयांतर्गत निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने जन शिकायतों व राजस्व वादों के निस्तारण को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का संबंधित लेखपालों द्वारा गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं किया जा रहा है जिसके कारण संपूर्ण समाधान दिवस व जनता दर्शन में दूर-दराज के गांव से शिकायतकर्ताओं को बार-बार आना पड़ता है, यह स्थिति संतोषजनक नहीं है, उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी भूमि, चकमार्ग, खलिहान आदि पर कब्जों की शिकायत पर तत्काल संबंधित लेखपाल द्वारा निस्तारण किया जाए। इसके साथ ही अवैध कब्जे को लेकर एसडीएम, तहसीलदार व नायब तहसीलदार स्वयं गांव में जाकर अवैध कब्जों, वरासत व अन्य राजस्व के कार्यों को लेकर जन समस्याएं सुने एवं उनका मौके पर ही गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अजीत कुमार सिंह, समस्त उप जिलाधिकारी/तहसीलदार, जिला आबकारी अधिकारी, एआरटीओ, एक्सईएन विद्युत, एआईजी स्टाम्प, अधिशासी अधिकारी, सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



गवर्निंग बोर्ड की बैठक में डीएम

### लगभग दो सदी पुराने शिव मंदिर से चोरों ने चुराए घंटे, क्षेत्र में मचा हड़कंप

**बछरावां रायबरेली।** बछरावां विकासखंड की मैनाहार कटरा गांव स्थित लगभग 200 वर्ष पुराने शिव मंदिर से चोरों ने मंगलवार की रात चार पीतल के बड़े व तीन छोटे लगभग 35 किलो वजन के घण्टे चोरी कर लिए है। बुधवार की सुबह ग्रामीणों को जानकारी होने के बाद क्षेत्र के शिव भक्तों में हड़कंप मच गया। आम जनमानस को चोरी की जानकारी होने पर सुबह से ही शिव भक्तों की भीड़ मंदिर परिसर के बाहर एकत्र हो गई। ग्राम प्रधान द्वारा मामले की जांच सूचना बछरावां पुलिस को देने पर पुलिस मौके पर पहुंची व पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। पूर्व प्रधान प्रतिनिधि नीरज शुक्ला ने बताया कि यह मंदिर लगभग 200 साल पुराना है। मंगलवार की रात चोरों ने मंदिर के सारे घंटे चोरी कर लिए हैं । मोबाइल पर पुलिस को सूचना देकर मामले से अवगत कराया गया। वहीं थाना अध्यक्ष जगदीश यादव ने बताया कि पड़ताल की जा रही है ।

# कांग्रेस ने निकाली महंगाई हटाओ आजादी गौरव पदयात्रा



**संवाददाता।** रायबरेली

**उत्तर प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर रायबरेली कांग्रेस ने संसदीय क्षेत्र के शिवगढ़, हरचंदपुर, रोहनिया, सरेनी, लालगंज व रायबरेली शहर में महंगाई हटाओ छ. दिवसीय आजादी गौरव पदयात्रा की गई। शिवगढ़ में नागेंद्र सिंह के नेतृत्व में पिपरी से भवानीगढ़ तक, हरचंदपुर में सुरेंद्र विक्रम सिंह के नेतृत्व में जोहवशर्की से पश्चिम गांव चौराहा तक, रायबरेली शहर में डा मनीष चौहान के नेतृत्व मे शहीद चौक डिग्री कॉलेज चौराहा से बस स्टेशन चौराहा तक, डलमऊ में रवींद्र सिंह, के नेतृत्व में श्री हनुमान मंदिर घुरवारा से नरसवा तक, लालगंज में गांधी चबूतरा से बाईपास रोड तक, जगतपुर में महेश शर्मा के नेतृत्व में गौरा लखनी से धर्मदासपुर तक पद यात्रा निकली गई पद यात्रा में शामिल लोगों ने अग्निपथ एक झांसा है- युवाओं को फांसा है, रोजी-रोटी दे न सके-वह सरकार निकम्मी है, वह सरकार बदलनी है, महंगाई कम करो - कम करो के नारे लगाते हुए सैकड़ों की संख्या में कई कि.मी. पद यात्रा निकली। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव विवेकानंद पाठक, जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी, शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव, विजयशंकर अग्निहोत्री, निर्मल शुक्ल, सईदुल हसन, अमर सिंह चौधरी, अजीत सिंह, संतोष त्रिवेदी, रवींद्र सिंह, पद्ममधार सिंह, अनूप बाजपेई, प्रमेंद्रपाल सिंह, पराग प्रसाद रावत, संजय श्रीवास्तव, अशोक सिंह, दीपेंद्र गुप्ता, चंद्रप्रकाश बाजपेई, राकेश सिंह राना, राज कुमार द्विवेदी, सतीश पासी, मनोज तिवारी, गिरिजेश श्रीवास्तव, दिनेश यादव, मेराजुल हसन, ओम प्रकाश त्रिपाठी, विनोद सिंह, गौरव मिश्रा, दिलीप तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### तिरंगा यात्रा त्रिपूला भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय से निकलकर शहीद चौक पर समाप्त

**रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा की प्रस्तावित तिरंगा यात्रा त्रिपूला भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय से निकलकर शहीद चौक पर समाप्त हुई इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के कारागार मंत्री माननीय सुरेश राही जी मुख्य अतिथि के तौर पर यात्रा में शामिल रहे तथा रायबरेली जिले के लोकसभा प्रभारी राज्य मंत्री आदरणीय वीरेंद्र तिवारी जी तथा भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष श्री राम देव पाल जी नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश श्रीवास्तव भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष देवेंद्र बहादुर सिंह हर घर तिरंगा अभियान जिला संयोजक विवेक शुक्ला जिला सहसंयोजक विश्व प्रकाश पाठक जिला मीडिया प्रभारी विजय बाजपेई राधेश्याम पाल युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष निखिल पांडे महामंत्री अनुज मौर्य नगर अध्यक्ष अभिषेक वर्मा अखिलेश तिवारी नीलेश सचान सुमित पांडे सैकड़ों दो पहिया वाहनों के साथ शहीद चौक पहुंचकर यात्रा का समापन किया इस अवसर पर माननीय मंत्री जी ने अपने उद्बोधन में बताया कि पूरे देश में 1947 के बाद इस प्रकार का हर घर तिरंगा पहनाने का राष्ट्रीय जन जागरण का अभियान चलाया गया जिससे देश के आम नागरिकों में राष्ट्रीय जन भावना का संचार हो ।

# महंगाई, कानून व्यवस्था व बेरोजगारी के विरोध में प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस ने निकाली पदयात्रा

**लालगंज रायबरेली।** कांग्रेस के प्रांतीय नेता दीपेंद्र गुप्ता की अगुवाई में लालगंज में आजादी की गौरव यात्रा निकाली गई। राष्ट्रीय ध्वज व पार्टी का झंडा लेकर निकले कांग्रेसियों ने बढ़ती महंगाई ,बिगड़ी कानून व्यवस्था और बेरोजगारी को लेकर सरकार पर जमकर हमला बोला। पदयात्रा कांग्रेस कार्यालय से निकलकर लालगंज के मुख्य मार्गो से होते हुए गांधी चबूतरा पर गोष्ठी के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर बोलते हुए कांग्रेसी नेता विजय शंकर अग्निहोत्री ने कहा कि भाजपा की केंद्र और प्रदेश दोनों सरकारी महंगाई को रोकने में विफल रही है। वही महिलाओं के साथ अत्याचार रुक नहीं रहा है। बेरोजगारी चरम पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महंगाई कानून व्यवस्था व बेरोजगारी पर कभी भी बोलते नहीं हैं। अन्य तमाम तरह के मुद्दों को लेकर जनता को भटकाते रहते हैं। कांग्रेस के प्रांतीय नेता दीपेंद्र गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा खाद्य सामग्रियों पर जो जीएसटी लगाई गई है कांग्रेस उसका पुरजोर विरोध करती है। सरेनी विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी रही श्रीमती सुधा द्विवेदी ने कहा कि हम उस गांधीवादी विचारधारा के लोगों में से हैं जो नमक पर टैक्स लगने से अंग्रेजों से लड़ गए थे। उन्हें देश छोड़ने पर मजबूर कर दिया था और अब भाजपा को गद्दी छोड़ने पर मजबूर कर देंग। इस अवसर पर अनूप बाजपेई ,संतोष त्रिवेदी ,आकर्षण द्विवेदी ,राधे सिंह कृष्ण कुमार तिवारी मन्नूलाल रुखसार अहमद सत्य नारायण हरि किशोर जागेश्वर आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### लोडर की टक्कर से ई रिक्शा चालक की मौत

**लालगंज रायबरेली।** लालगंज-फ्तेहपुर मार्ग पर दोसड़का के निकट तेज रफ्तार लोडर ने ई-रिक्शा टक्कर में चालक की मौत हो गई जबकि उसमें बैठी महिला गंभीर रूप से जख्मी बताई गई है। जानकारी के अनुसार पूरे गुर्दी मजरे कोरिहरा गांव निवासी शिवम शर्मा बैटरी रिक्सा चलाने का कार्य करता है। जगतपुर भिचकौरा गांव की रहने वाली महिला सविता पत्नी दिलीप को बैठाकर लालगंज से उसके गांव जा रहा था। दो सडका के निकट अनियंत्रित लोडर ने उसके रिक्से में भयानक टक्कर मार दी जिसके फ्लस्वरू पदो गंभीर रूप से जख्मी हो गये। आनन फानन में दोनो को एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी पहुंचाया गया जहां दोनो को प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। जिला चिकित्सालय में इलाज के दौरान रिक्सा चालक शिवम की मौत हो गई। अचानक हुई इस घटना से शिवम के परिजनो का रो रो कर बुरा हाल हैं।

# जिले के 105 तालाबों पर एक साथ फहराया जाएगा तिरंगा

- 65 तालाबों की खुदाई पर 6.50 करोड़ और 40 के नवीनीकरण पर खर्च हुआ 80 लाख, शहीद परिवार, स्वतंत्रता सेनानी या फिर गांव के सबसे वरिष्ठ नागरिक करेंगे झंडारोहण


15 अगस्त को इसी तालाब पर फहराया जाएगा तिरंगा

संवाददाता। बस्ती

**आजादी का** अमृत महोत्सव मनाने की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। अन्य रंगारंग कार्यक्रम के अतिरिक्त जिले के 105 तालाबों पर भी यह महोत्सव मनाया जाएगा। इन सभी तालाबों पर झंडारोहण करने लिए प्लेटफार्म और तालाबों की खुदाई और साफ-सफाई का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। यह सारा कार्य मनरेगा से हो रहा है। डीसी मनरेगा कमलेष सोनी ने बताया कि 65 ऐसे तालाब हैं, जहां पर सफाई और खुदाई का कार्य हुआ, एक तालाब पर औसतन दस लाख व्यय हुआ, इस तरह इसपर कुल छह करोड़ 50 लाख खर्च हुआ, इसी तरह 40 अन्य तालाबों पर नवीनीकरण का कार्य हुआ, और इनपर औसतन एक से डेढ़ लाख यानि लगभग 80 लाख व्यय हुआ। बताया कि इन तालाबों को अमृत सरोवर के रुप में विकसित किया गया है। इन सभी तालाबों पर पानी पूरा मिलेगा। बताया कि तालाब के आसपास और किनारे-किनारे पौधरोपण होगा। बताया कि इन तालाबों पर 15 अगस्त को षहीद परिवार का कोई सदस्य, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी या फिर गांव के सबसे वरिष्ठ नागरिक के हाथों से झंडारोहण होगा। इस दौरान गांव के सभी लोग लोग मौजूद रहेगें, और इसके साक्षी बनेगे। जिन ब्लॉक क्षेत्र के तालाबों पर झंडारोहण होगा उनमें बहादुरपुर के तीन, बनकटी के नौ, बस्ती सदर के 11, दुबौलिया के आठ, गौर के सात, कप्तानगंज और हर्रैया के दो-दो, कुदरहा के 10, परसरामपुर, रामनगर, रुधौली और सल्टौआ के आठ-आठ, साउंघाट में 12 और विक्रमजोत में नौ तालाब है।

## आर्किटेक्ट और इंजीनियर्स भी बीडीए के अंगः सचिव

**बस्ती।** आर्किटेक्ट और इंजीनियर्स के निषाने पर रहने वाले बीडीए के सचिव गुलाबचंद्र का कहना है, कि यह दोनों बीडीए के अभिन्न अंग है। बताया कि इन लोगों के साथ बैठक की योजना बनी थी, मगर व्यस्तता के चलते नहीं हो पाई। एक दो दिन बैठक करने की योजना है। बताया कि डीएम मेडम ने इसी सबको को देखते हुए कहा कि सभी आवेदकों से अपील की है, कि वे स्वंय मानचित्र के लिए आनलाइन आवेदन करें, नियमानुसार मानचित्र स्वीकृति की जाएगी। बताया कि डीएम मेडम का कहना है, कि आर्किटेक्ट मानचित्र बनाने का कार्य करें, बीडीए को कोई दिक्कत नहीं बल्कि व्यवस्था को पारदर्षी बनाने और आर्किटेक्ट पर लग रहे आरोपों से बचने के लिए ही भवन स्वामी से आनलाइन आवेदन करने के लिए कहा है। कहा कि जिस तरह लोग आय और जाति प्रमाण-सहित अन्य प्रमाण-पत्र के लिए आनलाइन आवेदन करते हैं, ठीक उसी तरह मानचित्र के लिए भी आनलाइन आवेदन करें। ऐसा करने से भवन स्वामी अनेक समस्याओं और अतिरिक्त खर्चो से बच सकते है। कहते हैं, कि उन्हें बीडीए भी आने कोई आवष्यकता नहीं है।

# डीएम, सीडीओ और अध्यक्ष ने जिपं सदस्यों को बांटा तिरंगा

- जिला पंचायत के सभागार में झंडा वितरण का हुआ कार्यक्रम
- जिला पंचायत सदस्यों को ब्लाकों से मिलेगी बैठकों और कायक्रमों की जानकारीः डीएम

संवाददाता। बस्ती


तिरंगे झंडे के साथ डीएम

**जिला पंचायत** के सभागार में बुधवार को डीएम प्रियंका निरंजन, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी और सीडीओ डा. राजेष कुमार प्रजापति की ओर से आजादी के अमृत महोत्सव अभियान की कड़ी में हर घर-घर तिरंगा ध्वज लहराने के लिये राष्ट्रध्वज का वितरण किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी की मांग पर डीएम ने तत्काल सीडीओ को सभी जिला पंचायत सदस्यों को ब्लॉकों से कार्यक्रम की जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देष दिया। डीएम ने सभी सदस्यों से इस राष्टीय पर्व पर बढ़चढ़कर हिस्सा लेने की अपील करते हुए उनसे इस कार्यक्रम को यादगार बनाने की अपील की। साथ ही सभी से व्यक्तिगत प्रयास से हर घर में तिरंगा फहराना सुनिष्चित करने को कहा। कहा कि पार्टी और दलगत से उपर उठकर घरों में तिरंगा फहराना है, ताकि इसी बहाने हम सभी आजादी के दीवाने को सच्ची श्रद्धांजलि दे सके। कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगाठ ऐतिहासिक रूप से मनाया जाय। कहा कि नयी पीढी को स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास से परिचित कराते हुये स्वतंत्रता सेनानियों, उनके परिजनों की चर्चा के साथ ही जनपद के स्वतंत्रता आन्दोलन से जुड़े स्थलों की लोगों को जानकारी कार्यक्रमों के दौरान दी जाय। इस अवसर पर जगदीश शुक्ला, प्रमोद कुमार उर्फ गिल्लम चौधरी, ब्रह्मदेव यादव 'देवा' अमर सोनी, विद्यामणि, रजनीश चौधरी, कल्लू कबाड़ी, दीपक रावत, राकेश राजभर, शिव प्रसाद चौधरी, सुरेश सुरेन्द्र त्रिपाठी, देवराज यादव, लवकुश राना, विश्राम राव, कंचन राव, महेंद्र कुमार, जवाहरलाल, बलवंत, धर्मेंद्र कनौजिया, अबू बकर, खुर्शीद, रजनीश वर्मा, राजेश पटेल, हैप्पी सिंह, दिग्विजय सिंह, राना शंकर यादव, विकास मिश्रा, मनीष कुमार चौधरी, जपेन्द्र कुमार सिंह, इन्द्रमणि भारती सहित सभी जिला पंचायत सदस्य उपस्थित रहे।

**....यहां पर भी आधे से अधिक नकली सदस्य फोटो खिचवाते दिखेः** इसे निर्वाचित महिला जिला पंचायत सदस्यों का दुर्भाग्य कहें या फिर उनके अधिकारों का हनन माना जाए। तिरंगा झंडा वितरण समारोह में भपी अधिकाषं नकली सदस्य डीएम और सीडीओ के साथ फोटो खिचातें देखे गए। वैसे भी यह नकली सदस्य जिला पंचायत की बैठकों में असली महिला सदस्यों का अपमान करते आएं है। आजादी का अमृत महोत्सव जैसे कार्यक्रम में भी नकली लोगों ने असली महिला सदस्यों को सम्मान देना उचित नहीं समझा, अब सवाल उठ रहा है, कि आखिर निर्वाचित महिला सदस्यों को कैसे यह एहसास होगा कि प्रषासन स्तर पर इस कार्यक्रम को मनाए जाने की क्या-क्या तैयारी का महत्व कितना है। यह भी सवाल उठ रहा है, कि क्या निर्वाचित महिला जिला पंचायत सदस्यों को कभी डीएम और सीडीओ के साथ फोटो खिचाने और उनसे मिले का मौका मिलेगा? यह सवाल उन नकली लोगों के लिए अधिक जो महिलाओं के अधिकारों का हनन करने में अपनी षान समझते है।

# मशरुम की खेती कर आय अर्जित कर सकते हैं बेरोजगारः एसपी शाही

- आजादी का अमृत महोत्सव के तहत स्वतंत्रता सप्ताह हर-घर तिरंगा कार्यक्रम की शुरुआत की
- कृषि मंत्री ने किया कृषि विज्ञान केंद्र का निरीक्षण, व्यवस्था को बताया बेहतर

संवाददाता। बस्ती


कृषि विज्ञान केंद्र का निरीक्षण करते और तिरंगा वितरण करते कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही

**प्रदेश** के कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही, रामपुर कारखाना, विधायक सुरेन्द्र चौरसिया, पूर्व विधायक देवरिया सदर सत्य प्रकाशमणि त्रिपाठी और डीएम प्रियंका निरंजन के साथ आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र बस्ती का भ्रमण किया। केंद्र पर स्थापित मशरूम उत्पादन इकाई के निरीक्षण के दौरान उन्होंने केन्द्र के वैज्ञानिकों को निर्देशित किया कि केन्द्र पर वर्ष भर विभिन्न प्रजाति के मशरूम उत्पादन करने हेतु प्रशिक्षण व प्रदर्शन कराने पर बल दिया, जिससे बेरोजगार नवयुवक स्वरोजगार के रूप में इसे अपनाकर आय अर्जित कर सकें। कहा कि प्राकृतिक खेती को जनपद में बढावा देने हेतु वैज्ञानिकों को कार्ययोजना बनाकर किसानों को बीजामृत, घनामृत व जीवामृत आदि को तैयार करने की तकनीक पर प्रशिक्षण व प्रर्दशन आयोजित करें तथा प्राकृतिक खेती का प्रचार-प्रसार करने को कहा। उन्होंने नेट हाउस व फलवृक्ष मातृ पौधशाला में लगी हुई आम, चीकू, शरीफा, सेब, अंजीर, नीबूं, आवला, कटहल, लीची, पपीता आदि की विभिन्न किस्मों को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की तथा निर्देशित किया कि इनकी अधिक से अधिक पौध तैयार कर किसानों को वितरित करें तथा पाली हाउस में बेमौसमी सब्जियों को उगाने की तकनीक का विस्तृत प्रचार-प्रसार करें। भ्रमण के पश्चात उन्होंने केंद्र के अधिकारियों, वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक की तथा आगामी कार्य योजना की समीक्षा की और इस केन्द्र द्वारा किसानो के हित में किए जा रहे कार्यो की सराहना की। मन्त्री ने आज आजादी का अमृत महोत्सव के तहत स्वतंत्रता सप्ताह हर-घर तिरंगा कार्यक्रम की शुरुआत किया डीएम ने मंत्री को कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी दी। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. डी. के. श्रीवास्तव ने अवगत कराया कि केन्द्र द्वारा जिले की गौशालाओं को निःशुल्क नैपियर घास वितरित की जा रही है व किसानों तक कृषि तकनीकों के पहुंचाने हेतु प्रगतिशील कृषकों का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है, जिस पर आवश्यक सलाहकारी सेवाएं समय-समय पर दी जा रहीं हैं। भ्रमण के अवसर पर संयुक्त निदेशक उद्यान अतुल कुमार सिंह, उप निदेशक कृषि अनिल कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी डा. राज मंगल चौधरी, जिला कृषि अधिकारी मनीष कुमार सिंह, केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. प्रेम शंकर, डॉ. बी.बी सिंह, डा. अंजली वर्मा, हरिओम मिश्र, केंद्र के कार्यालय अधीक्षक निखिल सिंह, कम्प्यूटर प्रोग्रामर जितेन्द्र प्रताप शुक्ल, प्रहलाद सिंह एवं समस्त कर्मचारी गण उपस्थित रहें।

## क्विक न्यूज

### गांव से लेकर शहर तक सपाइयों ने घरों और प्रतिष्ठानों पर फहराया तिरंगा

**बस्ती।** पिछले कई सालों से सपाई नौ अगस्त को क्राति दिवस के रुप में मानते आ रहे हैं, इस दिन वे अपने घरों और प्रतिष्ठानों में तिरंगा फहराते है। गांव से लेकर षहर और कस्बे से लेकर गली मोहल्लों के घरों में सपाईयों ने तिरंगा फहराकर 1942 के दिनों को याद किया। सपाईयों के घरों में फहराए गए तिरंगा झंडों की झड़ी फेसबुक में लगी हुई, फेसबुक के जरिए हर सपाई अपने आप को सच्चा समाजवादी जतना चाह रहा है। हालांकि कहीं-कहीं सपाई के घरों में तिरंगा और सपाई दोनों का झंडा लहराते हुए देखा गया, गनीमत यह रही कि कि उपर तिरंगा और उसके नीचे सपा का झंडा रहा। कई सपाईयों ने कहा कि वह लोग नौ अगस्त को क्राति दिवस के रुप में बढ़चढ़कर मानाते है। बताया कि 1942 के आंदोलन में समाजवादी के लोगों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया था, उस आंदोलन में कई मजबूत संगठनों ने अपने आपको अलग कर दिया था। चार विधायक होने से जिले में इस बार सपाईयों ने क्रांति दिवस को अन्य वर्षो की अपेक्षा जोष से मनाया।

### सिद्धनाथ पीठाधीश्वर श्री रवि गिरी ने उर्मिला हास्पिटल का किया शुभारंभ



**श्रावस्ती।** भिनगा-सिद्धनाथ पीठाधीश्वर महा मण्डलेश्वर श्री रवि गिरी जी महाराज बुधवार को दोपहर 1 बजे भिनगा पहुंचे जहां उन्होंने भिनगा नगर स्थित नवनिर्मित उर्मिला हास्पिटल का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने संचालक अमरेंद्र जायसवाल व विजय जायसवाल को सफलता लिए आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की महती आवश्यकता है बीमारी से ग्रसित लोगो को इलाज के लिए पड़ोसी जनपद बहराइच जाना पड़ता है जिससे उनका पैसा व समय दोनों बर्बाद होता है लेकिन मुख्यालय भिनगा पर सभी सुविधाओं से लैस उर्मिला हॉस्पिटल के खुलने से निश्चित ही लोगो को इसका फायदा मिलेगा अन्य सक्षम लोगों को भी स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए आगे आना चाहिए। इस अवसर पर श्रावस्ती व बहराइच जिले चिकित्सक व संघ के जिला प्रचारक समेत गड़मान्य लोग उपस्थित रहे।

### जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा स्कूली बच्चों संग निकाली गई तिरंगा यात्रा

**श्रावस्ती।** जिले के इकौना तहसील के अंतर्गत सीताद्वार में बाढ़ राहत हेतु आई 11वीं वाहिनी एनडीआरएफ वाराणसी की टीम एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने आजादी के अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत हर घर तिरंगा रैली का आयोजन किया। यह आयोजन आचार्य चाणक्य इंटर कॉलेज महरौली इकौना के बच्चों अध्यापकगण व एनडीआरएफके जवानों द्वारा आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुरूआत में विद्यालय के प्रबन्धक जीतेन्द्र शुक्ला द्वारा झण्डा दिखाकर रैली का शुभारम्भ किया गया। इस रैली में छात्रए अभिभावकए विद्यालय के शिक्षकए एनडीआरएफ के जवानों के नेतृत्व में गांव.गांव घूमें व लोगों को आजादी का अमृत महोत्सव के सम्बन्ध में बताया और अनुरोध किया कि सभी लोग अपने.अपने घरों पर राष्ट्रध्वज फहराकर इस महोत्सव को सफल बनायें। एनडीआरएफ के जवानों ने ग्रामीणों को झण्डा लगाने का भी प्रशिक्षण दिया। इस आयोजन से लोगों को हर घर तिरंगा लगाने हेतु जागरूक किया गया और लोगों में एकता और राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार किया गया। इस दौरान निरीक्षक अमरजीत सिंह, निरीक्षक अमोल कुमार, उपनिरीक्षक शिवपूजन सिंह, प्रधानाचार्य विश्व प्रकाश उपस्थित रहे।

# पांच दिवसीय झूला महोत्सव में सजी नयनाभिराम झांकियां



**चित्रकूट।** परमहंस संत श्री रणछोड़दासजी महाराज के स्थापित जानकीकुंड स्थित श्री रघुवीर मंदिर (बड़ी गुफा) में श्रावण झूला महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में दर्शनार्थी श्रावण झूला की सजावट, भजन एवं नयनाभिराम झांकियों के दर्शन कर रहे है। यह उत्सव श्रावण शुक्ल एकादशी से पूर्णिमा पर्यंत प्रतिवर्ष मनाया जाता है। इस वर्ष आठ से 12 अगस्त तक झूले में पूरे मंदिर परिसर के साथ युगल सरकार को विभिन्न फूलों से सजावट कर ठाट-बाट के साथ झूले में बैठाया जाता है। बुधवार को पूरे मन्दिर परिसर को सुन्दर फूलों से मनमोहक ढंग से सजाकर आस-पास के क्षेत्र से झूला के पारंपरिक भजन गीत से गायक और वादक कलाकार अपनी सुमधुर प्रस्तुति देने आते हैं। भगवान के चरणों में बैठकर भक्तिभाव से अपनी प्रस्तुति देते हैं। जिसे सुनने दूर-दूर से श्रोता प्रतिदिन आते हैं। पौराणिक कथाओं एवं ग्रंथों पर आधारित सजीव झांकियां भी श्रीराम संस्कृत महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने सजाई है। इस मौके पर संचालिका श्रीमती ऊषा जैन ने बताया कि झूला महोत्सव प्रतिवर्ष धूमधाम से होता है। पूरे वर्ष इस उत्सव के सदगुरु परिवार के सदस्यों को इंतजार रहता है। सभी बढ़चढ़ कर इसमें हिस्सा लेते हैं। इस वर्ष सागर मंथन, होलिका दहन, जगन्नाथपुरी आदि की झांकियां सजाई गयी हैं। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि झूला उत्सव का दर्शन करने आयें।

# आजादी के अमृत महोत्सव पर छात्र-छात्राओं ने किया पैदल मार्च

- स्वतंत्रता सेनानियों को नमन कर शहर में लहराया तिरंगा

संवाददाता। संतकबीरनगर


तिरंगा यात्रा निकालते विद्यार्थी

**बुधवार को** सूर्या इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 75वी आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों और उपलब्धियों को याद करते हुए विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ उदय प्रताप चतुर्वेदी व प्रधानाचार्य रविनेश श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों के साथ तिरंगा यात्रा निकालकर स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया तथा प्रबंध निदेशक डॉ उदय प्रताप चतुर्वेदी ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा भारत देश विविधता में एकता के लिए प्रसिद्ध है। आजादी के संघर्ष में कई लोमहर्षक घटनाओं का सामना किया और लंबे समय के बाद आजादी मिली जिसका परिणाम है की आज हम स्वतंत्र हैं और 75वी आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। आज हमारा देश प्रोद्योगिकी, शिक्षा, खेल, वित्त और अलग-अलग अन्य क्षेत्रों में बहुत तेजी से विकास कर रहा है जो स्वतंत्रता से पहले लगभग असंभव था। साथ ही साथ विद्यालय की प्रबंध निदेशिका श्रीमती सविता चतुर्वेदी ने कहा कि हमें स्वतंत्र भारत के नागरिक होने पर गर्व है उन स्वतंत्रता सेनानियों के आभारी हैं जिन्होंने अपने देश की आजादी में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। आज हम इतने हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाते हैं जो हमारी इतनी कठिनतापूर्वक प्राप्त आजादी को दर्शाता है। इसी क्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री रविनेश श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि यदि आप आजादी के आशीर्वाद का अनुभव करना चाहते हैं तो अपने आप को देश के प्रति समर्पित होकर उनके प्रगतिशील कार्यों में अपना महत्वपूर्ण योगदान देना होगा। इस कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य शरद त्रिपाठी एवं वरिष्ठ शिक्षक नितेश द्विवेदी, अशोक चौबे, अविनाश श्रीवास्तव, आशुतोष पाण्डेय, तपस्या रानी सिंह, बबीता त्रिपाठी, प्रतिभा श्रीवास्तव इत्यादि लोगों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# एमएलसी अनूप व विधायक अंकुर के साथ भाजपाइयों ने खलीलाबाद में निकाली तिरंगा यात्रा

- कार्यकर्ताओं में रहा उत्साह, देश की शान तिरंगा का लगाया नारा

संवाददाता। संतकबीरनगर


तिरंगा यात्रा में शामिल प्रदेश महामंत्री एवं विधायक सहित भाजपाई

**आजादी के** अमृत महोत्सव के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाये जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत 13 से 15 अगस्त के बीच हर घर पर तिरंगा लहराये, इसके लिये लोगों में जागरुकता फैलाने के लिए भाजपा नगर मंडल द्वारा जूनियर हाई स्कूल से बाइक जुलूस के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गयी। यात्रा जूनियर हाई स्कूल से प्रारंभ होकर सरैया बाईपास होते हुए नेदुला चौराहा से डी एम आफिस होते हुए मेहदावल बाईपास से सोनी होटल से बरदहिया बाजार से समय मंदिर होते हुए चकदही गाँव होते हुए तितौआ से होते हुए मील चौराहा, गोला बाजार से बाईपास चौराहा से नेदुला होते हुए। तिरंगा यात्रा का समापन जूनियर हाई स्कूल पर जय घोष के साथ हुआ। वहां उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए। एमएलसी व भाजपा प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता ने कहा कि हमारे आन, मान और शान का प्रतीक भारत का राष्ट्रध्वज तिरंगा देश के शौर्य, शांति और बलिदान का भी प्रतीक है। एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प से जुड़ें भाजपा जिलाध्यक्ष जगदंबालाल श्रीवास्तव बताया की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान से जुड़कर आज़ादी के अमृत महोत्सव में सभी भागीदारी बनें और एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प से जुड़ें। लोगों में इसी जागरूकता को पैदा करने के लिये भाजपा के कार्यकर्ता विभिन्न आयोजन कर रहे हैं। सदर विधायक अंकुर राज तिवारी ने कहा कि हर घर तिरंगा हो, हर मन तिरंगा हो यही मां भारती के प्रति हमारी भक्ति का प्रकटीकरण है। राष्ट्रहित सर्वोपरि के भाव का प्रकटीकरण है। आजादी के इस अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर, हर कार्यालय, हर प्रतिष्ठित संस्थान, हर स्कूल-कॉलेज में तिरंगा फहराएं और देश की शान बढ़ाएं। तिरंगा यात्रा के दौरान संजीव राय, श्याम सुंदर वर्मा, किरण प्रजापति, हैप्पी राय, सुनीता अग्रहरी, ब्रह्मानंद नंद पांडेय, नगर अध्यक्ष पाल सिंह, राम नयन शर्मा, राम सागर चौधरी, विष्णु मिश्र, मुरली धर जायसवाल, सुधांशु सिंह, कमलेश जयसवाल, कन्हैया वर्मा, विनय मिश्र, देवी पांडेय, गौरव अग्रहरि, जितेंद्र गुप्ता, श्याम बिहारी, अमित जायसवाल, शुभम राय, रूद्र नाथ मिश्र, पंकज मिश्र, सत्य प्रकाश सिपाही, बनर्जी लाल अग्रहरि, श्रवण अग्रहरी, रूद्र प्रताप सिंह, भगवान दास आदि लोग शामिल रहे।

# 'विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस' मनाये जाने की बनी रूपरेखा

- 14 को मनाया जायेगा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवसः एडीएम

संवाददाता। संतकबीरनगर


तैयारी बैठक करते एडीएम

**जिलाधिकारी दिव्या** मित्तल के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में आगामी 14 अगस्त 2022 को "विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस" मनाये जाने से सम्बंधित तैयारियों आदि के संबंध में बैठक हुई आयोजित। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप हम लोग "आजादी का अमृत महोत्सव" मनाते हुए अपनी प्रिय मातृभूमि के उन बेटे एवं बेटियों को नमन करते है, जिनको भारत विभाजन के दौरान अपने प्राण न्योछावर करने पड़े थे, ऐसे लोगो की याद में तथा भारत की वर्तमान एवं भावी पीढ़ियों को विभाजन के दौरान लोगो द्वारा सही गयी यातना एवं वेदना का स्मरण दिलाने के लिए 14 अगस्त 2022 को "विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस" के रूम में मनाये जाने का निर्णय लिया गया है।

अपर जिलाधिकारी ने बताया कि 14 अगस्त को जनपद में "विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस" मनाये जाने हेतु मुख्य स्थल के रूप में हीरालाल इण्टर कॉलेज परिसर एवं ऑडिटोरियम का चयन किया गया है। कार्यक्रम के अन्तर्गत स्कूल के बच्चों सहित उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों एवं अन्य गणमान्य नागरिकों द्वारा हाथों में तिरंगा लेकर मौन जुलूस का आयोजन प्रातः लगभग 09:30 बजे किया जायेगा। जुलूस का मार्ग हीरालाल इण्टर कॉलेज से आजाद चौक तक निर्धारित किया गया है। "विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस" के अवसर पर प्रधानमंत्री के उद्बोधन का एलईडी के माध्यम से सजीव प्रसारण देखा और सुना जायेगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अतुल कुमार मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, जिला आबकारी अधिकारी आरपी तिवारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार तिवारी, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका सुरेश कुमार मौर्य, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज, सरदार अजीत सिंह, मनमीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

# हर्षोल्लाष के साथ मनाएं आजादी का अमृत महोत्सवः डीएम

**● स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रमों की डीएम ने तय की रूपरेखा**

संवाददाता। चित्रकूट

**जिलाधिकारी अभिषेक** आनन्द की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में स्वतंत्रता दिवस को सादगी एवं सौहार्द पूर्ण मनाए जाने के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि इस वर्ष आजादी का अमृत महोत्सव को वृहद रूप से मनाया जा रहा है। सभी शासकीय भवन विद्यालय इमारतों प्रतिष्ठानों को अच्छी तरह से सजाया जाए। जिला पंचायत राज अधिकारी तथा खंड विकास अधिकारियों से कहा कि गांव में शत प्रतिशत झंडा वितरण करा कर तिरंगा वितरण का टोकन धनराशि लेकर रजिस्टर में अंकित करें तथा उन्हें जागरूक भी किया जाए। सभी विभाग हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस को मनाए। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों से कहा कि अपने अपने क्षेत्र का भ्रमण करके सभी व्यवस्थाएं देख ले अगर कहीं पर कोई समस्या है तो तत्काल निराकरण कराए। अधिशासी अधिकारियों से कहा कि 13 अगस्त से ही सभी शासकीय भवन विद्यालय आदि इमारतों की सजावट हो जाए तथा व्यापार मंडल से भी संपर्क करके व्यवसायिक प्रतिष्ठान होटल को भी अच्छी तरह से सजाया जाए। छोटे तिरंगा झंडा जो लगाए जाएंगे वह लगे रहेंगे 11 अगस्त से 17 अगस्त तक इसको खंड विकास अधिकारी तथा अधिशासी अधिकारी संनिश्चित करें। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी तथा अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांव तथा शहर की मलिन बस्तियों में प्रातः 6 बजे से 12 बजे तक अच्छी तरह से साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराए। उन्होंने जिला क्रीड़ा अधिकारी से कहा कि स्टेडियम में खेलकूद प्रतियोगिता एवं


अभिषेक आनंद

मैराथन दौड 8बजकर 30 बजे से प्रतियोगिताएं कराई जाए, जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से कहा कि विद्यालयों के बच्चों के साथ प्रातः 7बजे प्रभात फेरी व प्रतियोगिता तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कराया जाए, 10 बजे संयुक्त जिला चिकित्सालय में मरीजों को फल वितरण एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी वृद्ध आश्रम में वृद्धजनों को फल एवं मिष्ठान का वितरण कराये, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी, नगर पंचायत राजापुर, मानिकपुर,मऊ से कहा कि मुख्य चौराहों की अच्छी तरह से साफ सफाई करा दे तथा झंडे भी लगवाए जाएं चौराहा को अच्छी तरह से सजाया जाए सभासदों के माध्यम से वार्डों में भव्य कार्यक्रम कराए जाएं तथा मलिन बस्तियों की अच्छी तरह से साफ-सफाई भी कराई जाए। उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी से कहा कि हरिशंकरी वृक्षारोपण भी कराया जाए।उप निदेशक कृषि से कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से 75 कृषकों को पौधे उपलब्ध कराएं, उन्होंने कहा कि समस्त शासकीय कार्यालयों, इमारतों, विद्यालयों में प्रातः 8 बजे झंडा रोहण किया जाए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस को मनाए जाने के लिए जिन अधिकारियों को जो जिम्मेदारी दी गई है उसी का निर्वहन करते हुए पर्व को सकुशल मनाया जाए। डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह से कहा कि अमृत सरोवर में ध्वजारोहण वृक्षारोपण प्रकाश व्यवस्था एवं सजावट अच्छी तरह से कराई जाए। कहा कि ह्यूमन चौन में जो बच्चे प्रतिभाग करेंगे उसमें पुलिस विभाग यातायात व्यवस्था को देखें तथा 14 अगस्त को रामघाट पर अच्छा कार्यक्रम कराया जाएगा जिसमें लेजर शो भव्य आरती एवं गणेश बाग में भी भव्य कार्यक्रम सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कराए जाएंगे तो यहां पर ड्रोन कैमरा भी लगाया जाए मैराथन दौड़ में भी एंबुलेंस यातायात व्यवस्था दुरुस्त रहें।

मुख्य विकास अधिकारी अमित आसेरी ने से कहा कि हर घर तिरंगा के अंतर्गत कार्यक्रम में जो आप लोगों को लक्ष्य दिया गया है उसमें सभी शासकीय भवनों को सजाकर उसकी अच्छी फोटोग्राफ्स उपलब्ध कराएं। इसके अलावा मैराथन दौड़ पर्यटन विभाग के साथ रामघाट पर भव्य लेजर शो एवं आरती तथा गणेश बाग में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा परिक्रमा मार्ग में साधु-संतों के साथ भी आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जाएगा वहां पर भी सभी संबंधित अधिकारी व्यवस्थाएं दुरुस्त कराए।

## आजादी के अमृत महोत्सव में तिरंगा लेकर शामिल होंगे व्यापारीः शानू गुप्ता

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय जनउद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन/भाजपा नेता शानू गुप्ता की अगुवाई में आजादी के 75वें अमृत महोत्सव पर बुधवार को रामघाट पर नौका तिरंगा यात्रा की गई। 15 अगस्त को मोटरबाइक तिरंगा यात्रा सवेरे नौ बजे से पुरानी कोतवाली से शुरु होकर नगर भ्रमण करेगी। बुधवार को भाजपा नेता/व्यापारी नेता शानू गुप्ता की अगुवाई में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हर घर तिरंगा अभियान पर व्यापारियों ने बैठक कर कार्यक्रम निर्धारित किये। बुधवार को नौका तिरंगा यात्रा कर लोगों को जागरूक किया। 15 अगस्त को व्यापारी सवेरे नौ बजे से पुरानी कोतवाली परिसर से मोटरबाइक में तिरंगा लेकर नगर भ्रमण कर लोगों को जागरूक करेंगे। तिरंगा यात्रा बाबत बैठक में व्यापारी नेता सुनील हड्डू, शिवशंकर गुप्ता, रामप्रकाश केशरवानी, विनोद आर्य, विनोद केशरवानी, शेषू जायसवाल आदि पदाधिकारियों की मौजूदगी में तिरंगा यात्रा की रुपरेखा बनाई गई।

## क्विक न्यूज

### मोहर्रम पर आयोजित दस दिवसीय जिक्रे शोहदाए कर्बला कार्यक्रम का समापन



**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के खुशीपुरा मोहल्ला स्थित बिसातखाने की मस्जिद में दस दिवसीय जिक्रे शोहदाए कर्बला तकरीर कार्यक्रम का समापन हो गया। समापन के बाद लंगर और शर्बत आयोजन किया गया। मंगलवार को पैगम्बर मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन की याद शोहदाए कर्बला कार्यक्रम का समापन हो गया। जिसमें गौसिया गरीब नवाज के प्रिंसिपल मुफ्ती अफसार आलम चिश्ती ने हजरत इमाम हुसैन की शहादत के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि मोहर्रम की पहली तारीख से दस तारीख तक यह कार्यक्रम पिछले आठ सालों से इस मस्जिद में चल रहा है। बताया इमाम हुसैन कर्बला की सरजमीं पर नबी के दीन के खातिर गए हुए थे। याजीद जो नबी के दीन तब्दील कर रहा था। उस तब्दीली को खत्म करने के लिए और नबी के दीन को आगे बढ़ाने के लिए हजरत इमाम हुसैन ने इतनी बड़ी कुर्बानी पेश की। इस दौरान मुफ्ती कौशर, रियाजउद्दीन, हाफिज दिलदार, हाफिज अरशद, कादिम हाजी, असलम, आबिद, शमीम, कमिल, अमन, हफीज नजीर आदि मौजूद रहे।

### विषाक्त चाय पीने से परिवार के चार लोग अस्पताल में भर्ती

**मौदहा (हमीरपुर)।** ग्राम भैंसमरी में बीती शाम विषाक्त चाय पीने से एक ही परिवार के चार लोगों की हालत बिगड़ने पर उन्हें सीएचसी मौदहा में भर्ती कराया गया है। गांव के ज्ञानेंद्र, सुनीता पत्नी ज्ञानेंद्र,शिवा प्यारी पत्नी बिंदा प्रसाद व अंजलि ने मंगलवार की शाम घर में बनी चाय पी ली तब चाय पीते ही सभी की हालत बिगड़ने लगी यह देख अन्य परिवारी जनों ने उन्हें आनन-फानन सिसोलर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सक ने सभी की हालत नाजुक देख उनका प्राथमिक उपचार कर उन्हें सरकारी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया जहां सरकारी अस्पताल में इलाज के बाद सभी की हालत पहले से बेहतर है।चिकित्सक ने चाय विषाक्त होने का दावा किया है।

### मासूम के अचानक गायब होने से मचा हड़कंप

**मौदहा (हमीरपुर)।** नगर के नाबालिक बालक के अचानक गायब हो जाने से परिजनों में हड़कंप मच गया परिजनों ने कोतवाली पहुंच बच्चे के गायब होने का मामला दर्ज कराया है। कस्बा के नेशनल मार्ग तिन्दुही रोड नई बस्ती निवासी राजाराम का 11 वर्षीय पुत्र अंशू बीती 9 तारीख को मुहर्रम का जुलूस देखने अपने घर से निकला था मगर देर शाम तक घर न पहुंचने से परिजन परेसान हो उसकी तलाश की तो वह कहीं नहीं मिला। लापता हुए बालक के पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बच्चे के गुमसुदगी का मामला दर्ज कराया है।

### युवक की लाश बरामद

**हमीरपुर।** कल बेतवा नदी के पुल से छलांग लगाने वाले युवक की लाश पुलिस ने आज पुल के पास से बरामद कर लिया है। पुलिस के मुताबिक फतेहपुर जिले के रोशनपुर गांव निवासी सुरेंद्र(25) ने बेतवा नदी के पुल से छलांग लगी दी थी कल देर रात तक पुलिस गोताखोरों की मदद से लाश खोजने में लगी रही मगर सफलता नही मिली आज पुल के नजदीक लाश उतराती हुई पायी गयी। पुलिस ने लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के ल लिये भेज दिया है।

### उद्योग व्यापार मंडल ने रेलवे लाइन जोड़ने को लेकर केंद्रीय मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे से रेलवे लाइन जोड़ने को लेकर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने रेल मंत्री भारत सरकार को संबंधित ज्ञापन केंद्रीय मंत्री वाणिज्य एवं उद्योग भारत सरकार पियूष गोयल को सौंपा। उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष बृजेश गुप्ता ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि देश 75वीं स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में आजादी का अमृत महा उत्सव मना रहा है। लेकिन जनपद बुंदेलखंड में हमीरपुर के राठ कस्बा का देश की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान होने के बावजूद भी रात कस्बा रेलवे लाइन से अछूता है। बताया कि 2017 विधानसभा चुनाव के जनसभा में गृह मंत्री अमित शाह ने विरार कस्बे में रेलवे लाइन बिछाने का वादा किया था। लेकिन 2017 से 2022 तक दोबारा विधानसभा का चुनाव संपन्न हो गया है। लेकिन अभी तक राठ कस्बे में रेलवे लाइन नहीं निकली है। बताया कि रेलवे लाइन निकलने से ही यहां विकास संभव है। इस मौके पर उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे।



केंद्रीय मंत्री को ज्ञापन सौंपते उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष

### तहसील परिसर में उद्यान बनने से फरियादियों को मिलेगी छांव



**कालपी (जालौन)।** कालपी तहसील प्रांगण में नगर पालिका परिषद द्वारा दस लाख रुपए की लागत से उद्यान का निर्माण कराया जायेगा। जिसका कार्य दिन बुधवार को उप जिलाधिकारी अंकुर कौशिक की निरीक्षण में शुरू किया। यह उद्यान तहसील को और भी आकर्षक बनायेगा साथ ही साथ उद्यान में जो पेड़ पौधे लगाए जायेंगे वह तहसील में आए फरियादियों को गर्मियों के समय में छाया प्रदान करेंगे। उप जिलाधिकारी कालपी ने बताया कि उद्यान कार्य शुरू हो गया है एवं आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव में नगर पालिका परिषद कालपी द्वारा उद्यान के लिए दस लाख रुपए की मंजूरी दे दी गई थी उन्होंने कहा कि यह उद्यान कालपी तहसील का आकर्षण केन्द्र के साथ-साथ जो लोग दूर दराज से तहसील में फरियाद लेकर आते हैं। उनके लिए भी एक छाया में बैठने का स्थान होगा। वहीं तहसील के कर्मचारियों व आम लोगों ने कहा कि तहसील में बनाया जा रहा उद्यान कालपी तहसील को अन्य तहसीलों से अलग बनाएगा। लवकुश पांडे, कपिल पोरवाल, विनय पांडे, अभिषेक तिवारी आदि आम लोगों ने कालपी उप जिलाधिकारी की सराहना करते हुए कहा कि उप जिलाधिकारी का यह कार्य सराहनीय है। यह एक ऐतिहासिक कदम है। कालपी तहसील जनपद जालौन की ऐसी तहसील होगी जहां तहसील प्रांगण में उद्यान होगा।

### छात्रा ने दुष्कर्म कर धमकी देने का युवक पर लगाया आरोप

**कोंच (जालौन)।** एक छात्रा ने युवक पर उसके साथ दुष्कर्म करने और धमकी देने का आरोप लगाते हुए सीओ को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के महंत नगर निवासी एक छात्रा ने गत रोज सीओ शैलेन्द्र कुमार वाजपेयी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बीते कुछ समय पूर्व वह झाँसी में जॉब करती थी जहां महंत नगर के ही निवासी एक युवक ने झाँसी पहुंचकर धोखे से उसे होटल में ले जाकर नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर दिया था और फिर उसने दुष्कर्म कर उसकी अश्लील फोटो खींच ली थी।उक्त घटना की शिकायत करने पर उसने परिवार सहित उसे जान से मारने की धमकी दी थी।पीड़ित छात्रा ने बताया कि इसके बाद उक्त युवक ने उसकी अश्लील फोटो वायरल कर दी और अपने दोस्तों के अलग अलग मोबाइल नंबरों से जानमाल की धमकी दी। सीओ को पीड़ित छात्रा ने बताया कि बीती 1 अगस्त को वह आईटीआई कॉलिज महंत नगर कोंच में पेपर देकर वापस घर जा रही थी तभी उक्त युवक ने उसे बुरी नियत से पकड़ लिया। विरोध करने पर जातिसूचक गालियां देने लगा और तेजाब डालकर जिंदगी खराब करने की धमकी देकर वह मौके से भाग गया। जिसके बाद उक्त युवक ने जहां उसका रिश्ता पक्का हो गया था, वहां पर भी उसकी अश्लील फोटो भेजकर उसे बदनाम किया।

### छह वर्षीय मासूम से दुष्कर्म का प्रयास, आरोपी पुलिस हिरासत में

**जालौन (उरई)।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में शराब पीकर अधेड़ ने 6 वर्षीय बच्ची को कमरे में बंद कर दुष्कर्म का प्रयास किया। अन्य बच्चों के देख लेने पर उन्होंने बच्ची के परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस आरोपी अधेड़ को कोतवाली ले आई। जहां उससे पूछतांछ चल रही है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में 6 वर्षीय मासूम अन्य बच्चों के साथ घर के बाहर खेल रही थी। बच्ची के पिता खेत पर काम करने के लिए गए थे। दोपहर करीब 2 बजे बच्ची की मां खेत पर खाना देने के लिए चली गई। बच्ची के माता पिता के घर न होने पर गांव का ही निवासी जीतू बच्चों के पास पहुंच गया। उसने खेल रहे अन्य बच्चों को वहां से भगा दिया। जबकि 6 वर्षीय मासूम को रोक लिया। वह बच्ची को कमरे में भूत दिखाने के बहाने ले गया और उसे निर्वस्त्र करने का प्रयास करने लगा। बच्ची को कमरे में ले जाता देख कुछ देर बाद उसके साथ खेल रहे अन्य बच्चे भी कमरे में पहुंच गए। जब उन्होंने जीतू को बच्ची के कपड़े उतारने का प्रयास करते हुए देखा तो बच्ची की दादी को जानकारी दी। बच्ची की दादी गांव के अन्य लोगों के साथ वहां पहुंच गई।

# जागरूकता को लेकर तिरंगा लेकर भाजपाइयों ने निकाली बाइक रैली

**● जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने किया तिरंगा यात्रा का शुभारंभ**



**चित्रकूट।** आजादी के अमृत महोत्सव पर भाजपा के जारी हर घर तिरंगा अभियान के तहत पुरानी कोतवाली से मोटरबाइक रैली निकालकर 13 से 15 अगस्त के बीच हर घर पर तिरंगा लहराने को जागरूक किया। भाजपा युवा मोर्चा ने कर्वी नगर, मानिकपुर, राजापुर में भी तिरंगा यात्रा निकाली। बुधवार को कर्वी व राजापुर में तिरंगा यात्रा का शुभारम्भ जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने कर कहा कि आन, बान, शान के प्रतीक देश के राष्ट्र ध्वज तिरंगा शौर्य, शान्ति और बलिदान का प्रतीक है। हम सब एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प से जुडें और हर घर में तिरंगा लगायें। भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आवाहन पर 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान से जुडकर आजादी के अमृत महोत्सव में सभी भागीदार बनें। लोगों में जागरूकता पैदा करने को भाजपा विभिन्न कार्यक्रम कर रही है। इस मौके पर पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, लवकुश चतुर्वेदी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष हीरो मिश्रा, दिनेश तिवारी, अरविन्द मिश्रा, तीरथ तिवारी, शिवाकान्त पाण्डेय, पंकज अग्रवाल समेत तमाम भाजपाई मौजूद रहे।

# पुलिस ने पांच लुटेरों को दबोचकर सर्राफा कारोबारी से लूटे रुपये व जेवर किये बरामद

**● एसपी अतुल शर्मा ने प्रेस वार्ता कर किया घटना का खुलासा**

संवाददाता। चित्रकूट



**पुलिस अधीक्षक** अतुल शर्मा के निर्देश पर एसओजी/सर्विलांस प्रभारी व रैपुरा थाना पुलिस ने सर्राफा व्यापारी के साथ हुई डकैती का खुलासा कर पांच लोगों के कब्जे से सोने-चांदी के साढ़े तीन लाख के जेवर व दस हजार रुपये तथा तीन तमंचे व कारतूस और मोटरबाइक बरामद कर जेल भेजा है।

बुधवार को पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने पत्रकारों को बताया कि एएसपी शैलेन्द्र राय व सीओ राजापुर एसपी सोनकर की देखरेख में सर्विलांस प्रभारी एमपी त्रिपाठी व रैपुरा थानाध्यक्ष नागेन्द्र कुमार नागर की टीम में पांच अगस्त को रैपुरा थाना क्षेत्र में हिमांशु सोनी पुत्र हरिमोहन सोनी निवासी कस्बा राजापुर ने सूचना दी कि वह अपने चाचा कामता सोनी पुत्र जीतलाल सोनी के साथ रैपुरा थाने के रामनगर स्थित बम भोले ज्वैलर्स नामक दुकान बन्दकर राजापुर जा रहे थे। छीबों रोड के पास शाम सात बजे अज्ञात बदमाशों ने मोटरबाइक में ठोकर मारकर सोने-चांदी के जेवर समेत 72 हजार रुपये आदि सामान लूटकर भाग गये। पुलिस ने घटना दर्जकर मुखबिर की सूचना पर नौ अगस्त को उच्च प्राथमिक विद्यालय नोनमई से मोटरबाइक पर सवार पांच लोगों को दबोचकर नाम-पता पूंछा तो बताया कि सत्यम गुप्ता पुत्र मुन्ना गुप्ता, अजय कुशवाहा पुत्र राजबहादुर कुशवाहा, शैलेन्द्र सिंह उर्फ साहिल पुत्र स्व महाजगबंदन निवासी बबेरु, अमित साहू पुत्र गणेश साहू निवासी बबेरु व मुकेश पाल पुत्र रामदास पाल निवासी बांदा के हैं। इनके कब्जे से पुलिस ने लूट के रुपये व साढ़े तीन लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवर आदि के साथ मोटरबइक, तमंचे बरामद किये। लुटेरों ने बताया कि पांच लोगों के अलावा संजू सिंह पुत्र स्व मुनक्का निवासी कृष्णानगर बबेरु बांदा व सचिन यादव पुत्र छोटेलाल निवासी जरैलीकोठी बांदा, अनूप सविता पुत्र चुनबाद निवासी बबेरु भी शामिल थे। एसपी ने बताया कि ये लूट कांड सचिन यादव बबेरु के कहने पर किया था। सचिन यादव के पास सफेद रंग की स्कार्पियो यूपी 90/डब्ल्यू-7809 है। घटना से कुछ दिनों पहले सचिन यादव ने रामनगर में आकर सबकुछ देखा था। पुलिस टीम में एसओजी/सर्विलांस प्रभारी एमपी त्रिपाठी, दीवान रईश खान, सिपाही जितेन्द्र कुमार, रोहित सिंह, धर्मेन्द्र कुमार व रैपुरा थाने के दरोगा रमेश सिंह यादव, सिपाही दीपक श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र प्रजापति, नन्दलाल राम व महेन्द्र सिंह शामिल रहे।

## सरकारी काम में बाधा डालने पर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**मौदहा ( हमीरपुर )।** सिसोलर थाना क्षेत्र के ग्राम चाँदीकला में नमामि गंगे प्रोजेक्ट के चल रहे काम में बाधा पहुंचाने व गाली गलौज कर बाउंड्री गिराने के आरोप में थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया है। ग्राम चांदीकला में नमामि गंगे प्रोजेक्ट हर घर नल पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है, जिसमें शिव मंदिर के पास नमामि गंगे प्रोजेक्ट की बाउंड्री वाल का निर्माण किया गया था जिसे गांव के ही विक्रम सिंह द्वारा उक्त बाउंड्री दीवाल को गिरा दिया गया। आरोपी विक्रम सिंह का कहना है यह दीवार उसकी जमीन पर बनी हुई है जबकि इस बाबत लेखपाल द्वारा जानकारी की गई तो उसने बताया कि यह दिवाल ग्राम पंचायत की बंजर भूमि के तहत दर्ज है जो सरकारी है।

# डीएम ने विधवा पेंशन सत्यापन की लापरवाही में बीडीओ मौदहा व राठ का रोका वेतन

**हमीरपुर।** शासन की प्राथमिकताओं एवं विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक जिलाधिकारी डॉ चंद्र भूषण की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई मासिक समीक्षा बैठक में विधवा पेंशन के लाभार्थियों का सत्यापन लंबित रखने पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी राठ व मौदहा का वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेंशन संबंधी प्रकरणों में किसी भी दशा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम ने कहा कि किसी भी सड़क पर अन्ना पशु नहीं दिखने चाहिए अन्यथा इसमें संबंधित पशु चिकित्साधिकारी एवं ग्राम सचिव के साथ साथ ग्राम प्रधान एवं खंड विकास अधिकारी की भी जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी, तदनुसार कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने कहा कि कृषि विभाग द्वारा अधिक से अधिक कृषको का प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत फसलों का बीमा करवाने हेतु प्रोत्साहित किया जाए , इससे किसी भी प्रकार की आपदा पर उनको सुरक्षा प्राप्त होगी । फसल बीमा कराए जाने हेतु कृषि सहायकों को लक्ष्य दिया जाय। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत समय से लाभार्थियों को राशन बांटा जाए तथा रिक्त दुकानों का समय से व्यवस्थापन किया जाए। पेंशन के पेंडिंग प्रकरणों का तत्काल सत्यापन कर लाभार्थियों को इससे लाभान्वित किया जाए । विद्यालयों का आकस्मिक रूप से निरीक्षण कर अध्यापकों की समयबद्ध ढंग से उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए इसमें कोई लापरवाही न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी सामुदायिक शौचालय क्रियाशील एवं जियोटैग होने चाहिए। सामुदायिक शौचालय किसी भी दशा में बन्द नही होने चाहिए।उसकी देखरेख करने वाली स्वयं सहायता समूह की संबंधित महिलाओं को समय से मानदेय का भुगतान किया जाय। उन्होंने कहा कि जिन विभागों के पास विद्युत का बजट उपलब्ध है वह अपने विभाग के बकाए विद्युत बिल का तत्काल भुगतान कर दे, आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाया जाए तथा इसके एक्टिवेशन का कार्य नियमित रूप से किया जाय ,कोई भी पात्र परिवार आयुष्मान कार्ड से वंचित न रहे। क्षतिग्रस्त सड़को को दुरुस्त कराया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों की पेंडेंसी शीघ्र निस्तारित करें।

## डीएम ने दिये माहिल तालाब की दुर्दशा को दूर करने के निर्देश



**उरई ( जालौन )।** जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने महिल तालाब का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि माहिल तालाब का सौंदर्यीकरण कराया जाए साथ ही माहिल तालाब की साफ-सफाई, पेयजल, लाइटिंग की व्यवस्था सुचारू रूप से की जाए। माहिल तालाब में कुछ लोगों द्वारा सामग्री विसर्जन करते हैं जिस पर उन्होंने व्यवस्थित ढंग से सामग्री डालने हेतु कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। साथ ही माहिल तालाब पर तीन पॉइंट से सामग्री विसर्जन किया जाता है जिस पर जिलाधिकारी ने कांस्टेबल भी तैनात किए जाने के निर्देश दिए साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि मंदिर के समीप ड्रम रखें ताकि कोई भी व्यक्ति सामग्री लेकर आता है तो उसी ड्रम में डालें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि माहिल तालाब के चारों तरफ जाली लगाई जाए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि माहिल तालाब पर वृद्ध स्तर पर वृक्षारोपण कराया जाए साथ ही माहिल तालाब का सुंदरीकरण कराया जाए ताकि जनपदवासी बेहतर वातावरण का लुत्फ उठा सकें। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट कुंवर वीरेंद्र मौर्य, अधिशासी अधिकारी विमलापति आदि सहित संबंधित मौजूद रहे।

# भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष के आगमन पर निकाली गयी तिरंगा यात्रा

**● 21 मीटर का तिरंगा लेकर साथ-साथ चलते रहे सैकड़ों लोग**

संवाददाता। कुठौंद (जालौन)

**बुधवार को** भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष व एमएलसी प्रांशुदत्त द्विवेदी के कुठौंद पहुंचने पर अनिरुद्ध कुमार द्विवेदी जिला पंचायत सदस्य, प्रमुख प्रतिनिधि की अध्यक्षता में ग्राम प्रधान कुठौंद नरेंद्र महंत, कस्बा प्रधान नरेंद्र महान, पूजा शुक्ला महिला मोर्चा, मनीष शुक्ला प्रधान प्रतिनिधि हर शंकरपुर लोकेश चतुर्वेदी प्रधान रामपुरा, मुलायम सिंह प्रधान भोजापुर, अमित नीखरा, लाला पहलवान सहित सैकड़ों क जनसमूह के साथ ब्लॉक परिसर से जखा बंबी तक तिरंगा बाइक यात्रा में भारी जनसमूह उमड़ा। तिरंगा यात्रा में एक ओर जहां सभी लोग अपने हाथों में तिरंगा लहराते हुये चल रहे थे तो वहीं भारत देश के आन बान शान पर मर मिटने वाले 21 मीटर लंबे राष्ट्रीय ध्वज युवा साथ-साथ चल रहे थे।


तिरंगा यात्रा में शामिल भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष व अन्य

तिरंगा यात्रा में शामिल लोगों में स्वतः स्फूर्ति का भाव भी चेहरों पर साफतौर पर झलक रहा था। तिरंगा यात्रा को सफल बनाने में मुख्य भूमिका अनिरुद्ध कुमार द्विवेदी जिला पंचायत सदस्य, कुठौंद के प्रधान नरेंद्र महंत की रही। तिरंगा शोभायात्रा में अहम भूमिका जिसको देखकर सैकड़ों संभ्रांत नागरिकों के दिल में यह जिज्ञासा जाग उठी अपना देश का राष्ट्रीय ध्वज के साथ तिरंगे ही तिरंगे नजर आए जिसमें जखा बंबी में खंड विकास अधिकारी प्रतिभा विकासखंड के मैदान में अनिरुद्ध कुमार द्विवेदी जिला पंचायत सदस्य ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि, खंड विकास अधिकारी प्रतिभा शाल्या, ग्राम पंचायत अधिकारी शुभम बाजपेई, नरेंद्र महंत कुठौंद प्रधान अरविंद सिंह राजपूत प्रधान, शिवम गुप्ता, एसएस भदौरिया, भीम प्रकाश तकनीकी सहायक के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज के साथ वह विकासखंड के समस्त कर्मचारियों फिर एक बार तिरंगा दिखाई दिया।

# रामपुरा थानाध्यक्ष ने कांवड़ भरकर ले जाते कांवड़ियों का किया स्वागत


कांवड़ियों का स्वागत करते थानाध्यक्ष रामपुरा राजीव वैस

**रामपुरा ( जालौन )।** रामपुरा थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव वैस के द्वारा बुधवार को कांवड़ भरकर ले जाते कांवड़िया को फल फूल माला पहनाकर स्वागत करते हुये अनेकों कांवड़िये ऐसे भी जिनके पैरों की चप्पलें टूट गयी थी या फिर व नंगे पैर कांवड़ लेकर गंतव्य को जा रहे थे उन्हें नई चप्पल पहनाकर कर आशीर्वाद लेते हुए विदा किया।

गौरतलब हो कि थानाध्यक्ष रामपुरा राजीव वैस बुधवार को अपने हमराहियों के साथ भ्रमण कर रहे थे उसी दौरान अनेकों कांवड़ यात्रियों का जत्था आता दिखायी दिया तो वह वहीं रुक गये और फिर सभी कांवड़ियों के गले में माला पहनाकर उनका स्वागत कर उन्हें फल भी बांटे तो कई कांवड़ यात्री ऐसे भी थे जो या नंगे पैर चल रहे थे या फिर उनकी चप्पलें टूट गयी थी उन्हें नई चप्पलें पहचनाकर गंतव्य के लिये रवाना किया। इसके बाद वह बैंक एवं वाहन चेकिंग शीट सीट बेल्ट हेलमेट दस्तावेज आदि संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कस्बे में पैदल गश्त कर आम जनमानस को कराया सुरक्षा का एहसास।

## मुर्दों के नाम से मनरेगा में मजदूरी हड़पने पर ग्राम विकास अधिकारी निलंबित

**मौदहा हमीरपुर।** क्षेत्र के खंडेह गांव में मुर्दों के नाम से पैसा हड़पने वाले ग्राम विकास अधिकारी को निंलबित कर जांच सरीला बीडीओ को सौपी गयी है। इसके पहले ग्राम प्रधान सचिव समेत चार के खिलाफ पुलिस नें प्राथमिकी दर्ज हो चुकी है। पुलिस के मुताबिक गांव में महिला ग्राम प्रधान बसंती देवी,ग्राम विकास अधिकारी आशीष कुमार,कम्प्यूटर आपरेटर लोकेंद्र सिंह,तकनीकि सहायक रामबाबू ने मुर्दो के नाम मनरेगा से मजदूरी निकालकर लाखों रुपये हड़प लिये थे बीडीओ भैरव प्रसाद प्रजापति की जांच में मामला सही पाया गया था उन्होने दो दिन पहले इन चारो के खिलाफ मौदहा कोतवाली में गबन का मुकदमा दर्ज कराया था। आज ग्राम बिकास अधिकारी आशीष कुमार को निलंबित कर दिया गया है। जांच अधिकारी पंद्रह दिन के अन्दर आरोपी को आरोप पत्र देगे और 45 दिन के अन्दर जांच रिपोर्ट प्रशासन को उपलब्ध करायेगे इस मामले की जानकारी जिला विकास अधिकारी ने सीडीओ व डीएम को दे दी है। इस मामले में सचिवों में दहशत देखी जा रही है बताया जाता है कि इसी प्रकार कई मामले गांवों में संज्ञान में आ रहे है।